(ग) जब कभी बेसमेंट का दुरुपयोग पाया जाता है, क्रमशः दिल्ली नगर निगम (डीएमसी) अधिनियम, 1957, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद अधिनियम और दिल्ली विकास अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई जिसमें परिसरों को सील करना भी शामिल है, की जाती है।

एपिग्राफिस्टों की कमी

18. **श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादमः** क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह तथ्य हैं कि उल्लेखों का अध्ययन कर सकने वाले एपिग्राफिस्टों की देश में कमी है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा की गयी/प्रस्तावित अनुवर्ती कार्रवाई क्या है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) से (ग) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में पुरालेखविदों की वर्तमान स्वीकृति संख्या में विभिन्न धाराओं में अनेक पद खाली हैं, जो फिडर ग्रेड में योग्य अधिकारियों की कमी के कारण भरे नहीं जा सके। संस्कृति मंत्रालय ने भी पुरालेख के क्षेत्र में प्रतिष्ठित शैक्षिक व्यवसायियों और विद्वानों को सम्मानित करने के लिए पुरालेख के क्षेत्र में एक राष्ट्रीय प्रोफेसरशिप के गठन का प्रस्ताव तैयार किया है ताकि उनकी विशेषज्ञता और ज्ञान को विद्वानों की भावीपीढ़ी को सौंपा जा सके और पुरालेख में अध्ययन को बढ़ावा दिया जा सके।

नए कलावरों की स्थापना

19. **श्री पी.टी. थॉमसः** क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार को केरल राज्य सरकार से राज्य में नए कलावरों (निर्माण सामग्री उचित दर दुकानें) के उन्नयन और उनकी स्थापना के अनुरोध प्राप्त हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इनकी वर्तमान स्थिति क्या है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) भारत सरकार को केरल राज्य सरकार से 18 नए कलावर इकाइयां शुरू करने एवं मौजूदा तीन कलावर इकाइयों की सुविधाओं के उन्नयन हेतु 14.18 करोड़ रु. की वित्तीय सहायता का अनुरोध प्राप्त हुआ है। गरीबों को किफायती मूल्य पर सस्ती भवन निर्माण सामग्री उपलब्ध करवाने के प्राथमिक उद्देश्य से कलावर भवन निर्माण सामग्री उचित मूल्य दुकानें केरल राज्य निर्मित केंद्र द्वारा 2008 में शुरू की गई थीं। गरीबी रेखा के नीचे के लाभार्थियों को बाजार मूल्य से कम कीमत पर स्टील, रेत, एवं सीमेंट बेचने के लिए राज्य में 10 कलावर कार्यरत बताई जाती हैं। केरल सरकार को सूचित किया गया है कि वर्तमान में इस मंत्रालय के अधीन भवन निर्माण सामग्री की उचित मूल्य दुकानों के वित्त पोषण की योजना नहीं है।

अनधिकृत निर्माण

20. **श्री हमदुल्लाह सईदः** क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अवैध खनन निर्माणों के विरूद्ध कोई अभियान चलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार ने इन अनधिकृत निर्माणों पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठाए हैं;

(घ) क्या असुरक्षित और गैर-कानूनी निर्माण को रोकने के लिए मौजूदा नियमों में संशोधन करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) संबंधित स्थानीय निकायों (एलबीएस) अर्थात दिल्ली निगम (एमसीडी) और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा विद्यमान में ऐसा कोइ भी विशेष अभियान नहीं चलाया जा रहा है। यह एक सतत प्रक्रिया होने के नाते जब कभी भी कोई अनधिकृत निर्माण नोटिस में आता है, अवैध/अनधिकृत निर्माणों के विरूद्ध संबंधित एलवीएस, दिल्ली नगर निगम और एनडीएमसी द्वारा कार्रवाई की जाती है।

(ग) अनधिकृत निर्माणों पर नियंत्रण की कार्रवाई करना मुख्य रूप से एलबीएस जैसे दिल्ली नगर निगम और एनडीएमसी के अधिकार क्षेत्र में आता है। अनधिकृत/अवैध निर्माणों का पता लगाने और उन पर नियंत्रण हेतु दिल्ली नगर निगम ने अनेक कदम उठाये हैं जिनमें केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष जोनल नियंत्रण कक्ष, गिराऊदस्ते

आदि का पुनर्स्थापन और सुदृढ़ीकरण शामिल है। इसके अतिरिक्त, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा एनडीएमसी में समिति का गठन किया गया है तथा इसके क्षेत्रों में अतिक्रमणों और अवैध निर्माण की जांच पड़ताल हेतु पृथक विभाग पहले से ही कार्य कर रहा है।

(घ) जी नहीं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

बौद्ध स्तूप की खोज

21. श्री रायापति सांबासिवा राव: क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आन्ध्र प्रदेश के कृष्ण क्षेत्र में हाल ही में बौद्ध स्तूप की खोज की गयी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त प्राचीन स्मारक की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) 2010 में आंध्र प्रदेश सरकार के राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा आंध्र प्रदेश के बन्टुमिलि मन्डा, कृष्णा जिले के मुन्जल्लुरु गांव में एक बौद्ध स्तूप स्थल की खोज की गई थी जिसमें लगभग 10 मीटर ऊंचाई वाला एक अर्धगोलाकार टीला है जिसके आधार पर चार मूल दिशाओं में आयताकार प्रक्षेप हैं। जो यह 43 सेंटीमीटर के क्षेत्र में मुन्जुल्लुरु गांव में मिला था। इस टीले के आस-पास वे क्षेत्र में शंखों के खोल सहित काले और लाल मिट्टी के बर्तन, बफ पाये गये। चूने और पिथा का टूटा हुआ आयक स्तंभ जो पांचवीं और छठी शताब्दी ई. का प्रतीक होता है, भी पाया गया।

(ग) राज्य पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, आन्ध्र प्रदेश सरकार ने उक्त प्राचीन स्मारक के परिरक्षण के लिए अधिसूचना संख्या जी.ओ. एमएस सं. 64, वाईएटी और सी (पीएमयू) विभाग, दिनांक 16 जून, 2011 जारी की है।

जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत परियोजनाएं

22. श्री दुष्यंत सिंह: क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान के कितने नगरों में जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के अंतर्गत परियोजनाएं आरंभ किए जाने का प्रस्ताव है;

(ख) इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु परियोजना-वार योजनाएं क्या हैं और इनकी प्रगति की क्या स्थिति है और इन परियोजनाओं के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गयी है;

(ग) क्या इन योजनाओं के नियोजन और कार्यान्वयन में बहुत लंबा समय लगा है; और

(घ) यदि हां, तो जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत आरंभ की गयी परियोजनाओं के कार्यान्वयन की गति बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए जाने का प्रस्ताव है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) राजस्थान राज्य में अजमेर-पुष्कर शहर ऐसे दो मिशन शहर हैं जिन्हें जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के उप-मिशन शहरी अवसंरचना और शासन (यूआईजी) के अंतर्गत शामिल किया गया है। बाकी शहरों को जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के छोटे और मझोले शहरों के लिए शहरी अवसंरचना विकास योजना (यूआईडीएसएसएमटी) के अंतर्गत शामिल किया गया है। ये परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में है।

122908.11 लाख रुए की अनुमोदित लागत और 76622.50 लाख रुपए की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के वचनबद्धता के यूआईजी के अंतर्गत राजस्थान राज्य के लिए कुल 13 परियोजनाएं (जिनमें मिशन शहर अजमेर-पुष्कर के लिए 4 परियोजनाएं और मिशन शहर जयपुर के लिए 9 परियोजनाएं शामिल हैं) अनुमोदित की गई हैं। अभी तक अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के रूप में 42493. 38 लाख रुपए जारी किए गए हैं।

60988.52 लाख रुपए की अनुमोदित लागत और 48790.83 लाख रुपए की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के वचनबद्धता से यूआईडीएसएसएमटी के अंतर्गत राजस्थान राज्य में 35 शहरों के लिए 37 परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं। परियोजनाओं के उपयोग के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के रूप में 2842.99 लाख रुपए जारी किए गए हैं।

(ग) और (घ) जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) एक सुधार संबद्ध योजना है। परियोजनाओं के क्रियान्वयन शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) और पेरास्टेटल के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। मिशन निदेशालय द्वारा लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी)/पेरास्टेटल के अधिकारियों के द्रुत प्रशिक्षण कार्यक्रम (आरटीपी), राज्य स्तर पर सहायक कार्यक्रम प्रबंधन एककों (पीआईयू) और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के स्तर पर परियोजना क्रियान्वयन एकको (पीएमयू), राज्य स्तर पर स्वतंत्र

पुनरीक्षा और मानीटरिंग एजेंसी (आईआरएमए) आदि का सहयोग लिया गया है। राज्य स्तरीय संचालन समिति (एसएलएससी), राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी (एसएलएनए) और राज्य के लिए आईआरएमए के माध्यम से परियोजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन किया जा रहा है। मिशन के क्रियान्वयन को सुदृढ़ बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा भी अनुमोदित परियोजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की पुनरीक्षा की जाती है।

बेघर परिवार

23. **श्री विजय बहादुर सिंह:**
श्री निशिकांत दुबे:

क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में इस समय बेघर लोगों का कुल प्रतिशत क्या है;

(ख) क्या ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में बेघर लोगों का प्रतिशत अधिक है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने राज्यों में भूमि और आवासों के निर्माण के लिए और ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर लोगों के पलायन को रोकने के लिए केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से कोई वित्तीय सहायता प्रदान की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) भारत की जनगणना, 2001 में यह अनुमान लगाया था कि देश भर में 19,43,766 बेघर व्यक्तियों में से 11,65,167 (60 प्रतिशत) ग्रामीण व्यक्ति हैं तथा 7,78,599 (40 प्रतिशत) शहरी व्यक्ति हैं।

(ग) और (घ) राष्ट्रीय शहरी आवास और पयावास नीति (एन यू एच एच पी), 2007 का उद्देश्य ऐसे छोटे और मझौले कस्बों के विकास में तेजी लाना है जो कि आर्थिक गति के जनक के रूप में कार्य करने के साथ-साथ मौजूदा बड़े शहरों में प्रवसन की दर में कमी लाने का पर्यास कर सकते हैं तथा इस नीति में संतुलित विकास के लिए तीव्र परिवहन कोरीडोर पर आधारित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तरीय क्षेत्रीय योजनाएं तैयार करके मेगा और मेट्रो शहरों में प्रवसन की दर में कमी लाने की तत्काल आवश्यकता का भी समर्थन किया गया है।

'भूमि और कॉलोनी बसाना' राज्य के विषय होने के कारण एनयूएचएचपी: 2007 के अंतर्गत पहल- प्रयास शुरू करना राज्य सरकारों पर निर्भर है।

तथापि, केन्द्र सरकार निम्नलिखित विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए शहरी क्षेत्रों में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) और निम्न आय समूहों (एलआईजी) के लिए आवास के निर्माण में मदद कर रही है यानी:

- वर्ष 2005 में सरकार द्वारा शुरू किया गया जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाएं (बीएसयूपी) संबंधी उप मिशन के अंतर्गत 65 निर्दिष्ट शहरों में तथा एकीकृत आवास एवं स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) के अंतर्गत अन्य शहरों एवं स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) के अंतर्गत अन्य शहरों एवं कस्बों में स्लमों में शहरी गरीबों के लिए आवास एवं बुनियादी सेवाओं के प्रावधान हेतु सहायता प्रदान करता है। दिनांक 01.11.2011 की स्थिति के अनुसार बीएसयूपी और आईएचएसडीपीर के अंतर्गत कुल 15,62,211 रिहायशी आवासों का निर्माण करने के लिए 21,54,548.87 करोड़ रु. की परियोजना लागत से कुल 1501 परियोजनाएं अनुमोदित की गई थीं।
- शहरी गरीबों के लिए आवास हेतु ब्याज सब्सिडी स्कीम (आईएचएसयूपी) में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) एवं निम्न आय वर्ग (एलआईजी को ऋण-सक्षम उपाय के रूप में आवासीय ऋण पर ब्याज सब्सिडी प्रदान करने की व्यवस्था है और ऐसे परिवारों को मकानों के निर्माण/अधिग्रहण के उद्देश्य से वाणिज्यिक बैंकों/आवास वित्त कंपनियों के माध्यम से ऋण सुविधाएं प्राप्त करने के लिए तथा 1 लाख रु. तक के ऋण हेतु ब्याज अदायगी में 5 प्रतिशत की सब्सिडी प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन दिया गया है। सितम्बर, 2011 की स्थिति के अनुसार 8370 लाभार्थियों को शामिल किया गया है तथा 7.25 करोड़ रुपए की ब्याज सब्सिडी के लिए सकल वर्तमान मूल्य (एन पी वी) जारी किया गया है।
- भागीदारी में किफायती आवास स्कीम का उद्देश्य किफायती आवासों के निर्माण हेतु भूमि जुटाना और आंतरिक एवं बाह्य अवस्थापना संपर्क के प्रावधान के लिए केन्द्र सरकार सहायता उपलब्ध कराना है। 5000 करोड़ रु. के परिव्यय से वर्ष 2009 में शुरू की गई उक्त स्कीम का लक्ष्य ईडब्ल्यूएस/एलआईजी/मध्यम आय वर्ग के लिए 1 मिलियन मकानों का निर्माण करना है जिसमें ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए कम से कम 25 प्रतिशत मकान हों। आज की स्थिति के अनुसार इस स्कीम के अंतर्गत 53.96 करोड़ रुपये के कुल केन्द्रीय अंश के साथ 792.04 करोड़ रु. की परियोजना लागत अनुमोदित की गई है तथा 100 रिहायशी मकान स्वीकृत किए गए हैं।

- 'राजीव आवास योजना' (रे) नाम की एक नई स्कीम दिनांक 2.6.2011 को शुरू की गई ह। 'राजीव आवास योजना' (रे) फेज-1 5000 करोड़ रु. के बजट के साथ स्कीम के अनुमोदन की तारीख से दो वर्षों की अवधि के लिए है। इस स्कीम में स्लमवासियों को संपत्ति का अधिकार देने के इच्छुक राज्यों को स्लम पुनर्विकास हेतु उपयुक्त आश्रय, बुनियादी नागरिक एवं सामाजिक सेवाओं के प्रावधान और किफायती आवासों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। बुनियादी नागरिक तथा सामाजिक अवसंरचना एवं सुविधाओं तथा आवास जिसमें किराया आवास शामिल है, तथा स्लमों के स्वस्थानों के पुनर्विकास के लिए अस्थायी आवास के प्रावधान की 50 प्रतिशत लागत जिसमें इस स्कीम के तहत निर्मित परिसंपत्तियों का प्रचालन और रखरखाव शामिल है, केन्द्र द्वारा वहन की जाएगी। पूर्वोत्तर तथा विशेष श्रेणी वे राज्यों के लिए भूमि अधिग्रहण की लागत, यदि आवश्यक हो, सहित केन्द्र की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत होगी। स्लम मुक्त शहरी योजना स्कीम राजीव आवास योजना के प्रारंभिक के अंतर्गत प्रारंभिक कार्यकलाप करने अर्थात राजीव आवास योजना के प्रारम्भिक चरण के लिए 157 शहरों को धनराशि जारी की गई है।

महिलाओं के बीच खेलकूद को बढ़ावा देना

24. श्री के.सी. सिंह 'बाबा': क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने खेलकूद में लिंग असमानता के उन्मूलन के लिए कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और महिलाओं को खेलकूद में अग्रसर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या देश में खेलकूद को बढ़ावा देने वाली विभिन्न योजनाओं में महिला खिलाड़ियों की विशिष्ट भोजन/प्रशिक्षण आवश्यकताओं प्रावधान है; और

(घ) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रतिष्टित महिला खिलाड़ियों को विशेष प्रोत्साहन देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) और (ख) खेलों के संवर्धन और विकास में कोई लिंग भेद नहीं है। मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की सभी योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध लाभ और सुविधाएं दोनों लिंगों के खिलाड़ियों के लिए समान रूप से उपलब्ध हैं।

1975 में शुरू की गई महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप योजना का लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित कर महिलाओं के बीच खेलों को संवर्धित करना है। इसके बाद जिला और राज्य स्तरों पर निम्न स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसके लिए राज्यों को निर्धारित मानकों के अनुसार निधियां प्रदान की गई हैं। महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप योजना को अब वर्ष 2008-09 से शुरू किए गए पंचायत युवा क्रीड़ा और खेल अभियान (पायका) के साथ समेकित कर दिया गया है। राज्य सरकारों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तरों पर प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए निम्नलिखित मानकों के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है:

प्रतियोगिता स्तर	निधियन स्तर
जिला स्तर	12 विधाओं के लिए प्रति विधा 10,000/- रु. की दर से 1.20 लाख रु.
राज्य स्तर	12 विधाओं के लिए प्रति विधा 50,000/- रु. की दर से राज्यों के लिए 6 लाख रु.
	12 विधाओं के लिए प्रति विधा 25,000/- रु. की दर से संघ क्षेत्र के लिए 3 लाख रु.
राष्ट्रीय स्तर	12 विधाओं के लिए प्रति विधा 3.50 लाख रु. की दर से 42 लाख रु.

इस योजना में निम्नलिखित 12 खेल विधा शामिल हैं जिन्हें देश के विभिन्न राज्यों में राज्य खेल परिषद के सहयोग से महिलाओं के लिए खेल समारोह आयोजित करने के लिए चार समूहों में बांटा गया है।

क्र.सं.	समूह 1	समूह 2	समूह 3	समूह 4
1	बास्केटबाल	हैंडबाल	एथलेटिक्स	खो-खो
2	हाकी	हाकी	बैडमिंटन	कबड्डी
3	टेनिस	टेनिस	टेबल टेनिस	वालीबाल

भारतीय खेल प्राधिकरण की विभिन्न खेल संवर्धन योजनाओं के अंतर्गत महिला खिलाड़ियों की आवक संख्या बढ़ाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में संपूर्ण भारत में भारतीय खेल प्राधिकरण के विभिन्न केंद्रों में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में संपूर्ण भारत में भारतीय खेल प्राधिकरण के विभिन्न केंद्रों में अनेक विधाओं 4196 महिला प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता की स्कीम के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल परिसंघों के लिए सभी तीन वर्गों अर्थात सीनियर, जूनियर और सब जूनियर में महिलाओं के लिए राष्ट्रीय चैम्पियनशिप आयोजित करना अपेक्षित है। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल परिसंघों को प्रत्येक वर्ग में सीनियरों के लिए 2.00 लाख रु. की दर से एक राष्ट्रीय स्तरीय चैम्पियनशिप आयोजिन करने, जूनियर चैम्पियनशिप के लिए 4 लाख रु. और सब जूनियर चैम्पियनशिप के लिए 6 लाख रु. की सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय खेल परिसंघों को राष्ट्रीय खेलों की तैयारी के रूप में 6 क्षेत्रीय चैम्पियनशिप तक प्रति चैम्पियनशिप एक लाख रु. की दर से सहायता प्रदान की जाती है।

(ग) और (घ) प्रत्येक योजना में वित्तीय दिशा निर्देश के अनुसार भाखेप्रा की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण पर रही महिला खिलाड़ियों सहित सभी खिलाड़ियों की भिन्न-भिन्न खाद्य/प्रशिक्षण आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाता है।

राष्ट्रीय कोचिंग कैंपों में भाग ले रही महिला खिलाड़ियों सहित खिलाड़ियों को भोजन प्रभार तथा भोज्य संपूरक निम्नलिखित दरों पर प्रदान किए जाते हैं:-

खाद्य प्रभार

(i) सीनियर: प्रति एथलीट प्रतिदिन 400/-रु. (पावर और नन-पावर दोनों खेलों के लिए)

(ii) जूनियर और सब जूनियर: प्रति एथलीट प्रतिदिन 300/-रु. की अधिकतम सीमा (पावर और नन पावर दोनों खेलों के लिए)

खाद्य संपूरक

(i) सीनियर: प्रति एथलीट प्रतिदिन 250/-रु. (पावर और नन-पावर दोनों खेलों के लिए)

(ii) जूनियर और सब जूनियर: प्रति एथलीट प्रतिदिन 100/-रु. की अधिकतम सीमा (पावर और नन पावर दोनों खेलों के लिए)

[हिन्दी]

खरीद में गिरावट

25. श्री बद्रीराम जाखड़: क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजस्थान में गेहूं, बाजरा, चावल, तिलहन और दलहन की खरीद में गिरावट आयी है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान उक्त वस्तुओं की वस्तु-वार कुल कितनी मात्रा की खरीद की गयी?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) जी नहीं। तथापि, पिछले तीन वर्षों के दौरान गेहूं, बाजरा चावल तिलहन और दालों की फसलों के विणपन मौसम के दौरान राज्य में इन फसलों की खरीदारी में उतार-चढ़ाव का रूझान रहा है। पिछले 3 वर्ष के दौरान उपर्युक्त जिंसों की खरीदारी के ब्यौरे निम्नानुसार है:

(हजार टन में)

	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12#
गेहूं	935	1152	476	1302
चावल	11	0	0	0
मोटे अनाज	0	0	नगण्य	0
दाल (चना)	0	0	0	0
तिलहन	0	0	0	0

टिप्पणी: नगण्य का अर्थ 500 टन से कम है।

#17-11-11 के अनुसार स्थिति।

[अनुवाद]

कम मूल्य पर आवश्यक वस्तुएं

26. श्री अधीर चौधरी: क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पश्चिम बंगाल सहित कतिपय राज्यों ने केन्द्र सरकार से गरीबी रेखा से नीचे हेतु खाद्यान्नों के निर्धारित मूल्य से कम मूल्य पर खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं आबंटित करने का आग्रह किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) मई, 2011 में गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के लिए किए गए खाद्यान्नों के 50 लाख टन के अतिरिक्त आवंटन में से अंत्योदय योजना के केन्द्रीय निर्गम मूल्य पर अंत्योदय अन्न योजना परिवारों को खाद्यान्नों को वितरण करने के लिए महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

(ग) मई, 2011 में गरीबी रेखा से नीचे के मूल्यों पर गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आवंटित 50 लाख टन खाद्यान्नों के अलावा सरकार ने जुलाई से अक्तूबर, 2011 तक के दौरान अंत्योदय अन्न योजना के मूल्यों पर अंत्योदय अन्न योजना परिवारों को वितरण करने के लिए 7,59,650 टन खाद्यान्नों सहित 27 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 174 निर्धनतम/पिछड़े जिलों के लिए 23.67 लाख टन खाद्यान्नों का कुल आवंटन और किया है।

खाद्यान्नों की क्षति

27. श्री जे.एम. आरुन रशीद: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कीटनाशकों के उपयोग के कारण खाद्यान्नों और मुख्य फसलों की कितनी वार्षिक क्षति हुई है;

(ख) इसके क्या कारण हैं और वर्ष 2007 से आज की तिथि तक हुई वार्षिक क्षति के फसल-वार आंकड़े क्या हैं; और

(ग) सरकार ने खाद्यान्नों और मुख्य फसलों के कीटनाशकों के उपयोग से होने वाली क्षति को रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) से (ग) सामान्यत: कीटनाशकों के उपयोग की संस्तुति सक्षम प्राधिकारियों द्वारा कीटों के आर्थिक न्यूनतम निर्धारित स्तर (ईटीएल) को पार करने के पश्चात की जाती है ताकि आर्थिक हानि से बचा जा सके। इस प्रकार, कीटनाशकों के उपयोग से खाद्यान्नों को कोई हानि नहीं पहुंचती यदि उन्हें लेबल एवं विज्ञप्ति के अनुसार उचित रूप से प्रयोग किया जाए। मीडिया में नकली कीटनाशकों के कारण फसल हानि की रिपोर्ट आई है। हालांकि नकली कीटनाशकों के उपयोग के कारण वर्षवार एवं फसलवार हानि का डाटा उपलब्ध नहीं है।

कीटनाशकों की गुणवत्ता की मानिटरगिं राज्य सरकारों द्वारा 68,110 नमूनों के विश्लेषण की वार्षिक क्षमता वाली 68 राज्य कीटनाशी परीक्षण प्रयोगशालाओं (एसपीटीएल), दो क्षेत्रीय परीक्षण प्रयोगशालाओ एवं एक केन्द्रीय कीटनाशी प्रयोगशाला, जो रेफरल विश्लेषण करती है, द्वारा की जाती है।

राष्ट्रीय आवास बोर्ड (एनएचबी) के अंतर्गत आवास योजना

28. श्री हरिश्चंद्र चव्हाण: क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय आवास बोर्ड (एनएचबी) 'बचत आवास योजना' के अंतर्गत गरीब लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए कोई योजना आरंभ करने पर विचार कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो इस योजना के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं; और

(ग) देश में इस योजना को आरंभ करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गयी है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) राष्ट्रीय आवास बोर्ड (एनएचबी) ने एनएचबी बचत आवास योजना (एनएचबी-बीएवाई) नामक बचत से जुड़ी आवास ऋण स्कीम तैयार की है।

(ख) एनएचबी बचत आवास योजना (एनएचबी-बीएवाई) बचत से जुड़ी आवास ऋण स्कीम है जिसका शुरुआती लक्ष्य सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बड़े संगठनों के निचले स्तर के कर्मचारियों जैसे कि पैरा-मिलिट्री और सशस्त्र बलों में निचले स्तर के कर्मचारी, सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र की यूनिटों के कर्मचारी, औद्योगिक कामगर, नर्से, अन्य वेतन भोगी वर्ग आदि।

इस स्कीम का उद्देश्य निचले स्तर के कर्मचारियों में बचत की आदत को बढ़ावा देना है जिसे आवास हेतु उपयोग किया जा सकता है।

(ग) उक्त सकीम राष्ट्रीय आवास बोर्ड (एनएचबी) द्वारा वर्ष 2007 में अनुमोदित करने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक को भेजी गई थी, लेकिन बदलते बाजार परिदृश्य को देखते हुए, अब इस स्कीम की समीक्षा राष्ट्रीय आवास बोर्ड (एनएचबी) द्वारा की जा रही है और इस समय किसी समय सीमा का उल्लेख नहीं किया जा सकता।

वामपंथी उग्रवादग्रस्त जिलों में कर्मचारियों को प्रोत्साहन

29. श्री जयराम पांगी: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त जिलों में कार्यरत कर्मचारियों को आर्थिक और गैर-आर्थिक लाभ प्रदान करने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा पंचायत, ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर इसमें शामिल किए जाने वाले कर्मचारियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार के कर्मचारी भी इस योजना में शामिल किए जाएंगे; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) से (घ) वर्तमान में ऐसी कोई योजना नहीं है। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में सेवारत अधिकतर सरकारी कर्मचारी राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। अतः वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों के तैनात केन्द्रीय और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए एक मसौदा प्रोत्साहन योजना वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार के संधित मंत्रालयों/विभागों को उनकी टिप्पणी के लिए सितम्बर, 2009 में परिचालित की गई थी। इस मामले में कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है क्योंकि कई राज्य सरकारों के मत अभी प्रतीक्षित हैं।

केन्द्रीय अर्ध-सैनिक बलों (सीपीएमएफ) की तैनाती

30. श्री के. सुगुमार: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने आतंकवाद का मुकाबला करने और इससे संबद्ध कर्त्तव्यों के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सहित केन्द्रीय अर्ध-सैनिक बलों (सीपीएमएफ) के कार्मिकों की तैनाती की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार का नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कार्मिकों की तैनाती में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) से (घ) भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अंतर्गत 'पुलिस' और 'लोक व्यवस्था' राज्य के विषय हैं और इसलिए विद्रोह-रोधी तथा संबंधित ड्यूटियों के लिए प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। तथापि इस उत्तरदायित्व के निर्वहन में सहायता प्रदान करने के लिए राज्य सरकारों को केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल उपलब्ध कराए जाते हैं।

नक्सलवाद सहित विद्रोह-रोधी समस्याओं से जूझ रहे विभिन्न राज्यों में इन बलों की तैनाती राज्य सरकारों की विशिष्ट अपेक्षाओं/आवश्यकताओं, स्थिति की संवेदनशीलता, सुरक्षा के समग्र परिदृश्य तथा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की उपलब्धता, आदि के आधार पर की जाती है। ऐसे घटकों के मद्देनजर राज्य सरकारों की सहायता के लिए विभिन्न राज्यों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती की गई हैं। किसी भी राज्य में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती का स्तर परिवर्तनशील है और यह समय-विशेष पर उभर रही सुरक्षा से संबंधित स्थिति के आधार पर बदलती रहती है।

केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती के विवरण राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में आम-तौर पर प्रकट नहीं किए जाते हैं।

जैव कृषि के लिए धनराशि

31. श्री पी.के. बिजू: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जैव कृषि अनुसंधान केन्द्रों (आरसीओएफ) की स्थापना के लिए जारी की गयी धनराशि की तुलना में कम धनराशि खर्च की गयी है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और क्या खर्च न की गयी राशि को सरकार को वापस कर दी गयी है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) 2010-11 के दौरान क्षेत्रीय जैविका कृषि केन्द्र (आरओएफ) की इमारतों के निर्माण के लिए स्वीकृत निधियां एवं केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

आरसीओएफ	संस्वीकृत राशि (लाख रुपये)	व्यय (लाख रुपये)
इम्फाल	117.69	117.62
नागपुर	50.00	46.21
बंगलौर	240.00	175.23

(ख) अव्ययित निधियां होने का मुख्य कारण निर्माण की गति का अपेक्षित से कम होना है। निधियों बिलों के आधार पर आहरित की जाती हैं इसलिए अव्ययित निधियां सरकार के पास हैं।

(ग) प्रश्न ही नहीं होता।

[हिन्दी]

राष्ट्रीय बागवानी मिशन

32. **श्रीमती कमला देवी पटले:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के कार्यकरण की समीक्षा की है;

(ख) यदि हां तो इसके निष्कर्ष क्या हैं; और

(ग) वर्तमान पंचवर्षीय योजना में इस मिशन हेतु कितनी धनराशि निर्धारित की गई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) जी हां। कृषि मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम) की सामान्य परिषद (जीसी) ने 8 फरवरी 2011 को आयोजित अपनी बैठक में एनएचएम की समीक्षा की। एनएचएम की कार्याकारी समिती(ईसी) ने 3 मई 2011 को आयोजित अपनी बैठक में स्कीम की समीक्षा की। जीसी द्वारा स्कीम की समीक्षा के पश्चात ग्रीन हाऊस और शेड नेट हाऊस की क्षेत्र सीमा को प्रति लाभार्थी 1000 वर्गमीटर से बढ़ाकर 4000 वर्गमीटर कर दिया गया इसके साथ ही ग्रीन हाउस एवं शेड नेट हाउस के आकार के अनुसार रोपण सामग्री एवं आदानों हेतु सहायता प्रति लाभार्थी 4000 वर्गमीटर तक सीमित है। जीसी ने अन्य मंत्रालयों/विभागों की स्कीम के साथ एचएचएम के अभिसरण के लिए और फलों एवं सब्जियों हेतु शीत श्रृंखला और बहु माडल परिवहन प्रणाली के विकास पर अधिक ध्यान देने की भी सलाह दी है।

ईसी ने सम्पूर्ण दृष्टिकोण के साथ समूह दृष्टिकोण अपनाकर एनएचएम के कार्यान्वयन हेतु और एचएचएम के तहत स्थापित नर्सरियों के प्रत्यायन पर जोर दिया है ताकि गुणवत्ताप्रद रोपण साम्रगी की उपलब्धता और बागवानी फसलों हेतु किसानों को ऋण सुविधा दिया जाना सुनिश्चित किया जा सके।

(ग) 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान एनएचएम स्कीम हेतु 8809.00 करोड़ रू. परिव्यय निर्धारित किया गया है।

[अनुवाद]

शहरों और नगरों का विकास

33. **श्रीमती श्रुति चौधरी:** क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में बढ़ते शहरों और नगरों के लिए उचित विकास की रणनीति की आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो हरियाणा सहित प्रत्येक राज्य में अब तक तैयार की गयी रणनीति के ब्यौरे क्या हैं और इस प्रयोजनार्थ कितनी धनरशि आबंटित की गयी है; और

(ग) इस संबंध में सरकार के पास प्रत्येक राज्य की कितनी मांगें लंबित पड़ी हैं और इन पर क्या कार्यवाही की गई है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) जी, हां। भारतीय शहरों में शहरी जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। यह बढ़ती शहरी जनसंख्या शहरी मूलभूत सेवाओं और अवसंरचना पर अत्यधिक भार डालती है। इस समस्या से निपटने के लिए 03.12.2005 को सरकार ने जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) शुरू किया है। सरकार ने जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के उप-मिशन शहरी अवसंरचना और शासन (यूआईजी) के अंतर्गत देश भर में 65 चुनिन्दा शहरों में सुधार प्रधान और द्रुत गति से विकास कार्य शुरू किए हैं। सभी अन्य कस्बे और शहर मिशन के छोटे और मझौले शहरों के लिए शहरी अवसंरचना विकास योजना (यूआईडीएसएसएमटी) के अंतर्गत निधियन के लिए पात्र हैं। मिशन में इन शहरों का सुस्थिर विकास, शहरी

अवसंरचना कार्यकुशलता, सेवा प्रदानगी तंत्र, सामुदायिक सहभागिता और शहरी स्थानीय निकायों और पेरास्टेटल एजेंसियों की नागरिकों के प्रति जवाबदेही पर ध्यान संकेन्द्रित करते हुए सुनिश्चित किया जाता है। वर्ष 2005-06 से शुरू हुई मिशन की सात वर्ष की अवधि के लिए जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के शहरी अवसंरचना और शासन (यूआईजी) के अंतर्गत परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के रूप में 31,500 करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं। यूआईजी के अंतर्गत हरियाणा सहित राज्यों/शहरों को प्रदान की गई सहायता के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

(ग) जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के यूआईजी के अंतर्गत बिहार, झारखंड, गोवा, पंजाब और पश्चिम बंगाल जैसे कुछेक राज्यों को छोड़कर अधिकतर राज्यों ने अपने आबंटन का पूर उपयोग कर लिया है। जेएनएनयूआरएम के यूआईजी के दिशानिर्देशों के अंतर्गत अनुरूप पाई गईं, राज्यों द्वारा प्रस्तुत की गई विस्तृत परियोजना रिपोर्टों पर उनके तकनीकी मूल्यांकन और निधियों की उपलब्धता के अध्ययधीन, केन्द्रीय स्वीकृति और मानीटरिंग समिति (सीएसएमसी) द्वारा अनुमोदन के लिए विचार किया जाता है।

विवरण

क्रमांक	राज्य का नाम	कुल आबंटन (रुपए लाख में)	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	अनुमोदित लागत (रुपए लाख में)	अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (एसीए) वचनबद्धता	जारी एसीए (रुपए लाख में)
1	2	3	4	5	6	7
1.	आंध्र प्रदेश	211,845.00	50	488,153.01	205,346.11	139,967.86
2.	अरुणाचल प्रदेश	10,740.00	3	18,048.20	16,243.38	8,504.30
3.	असम	27,320.00	2	31,610.71	28,449.64	24,338.51
4.	बिहार	59,241.00	8	71,181.41	39,475.72	9,858.94
5.	चंडीगढ़	27,087.00	3	19,119.60	15,295.68	2,684.64
6.	छत्तीसगढ़	24,803.00	3	30,364.00	24,291.20	21,862.08
7.	दिल्ली	282,318.00	28	719,708.00	251,897.80	62,977.89
8.	गोवा	12,094.00	1	362.25	289.80	72.45
9.	गुजरात	257,881.00	71	549,323.60	238,568.62	159,084.46
10.	हरियाणा	32,332.00	4	69,720.70	34,860.35	17,788.48
11.	हिमाचल प्रदेश	13,066.00	4	15,323.06	11,759.25	3,141.62
12.	जम्मू और कश्मीर	48,836.00	4	53,152.00	46,946.80	18,778.73
13.	झारखंड	94,120.00	5	79,485.72	49,936.43	12,484.15
14.	कर्नाटक	152,459.00	46	369,230.04	145,202.51	84,305.79

1	2	3	4	5	6	7
15.	केरल	67,476.00	11	99,789.00	64,554.60	20,025.20
16.	मध्य प्रदेश	132,850.00	23	245,921.54	125,920.42	64,255.92
17.	महाराष्ट्र	550,555.00	79	1,150,038.01	513,602.60	366,203.97
18.	मेघालय	15,668.00	2	21,795.72	19,616.15	7,846.46
19.	मणिपुर	15,287.00	3	15,395.66	13,856.09	5,196.20
20.	मिजोरम	14,822.00	1	1,681.80	1,513.62	1,135.23
21.	नागालैंड	11,628.00	3	11,594.13	10,434.72	3,517.90
22.	ओडिशा	32,235.00	5	81,197.66	63,712.53	21,987.25
23.	पुदुचेरी	20,680.00	2	25,306.00	20,244.80	7,250.20
24.	पंजाब	70,775.00	6	72,539,00	36,269.50	14,672.88
25.	राजस्थान	74,869.00	13	122,908.11	76,623.49	42,493.38
26.	सिक्किम	10,613.00	2	9,653.67	8,688.30	4,013.51
27.	तमिलनाडु	225,066.00	48	530,128.28	212,677.10	104,792.04
28.	त्रिपुरा	14,018.00	2	18,047.00	16,043.40	4,010.85
29.	उत्तर प्रदेश	276,941.00	33	536,361.94	269,660.09	178,491.79
30.	उत्तराखंड	40,534.00	13	39,073.95	30,860.78	15,559.00
31.	पश्चिम बंगाल	321,840,00	60	574,231.42	210,108.74	94,219.98
	कुल	3150000.00	536	6,070,445.19	2,802,950.21	1,521,521.66

अवैध निर्माण हेतु एफआईआर

34. **श्री एस. पक्कीरप्पा:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अवैध निर्माण करने के लिए कितने व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है;

(ख) दिल्ली पुलिस ने कुल कितने व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की है; और

(ग) दिल्ली में ऐसे अवैध निर्माण को रोकने के लिए क्या कार्यवाही की गयी है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) और (ख) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष अर्थात् 2008, 2009, 2010 और 2011 (31.10.11 तक) के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अवैध निर्माण किए जाने के संबंध में दर्ज किए गए मामलों तथा दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

वर्ष	दर्ज मामलों की संख्या	गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या
2008	13	20
2009	41	49
2010	59	67
2011 (31.10.11 तक)	157	187

(ग) जब कभी भी किसी अनधिकृत निर्माण की सूचना प्राप्त होती है, तब भू-स्वामित्व वाली संबंधित एजेंसी जैसे दिल्ली नगर निगम, दिल्ली छावनी बोर्ड आदि द्वारा उनके अधिनियम के अनुसार अवैध/अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। अनधिकृत/अवैध निर्माण के खिलाफ की गई कार्रवाइयों पर निगरानी रखने के लिए माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा एक नोडल स्टीयरिंग कमेटी भी गठित की गई है।

खाद्य सुरक्षा

35. **श्री पी.आर.नटराजनः** क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को एम.एस. स्वामीनाथन, अनुसंधान फाउंडेशन द्वारा तैयार की गई 'ग्रामीण भारत में खाद्य असुरक्षा की स्थिति' से संबद्ध प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) विश्व खाद्य कार्यक्रम तथा एम.एस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण भारत में खाद्य असुरक्षा की स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट (दिसंबर, 2008) तैयार की गई है। रिपोर्ट में देश में खाद्य सुरक्षा की स्थिति तथा प्रचलित प्रमुख सार्वजनिक खाद्य सुपुदर्गी प्रणालियों के काम का विश्लेषण दिया गया है। रिपोर्ट में विभिन्न राज्यों में खाद्य असुरक्षा तथा पोषणिक सुरक्षा नेट कार्यक्रमों के संचालन के स्तर की एक व्यापक सांकेतिक तस्वीर पेश करने का भी प्रयास किया गया है।

गरीबों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली 1997 में शुरू की गई थी। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करना तथा उसे सुप्रवाही बनाना एक निरंतर चलते रहने वाली प्रक्रिया है। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार करने के लिए सरकार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से नियमित रूप से अनुरोध करती रही है कि वे गरीबी रेखा से नीचे तथा अंत्योदय अन्न योजना के परिवारों की सूचियों की लगातार समीक्षा करें, भारतीय खाद्य निगम के काम में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करें, विभिन्न स्तरों पर मॉनीटरिंग तथा सतर्कता में सुधार करें तथा विभिन्न स्तरों पर भारतीय खाद्य निगम के प्रचालनों का कम्प्यूटरीकरण करने जैसी नई प्रौद्योगिकियों को लागू करें।

[हिन्दी]

शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए योजना

36. **श्री सी.आर. पाटिलः** क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार नई प्रौद्योगिकी का उपयोग करके शारीरिक रूप से विकलांग लोगों/गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों/अनुसूचित जातियों के लोगों/अनुसूचित जनजातियों को युवक-युवतियों के लिए खेलकूद प्रतिभा विकसित करने की कोई योजना आरंभ करने का है ताकि वे राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों में भाग ले सकें;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी योजना-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और खेलकूद क्षेत्र में ऐसे युवक-युवतियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) से (ग) अपंग व्यक्तियों के बीच खेलों का व्यापक आधार बनाने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने प्रायोगिक आधार पर 2009-10 में अपंग व्यक्तियों के लिए खेल और क्रीड़ा नामक एक नई योजना शुरू की है जिसके निम्नलिखित संघटक हैं:

1. अनुबंध आधार पर कोचों को नियुक्त करने तथा खेल उपस्कर की खरीद के लिए स्कूलों/संस्थानों को अनुबंध।

2. सामुदायिक कोचिंग

3. जिला, राज्य और राष्ट्रीय सतर पर खेल प्रतियोगिताएं

इस योजना के अंतर्गत मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाया गया है। मास्टर ट्रेनरों को लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय (एलएनयूपीई), ग्वालियर में

एलएनयूपीई, भाखेप्रा, विशेष ओलंपिक भारत और अखिल भारतीय बधिर परिषद के संसाधन सम्पन्न व्यक्तियों और विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जाता है। 2010-11 के दौरान 488 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन मास्टर ट्रेनरों ने अपने संबंधित जिलों में सामुदायिक कोचों को प्रशिक्षण प्रदान किया। 2010-11 के दौरान कुल मिलाकर 7592 सामुदायिक कोचों को प्रशिक्षित किया गया। ये सामुदायिक कोच विकलांग व्यक्तियों को आवश्यक खेल कुशलता प्रदान करते हैं।

खिलाड़ियों के बीच खेल कुशलता विकसित करने जिसमें गरीबी रेखा से नीचे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और शारीरिक रूप से विकलांग श्रेणी के लोगों सहित खेलों के सर्वधन और विकास की प्राथमिक जिम्मेदारी विभिन्न खेल विधाओं के संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघों की है। तथापि उनके प्रयासों की संपूर्ती के लिए मंत्रालय भारतीय पैरालंपिक समिति, विशेष ओलंपिक भारत, और अखिल भारतीय बधिर खेल परिषद सहित राष्ट्रीय खेल परिसंघों को राष्ट्रीय खेल परिसंघों को राष्ट्रीय चैम्पियनशिप आयोजित करने, भारत में अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित करने विदेश में अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने, कोचिंग कैंप आयोजित करने और खेल उपस्कर की खरीद के लिए राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता की योजना से सहायता प्रदान करता है।

गन्ने का मूल्य निर्धारण

37. श्री गोरख प्रसाद जायसवाल:
श्रीमती रमा देवी:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गन्ने की उत्पादन लागत का आकलन करने संबंधी कोई मानदंड हैं;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त मानदण्डों का उल्लंघन किया गया है और गत तीन वर्षों के दौरान उत्पादन लागत का कोई आकलन नहीं हुआ है;

(घ) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है? और

(ङ) इस सबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) तकनीकी समिति की सिफारिशों पर भारत में गन्ने सहित मुख्य फसलों की खेती की लागत का अध्ययन करने के लिए एक सघन योजना की शुरूआत 1970-71 में की गई थी। समय-समय पर विभिन्न समितियों की सिफारिशों के आधार पर प्रक्रिया की समीक्षा की गई है। उत्पादन लागत में केवल नकद रूप में वास्तविक व्यय को ही नहीं परन्तु भूमि एवं पारिवारिक श्रम सहित स्वामित्व प्राप्त परिसम्पतियों के आरोपित मूल्य को भी शामिल किया गया है।

(ग) से (ङ) 2006-07 से 2008-09 तक गन्ने के लिए उत्पादन लागत (सी2) (रूपए प्रति क्विंटल) का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

	2006-07	2007-08	2008-09
आन्ध्र प्रदेश	88.71	106.06	119.72
हरियाणा	92.37	96.52	92.39
कर्नाटक	63.62	48.46	86.53
महाराष्ट्र	80.15	76.29	107.56
तमिलनाडु	78.22	73.45	85.79
उत्तर प्रदेश	68.49	73.35	93.64
उत्तराखण्ड	66.37	57.77	84.62

खाद्य राजसहायता

38. श्री गणेश सिंह: क्या **उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राज्यों को संबंधित राज्यों में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली जनसंख्या के अनुपात में खाद्य राजसहायता प्रदान की जा रही है;

(ख) यदि हां, ता तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) से (ग) लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को खाद्यान्नों का आवंटन करने के लिए खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग योजना आयोग के 1993-94 के गरीबी अनुमानों और भारत

के महापंजीयक के 1 मार्च 2000 की स्थिति के अनुसार गरीबी अनुमानों पर आधारित गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की संख्या अथवा वास्तव में पहचान किए गए और राशन कार्ड जारी किए गए परिवारों की संख्या जो भी कम हो, का उपयोग करता है।

केन्द्र सरकार चावल के लिए 5.65 रूपये प्रति किलोग्राम और गेहूं के लिए 4.15 रूपये प्रति किलोग्राम के केन्द्रीय निर्गम मूल्य पर गरीबी रेखा से नीचे की श्रेणी के लिए वितरण करने हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन खाद्यान्नों (चावल और गेहूं) का आवंटन करती है।

खाद्यान्नों की आर्थिक लागत और लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याण योजनाओं के लिए निर्धारित केन्द्रीय निर्गम मूल्य के बीच के अंतर को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम और विकेन्द्रीकृत खरीद योजना के अधीन खाद्यान्नों की खरीदारी करने वाले राज्यों को खाद्य राजसहायता रिलीज की जाती है। रिलीज की गई खाद्य राजसहायता विभिन्न स्कीमों के अधीन खाद्यान्नों के उठान पर निर्भर करती है।

विदेशी कंपनियों के माध्यम से जासूसी

39. **राजकुमारी रत्ना सिंह:**
श्री हरीश चौधरी:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विदेश कंपनियों में कार्यरत अनेक व्यक्ति जासूसी के मामलों में पकड़े गए हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में पता चले जासूसी के मामलों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने देश में जासूसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए ऐसी विदेशी कंपनियों के कार्यकरण को विनियमित करने के लिए कदम उठाए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) जी नहीं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार विशेषकर विदेशी कम्पनियों में कार्यरत व्यक्तियों द्वारा जासूसी के किसी मामले की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। तथापि पिछले तीन वर्षों और वर्ष (2008 से 2011(आज तक) के दौरान देश में कुल 46 पाक समर्थक जासूसी माड्यूलों का भंडाफोड़ किया गया था।

(ग) आसूचना तंत्र को मजबूत बनाकर केन्द्र एवं राज्य सरकारों की विभिन्न एजेन्सियों के बीच निकट सम्पर्क और समन्वय सुनिश्चित करके और उन्नत अत्याधुनिक हथियारों एवं संचार प्रणाली के साथ पुलिस एवं सुरक्षा बलों का आधुनिकीकरण और उन्नयन करके सरकार ऐसी गतिविधियों से निपटने के लिए एक सु-समन्वित एवं बहुआयामी नीति अपना रही है।

बर्ड फ्लू का प्रकोप

40. **श्री शैलेन्द्र कुमार:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृरेंगे कि:

(क) क्या हाल ही में पश्चिम बंगाल और असम में बर्ड फ्लू का प्रकोप हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन राज्यों में बड़े पैमाने पर कुक्कुटों को मारा गया है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार ने अन्य पड़ोसी राज्यों में बर्ड फ्लू को फैलने से रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) और (ख) 08 सितम्बर, 2011 को असम के धूबरी जिले के आगोमोनी ब्लाक में भमनदंगा गांव के भाग-1 में बर्ड फ्लू के प्रकोप की सूचना मिली थी। पश्चिम बंगाल के नाडिया जिले में तेहाता ब्लाक में नंशातोला और पुटिमारी गांव में 19 सितम्बर 2011 को बर्ड फ्लू के दो और प्रकोप की सूचना मिली थी।

(ग) नियंत्रण और रोकथाम प्रचालन में असम में 15,409 और पश्चिम बंगाल में 48,581 पक्षी मारे गये थे। असम और पश्चिम बंगाल में मुआवजे के रूप में क्रमशः 6.52 लाख रूपए और 19.29 लाख रूपए की राशि प्रदान की गई थी।

(घ) नियंत्रण और रोकथाम प्रचालन को तत्काल आधार पर आरम्भ किया गया था जिससे कि राज्य में और आस-पास के राज्यों में बर्ड फ्लू को फैलने से रोका जा सके। बर्ड फ्लू के प्रकोप से बचने के लिए सभी राज्यों को कड़ाई से सावधानी रखने और कुक्कुट पक्षियों पर निगरानी जारी रखने के लिए सतर्क रहने के लिए कहा गया है। दोनों राज्यों में प्रचालन के बाद भी निगरानी जारी है जिसे कार्य योजना के अनुसार तीन महीनों के लिए जारी रखा जाएगा।

एएफएसपीए में संशोधन

41. श्री हरि मांझी:
श्री हंसराज गं. अहीर:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम, 1958 में संशोधन संबंधी कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इस संबंध में अब तक क्या कदम उठाए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) से (ग) जी हां। सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 में संशोधन संबंधी एक प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। गृह मंत्रालय को इस मामले की जानकारी है और किसी निर्णय पर पहुंचने के लिए परामर्श की प्रक्रिया चल रही है।

[अनुवाद]

किसानों को सहायता

42. श्री नारन भाई कछाड़िया: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश और गुजरात में अजा/अजजा और पिछड़े किसानों को सहायता प्रदान करने के लिए आकस्मिक निधि से निधियां जारी करने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) जी, नहीं। अ.जा. और अ.ज.जा. के किसानों सहित किसानों के लाभार्थ कृषि मंत्रालय की विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत पर्याप्त निधियां मुहैया कराई गई हैं, इसलिए इस प्रयोजन के लिए भारत की आकस्मिक निधि से निधियां निकाले जाने की कोई आवश्यकता या प्रस्ताव नहीं है।

मैट्रो रेल परियोजनाएं

43. श्री मानिक टैगोर:
श्री के.पी. धनपालन:
श्री पी. कुमार:
श्री ए. गणेशमूर्ति:
श्री मनसुखभाई डी. वसावा:

क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने तमिलनाडु और गुजरात सहित देश के विभिन्न भागों में मैट्रो रेल परियोजनाओं हेतु अनुमोदन/स्वीकृति प्रदान की है;

(ख) यदि हां, तो परियोजना-वार और राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पूरी की गई परियोजनाओं की संख्या कितनी है;

(ग) विभिन्न राज्यों में चल रही मेट्रो रेल परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) देश में महानगरों/मझौले शहरों में मेट्रो रेल संपर्कता प्रदान करने हेतु विभिन्न राज्यों से प्राप्त/केन्द्र सरकार के विचाराधीन प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और उनकी स्थिति क्या है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) जी हां। केन्द्र सरकार ने देश के विभिन्न भागों में मेट्रो रेल परियोजनाएं अनुमोदित/स्वीकृत की हैं। केन्द्र सरकार ने अभी तक गुजरात राज्य के लिए कोई मेट्रो परियोजना स्वीकृत नहीं की है।

(ख) और (ग) देश में स्वीकृत की गई और पूरी हो गई/चल रहीं मेट्रो रेल परियोजनाओं के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

क्रमांक	परियोजना	लंबाई कि.मी.	लागत (करोड़ रुपए में)	स्थिति
1	2	3	4	5
1	दिल्ली एमआरटीएस फेज-I	65.05	10571.00	पूरी हो गई
2	दिल्ली एमआरटीएस फेज-II	54.68	11691.36	पूरी हो गई

1	2	3	4	5
3	दिल्ली मेट्रो का गुड़गांव तक विस्तार (हरियाणा)	14.47	1589.44	पूरी हो गई
4	दिल्ली मेट्रो का नोएडा तक विस्तार (उत्तर प्रदेश)	7.00	827.00	पूरी हो गई
5	केन्द्रीय सचिवालय से बदरपुर, दिल्ली तक	20.16	4012.00	पूरी हो गई
6	द्वारका सेक्टर 9 से द्वारका सेक्टर 21, दिल्ली तक	2.76	356.11	पूरी हो गई
7	नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से आईजीआई एयरपोर्ट तक	19.2	3586.39	पूरी हो गई
8	आईजीआई एयरपोर्ट से द्वारका सेक्टर 21, दिल्ली तक	3.50	793.00	पूरी हो गई
9	दिल्ली मेट्रो का वैशाली (गाजियाबाद) तक विस्तार	2.574	320.00	पूरी हो गई
10	दिल्ली एमआरटीएस फेज-III	103.05	3524.00	कार्य शुरू हो गया है
11	दिल्ली मेट्रो का फरीदाबाद (हरियाणा) तक विस्तार	13.875	2494.00	कार्य शुरू हो गया है
12	चैन्नई मेट्रो (तमिलनाडु) वाशरमेनपेट से चेन्नई एयरपोर्ट तक चेन्नई सेन्ट्रल से सेंट थामस माउंट	45.046	14600.00	सितंबर, 2011 तक समग्र प्रगति 16.24% है
13	कोलकाता पूर्व पश्चिम मेट्रो कोरीडोर (पश्चिम बंगाल) हावड़ा मैदान से साल्ट लेक सेक्टर-5	14.67	4874.58	जुलाई, 2011 के अंत तक समग्र प्रगति 16.50% है
14	बैंगलौर मेट्रो (कर्नाटक) हेसाराघट्टा क्रास से पुट्टेनहल्ली और बायाप्पनाहल्ली से मैसूर रोड टर्मिनल तक	42.3	11609.00	सितंबर, 2011 के अंत तक समग्र प्रगति 45.35% है सभी प्रमुख संविदाएं दे दी गई हैं। महात्मा गांधी रोड स्टेशन से बायाप्पनाहल्ली स्टेशन तक पहली लाइन 20.10.2011 को शुरू कर दी गई है।
15	मुंबई मेट्रो लाइन-1 (महाराष्ट्र) वर्सोवा-अंधेरी-घाटकोपर	11.07	2356.00	100% फाऊंडेशन कार्य पूरा हो गया है जबकि सितंबर, 2011 तक वायडक्ट के भाग का केवल 85% कार्य पूरा हुआ है और डिपो भाग का 90% कार्य पूरा हो गया है।
16	मुंबई मेट्रो लाइन-2 (महाराष्ट्र) चारकोप-बान्द्रा-मनकुर्द	31.87	7660.00	जनवरी, 2010 में कंशेसनर के करार पर हस्ताक्षर किए गए और कंशेसनर ने परियोजना कार्य को शुरू कर दिया है।

1	2	3	4	5
17	हैदराबाद मेट्रो (आंध्र प्रदेश)	71.16	12132	परियोजना का कार्य सफल न्यूनतम बोलीदाता, मेसर्ज लार्सेन एंड टोब्रो लिमिटेड को उनके द्वारा उद्धत की गई 1,458 करोड़ रुपए की अनुदान राशि पर दे दिया गया है और कार्य सौंपे जाने के आशय का पत्र 6 अगस्त, 2010 को जारी कर दिया गया था। कंशेसनर ने कार्य शुरू कर दिया है।
18	जयपुर मेट्रो स्टेज-I (राजस्थान)	9.25	1250.00	केन्द्रीय सरकार ने 21 जनवरी, 2011 को राज्य सरकार के संपूर्ण निधियन के आधार पर जयपुर मेट्रो रेल परियोजना का सिद्धांततः अनुमोदन कर दिया है। स्टेज-I का सिविल कार्य डीएमआरसी को 'डिपोजिट कार्य' के आधार पर सौंप दिया गया है। यह कार्य शुरू हो गया है।

(घ) विभिन्न राज्य सरकारों से प्राप्त विभिन्न प्रस्तावों की स्थिति निम्नानुसार है:-

क्रमांक	परियोजना	लंबाई कि.मी.	लागत (करोड़ रुपए में)	स्थिति
1	2	3	4	5
1	कोची मेट्रो रेल (केरल)	25.30	2991.50	पूर्व-लोक निवेश बोर्ड (पीआईबी) की दिनांक 8.11.2011 को बैठक हुई
2	जयपुर मेट्रो स्टेज-II (अम्बाबारी से सीतापुर्विया वाया एसएमएस अस्पताल) (राजस्थान)	29.11 (स्टेज-I के तहत निर्मित सिविल अवसंरचना के 9.25 कि.मी. सहित)	8723.37	राजस्थान सरकार ने पीपीपी के तहत जयपुर मेट्रो रेल परियोजना के स्टेज-2 का कार्य शुरू करने का प्रस्ताव किया है। जयपुर मेट्रो से मांगी गई पूरक सूचना की प्रतीक्षा है।

1	2	3	4	5
3	कोलाबा-महिम/बान्द्रा कोरीडोर (लाइन-III) (महाराष्ट्र)	20.40	12000.00	महाराष्ट्र सरकार ने डीएमआरसी के पेटर्न पर परियोजना का प्रस्ताव किया है। महाराष्ट्र सरकार से डीपीआर पर कुछ स्पष्टीकरण देने का अनुरोध किया गया है। इनकी प्रतीक्षा है।
4	बंगलौर हाई स्पीड रेल लिंक	34.00	6736	बंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के साथ तीव्र गति का संपर्क स्थापित करने के लिए राज्य सरकार ने पीपीपी के तहत सिटी से एयपोर्ट तक हाई स्पीड रेल लिंक विकसित करने का प्रस्ताव किया है। 34 कि. मी. लंबी इस लाइन की कुल परियोजना लागत (भूमि की लागत सहित) लगभग 6736 करोड़ रुपए होने का अनुमान लगाया गया है। प्रबंध निदेशक, रिआयत करार पर टिप्पणियां आमंत्रित की गई हैं जिनकी प्रतीक्षा है।
5	लुधियाना मेट्रो (पंजाब)	28.954	8705	लुधियाना मेट्रो रेल परियोजना के लिए एक प्रस्ताव पर 14.07.2011 को पंजाब सरकार से सिद्धांतत: अनुमोदन प्राप्त हो गया है। राज्य सरकार ने पीपीपी मॉड पर परियोजना क्रियान्वित करने का प्रस्ताव किया है। पंजाब सरकार से कुछ सूचना मांगी गई है जिसकी प्रतीक्षा है।
6	चेन्नई मेट्रो (तमिलनाडु) कोरीडोर-1 का तिरुवोट्टियुर और बिम्को नगर तक विस्तार)	9	2845	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रति संबंधित मंत्रालयों/विभागों को उनकी टिप्पणियों के लिए परिचालित कर दी गई है।
7	दिल्ली मेट्रो का बहादुरगढ़ (हरियाणा) तक विस्तार	11.181	1489.00	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रति संबंधित मंत्रालयों/विभागों को उनकी टिप्पणियों के लिए परिचालित कर दी गई है।

[हिन्दी]

पशुधन की नई किस्मों का विकास

44. श्री मनसुखभाई डी. वसावा:
श्री हरीश चौधरी:
श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में गाय/पशुधन की उन्नत किस्मों का विकास और उनका संरक्षण करने हेतु कोई कदम उठा रही है;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पशुधन/गाय की किस्मों में सुधार करने और गाय/पशुधन की नई किस्मों का विकास करने में लगे विश्वविद्यालयों और अनुसंधान केन्द्रों के नाम क्या हैं;

(घ) नई किस्मों के नाम और उनकी मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ङ) क्या सरकार इस आयोजन हेतु निगमित संगठनों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) और (ख) यह विभाग देश में गायों/पशुधन की उच्च गुणवत्ता वाली नस्लों के संरक्षण और विकास के लिए निम्नलिखित योजनाएं क्रियान्वित कर रहा है:

(1) राष्ट्रीय गोपशु और भैंस प्रजनन परियोजना

(2) केंद्रीय गोपशु प्रजनन परियोजना

(3) केन्द्रीय पशुयूथ पंजीकरण योजना

(4) केन्द्रीय हिमित वीर्य उत्पादन और प्रशिक्षण संस्थान

(5) जुगाली करने वाले छोटे पशुओं और खरगोशों का एकीकृत विकास

(6) सूअर विकास

(ग) पशुधन/गाय के उन्नयन में सलग्न विश्वविद्यालयों और अनुसंधान केन्द्रों का ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(घ) ब्यौरा संलग्न विवरण-II दिया गया है।

(ङ) और (च) यह विभाग कॉरपोरेट संगठन को इस प्रायोजन के लिए कोई वित्तीय सहायता नहीं देता है।

विवरण I

1	2	3
1.	राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान	करनाल, हरियाणा
2.	भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान	इज्जतनगर, बरेली, उत्तर प्रदेश
3.	केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान	मकदुम, मथुरा उत्तर प्रदेश
4.	केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान	हिसार हरियाणा
5.	राष्ट्रीय पशु पौष्टिकता और शरीर विज्ञान संस्थान	बैंगलूर, कर्नाटक
6.	केन्द्रीय भेड़ और ऊन अनुसंधान संस्थान	अविकनगर राजस्थान
7.	केन्द्रीय एबीयन अनुसंधान संस्थान	इज्जतनगर, बरेली, उत्तर प्रदेश
8.	राष्ट्रीय सूअर अनुसंधान ब्यूरो	करनाल, हरियाणा
9.	राष्ट्रीय सूअर अनुसंधान केन्द्र	रानी, गुवाहाटी
10.	राष्ट्रीय याक अनुसंधान केन्द्र	डिरंग, अरुणाचल प्रदेश
11.	राष्ट्रीय मिथुन अनुसंधान केन्द्र	झरनापानी, नागालैंड
31.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	27.29	8.90	0.00	0.00		0.00	03.16		
32.	चंडीगढ़	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00			
33.	दादरा और नगर हवेली	20.56	0.00	2.89	0.00	0.00		1.44		
34.	लक्षद्वीप	21.03	0.00	0.00	0.00	0.00				
35.	दमन और दीव	21.97	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	कुल	6828.31	2793.01	501.32	647.90	370.87	1296.21	780.72	879.95	354.71

विवरण III

भागीदरी में किफायती आवास अनुमोदित कुल परियोजनाएं

दिनांक 16.11.2011 की स्थिति के अनुसार (रु. करोड़ में)

क्र.स.	राज्य/संघ राज्य का नाम	मिशन शहर	अनुमोदित परियोजनाएं	कुल अनुमोदित परियोजना लागत	अनुमोदित कुल केन्द्रीय अंश (अवस्था, लागत का 25%)	अनुमोदित कुल राज्य अंश	कुल राज्य यूएलबी अंश	कुल राज्य लाभार्थी अंश	ईडब्ल्यूएस इकाइयां	एलआईजी	एमआईजी	अनुमेय रिहायशी यूनिटों की कुल सं.	बैठकों की सं	सीएसएमसी की तारीख
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	वसंतकुंज योजना सैक्टर-ए लखनऊ, उत्तर प्रदेश में	35.33	2.48	1.68	0	31.16				816	84	27-Apr.10

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
			(जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागेदारी में किफायती आवास											
2.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	वृन्दावन योजना सं. 1, सेक्टर-5 ई, लखनऊ, उ.प्र. में (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागेदारी में किफायती आवास	57.73	4.63	2.75	0	50.35				1500	84	27 - Apr-10
3.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	वसंतकुंज योजना सैक्टर-ए लखनऊ, उत्तर प्रदेश में (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागेदारी में किफायती आवास	132.81	8.32	6.32		118.17	1776	800		2576	85	5 -May.10
4.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	गहरू योजना, बिजनौर लखनऊ, उ.प्र. में (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागेदारी में किफायती आवास	139.03	6.63	6.62		125.78	896	1536		2432	85	5-May 10
5.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	गोमती नगर एक्स. योजना लखनऊ उ.प्र में (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागेदारी में किफायती आवास	103.63	9.41	4.93		89.28	1728	208		1936	85	5 May 10
6.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	देवपुरा लखनऊ उ.प्र. में (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागेदारी में किफायती आवास	132.91	8.74	6.33		117.85	3152			3152	85	5-May 10

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
7.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	वसंतकुंज योजना सैक्टर-ए लखनऊ, उत्तर प्रदेश में (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागेदारी में किफायती आवास	27.85	1.40	1.33		25.12	720			720	86	25-May. 10
8.	उत्तर प्रदेश	कानपुर	जानकीपुरम सेक्टर-1 कानपुर उ.प्र. में (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागेदारी में किफायती आवास	34.11	3.12	1.62		29.36	688			688	86	25-May. 10
9.	उत्तर प्रदेश	कानपुर	हंसपुरम सैक्टर-7 कानपुर उ.प्र. में (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागेदारी में किफायती आवास	21.71	2.05	1.03		18.62	564			564	86	25-May.10
10.	उत्तर प्रदेश	मथुरा	रूकमणी बिहार आवासीय योजना, वृन्दावन, मथुरा, उ.प्र. (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागेदारी में किफायती आवास	31.72	1.70	1.51		28.52	672	304		976	86	25-May. 10
		उपयोग		716.83	48.48	34.13	0.00	634.22	10196	2848	0	15360		
11.	छत्तीसगढ़	रायपुर	धर्मपुरा सामाजिक आवास स्कीम धर्मपुरा, रायपुर में भागिदारी में किफायती आवास के तहत 648 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों (जी + 2) का निर्माण	15.62	0.59			15.04	648			648	86	25-May. 10
12.	छत्तीसगढ़	रायपुर	पुरैना सामाजिक आवास स्कीम पुरैना, रायपुर भागीदारी में किफायती	7.75	0.27			7.48	320			320	86	25-May.10

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
			आवास के तहत 320 ईडब्ल्यूएस पैलटों (जी+3) का निर्माण											
13.	छत्तीसगढ़	रायपुर	रायपुरा रायपुर में भागीदारी आवास परियोजना	17.81	1.75			16.07	972			972	86	25-May.10
14.	छत्तीसगढ़	रायपुर	बोर्ताखुद, रायपुर में किफायती आवास परियोजना प्रस्ताव	34.03	2.88			31.15	1800			1800	86	25-May.10
			उप योग	75.21		5.48	0.00	0.00	69.73	3740	0	0	3740	
	कुल			792.04	53.96	34.13	0.00	703.94	13936	2848	0		19100	

विवरण IV

157 शहरों की सूची

वित्तीय वर्ष-2009-10

क्रमांक	राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश का नाम	जारी की गई राशि (लाख रु. में) शहरों की संख्या	शहर-एसएफसीपी द्वारा की गई राशि
1	2	3	4
1.	आंध्र प्रदेश	472.72 (10 शहर) 969.40 लाख की दूसरी किस्त मार्च 2011 में निर्मुक्त की गई	1. ग्रेटर हैदराबाद नगर-निगम (जीएसएमसी)
			2. ग्रेटर विशाखा पत्तनम नगर निगम (जीवीएमसी)
			3. विजयवाड़ा
			4. तिरूपति
			5. गुंटूर
			6. नैल्लोर
			7. करनूल
			8. राजामुन्दरी
			9. वारंगल
			10. काकीनाडा
2.	असम	76.34 (एक शहर)	11. गुवाहाटी

1	2	3	4
3.	बिहार	191.59 (चार शहर)	12. पटना
			13. गया
			14. भागलपुर
			15. मुजफ्फरपुर
4.	छत्तीसगढ़	182.88 (चार शहर)	16. भिलाई नगर
			17. रायपुर
			18. बिलासपुर
			19. कोरबा
5.	गुजरात	431.64 (आठ शहर)	20. अहमदाबाद
			21. सूरत
			22. वदोदरा
			23. राजकोट
			24. जामनगर
			25. भावनगर
			26. भड़ूच
			27. पोरबन्दर
6.	हरियाणा	151.3 (तीन शहर)	28. फरीदाबाद
			29. पानीपत
			30. यमुना नगर
7.	हिमाचल प्रदेश	63.84 (एक शहर)	31. शिमला
8.	झारखंड	206.11 (चार शहर)	32. जमशेदपुर
			33. धनबाद
			34. रांची
			35. बोकारो स्टील सिटी
9.	कर्नाटक	400.4 (आठ शहर)	36. बंगलोर
			37. मैसूर

1	2	3	4
			38. हुबली धारावाड़
			39. मंगलोर
			40. बेलगांव
			41. गुलबर्ग
			42. देवनगरी
			43. बिल्लारी
10.	केरल	263.31 (छः शहर)	44. कोच्वी
			45. तिरूअनंतपुरम
			46. कोझीकोडे
			47. कन्नूर
			48. कोल्लर
			49. थ्रिसुर
11.	मध्य प्रदेश	282.25 (छः शहर)	50. इंदौर
			51. भोपाल
			52. जबलपुर
			53. ग्वालियर
			54. उज्जैन
			55. सागर
12.	महाराष्ट्र	944.67 (सोलह शहर)	56. ग्रेटर मुंबई
			57. पूना
			58. नागपुर
			59. नासिक
			60. औरंगाबाद
			61. शोलापुर
			62. भिवांडी

1	2	3	4
			63. अमरावती
			64. कोल्हापुर
			65. संगली-मिराज कुपवाड़
			66. नांदेड़-वागला
			67. मालेगांव
			68. अकोला
			69. जलगांव
			70. अहमदनगर
			71. धुले
13.	ओडिशा	184.12 (पांच शहर)	72. भुवनेश्वर
			73. पुरी
			74. कटक
			75. राउरकेला
			76. ब्रह्मपुर
14.	राजस्थान	281.15 (छः शहर)	77. जयपुर
			78. जौधपुर
			79. कोटा
			80. बीकानेर
			81. अजमेर
			82. उदयपुर
15.	मणिपुर	55.79 (एक शहर)	83. इम्फाल
16.	तमिलनाडु	480.14 (नौ शहर)	84. चैन्नई नगर निगम
			85. कोयम्बटूर
			86. मुदरई

1	2	3	4
			87. तिरूचुरापल्ली
			88. सालेम
			89. तिरूपुर
			90. तिरूनावेली
			91. एरोड
			92. वेल्लौर
17.	त्रिपुरा	54.68 (एक शहर)	93. अगरतला
18.	उत्तर प्रदेश	733.17 (अठ्ठारह शहर)	94. कानपुर
			95. लखनऊ
			96. आगरा-नगर निगम
			97. वाराणसी
			98. मेरठ
			99. इलाहाबाद
			100. गाजियाबाद
			101. बरेली
			102. अलीगढ़
			103. मुरादाबाद
			104. गोरखपुर
			105. झांसी नगर निगम
			106. सहारनपुर
			107. फिरोजाबाद
			108. मुज्जफ्फर नगर
			109. मथुरा

1	2	3	4
			110. शहजाहापुर
			111 नोएडा
19.	उत्तराचंल	114.63 (तीन शहर)	112. देहरादून
			113. नैनीताल
			114. हरिद्वार
20.	पश्चिम बंगाल	423.27 (चार शहर)	115. कोलकता
			116. आसनसोल
			117. दुर्गापुर
			118. सिलिगुड़ी (भाग)
21.	अरूणाचल प्रदेश	111.29 (दो शहर)	119. नाहरलागुन
			120. ईटा नगर
22.	अंडमान और निकोबार (संघ राज्य क्षेत्र)	76.18 (एक शहर)	121. पोर्ट ब्लेयर
23.	दमन और दीव	58.06 (दो शहर)	122. दमन
			123. द्वीप
24.	दादरा और नगर हवेली (संघ राज्य क्षेत्र)	43.45 (दो शहर)	124. सिलवासा
			125. अमली
25.	दिल्ली	981.96 (डीएमसी)	126. दिल्ली क्षेत्र का नगर निगम
26.	गोवा	111.70 (तीन शहर)	127. मारमागोवा
			128. पणजी
			129. मारगोवा
27.	जम्मू और कश्मीर	236.60 (छः शहर)	130. जम्मू
			131. श्रीनगर
			132. अनंतनाग

1	2	3	4
			133. उधमपुर
			134. बारामूला
			135. कठुआ
28.	लक्षद्वीप (संघ राज्य क्षेत्र)	15.00 (तीन शहर)	136. अमीनी
			137. कवरत्ती
			138. मिनीकोए
29.	मेघालय	95.63 (एक शहर)	139. शिलांग
30.	मिजोरम	467.07 (आठ शहर)	140. आइजोल
			141. चमफई
			142. कोलासिब
			143. लोंगतई
			144. लुंगलई
			145. मामित
			146. साईहा
			147. सरचिप
31.	नागालैंड	108.03 (दो शहर)	148. कोहिमा
			149. दिमापुर
32.	पुदुचेरी	79.01 (दो शहीर	150. पुदुचेरी
			151. ओझूकरी
33.	सिक्किम	62.39. (एक शहर)	152. गंगटोक
34.	पंजाब	583.34 (पांच शहर)	153 लुधियाना
			154. अमृतसर
			155. जालंधर
			156. पटियाला
			157. भटिंडा

खिलाड़ियों के चयन प्रणाली की समीक्षा

61. **श्री हरीश चौधरी:**
डॉ. संजय सिंह:

क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने संबंधित खेल संघों जिनके खिलाड़ियों ने पिछले दस वर्षों के दौरान कोई पदक नहीं है, की चयन प्रक्रिया के अध्ययन के लिए कोई समीक्षा/अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यहि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) सरकार ने चयन समिति के गठन के माध्यम से दिशा-निर्देश जारी किए हैं जिसमें परिसंघ के अध्यक्ष उसके चेयरमैन होंगे और मुख्य कोच तथा एक जाने माने खिलाड़ी होंगे जो अधिनिमानतः अर्जुन पुरस्कार पाने वाले हों, वे इसके सदस्य होंगे जिनकी अंतर्राष्ट्रीय खेल विधाओं में भागीदारी के लिए चयन किया जायेगा जो संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघ का विवेकाधिकार है। सरकार चयन प्रक्रिया पर नजर रखने तथा उपचारी कार्रवाई के लिए सीधे सरकार को सूचित करने के लिए कुछ खेल विधाओं में जाने माने खिलाड़ियों को रूप में भी नियुक्त करती है।

ऋण माफी योजना

62. **डॉ. किरोड़ी लाल मीणा:**
श्री हेमानंद बिसवाल:
श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन योजनाओं का ब्यौरा क्या है जिसके माध्यम से किसान कृषि ऋण ले सकते हैं;

(ख) क्या साज सुविधा लेने वाले किसानों के लिए कोई बीमा योजना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त ऋण माफी योजना के अंतर्गत जिन किसानों के ऋण माफ कर दिए गए हैं उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) केन्द्र सरकार द्वारा उक्त योजना के अंतर्गत राज्यवार कुल कितनी निधि उपलब्ध कराई गई;

(च) क्या बहुत से किसान उक्त योजना को हाथ में नहीं ले पाए; और

(छ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा इस संबंध में कौन-कौन से उपचारात्मक कदम उठाए जाने की संभावना है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) किसान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सहकारी बैंकों और आरआरबी से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के जरिए लघु-आवधिक फसल ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा किसान या तो केसीसी अथवा उपर्युक्त एजेंसियों से अलग-अलग कृषि संवर्गी कार्यकलापों हेतु मियादी ऋण सुविधाएं भी प्राप्त कर सकते हैं।

(ख) और (ग) जी हां, सरकार द्वारा कार्यान्वित फसल बीमा योजनाएं नामतः राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एनएआईएस) पायलेट संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एमएनएआईएस), पाइलेट मौसम आधारित फसल बीमा योजना(डब्ल्यूबीसीआईएस) में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित फसल/क्षेत्रों के लिए बैंकों और सहकारी ऋण संस्थाओं से मौसमीय कृषि कार्य ऋण प्राप्त करने के लिए किसानों के अनिवार्य कवरेज की व्यवस्था है। साथ ही केसीसी के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने वाले किसान भी नाममात्र के प्रीमियम का भुगतान करके मृत्यु अथवा स्थायी विकलांगता हेतु 50 हजार रुपए तक वैयक्तिक दुर्घटना बीमा के पात्र हैं।

(घ) से (छ) सूचना एकत्र की जा रही है और इसे सभा पटल पर रख दी जाएगी।

[अनुवाद]

तोल और माप अधिनियम

63. श्री सोनवणे प्रताप नारायण राव: क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज कमोडिटीज) रूल्स, 2011 के अंतर्गत थोक और खुदरा व्यापारियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन के अनुरक्षण संबंधी प्रावधानों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को रिपोर्ट मिली है कि केन्द्रीय भण्डार, एनसीसीएफ और सुपर बाजार अपने खुदरा भण्डार में उक्त इलेक्ट्रानिक तोल मशीन का उपयोग नहीं कर रहे हैं; और

(ग) यदि हां, तो ग्राहकों को धोखा देने के लिए उनके विरुद्ध प्रस्तावित कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) विधिक माप विज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुएं) नियम, 2011 के नियम 18 के उप नियम (7) के तहत सभी फुटकर विक्रेता, जो मूल्य वर्धित कर (वेट) अथवा टर्न ओवर टैक्स (टीओटी) के तहत कवर किए गए हैं और पैकबंद वस्तुओं का व्यवसाय करते हैं और जिनकी वस्तुओं की शुद्ध मात्रा की घोषणा बाट अथवा आयतन अथवा उनके समुच्चय द्वारा की जाती है, वे कम से कम यथार्थता वर्ग-III वाली इलैक्ट्रानिक वेईंग मशीन, जिसमें कम से कम 1 ग्राम की सबसे छोटी डिविजन, सकल मात्रा मूल्य और ऐसी ही अन्य चीजों को दर्शाने वाली तथा मुद्रित रसीद जारी करने की सुविधा वाली तोलने की मशीन अपने फुटकर परिसरों में ऐसे प्रमुख स्थान पर रखेंगे जो उपभोक्ताओं ो लाभ के लिए नि:शुल्क होगी और उपभोक्ता ऐसी दुकान से खरीदी गई अपनी पैकबंद वस्तुओं के वजन को ऐसी मशीनों पर जांच कर सकते हैं।

(ख) सरकार को इस संबंध में केन्द्रीय भंडार, राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ और सुपर बाजार से रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं। केन्द्रीय भंडारों में बाटों के साथ मैकेनिकल तौलन स्केल की भी व्यवस्था थी ताकि उपभोक्ता उनके द्वारा बेचे गए पैकबंद वस्तुओं के वजन की जांच कर सकें। इन मैकेनिकल स्केलों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के विधिक माप-विज्ञान द्वारा सत्यापित वकिया जाता है। केन्द्रीय भंडार ने सूचना दी थी कि वे 31.3.2012 तक चरणबद्ध तरीके से अपने सभी खुदरा भंडारों में इलैक्ट्रानिक तौलन मशीनों की व्यवस्था कर रहे हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ के दिल्ली में दो खुदरा बिक्री केन्द्र हैं, जहां केवल पैकबंद वस्तुएं बेची जाती हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक भंडार में तौलन मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। सुपर बाजार ने सूचित किया है कि उनके सभी बिक्री केन्द्रों में यथार्थता वर्ग-III इलैक्ट्रानिक तोलन वेइंग मशीनें हैं।

(ग) ऊपर (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को कर में छूट

64. डॉ क्रुपारानी किल्ली: क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को शत-प्रतिशत कर में छूट देने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कर में छूट के बावजूद खाद्य प्रसंस्करण उद्योग ने निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किए हैं; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा इस उद्योग के समक्ष मुख्य बाधाएं क्या हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) और (ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 81 बी की उपधारा 11ए के अंतर्गत, फलों या सब्जियों के प्रसंस्करण, परिरक्षण एवं पैकिंग करोबार अथवा खाद्यान्नों के संचालन, भण्डारण एवं परिवहन के एकीकृत करोबार से लाभ प्राप्त करने वाले उपक्रम के मामले में लाभों से विनिर्दिष्ट राशियों (प्रथम पांच निर्धारण वर्षों के लिए 100% तथा उसके पश्चात अगले पांच निर्धारण वर्षों के लिए 25% (कंपनी के मामले में 30%) तकी कटौती की अनुमति दी जाती है बशर्ते कि वे विनिर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हों, यदि ऐसे उपक्रम ने अप्रैल, 2001 के पहले दिन या उसके पश्चात ऐसा कारोबार शुरू किया हो। दूध, पॉल्ट्री और मांस जैसी शीघ्र सड़ने-गलने वाली खाद्य मदों के परिरक्षण को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से, वित्त (संख्या 2) अधिनियम, 2009 ने 01.04.2009 को अथवा उसके पश्चात ऐसा कारोबार शुरू करने वाली यूनिटों के लिए मांस एवं मांस उत्पादों तथा पॉल्ट्री, समुद्री एवं डेयरी उत्पादों के प्रसंस्करण, परिरक्षण तथा पैकिंग करोबार के संबंध में कर अवकाश भी प्रदान करने के लिए धारा 80 आईबी की उपधारा (11 ए) को संशोधित किया था।

इसके अलावा, वित्त (संख्या 2) अधिनियम, 2009 ने 01.04.2009 को या उसके पश्चात प्रचालन शुरू करने के लिए विशिष्ट उत्पादों हेतु शीत श्रृंखला सुविधाओ की स्थापना एवं प्रचालन तथा कृषि उपजों के भंडारण हेतु माल-गोदाम सुविधाओं की स्थापना एवं प्रचालन कारोबार को आयकर अधिनियम, 1961 में नई धारा 35 एडी को समाविष्ट करके निवेश-लिंक्ड कर प्रोत्साहन भी दिया है। इस धारा के अनुसार, पिछले वर्ष में विशिष्ट करोबार के उद्देश्य से पूर्ण रूपेण व्यय हुए पूंजीगत प्रकृति (भूमि, गुडविल या वित्तीय लिखतों को छोड़कर) के किसी भी सम्पूर्ण व्यय के बारे में 100% कटौती की अनुमति दी जाती है बशर्ते कि निर्धारित शर्तें पूरी की हों ताकि खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना को बढ़ावा दिया जा सके।

(ग) और (घ) खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रक लगातार वृद्धि कर रहा है, परन्तु और वृद्धि की पर्याप्त गुंजाइश जान पड़ती है जो प्रायः बाधाओं जैसे उत्पादों की विनिष्टता, कच्ची सामग्री की मौसमी उपलब्धता, फूलों एवं सब्जियों की प्रसंस्करण योग्य किस्म की अनुपलब्धता, खेत स्तर पर और द्वितीय/तृतीय स्तर दोनों पर अपर्याप्त अवसंरचना से प्रभावित होती है जिसमें विशाल आपूर्ति श्रृंखला बाधाएं भी शामिल हैं।

खाद्य तेल का आयात

65. डॉ. एम. तम्बिदुरई:
श्री पी. कुमार:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने खाद्य तेल के आयात के लिए किसी फार्मूला को अंतिम रूप दिया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) खाद्य तेलों का आयात करने के लिए कोई फर्मूला नहीं है लेकिन सरकर ने खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन खाद्य तेलों (नारियल तेल को छोड़कर) का आयात करने की अनुमति दी है ताकि देश में खाद्य तेलों की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर को पूरा किया जा सके। इस बात को ध्यान में रखते हुए अप्रैल, 2008 से क्रूड और रिफाइंड खाद्य तेलों पर क्रमशः शून्य तथा 7.5% तक आयात शुल्क को कम करके आयात को उदार बनाया गया है तथा इस नीति को जारी रखा गया है।

केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

66. श्री ए. सम्पत: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बड़ी संख्या में केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बल के कार्मिक (सीपीएमएफ) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ले रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष में बल-वार और विंग-वार स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले ऐसे कार्मिकों की संख्या कितनी है; और

(ग) ऐसे मामलों को रोकने और सीपीएमएफ के कार्यकरण में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक उपाय किए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) केवल कुछ केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कार्मिकों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। वर्ष 2008 से 2011 के दौरान स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर गए कार्मिकों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

बल	स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर गए कार्मिकों की संख्या							
	2008		2009		2010		अक्टूबर, 2011	
	पु	म	पु	म	पु	म	पु	म
असम राइफल्स	954	02	1254	03	732	02	752	06
बीएसएफ	3529	00	6319	00	5443	00	4852	00
सीआईएसएफ	458	12	954	02	165	11	229	02
सीआरपीएफ	1501	10	3569	18	2789	11	2115	13
आईटीबीपीएफ	229	02	651	02	463	01	252	-
एस एस बी	165	11	342	22	439	08	320	09

सामान्य सी ए पी एफ कार्मिकों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए व्यक्तिगत/घरेलू समस्याओं को कारणो के रूप में बताया है।

(ग) परिस्थिति से निपटने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i. पारदर्शी अवकाश नीति कार्यान्वित करना;

ii. कमांडरों, अधिकारियों और सैन्यदलों के बीच औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों प्रकार की नियमित बातचीत करना;

iii. सैन्यदलों तथा उनके परिवारों के लिए आधारभूत सुविधाओं/सुविधाओं का प्रावधान करना;

iv. शिकायत निवारण तंत्र में सुधार करना;

v. सैन्यदलों और उनके परिवारों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाएं;

vi. अधिक जोखिम, कठिनाई और अन्य भत्ते;

vii. सैन्यदलों को अपने परिवार के सदस्यों के संपर्क में रहने और दूरस्थ स्थानों पर तनाव कम करने के लिए एस टी डी टेलीफोन सुविधाओं का प्रावधान;

viii. बेहतर तनाव प्रबंधन के लिए योग कक्षाएं;

ix. मनोरंजन एवं खेलकूद की सुविधाएं इत्यादि;

x. सैन्यदलों एवं उनके परिवारों को केन्द्रीय पुलिस कैन्टीन की सुविधाएं इत्यादि।

नेहरू युवा केंद्र संगठन की उपलब्धियां

67. **चौधरी लाल सिंह:** क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले दो वर्षों और चालू पंचवर्षीय योजना के दौरान योजनावार और राज्यवार नेहरू युवा संगठन (एन वाई के एस) के अंतर्गत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य और प्राप्त उपलब्धियां क्या हैं;

(ख) उक्त अवधि के दौरान योजना-वार और राज्य-वार इस योजना के लिए आवंटित/व्यय की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या नौवीं पंचवर्षीय योजना के पश्चात इस योजना के अंतर्गत कार्य निष्पादन संतोषजनक नहीं है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा इस संबंध में उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) कब तक उक्त योजना के अंतर्गत सभी जिलों को कवर किए जाने की संभावना है?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) ने.यू. केन्द्र की स्थापना 1972 से इस उद्देश्य से की गई है कि ग्रामीण युवाओं को उनके व्यक्तित्व और कुशलता के विकास के लिए राष्ट्रीय विकास और अवसर की प्रक्रिया में भाग लेने के अवसर प्रदान किया जा सके। राज्यों में स्थापित ये केन्द्र युवा क्लबों, महिला मन्डलों और स्वयं सेवक जो बुनियादी स्तर पर कार्य करते हैं, के बड़े नेटवर्क के माध्यम से बहुआयामी कार्यकलाप करते हैं। 9वीं, 10वीं ओर 11वीं योजना के दौरान ने यु.के. के कार्यक्रमों और कार्यकलापों में युवा क्लब सदस्यों का क्षमता निर्माण, महिलाओं के लिए कुशलता उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यकारी कैम्प, बुनियादी स्तरों पर खेल-संवर्धन क्रिया-कलाप, जिला सांस्कृतिक समारोह और युवा समागम शामिल हैं।

(ख) ने.यु.के. सं. के प्रत्येक केन्द्र को जिला में ब्लाकों की संख्या वु आधार पर प्रतिवर्ष निधियां दी जाती हैं। 9वीं, 10वीं योजना के दौरान 143.38 करोड़ रुपये और 251.82 करोड़ रुपए तथा 11वीं योजना के दौरान 565.29 करोड़ रुपये की निधियां ने.यु.के. संगठन के केन्द्रों के लिए रखी गई हैं।

(ग) और (घ) केन्द्रों को विगत दो वर्षों तथा चालू पंचवर्षीय योजना अवधि के दौन आवंटित/निर्गत निधियों का पूरा उपयोग कर लिया गया जिसके लिए उनकी स्वीकृति दी गई थीं और लक्ष्य पूरे हो गये हैं। ने.यु.के. संगठन युवा विकास संबंधी पहल कर रहा है। ने.यु.के.सं. विभिन्न मंत्रालयों/विभागों विशेषकर जागरुकता अभियान जैसे कार्यक्रमों और कार्यकलापों को कार्यान्वित करने के लिए भी नई पहल कर रहा है। ने.यु.के.सं. द्वारा योजनाओं के कार्यकरण और क्रियान्वयन में कफी बड़ा परिवर्तन लाया गया है। इसके लिए महिला और बाल विकास, जम्मू व कश्मीर तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए युवा विनिमय कार्यक्रम, एच आई बी एड्स पेयजल और स्वच्छता, आपदा प्रबंधन और कृषि विस्तार और शिक्षा, पूर्वोत्तर राज्यों के 59 जिलों के लिए युवा रोजगार गम्यता कुशलता, 200 सीमावर्ती/आदिवासी/पिछड़े जिलों तथा 100 जिलों में राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण के अंतर्गत महिलाओं के लिए कुशलता उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किये गए हैं।

(ङ) वर्तमान में जिन जिलों में ने.यु. केन्द्र संगठन के केन्द्र नहीं हैं उनमें केन्द्र खोलने के लिए सरकार ने प्रस्ताव को अनुमोदित किया है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्य

68. डॉ. संजीव गणेश नाईक:
श्रीमती सुप्रिया सुले:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों में लगे स्थानीय सरकारी पदाधिकारियों को सहयोग और सुरक्षा उपलब्ध करायी है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) जब कभी भी संबंधित राज्य सरकारों द्वारा विशिष्ट मांग की जाती है, जब सीआरपीएफ सड़कों के निर्माण जैसे विकास कार्यों के लिए सामान्य सुरक्षा प्रदान करती है। तथापि, सीआरपीएफ का प्राथमिक अधिदेश नक्सल-रोधी अभियान चलाना है।

जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत शहरों को शामिल करना

69. श्री एस. सेम्मलई: क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दस लाख से कम जनसंख्या वाले 28 शहरों को जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) में शामिल करने का प्रस्ताव हाल ही में योजना आयोग को भेजा गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस प्रस्ताव पर आयोग की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त बनाने के लिए जूएनएनयूआरएम के अगले चरण में प्रस्तावित नई रणनीतियों और पहलों का ब्यौरा क्या है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) इस मंत्रालय द्वारा जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय नवीकरण मिशन के शहरी अवस्थापना एवं शासन उप-मिशन के अंतर्गत वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार 5 लाख और उससे अधिक की आबादी वाले निम्नलिखित 28 शहरों/शहरी समूहों को शामिल करने का प्रस्ताव किया गया था:-

गुंटुर, वारंगल, दुर्ग-भिलाई नगर, भवनगर, जामनगर, बेलगाम, मंगलौर, हुबली-धारवाड़, कोझीकोड, ग्वालियर, अमरावती, भिवंडी, औरंगाबाद, कोल्हापुर, सोलापुर, कटक-जालंधर, बीकानेर, जोधपुर, कोटा, सालेम, तिरूप्पुर, तिरुचिरापल्ली, अलीगढ़, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, और मुरादाबाद।

संसाधनों की कठिनाइयों के कारण योजना आयोग, जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के शहरी अवस्थापना एवं शासन के अंतर्गत इन शहरों को शामिल करने पर सहमत नहीं हुआ।

(ग) सरकार ने 20 वर्ष की अवधि के लिए शहरी अवस्थापना सेवाओं के लिए निवेश संबंधी जरूरतों का आकलन करने के लिए डा. ईशर जज अहलुवालिया की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकरण विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के अगले चरण की कार्ययोजना एवं पहल-प्रयासों पर अंतिम निर्णय अभी नहीं लिया गया है।

[हिन्दी]

भंडारण क्षमता

70. श्री भीष्म शंकर उर्फ **कुशल तिवारी:** क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास देश भर में उपलब्ध वर्तमान खाद्यान्न भण्डारण क्षमता का उपयोग पूरी तरह से कर लिया गया है जिसके कारण और अधिक खाद्यान्न के भण्डार की संभावना नहीं है;

(ख) यदि हां, तो आगामी रबी फसल के लिए अतिरिक्त भंडार के सृजन के लिए चावल निर्यात सहित किए गए/प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके परिणामत: कितनी क्षमता सृजित होने की संभावना है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) से (ग) जी नहीं। भारतीय खाद्य निगम के पास अपनी और किराए की, दोनों में ढकी हुई तथा कवर और प्लिंथ सहित कुल 333 लाख टन भंडारण क्षमता है जिसका 1-10-2011 की स्थिति के अनुसार राज्य एजेंसियों

के पास ढकी हुई और कैप क्षमता सहित 295 लाख टन भंडारण क्षमता थी। इस प्रकार 1-10-2011 की स्थिति के अनुसार खाद्यान्नों के केन्द्रीय स्टॉक के भंडारण के लिए 628 लाख टन भंडारण क्षमता उपलब्ध थी जबकि केन्द्रीय स्टॉक 517 लाख टन था।

खाद्यान्नों की खरीदारी बढ़ने के कारण और कवर तथा प्लिंथ में भंडारण में कमी लाने के लिए सरकार ने निजी उद्यमियों, केन्द्रीय भण्डार निगम और राज्य भंडारण निगमों के जरिए भंडारण गोदामों का निर्माण करने की स्कीम तैयार की है। इस स्कीम के अधीन अतिरिक्त भंडारण की जरूरत का आकलन समूची खरीद/खपत और पहले से ही उपलब्ध भंडारण स्थान के आधार पर की जाती है। उपभोक्ता क्षेत्रों के लिए भंडारण क्षमता का सृजन किसी राज्य विशेष में सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याण योजनाओं की चार माह की जरूरत को पूरा करने के लिए किया जाता है। खरीद क्षेत्रों के लिए अपेक्षित भंडारण क्षमता का निर्णय करने हेतु पिछले तीन वर्षों में अधिकतम स्टाक स्तर पर विचार किया जाता है।

इस विश्लेषण और स्कीम में विहित मापदंडों के आधार पर राज्यवार अपेक्षित क्षमता और स्थानों की पहचान की गई थी। इस स्कीम के अधीन भारतीय खाद्य निगम अब निजी उद्यमियों को सुनिश्चित किराया देने के लिए 10 वर्ष की गारंटी देगा। निजी उद्यमियों, केन्द्रीय भण्डारण निगम और राज्य भंडारण निगमों के जरिए इस स्कीम के अधीन 19 राज्यों में 151 लाख टन क्षमता सृजित की जानी है। इसमें से निजी उद्यमियों द्वारा 69 लाख टन भंडारण क्षमता का सृजन करने के लिए निविदाओं को अंतिम रूप दिया गया है। इस स्कीम के अधीन केन्द्रीय भण्डारण निगम और राज्य भंडारण निगम क्रमश: 5.4 और 14.4 लाख टन क्षमता का निर्माण कर रहे हैं जिसमें से केन्द्रीय भण्डारण निगम/राज्य भंडारण निगमों द्वारा लगभग 4 लाख टन क्षमता पहले ही पूरी कर ली गई है।

सरकार ने हाल ही में खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन गेहूं और गैर बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी है। चूंकि, यह निर्यात प्राइवेट खाते से किया जाएग इसलिए केन्द्रीय पूल के स्टॉक और परिणामस्वरूप सरकारी भंडारण पर इसका सीधा असर नहीं होगा। तथापि, निर्यात के निर्णय के कारण खाद्यान्नों की कुछ मात्रा जो अन्यथ सरकारी स्टॉक में आई होती, अब उसका निर्यात हो जाएगा और इससे उतनी मात्रा तक भंडारण समस्या कम होगी

[अनुवाद]

मणिपुर में नाकाबंदी

71. **श्री गुरुदास दासगुप्त:**
श्री पी. लिंगम:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कतिपय संगठनों/समूहों द्वारा मणिपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 53 और 39 पर आर्थिक नाकाबंदी के कारण राज्य में खाद्य आपूर्ति, ईंधन और अन्य खाद्य सामग्रियों की भारी कमी हो रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस नाकाबंदी को समाप्त करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) और (ख) पृथक सदर हिल डिस्ट्रिक्ट के संगठन की मांग करते हुए सदर हिल्स डिस्ट्रिक्ट डिमाण्ड कमिटी (एसएचडीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों की आर्थिक नाकाबंदी और इस मांग का विरोध करते हुए यूनाइटेड नागा काउंसिल (यूएनसी) द्वारा जवाबी नाकाबंदी के कारण मणिपुर में खाद्यान्नों, चिकित्सा आपूर्तियों और पेट्रोलियम उत्पादों सहित आवश्यक सामग्रियों की कमी हुई है। आर्थिक नाकाबंदी के कारण आवश्यक सामग्रियों की कीमतों में वृद्धि हुई है। चुनिन्दा आयल पम्पों पर पेट्रोल एवं डीजल की राशनिंग जारी है। कुछेक अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी की जानकारी भी मिली है। पेट्रोलियम उत्पादों सहित समस्त आवश्यक सामग्रियों को नियमित अन्तराल पर राष्ट्रीय राजमार्ग-53 से होकर वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावित राष्ट्रीय राजमार्गों को ढोने वाले वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावित राष्ट्रीय राजमार्गों पर तैनाती किए जाने हेतु राज्य सरकार को केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल उपलब्ध कराए हैं।

(ग) सदर हिल्स डिस्ट्रिक्ट डिमांड कमिटी ने मणिपुर सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद दिनांक 31 अक्टूबर, 2011 से अपनी नाकाबंदी को स्थगित कर दिया है। यूनाइटेड नागा काउंसिल को राज्य एवं केन्द्र सरकार के साथ त्रिपक्षीय वार्ता में शामिल करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

कृषि में जीपीएस प्रौद्योगिकी का उपयोग

72. **श्री वैजयंत पांडा:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने जीपीएस प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से किसानों को फसल के उगाने के प्रकार, उर्वरकों के प्रयोग तथा उक्त प्रणाली के माध्यम से पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्हें सटीक सूचना देकर कृषि उत्पादन बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या गत योजना को पहले से ही क्रियान्वयन किए जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसमें अभी कितनी सफलता प्राप्त हुई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) वर्तमान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा इस प्रकार का कोई कार्यक्रम क्रियान्वित नहीं किया जा रहा है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) दसवीं योजना अवधि के दौरान राष्ट्रीय कृषि नवोन्मेषी परियोजना के तहत "सूक्ष्म कृषि में परिवर्तनशील दर निवेशों के वास्तविक-समय अनुप्रयोग हेतु कम लागत संवेदकों और वर्णाक्रमीय परावर्ती तरीकों के विकास" पर एक प्रारम्भिक अध्ययन शुरू किया गया है। इसके साथ ही, परिषद ने क्षेत्र विशिष्ट संतुलित उर्वरकों की सुनिश्चितता के लिए 65 जिलों के लिए जीपीएस आधारित मृदा उर्वरता मानचित्र तैयार किए हैं।

[हिन्दी]

प्रतिबंधित कीटनाशकों का प्रयोग

73. **श्री सुरेश काशीनाथ तवारे:**
श्री ए.के.एस. विजयन:
श्री दत्ता मेघे:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पता है कि कृषि और बागवानी क्षेत्र में प्रतिबंधित कीटनाशकों/रसायनों का प्रयोग हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार ने कृषि और बागवानी क्षेत्र कीटनाशकों/रसायनों के प्रयोग के बारे में कोई जांच/अध्ययन किया है;

(घ) यदि हां, तो इसका क्या परिणाम निकला;

(ङ) क्या सरकार की इन खतरनाक रसायनों की जांच की कोई योजना है; और

(च) यदि हां, तो कृषि और बागवानी क्षेत्र में कीटनाशकों/रसायनों के समुचित प्रयोग की जांच के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) से (घ) देश में नाशकजीवमारों का उपयोग कीटनाशी अधिनियम, 1968 के अधीन विनियमित होता है। समाचार पत्रों में कुछ रिपोर्टें आईं हैं जिसमें कहा या है कि मण्डी में उपलब्ध सब्जियों में प्रतिबंधित नाशकजीवमार हैं। तथापि ''राष्ट्रीय स्तर पर नाशकजीवमार अवशेषों का मानीटरन'' की केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीम के अंतर्गत नाशकजीवमार अवशेषों को पता लगाने के लिए गए फलों और सब्जियों सहित कृषि जिन्सों के नमूनों के विश्लेषण में कीटनाशी अधिनियम, 1968 के अंतर्गत प्रतिबंधित किसी नाशकजीवमार के उपयोग का संकेत नहीं दिया है।

(ङ) और (च) चूंकि विज्ञान एक गतिशील विषय है अत: समय-समय पर सरकार के ध्यान में नए विकास आते हैं। सरकार विशेषज्ञ समितियों, पंजीकरण समितियों के जरिए कीटनाशकों की समीक्षा करती रहती हैं। ऐसी समीक्षाओं के आधार पर अब तक 28 कीटनाशकों पर आयात और विनिर्माण के लिए रोक लगा दी गई हैं।

सरकार ''भारत में नाशकजीव प्रबंधन दृष्टिकोण का सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण'' की केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीम समेकिन नाशकजीव प्रबंधन (आईपीएम) की कार्यनीति को लोकप्रिय बना रही है। यह नाशकजीवमारों के सुरक्षित एवं तर्कसंगत उपयोग पर जोर देता है।

किसानों को संस्तुत मात्रा में पंजीकृत नाशकजीवमारों के उपयोग तथा लेबल और पर्चियों में दी गई अपेक्षित सामग्रियों और अन्य अनुदेशों का पालन करने की सलाह दी जाती है।

[अनुवाद]

हैलीकॉप्टर सेवा

74. **श्री ए.के.एस. विजयन:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्रीय अर्ध-सैनिक बलों को हैलीकॉप्टर सेवा किस प्रकार मुहैया कराई जा रही है तथा विगत तीन वर्षो के दौरान प्रत्येक वर्ष इस पर कितना व्यय हुआ;

(ख) क्या केन्द्रीय अर्ध-सैनिक बलों द्वारा हैलीकॉप्टरों के प्रयोग के दौरान दुर्घटनाएं बढ़ी हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी बल-वार ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान ऐसी कुल कितनी दुर्घटनाओं की सूचना प्राप्त हुई तथा उनमें कितने कार्मिक मारे गए;

(घ) केन्द्रीय अर्ध-सैनिक बलों को उच्च गुणता तथा सुरक्षित हैलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) हैलीकॉप्टरों के प्रयोग हेतु कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) केन्द्रीय सशस्त्र बलों (सीएपीएफ) को विगत तीन वर्षों के दौरान उनकी आवश्यकता के आधार पर और अभियान संबंधी आवश्यकता के आधार पर भारतीय वायुसेना के बेड़े से हेलीकॉप्टर सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन हेलीकॉप्टरों की सेवाओं का इस्तेमाल हताहतों को निकालने और विशेषकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सैन्य-टुकड़ियों को पहुंचाने, वीआईपी को लाने-ले-जाने, संचार कार्यों, टोह और सेवा योग्य उड़ानों, जम्मू एवं कश्मीर, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और त्रिपुरा स्थित दुर्गम सीमा-चौकियों कह हवाई देख-रेख, महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के दौरान सैन्य-टुकड़ियों के प्रशिक्षण एवं उनकी तैनाती तथा हैलीबॉर्न अभियानों में किया जा रहा है। वर्ष 2008-09, 2009-10 तथा 2010-11 के दौरान इन पर क्रमश: 23,11,11,020 रुपए, 34,73,81,238 रुपए और 26,57,80,705 रुपए का व्यय हुआ।

(ख) और (ग) जी, हां। इस अवधि के दौरान, दिनांक 13 मई, 2011 को सीमा सुरक्षा बल का एक चेतक हैलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें बी एस एफ के 2 अधिकारियों और पवन हंस हेलीकॉप्टरर्स लिमिटेड (पी एच एच एल) के पायलट की मृत्यु हो गई। दूसरी दुर्घटना दिनांक 19.10.2011 को हुई जिसमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को उपलब्ध कराया गया एक एडवांस्ड लाइट हेलकॉप्टर (ए एल एच) ध्रुव हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ और उसमें पी एच एल के 2 पायलट और एक उड़ान तकनीशियन की मृत्यु हुई।

(घ) सरकार द्वारा महानिदेशालय, नागर विमानन और भारतीय वायु सेना के निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार, हेलीकॉप्टरों के बेड़े के रख-रखाव के लिए उच्च सुरक्षा मानकों को कार्यान्वित किया जा रहा है।

ए एल एच ध्रुव हेलीकॉप्टर बेड़े का रख-रखाव और संचालन मै. एच ए एल/पी एच एच एल के माध्यम से किया जाता है और एम आई-17 बेड़े का रख-रखाव और संचालन, पुनर्नियोजित/प्रतिनियुक्ति आधार पर भारतीय वायु सेना से लिए गए इंजीनियरों/तकनीशियनों और पायलटों की अनुभवी टीम द्वारा किया जा रहा है।

(ङ) सी ए पी एफ से पायलटों का चयन किया गया है और उन्हें भारतीय वायु सेना तथा मै. एच ए एल स्थित रोटरी विंग अकादमी में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है। ए एल एच/ध्रुव हेलीकॉप्टरों के लिए इंजीनियरों की भर्ती और प्रशिक्षण की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। इसके अतिरिक्त, सी ए पी एफ कार्मिकों को हेलीबॉर्न प्रशिक्षण अर्थात स्थिलरिंग, रैपेलिंग, पैरा-जम्पिंग इत्यादि के प्रशिक्षण अभियान संबंधी आवश्यकता के आधार पर दिया जा रहा है।

बी.आई.एस.ए. का गठन

75. **श्री प्रदीप माझी:**
श्री किसनभाई वी. पटेल:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में बोरलॉग इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशिया (बी.आई.एस.ए.) के गठन का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस पर कितना व्यय होने का अनुमान है तथा यह कब से कार्यशील होगा; और

(घ) देश में बी.आई.एस.ए. के गठन से भारतीय कृषि क्षेत्र को कितना लाभ होगा?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) से (ग) सरकार ने बोरलॉग

इन्स्टीट्यूट फार साउथ एशिया इण्डिया की स्थापना के लिए गेहूं तथा मक्का के लिए अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र (सिमिट) के एक प्रस्ताव को अनुमोदित किया है। यह एक अन्तर्राष्ट्रीय संस्थान होगा जिसके लिए भूमि तथा सहयोगी सुविधाएं संबंधित तीन राज्य सरकारों द्वारा मुहैया की जा रही हैं। सभी अन्य प्रकार के व्यय की व्यवस्था सिमिट (सीआईएमएमवाईटी) द्वारा पूरी की जायेगी।

(ग) इस संस्थान द्वारा संचालित गेहूं तथा मक्का के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के अनुसंधान से भारत को लाभ मिलने की आशा की जाती है।

फार्मूला-वन कार रेस

76. **श्री ए. वेंकटरामी रेड्डी:**
श्री हमदुल्लाह सईद:

क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल ही में ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) में देश की पहली फार्मूला-वन कार रेस प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस हेतु मंत्रालय से आवश्यक अनुमति प्राप्त की गई थी;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) इसके आयोजकों को प्रदान की गई कर-छूटों का ब्यौरा क्या है; और

(च) इस प्रतिस्पर्धा के आयोजन हेतु आयोजको को प्रदान की गई प्रत्यक्ष तथा परोक्ष सुविधाओं का ब्यौरा क्या है?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) और (ख) जी, हां। ग्रेटर नोएडा में 28 से 30 अक्टूबर, 2011 के बीच फार्मूला-1 ग्रैण्ड प्रिम्स मोटर रेसिंग इवेन्टस आयोजित किए गये थे।

(ग) और (घ) सरकार ने बगैर कोई धनराशि दिये निम्नलिखित शर्तों पर इवेन्ट के आयोजन की अनुमति प्रदान की:-

(I) इवेन्ट के आयोजन के लिए स्थल पर का इस्तेमाल करने के लिए सभी अपेक्षित स्वीकृति;

(II) इवेन्ट आयोजन के लिए राज्य सरकार की स्वीकृति;

(III) विदेश मंत्रालय से स्वीकृति;

(IV) विदेशी टीमों और अन्य विदेशी प्रतिभागियों के लिए सुरक्षा दृष्टि से गृह मंत्रालय की स्वीकृति;

(V) सीमा शुल्क भुगतान सहित आयातों को संचालित करने वाले लागू विनियमों का अनुपालन।

(VI) इवेन्ट से संबंधित सभी विदेशी मुद्रा बहिर्गमन के लिए अपेक्षित स्वीकृति तथा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के अन्तर्गत सभी अपेक्षाओं का अनुपालन।

(VII) टूर्नामेंट में तम्बाकू और मदिरा का संवर्धन नहीं करना या विज्ञापन नहीं अनुपालन।

(VIII) खेल इवेन्ट के रूप में सीमा शुल्क या कर छूट या कोई अन्य छूट का कोई दावा नहीं।

(IX) कोई विदेशी प्रतिभागी जो इवेन्ट से सहयोजित या संबंधित है, भारत सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना भारत में किसी प्रतिबन्धित या निषिद्ध क्षेत्र का भ्रमण नहीं करेगा।

(X) खेल संवर्धन के संबंध में प्रतिवद्वताओं की पूर्ति जिसमें करार की पूरी अवधि अर्थात 2015 तक जो अगले 5 वर्षों तक विस्तारणीय है, प्रतिवर्ष राष्ट्रीय खेल निधि को 10 करोड़ रुपये का वार्षिक अंशदान शामिल है। वर्ष 2010 और 2011 के लिए अंशदान तुरन्त करना होगा।

(XI) इवेन्ट से संबंधित अन्य सभी स्वीकृतियां जिनमें एफ एम एस सी आई, एफ आई ए और एफ ओ ए से आवश्यक अनुमति, स्वीकृति/अनुमोदित शामिल हैं।

(XII) कि किसी विदेशी को भारत में सरकार की पूर्व अनुमति के बिना किसी निषिद्ध/प्रतिबंधित क्षेत्र का भ्रमण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ङ) और (च) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

[हिन्दी]

राष्ट्रीय पुलिस आयोग

77. **श्री अशोक कुमार रावत:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पुलिस-सुधार के प्रयोजन से राष्ट्रीय पुलिस आयोग का गठन किस तारीख को किया गया;

(ख) राष्ट्रीय पुलिस आयोग द्वारा की गई सिफारिशों तथा आज की तिथि तक इनके कार्यान्वयन की स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राष्ट्रीय पुलिस आयोग द्वारा की गई अधिकांश महत्वपूर्ण सिफारिशों को अब तक लागू नहीं किया गया है;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) उक्त आयोग की सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए अथव उठाए जाने का प्रस्ताव है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) से (ङ) सरकार ने पुलिस की समस्याओं का अध्ययन करने तथा राष्ट्रीय स्तर पर पुलिस प्रणाली की व्यापक समीक्षा करने के लिए वर्ष 1977 में राष्ट्रीय पुलिस आयोग का गठन किया था। राष्ट्रीय पुलिस आयोग ने फरवरी 1979 से मई 1981 की अवधि के दौरान आठ रिपोर्ट प्रस्तुत कीं। रिपोर्टों को केन्द्र सरकार से विशिष्ट निर्देशों के साथ इसकी जांच तथा उपयुक्त कार्रवाई करने के लिए समस्त राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को भेज दिया गया था। केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय पुलिस आयोग की सिफारिशों को कार्यान्वित करने हेतु राज्य सरकारों/संघराज्य क्षेत्र प्रशासनों को राजी करने की पहल की। राष्ट्रीय पुलिस आयोग की सिफारिश जिन्हें केन्द्र सरकार ने कार्यान्वित किया है, पुलिस कर्मियों के आवास के लिए अधिक निधियां उपलब्ध कराने, पुलिस संचार प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, राज्य पुलिस बलों के आधुनिकीकरण संबंधी योजना के अन्तर्गत राज्य पुलिस बल में कम्पयूटरीकरण के लिए सहायता प्रदान करने, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की स्थापना करने, आईपीएस अधिकारियों के लिए सरदार बल्लभाई भाई नेशनल पुलिस अकादमी, हैदाराबाद में प्रबंधन पाठ्यक्रमों का आयोजन करने, ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट, डाइरेक्टरेट ऑफ कोओर्डिनेशन पुलिस वायरलैस तथा लोक नायक जयप्रकाश नारायण नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिमिनोलॉजी एण्ड फॉरेंसिंक साइंस के गठन को सरल एवं कारगर बनाने, व्यक्तियों की गिरफ्तारी के दिशानिर्देशों को जारी करने इत्यादि से संबंधित हैं।

आयोग की कुछेक महत्वपूर्ण सिफारिशें, जिन्हें कार्यान्वित नहीं किया जा सका, इस प्रकार थीं:

(i) राज्य सुरक्षा आयोग का गठन:

(ii) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, केन्द्रीय गृह सचिव, केन्द्रीय पुलिस संगठनों के वरिष्ठतम प्रमुख, मुख्य सचिव और निवर्तमान डीजीपी की सदस्यता वाली एक समिति द्वारा तैयार किए गए राज्य कैडर के आईपी एक अधिकारियों के एक पैनल से डीजीपी का चयन तथा किसी राज्य के डीजीपी का कार्यकाल;

(iii) मुख्य सतर्कता आयुक्त की अध्यक्षता वाली एक समिति द्वारा तैयार किए गए आई पी एक अधिकारियों के एक पैनल से भ्रष्टाचार-रोधी ब्यूरो के प्रमुख की नियुक्ति;

(iv) अनावश्यक दबाव से जांच का पृथक्करण;

(v) पुलिस अधिनियम, 1861 का प्रतिस्थापना

बाद में गृह मंत्रालय ने एक मॉडल पुलिस अधिनियम का मसौदा तैयार करने के लिए सितम्बर, 2005 में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया। इस समिति ने दिनांक 30 अक्टूबर, 2006 को एक मॉडल पुलिस अधिनियम प्रस्तुत किया।

समिति द्वारा तैयार किए गए मॉडल पुलिस अधिनियम के मसौदे की प्रति विचारार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए राज्यों को भेज दी गयी थी क्योंकि पुलिस राज्य का विषय है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, मेघालय, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा तथा उत्तराखण्ड ने या तो पुलिस अधिनियम को अधिनियमित कर दिया है या वर्तमान अधिनियम को संशोधित कर दिया है।

पुलिस सुधारों पर विभिन्न समितियों/आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा करने के लिए दिसम्बर, 2004 में गृह मंत्रालय द्वारा एक समिति का गठन किया गया था। इसने उन सिफारिशों को सूचीबद्ध किया जिन्हें अब तक कार्यान्वित नहीं किया गया है या आंशिक रूप से कार्यान्वित किया गया है।

समिति ने 49 ऐसी सिफारिशों को चुना जो पुलिस को पेशेवर ढंग से सक्षम तथा सेवोन्मुखो संगठन के रूप में परिवर्तित करने की प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। ये 49 सिफारिशें मुख्यत: निम्न से संबंधित थीं:

(i) शहरी के साथ-साथ ग्रामीण पुलिस में कार्य निष्पादन के पेशागत मानकों को सुधारना,

(ii) पुलिस की आन्तरिक सुरक्षा की भूमिका पर बल देना,

(iii) पुलिस कार्मिकों की भर्ती, प्रशिक्षण कैरियर प्रगति तथा सेवा शर्तों की समस्याओं का समाधान करना,

(iv) अपराध, गिरफ्तारी इत्यादि का पंजीकरण न करने के संबंध में पुलिस के विरुद्ध शिकायतों का निपटान,

(v) बाहरी दवाबों में पुलिस तंत्र को मुक्त करना।

समीक्षा समिति की रिपोर्ट को समस्त राज्य सरकारों/संघराज्य क्षेत्र प्रशासनों को उनसे संबंधित सिफारिशों पर कार्रवाई शुरू करने के लिए उन्हें भेज दिया गया था।

राज्यों से मिली जानकारी के अनुसार, सिफारिशों का कार्यान्वयन विभिन्न चरणों में है, अर्थात कुछ सिफारिशों को पूर्ण रूपेण कार्यान्वित कर दिया गया है जबकि अन्य सिफारिशों को आंशिक रूप से कार्यान्वित किया गया है।

[अनुवाद]

अनधिकृत निर्माण

78. **श्री विलास मुत्तेमवार:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पुरानी दिल्ली इलाके की अधिकांश इमारतों को खतरनाक तथा निवास हेतु असुरक्षित घोषित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त इमारतों पर अनधिकृत निर्माण इनके ध्वस्त होने के कारणों में से एक है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान कितनी इमारतें गिरीं और इससे कितने व्यक्तियों की मौतें हुईं;

(ङ) क्या सरकार ने जीर्ण-शीर्ण स्थिति वाली इमारतों की पहचान के लिए कोई अध्ययन किया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) और (ख) दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने सूचित किया है कि दिनांक 01.01.2011 से 31.10.2011 की अवधि से संबंधित अभिलेखों के अनुसार इस क्षेत्र की 25 इमारतें खतरनाक और असुरक्षित हैं।

(ग) एम सी डी ने यह सूचित किया है कि इसका अधिकांश क्षेत्र प्राचीर नगर क्षेत्र (वाल्ड सिटी एरिया) के अन्तर्गत आता है और यहां की अधिकांश सम्पत्तियां 100 वर्षों से अधिक पुरानी हैं, इसलिए इनकी ढांचागत कमजोरी ही ध्वस्त होने का कारण है।

(घ) यहां केवल एक ही इमारत गिरी थी जिसमें कथित रूप से सात लोगों की जान गई थी।

(ङ) और (च) एम सी डी स्टाफ द्वारा किए गए सर्वेक्षण से यह पता चला है कि 25 इमारतें खतरनाक हैं। इस संबंध में, दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 की धारा 348 (खतरनाक इमारतों का गिराना) और धारा 349 (कतिपय परिस्थितियों में इमारत को खाली करने का आदेश देने की शक्तियां) के तहत नोटिस जारी किए गए हैं।

सोने तथा चांदी के आभूषणों हेतु मानक

79. **श्री किसनभाई वी. पटेल:**
श्री प्रदीप मांझी:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय मानक ब्यूरो (बी.एस.आई.) ने देश में सोने तथा चांदी के आभूषणों की शुद्धता संबंधी कोई मानक तय किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या देश के विभिन्न भागों से आभूषण-विक्रेताओं द्वारा उक्त शुद्धता-मानकों के उल्लंघन की शिकायतें मिल रही हैं;

(घ) यदि हां, तो क्या देश के विभिन्न भागों में विगत एक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौन सरकार ने राज्य-वार कितने आभूषण-विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की; और

(ङ) यदि हां, तो देश के विभिन्न भागों में विगत एक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान सरकार ने राज्य-वार कितने आभूषण-विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की; और

(च) विभिन्न राज्यों में हॉल-मार्क आभूषणों के विक्रय हेतु किन-किन आभूषण विक्रेताओं को अधिकृत किया गया है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) जी, हां।

(ख) भारतीय मानक ब्यूरो ने आई एस 1417:1999 'स्वर्ण और स्वर्ण मिश्र धातु, आभूषण/कलात्मक वस्तुएं शुद्धता और मोहरांक विनिर्देशन' का प्रतिपादन किया है। इसमें सोने की 9 श्रेणियां विनिर्दिष्ट की गई हैं जिनका प्रयोग उनमें स्वर्ण की मात्रा के आधार पर सोने के आभूषणों/कलात्मक वस्तुओं के विनिर्माण में किया जाता है। ये श्रेणियां निम्नलिखित हैं:-

श्रेणी	शुद्धता	कैरट
शुद्ध स्वर्ण	999	-
मानक स्वर्ण	995	-
958.3	958	23
916.6	916	22
875	875	21
750	750	18
708	708	17
585	585	14
375	375	9

भारतीय मानक ब्यूरो ने आई एस 2112:2003, 'चांदी और चांदी मिश्रधातु, आभूषण/कलात्मक वस्तुएं और मोहरांक-निर्देशन' का भी प्रतिपादन किया है जिसमें शुद्ध चांदी की 3 श्रेणियों और चांदी मिश्र धातु की पांच श्रेणियां विनिर्दिष्ट की गई हैं, जिनका प्रयोग उनमें चांदी की मात्रा के आधार पर चांदी के आभूषणों/कलात्मक वस्तुओं के विनिर्माण में किया जाता है। ये श्रेणियां निम्नलिखित हैं:-

श्रेणी	शुद्धता
9999	999.0
9995 शुद्ध चांदी	999.5
999	999.0
925	925.0
900 आभूषणों/कलात्मक	900.0
835 वस्तुओं के लिए	835.0
800 चांदी मिश्र धातु	800.0

(ग) और (घ) भारतीय मानक ब्यूरो ने वर्ष 2010 और 2011 के दौरान किसी विशेष लाइसेंसधारी जौहरी द्वारा शुद्धता मानकों के उल्लंघन की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। आई एस 1417:1999/आई एस 2112:2003 के अनुसार शुद्धता मोहरांकन के लिए सोने/चांदी के आभूषणों/कलात्मक वस्तुओं के प्रमाणन के लिए भारतीय मानक ब्यूरो की स्कीम के अनुसार प्रामाणिक शिकायतों के मामले में उनको बदलने का प्रावधान है, जो नीचे दिया गया है:-

'जब भी भारतीय मानक ब्यूरो से किसी एसेइंग और हालमार्क केन्द्र से एसेइंग रिपोर्ट के साथ खरीदे गए हल मार्क वाले सोने/चांदी के आभूषणो/कलात्मक वस्तु को निशुल्क बदला जाएगा। सोने के आभूषण/कलात्मक वस्तु की भारतीय मानकों से अनुरूपता का निर्णय लेने का अंतिम अधिकार भारतीय मानक ब्यूरो के पास होगा।'

भारतीय मानक ब्यूरो के पास भारतीय मानक ब्यूरो की हालमार्किंग स्कीम के अंतर्गत जौहरियों से बाजार नमूने लेने और नमूनों के विफल होने पर कार्रवाई करने के लिए भी तंत्र है। जिन जौहरियों ने उनके द्वारा विनिर्मित/बेचे गए आभूषणों पर हालमार्क उपयोग के लिए भारतीय मानक ब्यूरो से लाइसेंस नहीं लिया है उन पर भारतीय मानक ब्यूरो का कोई नियंत्रण नहीं है और उन पर कोई कार्रवाई नहीं करता।

(ङ) ऊपर (ग) और (घ) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता। तथापि, भारतीय मानक ब्यूरो ने अपने द्वारा किए गए बाजार सर्वेक्षण के आधार पर कुछ लाइसेंसधारी जौहरियों के खिलाफ कार्रवाई की है, जिनका ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(च) 15 नवंबर, 2011 के अनुसार 8606 सोने के जोहरी और 513 चांदी के जौहरी र्स्वच्छिक हालमार्किंग स्कीम के अंतर्गत भारतीय मानक ब्यूरो के लाइसेंसधारी हैं। इन जौहरियों की सूची भारतीय मानका ब्यूरो की वेबसाइट www.bis.org.in से प्राप्त की जा सकती है।

विवरण

उन जौहरियों की सूची जिनके खिलाफ सरकार ने देश के विभिन्न भागों में 2010 और 2011 के दौरान कार्रवाई की है

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	जौहरियों की संख्या जिनके उन खिलाफ कार्रवाई की गई	
	2010-11	2011-12 (15 नवम्बर, 2011 तक)
कर्नाटक	2	0
आंध्र प्रदेश	2	14
केरल	15	0
तमिलनाडु	5	2
गुजरात	19	13
असम	1	0
पश्चिम बंगाल	1	2
राजस्थान	1	1
उड़ीसा	2	0
अन्य राज्य	0	0
कुल	48	32

[हिन्दी]

आतंकवादी संगठनों से मिलीभगत

80. श्री हुक्मदेव नारायण यादव: क्या **गृह मंत्री** 6.9.2011 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5475 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार बिहार के कतिपय भागों में आतंकवादी/नक्सलवादी तत्वों तथा कुछ व्यक्तियों के बीच मिलीभगत के बारे में अवगत है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बिहार के सीमावर्ती देशों से भी इन संगठनों को मदद मिल रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) उपलब्ध जानकारी के अनुसार, राज्य पुलिस बलों द्वारा आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच तथा गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के खुलासे से बिहार में कुछ आतंकवादी तत्वों के नाम उजागर हुए हैं जिनके लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) से संबंध हैं। जानकारियों के आधार पर, वर्ष 2004 तथा 2009 के बीच बिहार के चार एलईटी कार्यकर्ताओं का पता चला था और उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

(ग) ऐसी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है जिससे यह पता चले कि बिहार की सीमा के साथ के देश नक्सल गुटों की सहायता कर रहे हैं। तथापि, सी पी आई (माओवादी) को नेपाल के यूसीपीएन (माओवादी) के साथ भाई चारे का संबंध बनाए रखने के लिए जाना जाता है।

(घ) और (ङ) केन्द्रीय आसूचना एजेन्सियां ऐसे गुटों तथा व्यक्तियों की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखती हैं।

महाराष्ट्र में दूरदर्शन/आकाशवाणी प्रसारण केंद्र

81. श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे: क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का महाराष्ट्र के शिर्डी सहित अन्य स्थानों में दूरदर्शन प्रसारण केंद्र (एल.पी.टी./एच.पी.टी) तथा आकाशवाणी रेडियों स्टेशन स्थापित करने हेतु कदम उठाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. एस. जगतरक्षकन): (क) और (ख) प्रसार भारती ने सूचित किया है कि वर्तमान में शिर्डी में एक एलपीटी सहित महाराष्ट्र में 121 टीवी ट्रांसमीटर (एचपीटी-13, एलपीटी-88, वीएलपीटी-20) कार्यशील हैं। स्थलीय प्रसारण द्वारा कवर न किए गए क्षेत्रों को देश के बाकी क्षेत्रों के साथ दूरदर्शन की फ्री-टु-एयर डीटीएच सेवा "डी डी डायरेक्ट प्लस" के जरिए बहु-चैनल टीवी कवरेज मुहैया कराई गई है। स्थलीय कवरेज के विस्तार हेतु फिलहाल नए ट्रांसमीटरों की परिकल्पना नहीं है। दूरदर्शन की डिजिटलीकरण स्कीम के भाग के रूप में, महाराष्ट्र के मुंबई, नागपुर, पुणे एवं औरंगाबाद में डिजिटल उच्च शक्ति ट्रांसमीटरों की परियोजनाओं को अनुमोदित कर दिया गया है।

11वीं योजना में अनुमोदित 10वीं योजनागत सतत स्कीम के भाग के रूप में, अमरावती में 10 किया एफएम रेडियों स्टेशन की स्थापना की जा रही है जो दिसंबर, 2011 तक तकनीकी रूप से तैयार हो जाएगा। तथापि, शिर्डी में रेडियो स्टेशन की स्थापना करने हेतु कोई अनुमोदित स्कीम नहीं है।

इसके अतिरिक्त, 11वीं योजना में महाराष्ट्र के निम्नलिखित 11 स्थानों में एफएम ट्रांसमीटर स्थापित किए जा रहे हैं:

क्र.सं.	स्थान	एफएम ट्रांसमीटर की क्षमता
1.	ब्रह्मपुरी	100 वाट
2.	बुलदाना	100 वाट
3.	गोण्डिया	100 वाट
4.	जालाना	100 वाट
5.	जलगांव	5 किवा
6.	मालेगांव	100 वाट
7.	परभनी	5 किवा
8.	रत्नागिरि	1 किवा
9.	सांगली	1 किवा
10.	शोलापुर	10 किवा
11.	वर्धा	100 वाट

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

आवास तथा शहरी गरीबी उपशमन कार्यक्रम

82. डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी:
श्री जगदीश सिंह राणा:

क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कार्यान्वित किए जा रहे एकीकृत आवास तथा शहरी गरीबी उपशमन कार्यक्रम का ब्यौरा तथा वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या इस कार्यक्रम का लाभ लक्षित आबादी तक पहुंच रहा है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान इस हेतु योजना-वार तथा शहर/नगर-वार कितनी राशि स्वीकृत तथा जारी की गई और इस कार्यक्रम की उपलब्धियां क्या रहीं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) देश में कार्यन्वित हो रहे समेकित आवास और शहरी गरीबी उपशमन कार्यक्रमों का राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण I में दिया गया है;

(ख) और (ग) राज्यवार ब्यौरा संलग्न II में दिया गया है।

(घ) मंजूर जारी राशि का ब्यौरा (स्कीम वार संलग्न विवरण III में दिया गया है।

विवरण I

1. जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम)।

भारत सरकार ने देश में शहरी गरीबों हेतु शहरी गरीब (बीएसयूपी) कार्यक्रम हेतु मूलभूत सेवाओं के तहत देश में 65 शहरों/कस्बों में शहरी गरीबों हेतु आवास और अवसरंचना सुविधाओं के लिए शहरों और कस्बे को मदद करने के लिए 3 दिसम्बर, 2005 को जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) प्रारभ की। अन्य शहरों/कस्बों हेतु समेकित आवास और स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) शुरू की गई।

2. स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय देशभर में स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना कार्यन्वित कर रहा है जिसका उद्देश्य गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे शहरी गरीबों को स्व-रोजगार उद्यम स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करके, कौशल प्रशिक्षण देकर तथा सामाजिक और आर्थिक रूप से उपयोगी सार्वजनिक परिसम्पतियों के निर्माण के लिए उनके श्रम का उपयोग करके मजदूरी रोजगार मुहैया कराकर शहरी बेरोजगार और अल्प रोजगार गरीबों को लाभप्रद रोजगार मुहैया कराना है। यह योजना 2009-2010 से व्यापक रूप से कार्यन्वित है।

3. आवास और शहरी गरीब हेतु ब्याज सब्जिडी स्कीम (आईएसएचयूपी) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) एवं निम्न आय वर्ग (एलआईजी) को ऋण-सक्षम उपाय के रूप में आवासीय ऋण ब्याज सब्सिडी प्रदान करनी है और ऐसे परिवारों के मकानों के निर्माण/अधिग्रहण के उद्देश्य से वाणिज्यिक बैंकों/आवास वित्त कंपनियों के माध्यम से ऋण सुविधाएं प्राप्त करने के लिए तथा 1 लाख रु. तक के ऋण हेतु ब्याज अदायगी में 5 प्रतिशत की सब्सिडी प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

4. **राजीव आवास योजना (रे):**

4.1 स्लम मुक्त भारत बनाने हेतु सरकार के विजन (सपने) के अनुपालन में 2.06.2011 को एक नई स्कीम राजीव आवास योजना (आरएवाई) प्रारंभ की गई। राजीव आवास योजना के विवरण-ए की अवधि स्कीम के अनुमोदन की तारीख से 2 वर्ष की है जिसके लिए 5000 करोड़ रु. के बजट की व्यवस्था की गई तथा व्यय को वास्तविक योजना परिव्यय तक सीमित किया गया है। (112 वीं योजना (2017) के अंत तक संपूर्ण देश में लगभग 250 शहरों को कवर करने की संभावना है। शहरों का चयन केन्द्र के परामर्श से राज्यों द्वारा किया जाएगा। राज्यों को जेएनएनयूआरएम के सभी मिशन शहरों को करना होगा 2001 की जनगणना के अनुसार 3 लाख आबादी से अधिक शहरों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा अन्य छोटे शहरों को स्लमों अल्पसंख्या आबादी के अनुसार और वे क्षेत्र जहां संपति अधिकार दिए गए हैं। स्कीम राज्यों द्वारा तय गति के अनुसार प्रगति करेंगी।

4.2 स्कीम के तहत यह भी निर्णय किया गया है। कि ईडब्लू एस/एल आई जो निवासियों को समर्थ आवास हेतु केन्द्रीय सरकार से रु. 1000 करोड़ की प्रारंभिक राशि निवेश के साथ रु. 5 लाख तक ऋण हेतु ऋण लेने के लिए मार्ट गेज रिस्क गांरटी फंड बनाने का निर्णय किया गया।

4.3 सांचे में समर्थ आवास योजना जिसका लक्ष्य समर्थ आवास स्टाक बनाने के लिए सार्वजनिक प्राइवेट भागीदारी को बढ़ावा देना है, आरएवाई में समायोजित की गई है।

विवरण II

1. **जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम):** बीएसयूपी और आईएचएसडीपी लाभार्थियों के हित में है। 1.11.2011 को बी.एस.यू.पी. और आईएचएसपी के तहत कुल रिहायशी यूनिटों के निर्माण हेतु 21,54,548.87 करोड़ रु. के केन्द्रीय अंश (एसीए) सहित कुल 39,654.58 करोड़ रु. की परियोजना लागत से कुल 1501 परियोजनाएं अनुमोदित की गई थीं। अब तक मंजूर 1562211 रिहायशी यूनिटों (डीयू) में से कुल 304463 डीयू सूचित किए गए जैसा कि शहरी गरीब द्वारा दी गई।

2. स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (एसजेएसआरवाई) शहरी स्व रोजगार कार्यक्रम (यूएसईपी) (निजी ऋण और सब्सीडी) के तहत लाभार्थीयों की कुल सं. 11,72,244 है शहरी गरीबों में रोजगार विकास हेतु कौशल प्रशिक्षण के तहत प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या 20,13,352 है। शहरी महिला स्वयं सहायता कार्यक्रम (यूडब्लूईपी) के तहत लाभार्थियों की सं 04,69,948 है और एसजेएसआरवाई के तहत शहरी वेज रोजगार कार्यक्रम (यूडब्लूईपी) के तहत बने श्रम दिवसों की संख्या 771.87 लाख है। 3. शहरी गरीबों के आवास हुत ब्याज सब्जिडी स्कीम (आईएसएचयूपी)

इस योजना के तहत सितम्बर, 2011 तक समेकित रूप में आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और तमिलनाडु में 8370 लाभार्थी कवर किये गए हैं तथा रु. 7.25 करोड़ की सब्सिडी जारी की गई है। आईएसएचयूपी मांग के आधार पर चलने वाली स्कीम है और सभी शहरी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस)/निम्न आय वर्ग (एलआईजी) के व्यक्ति इस योजना के तहत ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

विवरण III

जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनसआरएम) (p-4-7)

22-11-2011 के लिए लोक सभा का अतारांकित प्रश्न संख्या 82 के संदर्भ में अनुलग्नक (उपमिशन-II)

शहरी गरीबों हेतु मूलभूत सेवाएं (उपमिशन-II)

क्र.सं.	राज्य/संघ क्षेत्र का नाम	2008-09			2009-10			2010-11			2011-12		
		कुल अनुमोदित परियोजना लागत	अनुमोदित केन्द्रीय शेयर	जारी एसीए	कुल अनुमोदित परियोजना लागत	अनुमोदित केन्द्रीय शेयर	जारी एसीए	कुल अनुमोदित परियोजना लागत	अनुमोदित केन्द्रीय शेयर	जारी एसीए	कुल अनुमोदित परियोजना लागत	अनुमोदित केन्द्रीय शेयर	जारी एसी ए
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	आन्ध्र प्रदेश	1302.40	650.50	211.57			240.89			306.93			84.65
2.	अरुणाचल प्रदेश	45.15	40.59	0.00			10.99			0.84			

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
3.	असम	54.49	49.04	0.00			24.40			12.26			
4.	बिहार	342.27	133.22	33.30			0.00						
5.	छत्तीसगढ़	28.79	23.03	0.00	42.25	29.77	83.80			7.44			
6.	चंडीगढ़			94.03			89.91			38.28			
7.	दिल्ली	127.32	52.8	15.78			0	1905.13	893.88	183.69	512.10	227.82	
8.	गोवा			0.00									
9.	गुजरात	168.02	78.75	175.34	216.19	103.22	137.25	27.61	12.49	158.44	220.81	130.86	2.34
10.	हरियाणा			15.59						7.79			
11.	हिमाचल प्रदेश			0.00									
12.	जम्मू और कश्मीर	57.22	49.56	7.47			4.92			3.19			
13.	झारखंड	175.38	118.69	9.67			1.80	159.71	77.15	37.48			
14.	कर्नाटक	236.91	134.99	21.88			74.37			49.97			35.01
15.	केरल	39.55	31.18	0.00			24.00			50.72			
16.	मध्य प्रदेश	183.98	87.59	17.80			51.63			56.65			12.80
17.	महाराष्ट्र	1363.23	705.34	436.48	943.11	467.99	232.55			293.87	191.42	86.25	49.81
18.	मेघालय	21.30	16.58	0			10.09						
19.	मणिपुर	51.23	43.91	0			10.98						
20.	मिजोरम	56.99	51.20	0			12.80			7.23			12.80
21.	ओडिशा	7.45	5.41	1.35			0			9.95			
22.	पंजाब			0			8.32			9.04			
23.	पुदुचेरी			0	92.00	50.89	13.78			1.07			
24.	सिक्किम	30.33	26.26	0			6.56			7.96			
25.	नागालैंड			11.01			0			26.40			
26.	राजस्थान			0			0	181.5	88.11	43.17			
27.	तमिलनाडु	193.21	94.44	57.83			126.71			162.36			43.30
28.	त्रिपुरा			3.49			6.98						

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
29.	उत्तर प्रदेश	1893.13	937.76	235.57			71.14	11.67	5.40	284.49	11.28	4.80	54.03
30.	उत्तराखंड	13.24	9.93	3.20	49.91	37.33	0.00			10.61			1.29
31.	पश्चिम बंगाल	881.74	440.87	211.13			87.84	710.33	355.17	150.33			159.46
		7273.33	3781.64	1562.49	1343.46	689.20	1331.73	2995.95	1432.20	1920.16	935.61	449.73	455.49

विवरण III (क)

समेकित आवास और स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी)

क्र.सं.	राज्य/संघ क्षेत्र का नाम	2008-09			2009-10			2010-11			2011-12		
		कुल अनुमोदित परियोजना लागत	अनुमोदित केन्द्रीय शेयर	जारी एसीए	कुल अनुमोदित परियोजना लागत	अनुमोदित केन्द्रीय शेयर	जारी एसीए	कुल अनुमोदित परियोजना लागत	अनुमोदित केन्द्रीय शेयर	जारी एसीए	कुल अनुमोदित परियोजना लागत	अनुमोदित केन्द्रीय शेयर	जारी एसी ए
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	आन्ध्र प्रदेश	451.87	271.98	48.91			195.03			114.86			
2.	अरुणाचल प्रदेश	9.95	8.96	0.00						4.48			
3.	असम	28.76	23.38	7.39	17.92	13.73	11.17						
4.	बिहार	113.39	64.21	32.10	81.10	38.51		156.63	67.40	19.26			24.11
5.	छत्तीसगढ़	49.10	36.82	0.00			43.57			13.74			
6.	गोवा		0.00	0.00									
7.	गुजरात	114.58	73.22	33.84	39.71	17.13	13.99			6.46			5.40
8.	हरियाणा	33.42	26.74	0.00			13.37			19.81			8.20
9.	हिमाचल प्रदेश	31.90	20.88	6.39			10.44	17.38	11.71	5.85			
10.	जम्मू और कश्मीर	42.60	34.50	13.80	25.72	17.86	9.61	36.88	29.72	5.38			22.33
11.	झारखंड	123.67	72.39	33.33				74.59	43.35	13.94			10.60
12.	कर्नाटक	138.81	76.93	0.00			38.46			37.84			46.43
13.	केरल	55.50	42.18	47.82	80.59	55.29	8.24			30.72			
14.	मध्य प्रदेश	28.48	21.88	10.94	48.90	28.87	12.48	26.46	16.78	6.77	16.68	10.96	18.23
15.	महाराष्ट्र	1166.39	772.57	386.79	30.50	20.19	92.29			84.06	528.96	326.21	9.22
16.	मणिपुर	10.83	8.33	6.18	16.04	11.66	4.48			5.66			10.35

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
17.	मेघालय	19.66	13.46	3.58			6.72						
18.	मिजोरम	31.00	23.57	3.77			11.12						9.58
19.	नागालैंड		0.00	0.00	2.39	0.60	7.85						
20.	ओडिशा	184.06	123.30	55.34	16.99	9.45	17.92	8.17	5.42	4.73			6.83
21.	पंजाब	21.01	8.22	3.54				253.01	99.76	50.46			
22.	राजस्थान	83.37	52.12	40.24	81.85	45.94	43.94	304.28	196.00	122.00			
23.	सिक्किम		0.00	0.00	19.91	17.92	8.96						
24.	तमिलनाडु	249.24	184.17	77.38	40.97	18.73	90.85			70.92			
25.	त्रिपुरा	20.01	17.60	0.00	16.44	14.11	19.02			12.36			
26.	उत्तर प्रदेश	771.75	509.10	256.50	160.35	100.63	18.49	299.77	177.76	198.2	59.92	33.7	99.52
27.	उत्तराखंड		0.00	0.00	155.42	87.66	26.99			16.84			7.78
28.	पश्चिम बंगाल	377.09	297.60	227.42	0.64	0.15	72.14			34.15			76.12
29.	दिल्ली		0.00	0.00									
30.	पुदुचेरी		0.00	0.96			0.43						
31.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	9.88	8.90	0.00			3.16						
32.	चंडीगढ़		0.00	0.00									
33.	दादरा और नगर हवेली	0.00	0.00	5.24	2.89				1.44				
34.	लक्षद्वीप		0.00	0.00									
		4166.32	2793.01	1296.21	840.68	501.32	780.72	1177.17	647.90	879.93	605.56	370.87	354.70

विवरण III (ख)

स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (एसजेएसआरवाई)

स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (एसजेएअआरवाई) के अंतर्गत 2008-09, 2009-10, 2010-11 एवं 2011-12 के दौरान जारी राज्य वार केन्द्रीय राशि का विवरण

(लाख रु.)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	जारी	जारी	जारी	जारी
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	4327.22	3390.53	5226.02	2413.80

1	2	3	4	5	6
2.	अरुणाचल प्रदेश	0.00	103.93	201.79	0.00
3.	असम	2947.90	1478.03	2869.96	0.00
4.	बिहार	1980.98	895.12	2001.40	0.00
5.	छत्तीसगढ़	637.36	881.30	1201.95	671.35
6.	गोवा	0.00	0.00	0.00	0.00
7.	गुजरात	1548.80	1501.44	1928.53	0.00
8.	हरियाणा	1334.27	585.34	654.37	798.85
9.	हिमाचल प्रदेश	12.43	12.15	50.00	0.00
10.	जम्मू और कश्मीर	0.00	0.00	135.21	146.65
11.	झारखंड	0.00	0.00	814.88	0.00
12.	कर्नाटक	4896.14	3524.71	5376.04	2437.14
13.	केरल	1017.91	948.13	474.03	688.27
14.	मध्य प्रदेश	5043.48	4087.96	5914.80	2859.54
15.	महाराष्ट्र	9608.72	8075.96	10464.11	0.00
16.	मणिपुर	445.71	461.88	448.43	0.00
17.	मेघालय	190.74	0.00	0.00	0.00
18.	मिजोरम	350.20	369.51	641.66	0.00
19.	नागालैण्ड	286.53	277.13	419.06	134.53
20.	ओडिशा	1776.95	1476.59	1650.75	0.00
21.	पंजाब	120.52	0.00	0.00	1137.55
22.	राजस्थान	1574.91	1311.76	2932.96	0.00
23.	सिक्किम	63.67	46.19	194.84	22.50
24.	तमिलनाडु	4284.44	3817.38	4267.63	3173.05
25.	त्रिपुरा	248.84	0.00	224.25	0.00
26.	उत्तराखंड	566.72	488.70	546.34	291.98
27.	उत्तर प्रदेश	8846.94	6462.43	7224.67	5559.50
28.	पश्चिम बंगाल	1948.07	1940.44	2169.31	2882.40

1	2	3	4	5	6
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0.00	0.00	18.75	11.67
30.	चंडीगढ़	0.00	0.00	39.26	0.00
31.	दादरा और नगर हवेली	0.00	17.58	8.79	0.00
32.	दमन और दीव	0.00	0.00	0.00	0.00
33.	दिल्ली	0.00	0.00	0.00	0.00
34.	पुदुचेरी	7.80	6.66	50.00	75.00
	कुल	54067.26	42160.85	58149.79	23303.78

विवरण III (ग)

शहरी गरीबों के लिए आवास हेतु ब्याज सब्सिडी (आईएसएचयूपी)

वर्ष	शामिल राज्य	लाभार्थियों की संख्या	ब्याज सब्सिडी के एनपीवी की राशि (लाख रु. में)	वित्तीय वर्ष में शामिल कुल संख्या	वित्तीय वर्ष में जारी ब्याज सब्सिडी की कुल एनपीवी
2008-09	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2009-10	आन्ध्र प्रदेश	531	36.82	531	36.82
2010-11	आन्ध्र प्रदेश	5233	378.01		
	कर्नाटक	53	14.50		
	राजस्थान	22	8.14	5844	476.94
	छत्तीसगढ़	542	75.12		
	तमिलनाडु	4	1.17		
2011-12	आन्ध्र प्रदेश	1586	127.94		
	कर्नाटक	235	44.21		
	महाराष्ट्र	1	0.23		
	तमिलनाडु	105	28.61	1985	210.11
	मध्य प्रदेश	6	0.95		
	राजस्थान	18	4.10		
	छत्तीसगढ़	34	4.07		
			कुल	8370	723.87 लाख (लगभग 7.25 करोड़)

विवरण III (घ)

राजीव आवास योजना (रे)

157 शहरों की सूची

क्रमांक	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम	जारी की गई राशि (लाख रु. में)/शहरों की संख्या	शहर-एसएफसीपी द्वारा जारी की गई राशि	
1	2	3	4	
		वित्तीय वर्ष 2009-10		
1.	आंध्र प्रदेश	472.72 (10 शहर)	1	ग्रेटर हैदराबाद नगर-निगम (जीवीएमसी)
			2	ग्रेटर विशाखापट्टनम नगर-निगम (जीवीएमसी)
		969.40 लाख की दूसरी किस्त मार्च 2011 में निर्मुक्त की गई।	3	विजयवाड़ा
			4	तिरुपति
			5	गुंटूर
			6	नैल्लोर
			7	करनूल
			8	राजामुन्दरी
			9	वारंगल
			10	काकीनाडा
2.	असम	76.34 (एक शहर)	11	गुवाहाटी
3.	बिहार	191.59 (चार शहर)	12	पटना
			13	गया
			14	भागलपुर
			15	मुजफ्फरपुर
4.	छत्तीसगढ़	182.88 (चार शहर)	16	भिलाई नगर
			17	रायपुर
			18	बिलासपुर
			19	कोरबा
5.	गुजरात	431.64 (आठ शहर)	20	अहमदाबाद
			21	सूरत
			22	वदोदरा

1	2	3	4	
			23	राजकोट
			24	जामनगर
			25	भावनगर
			26	भरूच
			27	पोरबन्दर
6.	हरियाणा	151.3 (तीन शहर)	28	फरीदाबाद
			29	पानीपत
			30	यमुना नगर
7.	हिमाचल प्रदेश	63.54 (एक शहर)	31	शिमला
8.	झारखंड	206.11 (चार शहर)	32	जमशेदपुर
			33	धनबाद
			34	रांची
			35	बोकारो स्टील सिटी
9.	कर्नाटक	400.4 (आठ शहर)	36	बंगलोर
			37	मैसूर
			38	हुबली-धारवाड़
			39	मैंगलोर
			40	बेलगाम
			41	गुलबर्ग
			42	देवनगरी
			43	बेल्लारी
10.	केरल	263.31 (छह शहर)	44	कोच्ची
			45	तिरुअनंतपुरम
			46	कोझीकोड
			47	कन्नूर
			48	कोल्लम
			49	थ्रिसूर

1	2	3	4
11.	मध्य प्रदेश	282.25 (छह शहर)	50 इंदौर
			51 भोपाल
			52 जबलपुर
			53 ग्वालियर
			54 उज्जैन
			55 सागर
12.	महाराष्ट्र	944.67 (सोलह शहर)	56 ग्रेटर मुम्बई
			57 पूना
			58 नागपुर
			59 नासिक
			60 औरंगाबाद
			61 शोलापुर
			62 भिवांडी
			63 अमरावती
			64 कोल्हापुर
			65 संगली-मिराज कुपवाड़ा
			66 नांदेड़-वागला
			67 मालेगांव
			68 अकोला
			69 जलगांव
			70 अहमद नगर
			71 धुले
13.	ओडिशा	184.12 (पांच शहर)	72 भुवनेश्वर
			73 पुरी
			74 कटक
			75 राउरकेला
			76 ब्रह्मपुर

1	2	3		4
14.	राजस्थान	281.15 (छह शहर)	77	जयपुर
			78	जोधपुर
			79	कोटा
			80	बीकानेर
			81	अजमेर
			82	उदयपुर
15.	मणिपुर	55.79 (एक शहर)	83	इम्फाल
16.	तमिलनाडु	480.14 (नौ शहर)	84	चेन्नई नगर निगम
			85	कोयम्बटूर
			86	मदुरई
			87	तिरुचुरापल्ली
			88	सलेम
			89	तिरुपुर
			90	तिरुनावेली
			91	एरोडे
			92	वेल्लोर
17.	त्रिपुरा	54.68 (एक शहर)	93	अगरतला
18.	उत्तर प्रदेश	733.177 (अठ्ठारह शहर)	94	कानपुर
			95	लखनऊ
			96	आगरा नगर-निगम
			97	वाराणसी
			98	मेरठ
			99	इलाहाबाद
			100	गाजियाबाद
			101	बरेली
			102	अलीगढ़
			103	मुरादाबाद

1	2	3	4	
			104	गोरखपुर
			105	झांसी नगर-निगम
			106	सहारनपुर
			107	फिरोजाबाद
			108	मुज्जफ्फर नगर
			109	मथुरा
			110	शाहाजहानपुर
			111	नोएडा
19.	उत्तराखंड	114.63 (तीन शहर)	112	देहरादून
			113	नैनीताल
			114	हरिद्वार
20.	पश्चिम बंगाल	423.27 (चार शहर)	115	कोलकाता
			116	आसनसोल
			117	दुर्गापुर
			118	सिलीगुड़ी (भाग)
21.	अरुणाचल प्रदेश	111.29 (दो शहर)	119	नाहरलागुन
			120	ईटानगर
22.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह (संघ राज्य क्षेत्र)	76.18 (एक शहर)	121	पोर्ट ब्लेयर
23.	दमन और दीव	58.06 (दो शहर)	122	दमन
			123	दीव
24.	दादरा और नगर हवेली (संघ राज्य क्षेत्र)	43.45 (दो शहर)	124	सिलवासा
			125	अमली
25.	दिल्ली	981.96 (डीएमसी) (एक शहर)	126	दिल्ली क्षेत्र का नगर-निगम
26.	गोवा	111.70 (तीन शहर)	127	मारमागोवा
			128	पणजी
			129	मारगोवा

1	2	3	4	
27.	जम्मू और कश्मीर	236.80 (छह शहर)	130	जम्मू
			131	श्रीनगर
			132	अनंतनाग
			133	उधमपुर
			134	बारामूला
			135	कठुआ
28.	लक्षद्वीप (संघ राज्य क्षेत्र)	15.00 (3 शहर)	136	आमीनी
			137	कवरत्ती
			138	मिनीकोए
29.	मेघालय	95.63 (एक शहर)	139	शिलांग
30.	मिजोरम	467.07 (आठ शहर)	140	आइजवाल
			141	चमफई
			142	कोलासिब
			143	लोंगतई
			144	लुंगलई
			145	मामित
			146	साईहा
			147	सरचिप
31.	नागालैण्ड	108.03 (दो शहर)	148	कोहिमा
			149	दीमापुर
32.	पुदुचेरी	79.01 (दो शहर)	150	पुदुचेरी
			151	ओझूकरी
33.	सिक्किम	62.39 (एक शहर)	152	गंगटोक
34.	पंजाब	583.34 (पांच शहर)	153	लुधियाना
			154	अमृतसर
			155	जालंधर
			156	पटियाला
			157	भटिंडा

फर्जी जाति प्रमाण-पत्र

83. **श्री अनुराग सिंह ठाकुरः**
श्री वीरेन्द्र कश्यपः

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल ही में दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया जो फर्जी जाति-प्रमाणपत्रों के आधार पर पुलिस कर्मियों की भर्ती कराता था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई जांच की है;

(घ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा और परिणाम क्या हैं और इसके जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) से (घ) दिल्ली पुलिस द्वारा ऐसे किसी रैकेट का पर्दाफाश नहीं किया गया है।

(ङ) जाति प्रमाण-पत्र के आधार पर चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को उक्त प्रमाण-पत्र की सत्यता के अध्यधीन अनंतिम नियुक्ति दी जाती है, जिसका जारी करने वाले संबंधित प्राधिकारी से सत्यापन कराया जाता है।

[अनुवाद]

पेड-न्यूज

84. **श्री जयवंत गंगाराम आवलेः**
श्री के.जे.एस.पी. रेड्डीः

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हाल में प्रायोजित समाचारों (पेड-न्यूज) संबंधी कितने मामलों की सूचना मिली और प्रत्येक मामले में क्या कार्रवाई की गई;

(ख) पेड-न्यूज के चलन पर अंकुश लगाने की दिशा में सरकार/भारतीय प्रेस परिषद् (पी.सी.आई.) ने क्या प्रयास किए हैं;

(ग) पेड-न्यूज के संबंध में भारतीय प्रेस परिषद् की रिपोर्टों में की गई प्रमुख सिफारिशें क्या हैं;

(घ) क्या पेड-न्यूज संबंधी रिपोर्ट की जांच करने हेतु सरकार द्वारा गठित मंत्री-समूह ने अपनी रिपोर्ट सरकार को पेश कर दी है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(च) यदि नहीं, तो मंत्री-समूह द्वारा अपनी रिपोर्ट सरकार को कब तक पेश किए जाने की संभावना है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) विगत हाल ही के दौरान भारतीय प्रेस परिषद को पेड न्यूज के संबंध में सूचित किए गए मामलों और उन पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ख) और (ग) भारतीय प्रेस परिषद ने पेड न्यूज जैसे गंभीर मुद्दे का संज्ञान लिया है और पेड न्यूज पर एक रिपोर्ट जारी की है। भारतीय प्रेस परिषद द्वारा अपनी रिपोर्ट में की गई मुख्य सिफारिशें निम्नानुसार हैं:-

- पेड न्यूज की घटना को एक दंडनीय निर्वाचक कदाचार बनाने के लिए जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में संशोधन किया जाए।
- 'पेड न्यूज' की शिकायतों पर अधिनिर्णय लेने और किसी भी मामले में अंतिम निर्णय देने के लिए भारतीय प्रेस परिषद को पूरी तरह से शक्तिसंपन्न अवश्य बनाया जाए।
- प्रेस परिषद की सिफारिशों को बाध्यकारी बनाने और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को उसके कार्यक्षेत्र में लाए जाने के लिए प्रेस परिषद अधिनियम में संशोधन किया जाए, और
- इलेक्ट्रानिक एवं अन्य मीडिया से प्रतिनिधियों को शामिल करने के लिए भारतीय प्रेस परिषद का पुनर्गठन किया जाना चाहिए।

सरकार ने एक मंत्री-समूह (जीओएम) का गठन किया है जो पेड न्यूज पर भारतीय प्रेस परिषद की रिपोर्ट की जांच करेगा और इस समस्या का समाधान निकालने के लिए एक व्यापक नीति तैयार करने और एक संस्थागत तंत्र स्थापित करने के बारे में अपने विचार देगा। निर्वाचन आयोग ने भी चुनाव के दौरान पेड न्यूज की घटनाओं को रोकने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

(घ) से (च) पेड न्यूज के संबंध में गठित मंत्री-समूह ने उक्त मुद्दे पर 7 सितंबर, 2011 को हुई अपनी पहली बैठक में विस्तारपूर्वक चर्चा की। मंत्री-समूह ने अभी तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है और मंत्री-समूह द्वारा सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के संबंध में कोई समय-सीमा विनिर्दिष्ट नहीं की गई है।

विवरण

परिषद् द्वारा 2009-10 के दौरान पेड न्यूज पर प्राप्त शिकायतें

क्र.सं.	मिसिल संख्या	शिकायतकर्ता /नाम व पता	प्रतिवादी	विषय	कृत कार्रवाई/ अवस्था
1	2	3	4	5	6
1.	14/75/09-10	श्री कुंवर मानवेन्दर सिंह, सदस्य (लोक सभा), अवगढ़ हाऊस, डमपियार नगर, मथुरा (उ.प्र.)	दैनिक जागरण, मथुरा	विपक्षी उम्मीदवार के समर्थन में प्रकाशित समाचार के संदर्भ में शिकायत	26.4.2010 को अनिष्पादन पर निरस्त।
2.	14/179/09-10	श्री राकेश श्रीवास्तव "न्यायिक" एम.एम. 22, विकास प्राधिकरण कालोनी, शिवनगर, वाराणसी-221003 (उ.प्र.)	हिन्दुस्तान	बी.एस.पी. उम्मीदवार के समर्थन में पैसे लेकर प्रकाशित समाचार प्रकाशित करने के संदर्भ में शिकायत	3.06.2010 को अनिष्पादन पर निरस्त
3.	14/180/09-10	श्री रामप्रवेश शर्मा उर्फ शंकर, जे.डी.यू. उम्मीदवार, 36 जहानाबाद लोक सभा बिहार।	हिन्दुस्तान	विपक्षी उम्मीदवार के समर्थन में पैसे लेकर प्रकाशित समाचार प्रकाशित करने के संदर्भ में शिकायत	26.04.2010 को अनिष्पादन पर निरस्त।
4.	14/183/09-10	श्री लवन ठाकुर, अध्यक्ष, आरटीआई ब्यूरो, 88/6, समखेतर, मंडी (हिमाचल प्रदेश)।	द ट्रिब्यून	उम्मीदवार के समर्थन में पैसे लेकर प्रकाशित समाचार प्रकाशित करने के संदर्भ में शिकायत	26.042010 को अनिष्पादन पर निरस्त।
5.	14/183/09-10	श्री राम इकबाल सिंह, पूर्व विधायक, बीजेपी, 70, घोसी लोक सभा क्षेत्र, मऊ (उ.प्र)।	दैनिक जागरण	एक उम्मीदवार के समर्थन में पैसे लेकर प्रकाशित समाचार प्रकाशित करने के संदर्भ में शिकायत	23.04.2010 को अनिष्पादन पर निरस्त।
6.	14/184/09-10	श्री रणदीप ठाकुर, 4, एलआईजी बर्रा-2, कानपुर (उ.प्र.)	दैनिक जागरण	एक उम्मीदवार के समर्थन में पैसे लेकर प्रकाशित समाचार कालम/विज्ञापन प्रकाशित करने के संदर्भ में शिकायत	24.08.2010 को अनिष्पादन पर निरस्त।
7-8.	14/185-186/09-10	लायन एस. गोपालन, 43, पेरियार नगर, सेनगुनठहापुरम पोस्ट, करूर-639002 (तमिलनाडु) (छ.ग.)	(1) दिनामलार (2) द हिन्दू	प्रेस के दिशा निर्देशों के उल्लंघन करते हुए जाति संबंधित उम्मीदवार/चुनाव क्षेत्र के प्रकाशन के संदर्भ में।	23.04.2010 को अनिष्पादन पर निरस्त।
9.	14/402/09-10	श्री रामधर वर्मा, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)	दैनिक भास्कर, रायपुर	चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों के पक्ष में भ्रामक विज्ञापनों के प्रकाशन के संबंध में।	1.01.2010 को अनिष्पादन पर निरस्त/पते के अभाव में।

1	2	3	4	5	6
10-12	14/407-409/09-10	श्री पी.पी. कपूर, हरियाणा राज्य संयोजक, इण्डियन फेडरेशन ट्रेण्ड यूनियन, जीडी रोड,	1 दैनिक भास्कर 2 दैनिक जागरण 3 पंजाब केसरी	विधान सभा चुनाव के राजनैतिक दलों के पक्ष में भ्रामक विज्ञापनों/रिपोर्ट के प्रकाशन के संबंध में।	परिषद की जांच प्रक्रिया समिति के सम्मुख प्रस्तुत करने हेतु प्रकरण परिपक्व पानीपत (हरियाणा)।
13-16	14/582-586/09-10	श्री रामासुब्रहमण्यन, राज्य सचिव बहुजन समाज पार्टी, 83-3बी, अर्जुन निवास आपार्टमेंट, कोयम्बटूर (त.न.)	1 दिनाकरण 2 तमिल मुरासू 3 डेली थान्थी 4 मलाई मलार	चुनावी अभियान के दौरान लहर/मड़किला वातावरण बनाने हेतु समाचार का प्रकाशन	परिषद् द्वारा प्रकरण निर्णित।
17	14/318/09-10	श्री एस.एस. आर्य, राज्य प्रधान सचिव, इण्डियन जस्टिस पार्टी, हरियाणा।	पंजाब केसरी	लोगों को गुमराह करने के प्रकाशन के संदर्भ में।	परिषद की जांच प्रक्रिया समिति के सम्मुख प्रस्तुत करने हेतु प्रकरण परिपक्व

परिषद् द्वारा 2010-11 के दौरान पेड न्यूज पर प्राप्त शिकायतें

क्र.सं.	मिसिल संख्या	शिकायतकर्ता/नाम व पता	प्रतिवादी	विषय	कृत कार्रवाई/अवस्था
1	14/219/10-11	श्री राकेश कुमार शर्मा, 143, सेक्टर 13, करूक्षेत्र, हरियाणा	दैनिक जागरण	लोक सभा/विधान सभा चुनाव के दौरान पैसे लेकर धोखा/हेराफेर करके संपादकीय/विज्ञापन के प्रकाशन के विरुद्ध शिकायत।	क्षेत्राधिकार के कारण समाप्त 6.09.2010
2	14/459/10-11	श्री जय सिंह, गांव व थाना-गजरौला, पीलीभीत (उ.प्र.)।	अमर उजाला	पंचायत चुनाव के दौरान ब्लैकमेल करने हेतु मानहानिजनक/झूठे समाचारों के प्रकाशन के संदर्भ में।	पतिवादी को दिनांक 15.12.2010 को टिप्पणियों हेतु नोटिस प्रेषित।

भारतीय प्रैस परिषद द्वारा वर्ष 2011-12 के दौरान पेड न्यूज पर प्राप्त शिकायतें

क्र.सं.	मिसिल संख्या	शिकायतकर्ता/नाम व पता	प्रतिवादी	विषय	कृत कार्रवाई/अवस्था
1	2	3	4	5	6
1.	14/30/11-12	श्री नामानागस्वरा राव, संसद सदस्य लोक सभा तेलगू देशम पार्लियामेंट पार्टी, 5 पालियामेंट हाउस, नई दिल्ली	साक्षी	झूठा एवं द्वेषपूर्ण अभियान प्रकाशन के संबंध में	शिकायतकर्ता से 30.9. 2011 को वे परिषद् का ध्यान पेड न्यूज से संबंधित दिशा निर्देश के अनुरोध किया था कि उल्लंघन की और आकृष्ट करें तथा साथ ही अपना घोषणा पत्र एवं साक्षी

1	2	3	4	5	6
					समाचारपत्र में प्रकाशित आक्षेपित विषय वस्तु/ विज्ञापन की प्रति प्रेषित करें। उत्तर अपेक्षित है।
2.	14/87/11-12	जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिला मजिस्ट्रेट मुजफ्फरपुर, बिहार द्वारा भारतीय का निर्वाचन आयोग	हिन्दुस्तान	पेड न्यूज के संदर्भ में	दिनांक 22.9.11 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।
3.	14/79/11-12	जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिला मजिस्ट्रेट मुजफ्फरपुर, द्वारा भारतीय का निर्वाचन आयोग	दैनिक जागरण	पेड न्यूज के संदर्भ में	दिनांक 22.9.11 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।
4.	14/80/11-12	जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिला मजिस्ट्रेट मुजफ्फरपुर, द्वारा भारतीय का निर्वाचन आयोग	प्रभात खबर	पेड न्यूज के संदर्भ में	दिनांक 22.9.11 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।
5.	14/81/11-12	जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिला मजिस्ट्रेट मुजफ्फरपुर, द्वारा भारतीय का निर्वाचन आयोग	राष्ट्रीय सहारा	पेड न्यूज के संदर्भ में	दिनांक 22.9.11 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।
6.	14/82/11-12	जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिला मजिस्ट्रेट मुजफ्फरपुर, द्वारा भारतीय का निर्वाचन आयोग	हिंदुस्तान टाइम्स (अंग्रेजी)	पेड न्यूज के संदर्भ में	दिनांक 22.9.11 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।
7.	14/83/11-12	जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिला मजिस्ट्रेट मुजफ्फरपुर, द्वारा भारतीय का निर्वाचन आयोग	पूर्वांचल की राह (चुनाव विशेष)	पेड न्यूज के संदर्भ में	दिनांक 22.9.11 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।
8.	14/84/11-12	जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिला मजिस्ट्रेट मुजफ्फरपुर, द्वारा भारतीय का निर्वाचन आयोग	दैनिक आज	पेड न्यूज के संदर्भ में	दिनांक 22.9.11 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।
9.	14/85/11-12	जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिला मजिस्ट्रेट मुजफ्फरपुर, द्वारा भारतीय का निर्वाचन आयोग	दैनिक उद्योग व्यापार टाइम्स	पेड न्यूज के संदर्भ में	दिनांक 22.9.11 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।
10.	14/123/11-12	श्री एन. कोडा, राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यकर्ता पुत्र श्री एन. वारदाजुला रेड्डी, प्रोडाटूर, ददपा जिला, आंध्र प्रदेश	साक्षी	चुनाव के दौरान उनके पिता के बारे में झूठी श्रृंखला प्रकाशित करने के संदर्भ में	दिनांक 22.9.11 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।
11.	14/371/11-12	सुश्री मायाभूषण नागवेनकर, 1392 डोक्सवीयर, अंजुना, बोर्डेज, गोवा तथा महासचिव गोवा यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट, श्रमशक्ति भवन पणजी, गोवा	हेराल्ड	पेड न्यूज के संदर्भ में	शिकायतकर्ता से 21.11.11 को जांच प्रक्रिया विनियम 1979 की अपेक्षाएं पूर्ण करने का अनुरोध किया गया है।

[हिन्दी]

डी.टी.एच. सेवा निजी क्षेत्र को सौंपना

85. श्री जगदीश शर्मा:
श्री सुरेश कुमार शेटकर:

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार/दूरदर्शन का अपनी डी.टी.एच (डायरेक्ट टु होम) सेवा का संचालन निजी क्षेत्र को सौंपने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या आकाशवाणी और दूरदर्शन कर्मचारियों ने इस संबंध में 21 सितंबर, 2011 को देश भर में एक धरने का आयोजन किया था; और

(घ) यदि हां, तो उनके द्वारा क्या मांगें की गई हैं और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. एस. जगतरक्षकन): (क) और (ख) जी, नहीं। दूरदर्शन के डीटीएच प्लेटफॉर्म का उन्नयन 97 टीवी चैनलों तक करने की योजनागत स्कीम का सरकार द्वारा अनुमोदन कर दिया गया था। बाद में प्रसार भारती बोर्ड ने दूरदर्शन के डीटीएच प्लेटफॉर्म का 150 चैनलों तक और अधिक विस्तार करने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया। प्रसार भारती बोर्ड ने उपस्करों के सीमित अवधि के लिए संचालन व रख-रखाव सहित उनको किराए पर ले करके डीटीएच प्लेटफॉर्म का विस्तार करने संबंधी प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया।

(ग) दिनांक 21.09.2011 को कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में आकाशवाणी भवन परिसर में 10.00 बजे से 17.00 बजे तक और 13.00 बजे से 14.15 बजे तक क्रमश: धरना और गेट पर मध्याह्नकालीन बैठक का आयोजन किया। दूरदर्शन केंद्र, गुवाहाटी और एडीजी(पी), गुवाहाटी के कार्यालय ने भी 10.00 बजे से 17.00 बजे तक धरना आयोजित किए जाने की सूचना दी।

किसी भी आकाशवाणी व दूरदर्शन केंद्र से कोई अप्रिय घटना होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई और कोई सेवाएं प्रभावित नहीं हुई।

(घ) संघ की मुख्य मांगें निम्नानुसार हैं:-

(i) आकाशवाणी और दूरदर्शन के संघों को मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से शुरू करना;

(ii) मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया के पूरे होने तक आकाशवाणी की नियमावली के अनुसार संघों की मान्यता के संबंध में यथा-स्थिति बरकरार रखी जाए;

(iii) डीटीएच के विस्तार हेतु उपस्करों को किराए पर लेने सहित परियोजना संबंधी कार्यों व अधिप्रापणों को आउटसोर्स करने की प्रक्रिया को बंद करना।

मंत्रालय ने प्रसार भारती को केंद्रीय सिविल सेवा (सेवा संघ मान्यता) नियमावली, 1993 के अनुसार, प्रस्ताव मंत्रालय को भिजवाने के लिए कहा है।

कीटनाशकों के दुष्प्रभाव

86. श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण:
श्री कादिर राणा:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में प्रयुक्त कीटनाशकों की मात्रा विश्व में उत्पादित कुल मात्रा का कितने प्रतिशत है;

(ख) क्या सरकार कीटनाशकों पर सब्सिडी उपलब्ध करा रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) कीटनाशकों के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) नाशकजीवमारों की भारत में खपत विश्व की खपत के केवल 2 प्रतिशत अनुमानित है।

(ख) और (ग) सरकार नाशकजीवमारों के उपयोग सहित पादप रक्षण उपायों हेतु राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन और, बृहद कृषि प्रबंधन जैसी विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत निधियां प्रदान कर रही है।

(घ) सुरक्षा और प्रभाविता का सत्यापन करने के बाद ही देश में उपयोग हेतु नाशकजीवमारों का पंजीकरण किया जाता है। तथापि नाशकजीवमारों का अनुचित उपयोग बुरा प्रभाव डाल सकता है। सरकार ने "भारत में नाशकजीव प्रबंधन दृष्टिकोण का सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण" स्कीम के अंतर्गत पादप रक्षण कार्यनीति के मुख्य आधार के रूप में समेकित नाशकजीवमार प्रबंधन (आईपीएम) को अपनाया है। आईपीएम कार्यक्रम के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत

भारत सरकार ने 28 राज्यों और 1 संघ शासित क्षेत्र में 31 आईपीएम केन्द्रों की स्थापना की है। इन केन्द्रों का अधिदेश नाशकजीव/रोग मानीटरन, जैव नियंत्रक एजेंटो/जैवनाशक जीवमारों का उत्पादन और निर्मुक्ति, जैव नियंत्रक एजेण्टों का संरक्षण तथा किसानों के खेतों में कृषक क्षेत्रीय स्कूलों (एफएफ एस) का आयोजन करके सबसे निचले स्तर पर कृषि/बागवानी विस्तार अधिकारियों तथा किसानों को प्रशिक्षण देकर आईपीएम में मानव संसाधन विकास करना है। एफएफएस का मुख्य उद्देश्य अद्यतन आईपीएम प्रौद्योगिकी में किसानों को प्रशिक्षित करना है ताकि वे नाशकजीव प्रबंधन कार्य में निर्णय लेने में समर्थ हो सकें। एफएफएस में किसानों को उनकी फसलों पर नाशकजीवमारों के उचित उपयोग के बार में भी प्रशिक्षित किया जाता है ताकि नाशकजीवमारों के न्यूनतम उपयोग से फसलों को उगाया जा सके।

[अनुवाद]

दि.वि.प्रा. द्वारा फ्लैटों का निर्माण

87. श्री पोन्नम प्रभाकर: क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण की निर्धन वर्ग के लिए 67000 फ्लैटों के निर्माण की योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस दिशा में अब तक क्या प्रगति हुई है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) जी, हां।

(ख) विभिन्न क्षेत्रों जैसे द्वारका, रोहिणी, नरेला, कठपुतली कॉलोनी और कालकाजी विस्तार में कुल 70160 फ्लैटों का डिजायन/निर्माण विभिन्न चरणों पर है जिसका ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। कालकाजी विस्तार और कठपुतली में स्लम एवं झुग्गी झोपड़ी बस्ती के स्व-स्थाने पुर्नवास हेतु फ्लैटों के निर्माण का प्रस्ताव है।

(ग) द्वारका, रोहिणी और नरेला में प्री-फैब प्रौद्योगीकरण का प्रयोग करते हुए फ्लैटों (कुल 19,632(का निर्माण शुरू किया जा चुका है। द्वारका में लगभग 1220 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और रोहिणी में 512 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। द्वारका में 760 एलआईजी फ्लैटों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष फ्लैटों की आयोजना और उनकी निविदा देने संबंधी विभिन्न चरणों पर है।

विवरण

आवासों के ब्यौरे का सारांश

I प्री-फैब प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए

(क) ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स:

रोहिणी एवं नरेला	-22,127 यूनिटें
द्वारका	-2,360 यूनिटें

(ख) एलआईजी फ्लैट्स:

रोहिणी एवं नरेला	-24,660 यूनिटें

II परंपरागत प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए

(क) ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स

रोहिणी एवं नरेला	-3612 यूनिटें
जहांगीरपुरी	-264 यूनिटें
द्वारका	-1220 यूनिटें

(ख) एलआईजी फ्लैट्स:

रोहिणी एवं नरेला	-50 यूनिटें
द्वारका	-760 यूनिटें

III स्लम एवं झुग्गी झोंपड़ी बस्ती के स्व-स्थाने पुनर्वास

कठपुतली कॉलोनी	-2800 यूनिटें
कालकाजी विस्तार	-8086 यूनिटें
कुसुमपुर पहाड़ी	-4221 यूनिटें
कुल:	70160

[हिन्दी]

बालाजी घाट की दुर्दशा

88. श्री हंसराज गं. अहीर: क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार वाराणसी में गंगा नदी के तट पर स्थित बालाजी घाट, जो एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर स्थल भी है, की दुर्दशा तथा जीर्ण-शीर्ण स्थिति से अवगत है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस बारे में कोई रिपोर्ट मिली है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके संरक्षण तथा सुरक्षा हेतु क्या योजना बनाई गई है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) वाराणसी में गंगा नदी के किनारे स्थित बालाजी घाट केंद्रीय संरक्षित स्मारक नहीं है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

फलों और साग-सब्जियों का उत्पादन

89. श्री सैयद शाहनवाज हुसैन: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 2008-09 तथा 2009-10 के दौरान देश में फलों और साग-सब्जियों का उत्पादन एवं निर्यात बढ़ा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या कारण हैं; और

(घ) फलों और साग-सब्जियों का उत्पादन एवं निर्यात बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए/ उठाए जा रहे हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) से (ग) वर्ष 2008-09 और 2009-10 के दौरान देश में फलों और सब्जियों का उत्पादन और उनके निर्यात का ब्यौरा इस प्रकार है:-

	2008-09		2009-10	
	फल	सब्जियां	फल	सब्जियां
उत्पादन (मिलियन मी.टन)	68.47	129.08	71.52	134.10
निर्यात (मिलियन मी. टन)	2.17	0.47	2.08	0.47

(घ) फलों और सब्जियों के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए कृषि एवं सहकारिता विभाग 2 केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमें अर्थात पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों के लिए बागवानी मिशन (एचएमएनईएच) और शेष राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम) कार्यान्वित कर रहा है। वर्ष 2011-12 के दौरान सरकार ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की संरक्षिता में शहरी क्लस्टर हेतु सब्जी पहल (वीयूआईसी) पर एक नया कार्यक्रम शुरू किया है। यह स्कीम एक मिलियन और उससे अधिक की आबादी अथवा राजधानी शहर वाले 29 राज्यों में से प्रत्येक में एक-एक शहर में कार्यान्वित की जा रही है। प्रारंभ में यह कार्यक्रम एक वर्ष (2011-12) की अवधि के लिए कार्यान्वित किया जाएगा। फलों और सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए किए गए उपायों में पैक घरों की स्थापना मुख्य बर्हिगमन, हवाई पत्तनों पर पेरिसेबल कार्गो हेतु केन्द्र तथा वाष्प ताप उपचार सुविधा की स्थापना, मण्डी पहुंच पहल, प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आदि शामिल है।

[अनुवाद]

प्रतिभा-खोज योजना

90. श्री राम सिंह राठवा: क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश के विभिन्न भागों में प्रतिभा-खोज एवं प्रशिक्षण योजना तथा अन्य संबंधित योजनाएं चलाई हैं;

(ख) यदि हां, तो गुजरात सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार प्रतिभाशाली युवाओं को प्रगत प्रशिक्षण प्रदान करती है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी योजना-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या केंद्र सरकार का इस प्रशिक्षण हेतु देश के विभिन्न राज्यों को अतिरिक्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो गुजरात सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) से (घ) जी, हां सरकार पूरे देश में प्रतिभा खोज और प्रशिक्षण योजना और अन्य योजनाओं को कार्यान्वित करती है। सरकार राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय कोचों के अधीन व्यक्तिगत प्रशिक्षण/कोचिंग, भारत और विदेश में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाग लेने और उपकरणों की खरीद के लिए प्रतिभा खोज और प्रशिक्षण तथा राष्ट्रीय खेल विकास निधि से संबंधित योजना के अंतर्गत प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

इसके अतिरिक्त सरकार देश में सब जूनियर (8-14 वर्ष), जूनियर (14-18 वर्ष) तथा सीनियर स्तर पर देश में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान करने के लिए निम्नलिखित योजनाएं चलाती है और उन्हें कोचों के माध्यम से उन्हें संबंधित विधाओं में वैज्ञानिक प्रशिक्षण प्रदान करती है:-

1. राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता योजना (एनएसटीसी)
2. सेना बाल खेल कंपनी योजना (एबीएससी)
3. भाखेप्रा प्रशिक्षण केंद्र योजना (एसटीसी)
4. विशेष क्षेत्र खेल योजना (एसएजी)
5. उत्कृष्टता केंद्र (सीओई)

इन योजनाओं में ग्रामीण, जनजातीय और दूर-दराज के क्षेत्र भी शामिल हैं। नि:शुल्क भोजन और आवास सुविधाएं, खेलकिट, खेल उपकरण, प्रतियोगिता प्रदर्शन भी प्रदान कराए जाते हैं, जबकि गैर-आवासीय प्रशिक्षुओं को भोजन और आवास के बदले मासिक वजीफा दिया जाता है। उत्कृष्टता केंद्र में प्रशिक्षुओं को विशेषज्ञ प्रशिक्षण के साथ-साथ अत्याधुनिक सुविधाएं, उपकरण और वैज्ञानिक समर्थन प्रदान किया जाता है। भाखेप्रा योजना के अंतर्गत लगभग 15,000 प्रशिक्षुओं को लाभ मिलता है।

(ङ) जी, नहीं।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

महानगरीय क्षेत्रों में वाहनों में बढ़ोतरी

91. **श्रीमती ज्योति धुर्वे:** क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महानगरीय क्षेत्रों में सड़कों पर वाहनों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी के कारण यातायात की भीड़-भाड़ और उससे संबंधित अन्य समस्याओं के प्रबंधन और समाधान हेतु किए गए/किए जा रहे अल्पवधिक और दीर्घावधिक उपायों का ब्यौरा क्या है:

(ख) क्या किसी विशेषज्ञ अध्ययन ने एक तरफ निजी वाहनों के उपयोग को निरुत्साहित करने और दूसरी तरफ मेट्रो रेल, एमआरटी और अन्य साधनों जैसी सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुदृढ़ करने की सिफारिश की है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस बढ़ती समस्या के प्रति ढुल-मुल रवैया अपनाया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) शहरी परिवहन शहरी विकास जो कि राज्य का विषय है, से जुड़ा हुआ है। इसलिए शहरी परिवहन प्रबंधन के लिए पहल-प्रयास प्राथमिक रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और शहरी स्थानीय निकाय स्तर पर शुरू किए जाने है।

तथापि, शहरी परिवहन की तेजी से बढ़ रही समस्या की गंभीरता को महसूस करते हुए केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति तैयार करने, जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के अंतर्गत शहरी परिवहन हेतु बसों का वित्त पोषण, तीव्र बस परिवहन प्रणाली परियोजनाएं, यातायात परिवहन प्रबंधन केंद्रों तथा विभिन्न शहरों के लिए मेट्रो रेल परियोजनाओं की मंजूरी जैसे सक्रिय कदम उठाए हैं।

(ग) जी नहीं।

(घ) उपर्युक्त (ग) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

भारत में विदेशी फिल्मों की शूटिंग

92. **श्री जी.एम. सिद्देश्वर:** क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार देश में विदेशी फिल्म निर्माताओं को फिल्मों की शूटिंग करने की अनुमति देने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश के विभिन्न भागों में कितनी फिल्मों की शूटिंग की गई;

(ग) इसके लिए नियत शुल्क तथा उक्त अवधि में उनसे अर्जित राजस्व का ब्यौरा क्या है; और

(घ) प्रयोजनार्थ विदेशी फिल्म निर्माताओं को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. एस. जगतरक्षकन): (क) जी, हां।

(ख) सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने वर्ष 2008 से 80 विदेशी फीचर फिल्मों/टीवी रिऐलिटी शोज की शूटिंग करने की अनुमति प्रदान की है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा गत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष में फीचर फिल्मों/टीवी रिऐलिटी शोज की शूटिंग करने के लिए प्रदान की गई अनुमतियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	वर्ष	अनुमति की संख्या
1.	2008	26
2.	2009	23
3.	2010	21
4.	2011 (आज तक)	10
	कुल	80

(ग) भारत में शूटिंग की अनुमति की मांग करने वाले आवेदक से 225 अमरीकी डॉलर के समतुल्य शुल्क प्रभारित किया जाता है। गत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान शुल्क से अर्जित किए गए राजस्व का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	वर्ष	अनुमति की संख्या	अर्जित राजस्व (लाख रुपए में)
1.	2008	26	2.41
2.	2009	23	2.48
3.	2010	21	2.06
4.	2011 (आज तक)	10	1.04
	कुल	80	7.99

(घ) सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार ने भारत में फीचर फिल्मों/टीवी रिऐलिटी शोज की शूटिंग करने के लिए विदेशी फिल्म निर्माताओं को बढ़ावा देने/प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कई कदम उठाए गए हैं। सरकार द्वारा उठाए गए कुछ कदम निम्नानुसार हैं:

(i) यह मंत्रालय अपनी योजनागत स्कीम "भारत तथा विदेशों के फिल्म बाजारों में सहभागिता" के जरिए विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों/बाजारों में इंडिया पॅविलियन के माध्यम से भारत के शूटिंग स्थलों का संवर्धन करता है।

(ii) कतिपय शर्तों के अध्यधीन विदेशी निर्माताओं द्वारा फीचर फिल्मों/टीवी रिऐलिटी शोज की शूटिंग हेतु फोटोग्राफी, फिल्मांकन व ध्वनि रिकॉर्डिंग के लिए काम आने वाले फिल्म शूटिंग उपस्करों तथा अपरिष्कृत फिल्म, वीडियो टेप आदि को सीमा-शुल्क का भुगतान किए बिना अस्थायी रूप से आयात किए जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

(iii) समयबद्ध तरीके से शूटिंग की अनुमतियां प्रदान की जाती हैं।

[हिन्दी]

जेएनएनयूआरएम के अन्तर्गत प्रस्ताव

93. श्री मारोतराव सैनुसी कोवासे: क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के तहत महाराष्ट्र राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इस बारे में वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) उक्त प्रस्ताव को कब तक अन्तिम रूप दिये जाने की संभावना है तथा इसमें विलम्ब के क्या कारण हैं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) से (ग) आवास तथा शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय द्वारा समन्वित जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के घटक-शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवा (बीएसयूपी) उप-मिशन और एकीकृत आवास तथा स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) के तहत क्रमशः 1,54,750 और 99,224 आवासीय यूनिटों के निर्माण के लिए कुल

55 परियोजनाएं और 107 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। बीएसयूपी के तहत 6 परियोजनाएं और आईएचएसडीपी के तहत 8 परियोजनाएं संशोधन के लिए राज्य सरकार को लौटाई गई हैं। बीएसयूपी और आईएचएसडीपी के तहत सरकार के पास कोई परियोजना लम्बित नहीं है।

महाराष्ट सरकार ने शुरू नहीं की जा सकने वाली परियोजनाओं के स्थान पर नई परियोजनाओं का अनुरोध किया है और इस पर सहमति व्यक्त की गई है। राज्य सरकारों से समय-समय पर प्राप्त होने वाली प्रस्तावों पर, केन्द्र स्तरीय स्वीकृति समिति द्वारा कार्रवाई की जाती है।

[अनुवाद]

डीडी उर्दू/क्षेत्रीय चैनलों को बढ़ावा देना

94. श्री असादूद्दीन ओवेसी: क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार/प्रसार भारती (पीबी) का विचार दूरदर्शन (डीडी) उर्दू और क्षेत्रीय डीडी चैनलों के लिए नए कार्यक्रम/सामग्री शुरू और तैयार करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विगत वर्षो में क्षेत्रीय चैनलों की उपेक्षा हुई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने ऐसे चैनलों के पुनरुद्धार हेतु 142 करोड़ रु. स्वीकृत किए हैं;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) उक्त चैनलों के माध्यम से क्षेत्रीय कार्यक्रमों को बढ़ावा देने/लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार/प्रसार भारती ने क्या उपाय किए हैं/किए जाने का प्रस्ताव है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) और (ख) प्रसार भारती ने सूचित किया है कि दूरदर्शन उर्दू चैनल की नई विषय-वस्तु शुरू करने का कार्य प्रक्रियाधीन है। डीडी (कशीर), डीडी (उर्दू) और डीडी (पूर्वोत्तर) को छोड़कर अन्य कोई क्षेत्रीय केन्द्र किसी कार्यक्रम को प्रचालित नहीं करता है। ये केन्द्र नई विषय-वस्तु प्रदान करते हैं।

(ग) और (घ) इस प्रकार का कोई मामला सरकार की जानकारी में नहीं लाया गया है।

(ङ) और (च) सरकार ने 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान डीडी चैनलों के लिए विषय-वस्तु के सॉफ्टवेयर निर्माण/अधिप्रापण हेतु योजनागत स्कीम के अंतर्गत 142.00 करोड़ रु. के ईएफसी प्रस्ताव का अनुमोदन किया है जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है:?

(करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	विषयगत शीर्ष	11वीं पंचवर्षीय योजना के लिए परिव्यय	चरणबद्धन		
			2010-11	2011-12	2012-13
1.	डीडी उर्दू	80.00	41.00	35.00	4.00
2.	आरएलएसएस	15.00	01.00	10.00	4.00
3.	डीडी इंडिया	14.00	03.00	08.00	3.00
4.	डीडी भारती	14.00	03.00	08.00	3.00
5.	डीडी न्यूज	10.00	01.00	05.00	4.00
6.	डीडी अभिलेख	09.00	01.00	05.00	3.00

(छ) प्रसार भारती ने सूचित किया है कि दूरदर्शन ने विगत छह माह के दौरान सभी क्षेत्रीय चैनलों में अपने निर्धारित बिंदु चार्टो के प्ररूप को पूरी तरह से परिवर्तित कर दिया है। आकाशवाणी के साथ समन्वय करके क्षेत्रीय केन्द्रों में नई कार्यक्रम सलाहकार समितियां गठित करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। उन सभी कार्यक्रम-प्ररूपों व धारावाहिकों को वापस ले लिया गया है, जिनकी उपयोगिता समाप्त हो गई है ताकि नए व अभिनव कार्यक्रमों के लिए मार्ग प्रशस्त हो सके।

डीएमआरसी के पार्किंग प्रभार

95. श्री ई.जी. सुगावनम: क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने पार्किंग प्रभारों में अत्यधिक बढ़ोतरी कर दी है और ये प्रभार भिन्न-भिन्न स्टेशनों पर अलग-अलग हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और आम आदमी पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है;

(ग) क्या सरकार/डीएमआरसी को पार्किंग शुल्क में परिवर्तन हेतु कोई मांग प्राप्त हुई है;

(घ) यदि हां, तो डीएमआरसी ने इस पर क्या कार्रवाई की है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) दिल्ली मेट्रो रेल निगम लिमिटेड ने सूचित किया है कि उसमें 8.9.2011 से पार्किंग शुल्क में बढ़ोतरी कर दी है क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए पर्यावरण प्रदूषण (उन्मूलन एवं नियंत्रण) प्राधिकरण के परामर्श के अनुसार पार्किंग शुल्क की दरें बहुत कम थी।

पटेल चौक और विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशनों में भिन्न-भिन्न दैनिक शुल्कों को छोड़कर सभी मेट्रो स्टेशनों के लिए मासिक पार्किंग शुल्क एक समान है। इन दो मैट्रो स्टेशनों के समीपवर्ती क्षेत्र ऐसे प्रमुख क्षेत्र है जिनमें पार्किंग के अलावा कोई पार्किंग सुविधाएं नहीं है। इन दो मेट्रो स्टेशनों में पार्किंग की दरें सड़क वाहनों के उपयोग को सीमित करने के लिए अधिक रखी गई हैं।

पार्किंग शुल्क में इस बढ़ोतरी के कारण आम आदमी पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है क्योंकि सभी मैट्रो स्टेशनों में डीएमआरसी का पार्किंग दरें नागरिक प्राधिकरणों के निकटवर्ती पार्किंग स्थलों की तुलना में अभी भी कम है।

(ग) और (घ) डीएमआरसी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए पर्यावरण प्रदूषण (उन्मूलन एवं नियंत्रण) प्राधिकरण के परामर्श से पार्किंग शुल्कों में वृद्धि की है।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

मूंगफली और सूरजमुखी का बुआई क्षेत्र

96. श्री सुरेश कुमार शेटकर: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश और गुजरात के कुछ भागों में कम वर्षा के कारण गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष मूंगफली और सूरजमुखी की बुआई कम क्षेत्र में हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस बारे में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) खरीफ, 2011 में कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और गुजरात राज्यों में मूंगफली और सूरजमुखी के अंतर्गत पिछले वर्ष की तुलना में क्षेत्र में कमी आई है। क्षेत्र में एह कमी मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के राज्यों में मौसम की असामान्यता, बार-बार पड़ने वाले सूखे के कारण है। तथापि, गुजरात राज्य में मूंगफली के अन्तर्गत क्षेत्र के कवरेज में कमी के मुख्य कारण अन्य खरीफ फसल यथा कपास और एरण्ड के अन्तर्गत क्षेत्र में वृद्धि है। खरीफ, 2010 और खरीफ, 2011 के दौरान कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश और गुजरात राज्यों में मूंगफली और सूरजमुखी के अन्तर्गत क्षेत्र निम्नलिखित है:-

(क्षेत्र लाख हैक्टेयर में)

राज्य	फसल	2010-11 (चौथा) अग्रिम अनुमान)	2011-12 (प्रथम अग्रिम अनुमान)
कर्नाटक	मूंगफली	6.59	5.25
	सूरजमुखी	1.94	1.75
आन्ध्र प्रदेश	मूंगफली	13.47	10.4
	सूरजमुखी	0.42	0.21
गुजरात	मूंगफली	16.91	14.33
	सूरजमुखी	-	

(ग) मूंगफली और सूरजमुखी सहित तिलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार वर्ष 2011-12 के दौरान 14 प्रमुख तिलहन उत्पादक राज्यों में समेकित तिलहन, दलहन, आयल पॉम और मक्का स्कीम (आइसोपॉम) कार्यान्वित कर रही है। साथ ही वृहत कृषि प्रबंधन (एमएमए) और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) तिलहन विकास कार्यक्रमों में सहायता प्रदान करती है। वृहत कृषि प्रबंधन (एमएमए) स्कीम आइसोपॉम के अन्तर्गत कवर नहीं किए गए राज्यों को सहायता प्रदान करती है। तिलहन विकास के लिए राज्य राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के अन्तर्गत किसी भी फसल के लिए राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तर संस्वीकृत समिति द्वारा अनुमोदित फसल विकास कार्यकलापों को सहायता दे सकती है। तिलहन विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन अलावा वर्ष 2011-12 के दौरान तिलहन फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में कफी वृद्धि की गई है।

[हिन्दी]

डीएवीपी द्वारा विज्ञापन देना

97. श्री जय प्रकाश अग्रवाल: क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी) ने विगत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान मीडिया/एजेंसी-वार कितने विज्ञापन जारी किए और उन पर कितना व्यय हुआ;

(ख) मीडिया में विज्ञापन जारी करने हेतु नियत मार्गनिदेशों/मानकों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त मार्गनिदेशों/मानकों में पिछली बार सुधार/संशोधन किस तिथि को किया गया?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) गत तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी) द्वारा विज्ञापनों पर किए गए व्यय के साथ जारी किए गए विज्ञापनों की संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	प्रिंट मीडिया		श्रव्य-दृश्य मीडिया	
	व्यय (करोड़ रु. में)	विज्ञापनदाताओं की संख्या	व्यय (करोड़ रु. में)	विज्ञापनों की संख्या
2008-09	276.39	16,539	190.77	196
2009-10	304.80	15,395	229.35	329
2010-11	356.64	21,247	216.03	572
2011-12 (दिनांक 17.11.11 तक की स्थिति के अनुसार	188.33	10,777	55.50	249

(ख) प्रिंट मीडिया विज्ञापनों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विज्ञापनों से संबंधित नीतियां सूचना और प्रसारण मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात www.mib.nic.in पर उपलब्ध हैं। उक्त नीतियां क्रमशः संलग्न विवरण-I विवरण-II दी गई हैं।

(ग) प्रिंट मीडिया विज्ञापन नीति पिछली बार दिनांक 2 अक्तूबर, 2007 को संशोधित की गयी थी। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विज्ञापन नीति पिछली बार दिनांक 19 सितंबर, 2008 को संशोधित की गयी थी।

विवरण I

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय

नई विज्ञापन नीति

(1 अक्तूबर, 2007 से लागू)

अनुच्छेद-1

विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी) सार्वजनिक उपक्रमों और स्वायत्त निकायों सहित भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों तथा संगठनों के विज्ञापनों के लिए प्रमुख विज्ञापन एजेंसी है। विज्ञापन देने में सरकार का मूल उद्देश्य समाचारपत्रों और समसामयिक विषयों, विज्ञान, कला, साहित्य, खेलकूद, फिल्मों और सांस्कृतिक विषयों से संबंधित पत्रिकाओं के जरिये विज्ञापन की अभिप्रेत विषय सामग्री अथवा संदेश का यथासंभव व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। पत्र-पत्रिकाओं को विज्ञापन जारी करते समय विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय उस समाचारपत्र या पत्रिका की राजनीतिक संबद्धता अथवा संपादकीय नीतियों को नहीं देखता। फिर भी, निदेशालय उन समाचारपत्रों/पत्रिकाओं को विज्ञापन जारी करने से बचेगा, जो सांप्रदायिक भावनायें भड़काते हैं या भड़काने का प्रयास करते हैं, हिंसा के लिए उकसाते हैं, भारत की संप्रभुता एवं अखंडता को कमजोर करते हैं या समाज द्वारा स्वीकृत नैतिकता और आचरण के मानदंडों को आघात पहुंचाते हैं।

पूर्व के सभी आदेशों को निष्प्रभाव करते हुए सरकार ने एतद्वारा 2 अक्तूबर, 2007 से नई विज्ञापन नीति निर्धारित की है।

नोट: हाउस जर्नल, स्मारिकाओं एवं वार्षिक पत्रिकाओं को सूचीबद्ध नहीं किया जाएगा।

अनुच्छेद-2

सरकारी विज्ञापनों का उद्देश्य पत्र-पत्रिकाओं को आर्थिक सहायता पहुंचाना नहीं है। निदेशालय पत्र-पत्रिकाओं को विज्ञापन जारी करने के लिए उनकी सूची बनता है जिसमें स्वीकृत पत्र-पत्रिकाओं को पैनलबद्ध किया जाता है। विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय केवल उन्हीं पत्र-पत्रिकाओं को पैनल में रखेगा जिनकी भारत सरकार के विज्ञापनों को जारी करने के लिए आवश्यकता होगी। इस बात का ध्यान रखा जाता है कि उन्हीं पत्र-पत्रिकाओं को पैनल में शामिल किया जाये जो देश के विभिन्न भागों में समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा पढ़े जाते हों।

अनुच्छेद-3

केंद्र सरकार के सभी विज्ञापनों को डीएवीपी के माध्यम से भेजा जाएगा। मंत्रालयों/विभार्गों के अन्तर्गत सभी सम्बद्ध कार्यालय, स्वायत्त संगठन एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भी विदृप्रति के माध्यम से ही अपने विज्ञापन भेजेंगे। तथापि, वे विदृप्रति दरों पर सूचीबद्ध समाचारपत्रों को ही सीधे तौर पर निविदा सूचनाएं भेज सकते हैं। सा.क्षे.उप., स्ववायत्त निकाएं एवं भारत सरकार की समितियां सूचीबद्ध समाचारपत्रों को विदृप्रनि दरों पर सीधे ही सभी विज्ञापन भेज सकते हैं बशर्ते कि सभी वर्गीकृत एवं सजावटी विज्ञापनों को अधोलिखित विधि में जारी किया हो:-

(रुपए में)

लघु	न्यूनतम 15%
मध्यम	न्यूनतम 35%
बड़े	न्यूनतम 50%
अंग्रेजी भाषा	(अनुमानत:) 30%
हिंदी भाषा*	(अनुमानत:) 35%
क्षेत्रीय एवं अन्य भाषाएं*	(अनुमानत:) 35%

*जैसा कि बोडो, डोगरी, गढ़वाली, कश्मीरी, खासी, कोंकणी, मैथिली, मणिपुरी, मिजो, नेपाली, राजस्थानी, संस्कृत, संथाली, सिन्धी, उर्दू एवं राज्य सरकारों द्वारा प्रमाणित जनजातीय भाषाएं।

अनुच्छेद-4

सभी मंत्रालय/विभाग स्वायत्तशासी निकाएं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों को नए वित्तीय वर्ष के प्रथम माह के भीतर विगत वर्ष में वास्तविक व्यय के 80% तक प्राधिकार पत्र (एलओए) जारी करना होगा तथा वित्तीय वर्ष की 28 फरवरी से पूर्व सभी शेषों का पूर्ण भुगतान करना होगा।

पैनल सलाहकार समिति

अनुच्छेद-5

सरकारी विज्ञापन छापने के लिए पैनलबद्ध करने हेतु पत्र-पत्रिकाओं के आवेदनों पर विचार करने के लिए एक पैनल

सलाहकार समिति है। महानिदेशक, विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय इस समिति के अध्यक्ष हैं तथा इसमें पत्र सूचना कार्यालय (पी.आई.बी.) के अपर महानिदेशक (मीडिया एवं संचार)/उप-महानिदेशक (सूचना एवं संचार), प्रेस पंजीयक/उप प्रेस पंजीयक तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में प्रिंट मीडिया का कार्य देख रहे निदेशक/उपसचिव/अवर सचिव शामिल हैं। इस समिति में बड़े, मझोले तथा छोटे समाचारपत्रों के संगठन का एक-एक प्रतिनिधि भी होगा। पात्र-पत्रिकाओं को पैनलबद्ध करने के बारे में विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय के महानिदेशक द्वारा स्वीकृत पैनल सलाहकार समिति की सिफारिशें आमतौर पर अंतिम होती हैं।

अनुच्छेद-6

सरकार के व्यापक सामाजिक उद्देश्यों और समाचारपत्रों/पत्रिकाओं की विविध श्रेणियों में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए पैनल सलाहकार समिति निम्न श्रेणियों की पत्र/पत्रिकाओं को प्राथमिकता के आधार पर पैनल से शामिल करने का ध्यान रखती है:

(क) छोटे और मझोले समाचार-पत्र/पत्रिकाएं

(ख) विभिन्न भाषाओं के समाचारपत्र जैसा कि-बोडो, डोगरी, गढ़वाली, कश्मीरी, खासी, कोंकणी, मैथिली, मणिपुरी, मिजो, नेपाली, राजस्थानी, संस्कृत, सन्थाली, सिन्धी, उर्दू एवं राज्य सरकारों द्वारा प्रभावित जनजातीय भाषाएं।

(ग) पिछड़े, सुदूरवर्ती और सीमावर्ती क्षेत्रों तथा जम्मू एवं कश्मीर, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा उत्तर-पूर्वी राज्यों में प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र/पत्रिकाएं।

अनुच्छेद-7

समाचारपत्रों/पत्रिकाओं को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है जो इस प्रकार है:

(1) छोटे समाचारपत्र जिनकी दैनिक प्रसार संख्या 25,000 हो;

(2) मझोले समाचारपत्र जिनकी दैनिक प्रसार संख्या 25,001 से लेकर 75,000 हों; और

(3) बड़े समाचारपत्र जिनकी दैनिक प्रसार संख्या 75,000 से अधिक हो।

पैनल में शामिल करने के लिए मानदंड

अनुच्छेद-8

पहली बार पैनल में शामिल होने वाले सभी समाचारपत्रों/पत्रिकाओं को अघोलिखित का अनुपालन करना होगा:

1. उनका प्रकाशन कम से कम 36 माह से बिना रुके और नियमित रूप से हो रहा हो।

(क) क्षेत्रीय भाषाओं जैसेकि बोडो, डोगरी, गढ़वाली, कश्मीरी, खासी, कोंकणी, मैथिली, मणिपुरी, मिजो, नेपाली, राजस्थानी, संस्कृत, सन्थाली, सिन्धी, उर्दू एवं राज्य सरकारों द्वारा प्रमाणित जनजातीय भाषाओं के समाचारपत्रों को विशेष प्रोत्साहन देने के लिए या जम्मू एवं कश्मीर, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूहों तथा उत्तर-पूर्व राज्यों में प्रकाशित समाचारपत्रों को छः माह के नियमित एवं अबाधित प्रकाशन के पश्चात् सूचीबद्धता हेतु विचार किया जा सकता है। सभी क्षेत्रीय एवं अन्य भाषाई लघु एवं मध्यम समाचारपत्रों के मामले में, अर्हता अवधि 18 माह की रहेगी।

(ख) एक लाख एवं अधिक की प्रसार-संख्या वाले व्यापक परिचालित समाचारपत्रों की पाठक कार्यक्षमता का लाभ उठाने के लिए ऐसे समाचारपत्रों को प्रकाशन की एक वर्ष की अवधि के बाद सूचीबद्धता के लिए पात्र बनाया जायेगा। ऐसे समाचारपत्रों के प्रसार संख्या संबंधी दावे को तभी स्वीकार किया जायेगा जब वे आर.एन.आई या एबीसी द्वारा प्रमाणित होंगें।

2. उन्हें प्रेस एवं पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 के उपबंधों का अनुपालन करना होगा।

3. विगत छः वर्षों में डीएवीपी ने उन्हें अयोग्य घोषित नहीं किया हो और न ही उनकी तरफ डीएवीपी की कोई लेनदारी बकाया हो।

4. अयोग्यता की अवधि छह साल से अधिक नहीं होनी चाहिए।

5. उन्हें आवेदन के साथ भारतीय समाचार पत्रों के पंजीयक के कार्यालय द्वारा अस्थापित घोषित नहीं किया गया होना चाहिए।

6. आवेदक को भारतीय समाचार पत्रों के पंजीयक द्वारा प्रकाशन के नाम जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति भी प्रस्तुत करनी होगी।

7. पैनलबद्ध होने के लिए वांछित विवरण जैसे समाचारपत्र का आकार, भाषा, आवधिकता, प्रिंट एरिया तथा प्रिंटिंग प्रेस आदि का ब्यौरा भी दिया जाना चाहिए।

8. इसके अतिरिक्त, इसकी पुष्टि की जानी चाहिए कि समाचारपत्र उचित मानदंडों के अनुसार प्रकाशित किया जा रहा है। उचित मानदंडों के अंतर्गत अन्य बातों के अलावा ये भी शामिल हैं:

(क) मुद्रित सामग्री तथा फोटोग्राफ सुपाठ्य, स्वच्छ व स्पष्ट हो तथा धब्बे, दोहरी छपाई और काट-छांट से रहित होनी चाहिए।

(ख) इनमें अन्य अंकों से समाचार सामग्री अथवा लेखों की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

(ग) इनमें अन्य पत्र-पत्रिकाओं से समाचार सामग्री अथवा लेखों की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

(घ) इसके मुखपृष्ठ पर समाचारपत्र का शीर्षक (मास्टहैड) और प्रकाशन का स्थान, तिथि तथा मुद्रित होना चाहिए; इसमें भारतीय समाचार पत्रों के पंजीयक के कार्यालय की पंजीकरण संख्या, खण्ड एवं अंक संख्या, पृष्ठों की संख्या तथा समाचारपत्र/पत्रिका का मूल्य भी मुद्रित होना चाहिए।

(ङ) समाचारपत्र में प्रेस एवं पुस्तक पंजीकरण अधिनियम के अंतर्गत इंप्रिंट लाईन मुद्रित होनी चाहिए।

(च) अन्दर के पृष्ठों में पृष्ठ संख्या, पृष्ठ का शीर्षक तथा प्रकाशन की तिथि मुद्रित होनी चाहिए। अनेक संस्करणों वाले समाचारपत्रों के लिए प्रकाशन का स्थान भी अन्दर के पृष्ठों में उल्लिखित होना चाहिए।

(छ) सभी प्रकाशनों में सम्पादकीय मुद्रित होना चाहिए।

नोट: पैनल में शामिल होने/दर नवीरकरण के लिए आवेदन देने से पहले प्रकाशक को इस बात को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि नीति में दी गई सभी शर्तों को उनका प्रकाशन पूरा करता है। आवेदन पत्र सभी दृष्टि से पूरा होना चाहिए तथा उसके साथ संबंधित दस्तावेज भी होने चाहिए। अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन एक वर्ष में दो बार ही किया जा सकता है- पहली बार फरवरी के अंत में तथा दूसरी बार अगस्त के अंत में। फरवरी अंत से पूर्व किए गए आवेदनों पर उसी वर्ष के माह में विचार किया जायेगा तथ उनका अनुबंध उसी वर्ष की 1 जुलाई से शुरू होगा तथा अगस्त अंत से पूर्व किए गए आवेदनों पर नवंबर में विचार किया जाएगा एवं उनका अनुबंध अगले वर्ष की 1 जनवरी से शुरू होगा। पैनल में शामिल होने के लिए अपेक्षित दस्तावेजों का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

अनुच्छेद-9

उपर्युक्त किसी भी प्रावधान के बावजूद विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय के महानिदेशक को पैनल सलाहकार समिति के अध्यक्ष के नाते यह विवेकाधिकार होगा कि वह पैनल सलाहकार समिति के अनुमोदन पर किसी समाचारपत्र को छह महीने के लिए या पैनल सलाहकार समिति की अगली बैठक तक अस्थायी रूप से पैनल में शामिल कर सकते हैं, बशर्ते कि उक्त समाचारपत्र ने पैनल में शामिल होने संबंधी सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर लीं हों या फिर उसे सरकारी विज्ञापन छापने के लिए उपयुक्त पाया गया हो। अस्थायी रूप से पैनल में शामिल किए जाने के सभी मामले पैनल सलाहकार समिति की अगली बैठक में समिति के समक्ष रखे जाएंगे।

अनुच्छेद-10

रेट कांट्रेक्ट

सभी सूचीबद्ध समाचारपत्रों को कहा जायेगा कि वे दरों के बारे में अनुबंध के लिए विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय के साथ रेट कांट्रेक्ट (दर अनुबंध) करें जो तीन वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगा। हालांकि चार्टर्ड एकाउंटेंट/आर.एन.आई./ए.बी.सी. के प्रमाणपत्रों के आधार पर, जो भी लागू हो, दर अनुबंध की वैध अवधि के दौरान, दर अनुबंध की अवधि से एक वर्ष पूरा होने के बाद वितरण में परिवर्तन केवल एक बार स्वीकार किया जा सकता है, जिसके लिए आर.एन.आई. को गत वर्ष की वार्षिक विवरणी जमा करने का प्रमाण विधिवत् रूप से संलग्न होना चाहिए। हालांकि ए.बी.सी./ आर.एन.आई. से वितरण में कमी संबंधी सूचना के मामले में महानिदेशक, वि.दृ.प्र.नि का निर्णय अंतिम होगा।

टिप्पणी 1: दर अनुबंध के नवीकरण के आवेदन पत्र वि. दृ.प्र.नि. की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

टिप्पणी 2: सभी सूचीबद्ध प्रकाशन, आर.एन.आई को जमा की गई गत वर्ष की वार्षिक विवरणी की प्रति आर.एन.आई. के प्राप्ति प्रमाण के साथ, प्रत्येक वर्ष 30 सितम्बर तक जमा करा दें ऐसा न करने पर महानिदेशक, वि.दृ.प्र.नि. द्वारा समाचार पत्र को पैनल से हटा दिया जाएगा।

अनुच्छेद-11

नियमितता

नियमित प्रकाशन के लिए आवेदक ने पिछले 12 महीनों के दौरान पर महीने कम से कम 25 दिन समाचारपत्र अवश्य प्रकाशित किया हो। इसी तरह साप्ताहिक पत्रिकाओं ने पिछले वर्ष 46 अंक; पाक्षिक पत्रिकाओं ने 23 अंक एवं मासिक पत्रिकाओं ने बीते वर्ष में 11 अंक प्रकाशित किये हों तो उन्हें नियमित रूप से प्रकाशित हुआ माना जायेगा।

अनुच्छेद-12

जिन समाचारपत्रों/पत्रिकाओं की स्थापित प्रसार संख्या प्रति प्रकाशन दिवस 75,000 से अधिक प्रतियां हो और ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन ने भी इसे प्रमाणित किया हो, उसी शीर्ष के साथ गत गत चार महीने में नियमित प्रकाशन के बाद वे एक नई जगह से अपना ताजा संस्करण पैनल में शामिल करवा सकते हैं किंतु ऐसे मामलों में ताजा संस्करण को पैनल में सबसे कम प्रसार संख्या वाले स्लैब में ही रखा जाएगा।

छोटे तथा मझोले समाचारपत्रों (दैनिक) के मामले, में, विज्ञापन नीति की अन्य शर्तों के अनुसार चार्टर्ड एकाउंटेट द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रमाणित वितरण के अनुसार 4 महीने के नियमित प्रकाशन के बाद इनके नवीन संस्करणों को भी पैनल में शामिल किया जा सकता है।

अनुच्छेद-13

किसी समाचारपत्र/पत्रिका को पैनल में शामिल करने पर तभी विचार किया जाएगा जब उसकी कम से कम 2000 प्रतियों की बिक्री हुई हो। हालांकि, बोडो, डोगरी, गढ़वाली, कश्मीरी, खासी, कोंकणी, मैथिली, मणिपुरी, मिज़ो, नेपाली, राजस्थानी, संस्कृत, संथाली, सिंधी उर्दू तथा राज्य सरकार द्वारा प्रमाणित जनजातीय भाषाओं में देशभर में प्रकशित होने वाले समाचारपत्र/पत्रिकाएं तथा पिछड़े, सीमावर्ती, पर्वतीय क्षेत्रों या दूरस्थ क्षेत्रों या जनजातीय भाषाओं में प्रकाशित होने वाले समाचारपत्र/पत्रिकाएं या जो जम्मू तथा कश्मीर, अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह और पूर्वोत्तर राज्यों में प्रकाशित होते हों उन्हें प्रति प्रकाशन दिवस के लिए न्यूनतम 500 प्रतियों का ही पेड वितरण प्रमाणित करना होगा।

अनुच्छेद-14

एक समाचारपत्र/पत्रिका में न्यूतम प्रिंट एरिया इस प्रकार होना चाहिए:

अवधि	से न्यूनतम प्रिंट एरिया
दैनिक	1520 स्टे. कॉ.से.मी/7600 वर्ग से.मी.
साप्ताहिक/पाक्षिक	700 स्टे.कॉ.से.मी./3500 वर्ग से.मी.
मासिक	960 स्टे.कॉ.से.मी./4800 वर्ग से.मी.

हालांकि, खंड 13 में उल्लिखित श्रेणी में आने वाले समाचारपत्रों/पत्रिकाओं के मामले में पैनल सलाहकार समिति द्वारा विशेष व्यवस्था की जा सकती है।

अनुच्छेद-15

महानिदेशक, विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा पैनल में शामिल करने के लिए पहले दी गई मंजूरी तब तक वैध रहेगी जब तक उसकी अवधि पूरी नहीं हो जाती।

अनुच्छेद-16

आवेदन करने वाली पत्र-पत्रिकाओं को प्रसार संख्या के बारे में ए.बी.सी. लागत लेखाकर/सांविधिक लेखा परीक्षक/चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणित आंकड़े नीचे दिये गये मानदंड के अनुसार प्रस्तुत करने होंगे:

25000 प्रतियों तक-निर्धारित प्रपत्र में लागत लेखाकर/चार्टर्ड एकाउंटेंट/सांविधिक लेखा परीक्षक का प्रमाणपत्र/ए.बी.सी. का प्रमाणपत्र।

25001-75000 तक

कम्पनियां: निर्धारित प्रपत्र में सांविधिक लेखा परीक्षक का प्रमाणपत्र/ए.बी.सी. का प्रमाणपत्र।

व्यक्ति: निर्धारित प्रपत्र में सांविधिक लेखा परीक्षक का प्रमाणपत्र/ए.बी.सी. का प्रमाणपत्र।

75000 से अधिक-ए.बी.सी./आर.एन.आई. का प्रमाणपत्र

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय पिछले एक वर्ष के लिए आर.एन.आई./ए.बी.सी./सांविधिक लेखा परीक्षक/चार्टर्ड अकाउंटेंट के प्रमाणपत्र में प्रमाणित औसत प्रसार संख्या को मानेगा।

नोट 1: जो प्रतियां समाचारपत्रों के मुख्य पृष्ठ पर अंकित मूल्य पर 40% से अधिक कमीशन पर बेची गई हैं उन्हें वि.दृ. प्र.की दर की गणना करने में शामिल नहीं किया जाएगा।

नोट 2: आर.एन.आई. वितरण प्रमाणपत्र जारी होने की तिथि से 4 वर्ष की अवधि तक वैध होगा।

नोट 3: 25,000 तक के वितरण वाले प्रकाशन को आर. एन.आई./ए.बी.सी. प्रमाणपत्र जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

अनुच्छेद-17

महानिदेशक, विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय को अपने प्रतिनिधियों अथवा आर.एन.आई के माध्यम से प्रसार संख्या के आंकड़ों की जांच करने का अधिकार होगा। तथापि, उन पत्र-पत्रिकाओं की कोई जांच नहीं होगी जिनकी प्रसार संख्या 25,000 तक है।

अनुच्छेद-18

निलंबन और वसूलियां: महानिदेशक, विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय ऐसे समाचारपत्र को तत्काल प्रभाव से सूची से निलंबन कर सकते हैं जिसके बारे में:

(क) यह पाया गया कि उसने जानबूझकर प्रसार संख्या अथवा किसी अन्य विषय के संबंध में झूठी सूचना दी है; अथवा

(ख) यह पाया गया कि उसने प्रकाशन स्थगित कर दिया है, उसकी अवधि या शीर्षक बदल दिया है या उसका प्रकाशन अनियमित हो गया है या उसने किसी पूर्व सूचना के बिना अपना परिसर/ प्रैस बदल दिया है; अथवा

(ग) यह पाया गया कि वह आर.एन.आई. को अपना वार्षिक विवरण अथवा निर्धारित एजेंसियों से प्राप्त होने वाला वार्षिक प्रसार संख्या प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल रहा; अथवा

(घ) भारतीय प्रेस परिषद द्वारा यह पाया गया कि वह अनैतिक या राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलग्न है; तथापि वि.दृ.प्र. नि. इस मामले में उचित निर्णय लेने के लिए मामले को मंत्रालय को भेजेगा।

(ङ) इस तरह की गतिविधियों के लिए उसे किसी न्यायालय ने दंडित किया है।

(च) यदि कोई समाचार पत्र भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा स्वायतशासी निकायों की ओर से विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा जारी विज्ञापनों को लेने और प्रकाशित करने से दो बार से अधिक बार मना करता है।

बशर्ते कि, महानिदेशक, विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय उपरोक्त (क), (ख) (ग) और (च) से संबंधित मामलों में उस समाचार पत्र को पर्याप्त अवसर दिए बिना निलंबन के कोई आदेश जारी न करें।

इस प्रकार के मामलों में समाचार-पत्र को 12 महीने की अवधि तक निलंबित रखा जाएगा। उपरोक्त (क), (ख) और (ग) के मामले में डीएवीपी प्रकाशक से, उसे पहले किये जा चुके भुगतान की वसूली करेगा। प्रकाशक को डीएवीपी से वसूली के लिए मांग पत्र जारी होने की तारीख के 60 दिन के भीतर यह राशि जमा करनी होगी अन्यथा समाचार-पत्र को बिना कोई नोटिस दिए तत्काल प्रभाव से पैनल से हटा दिया जाएगा और बकाया राशि डीएवीपी के पास लंबित पड़े बिलों/भुगतान, 'यदि कोई है तो', से वसूली की जाएगी। जब तक यह वसूली नहीं हो जाती तब तक कोई विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा।

विज्ञापन दर

अनुच्छेद-19

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा जारी विज्ञापनों के लिए भुगतान हेतु दर ढांचा, दर ढांचा समिति द्वारा की गई सिफारिशों के अनुसार निर्धारित किया जायेगा। किसी समाचारपत्र की प्रमाणित प्रसार संख्या के आधार पर दरें निर्धारित की जाएंगी। पैनल में शामिल सभी समाचारपत्र विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा समय-समय पर निर्धारित दरें तथा अन्य शर्तें मानते हुए निदेशालय के साथ रेट कांट्रेक्ट करेगा और इन समाचारपत्रों को निदेशालय जब भी विज्ञापन जारी करेगा, वह उनका प्रकाशन सुनिश्चित करेगा।

बिलों का भुगतान और समायोजन

अनुच्छेद-20

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय प्राप्तकर्ता के नाम से विज्ञापन बिलों की राशि का भुगतान करेगा। यह भुगतान उसी पते पर भेजा जायेगा जो समाचारपत्र ने रेट कांट्रेक्ट नवीकरण फार्म में या पैनल में शामिल करने के नये आवेदन में दिया है। पैनल में शामिल होने के वर्ष के दौरान प्राप्तकर्ता के नाम या पते में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन तक नहीं किया जायेगा जब तक कि वह औचित्यपूर्ण न हो और ऐसा करना अपरिहार्य न हो या बाध्यकर न हो गया हो।

अनुच्छेद-21

प्रत्येक समाचारपत्र को अखबार की एक प्रति जिसमें विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय का विज्ञापन दाता हो अपने विज्ञापनदाता को रिलीज आर्डर में दिये गये पते पर भेजना आवश्यक है। ऐसा न करने पर विज्ञापन के लिए भुगतान करने पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त डीएवीपी पैनल में शामिल किसी प्रकाशन

की नमूना प्रतियों की निर्धारित अवधि हेतु नियमित आपूर्ति की मांग कर सकता है। यदि समाचार पत्र निर्धारित तारीख तक विज्ञापन प्रकाशित करने में सक्षम न हो तो उसे 48 घंटे के भीतर डीएवीपी. को इसकी सूचना देनी होगी।

अनुच्छेद-22

प्रत्येक समाचार-पत्र को सभी तरह से पूर्ण और संबंधित दस्तावेजों सहित अपना विज्ञापन-बिल, विज्ञापन के प्रकाशित होने के 60 दिनों के भीतर ही प्रस्तुत करना होगा। विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय हर संभव प्रयास करेगा कि बिल प्राप्त होने के 60 दिनों के अंदर ही भुगतान कर दें।

अनुच्छेद-23

कोई भी समाचार-पत्र संबंधित रिलीज आर्डर मिले बिना विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय का विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा। विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय अपनी वेबसाइट www.davp.nic.in की मार्फत इलेक्ट्रानिक रिलीज आर्डर जारी करता है। कोई भी समाचार-पत्र अपने नाम से जारी वैध रिलीज आर्डर के बिना विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय के विज्ञापनों का प्रकाशन नहीं करेगा। समाचार-पत्रों डुप्लीकेट रिलीज आर्डर जारी करने संबंधी किसी भी अनुरोध पर विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय गुण-दोष के आधार पर और प्रत्येक मामले में अलग-अलग रूप से विचार करेगा।

अनुच्छेद-24

समाचारपत्र को रिलीज आर्डर में वि.दृ.प्र.नि. के विज्ञापनों के प्रकाशन की दर्शाई गई तिथि का कड़ाई से पालन करना होगा। यदि विज्ञापन का प्रकाशन रिलीज आर्डर में दर्शाई गई तिथि के अलावा किसी अन्य तिथि को, किया जाता है तो ऐसे मामलों में कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

विज्ञापनों को जारी करना

अनुच्छेद-25

जैसे ही विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से विज्ञापन जारी करने के प्रस्ताव प्राप्त होते हैं, डीएवीपी ग्राहक मंत्रालयों/विभागों उद्देश्यों, विषयवस्तु, विज्ञापन के लक्षित वर्ग तथा निधियों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए ग्राहक मंत्रालयों/विभागों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद एक उपयुक्त मीडिया सूची तैयार करेगा।

अनुच्छेद-26

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय ऐसे आवधिक प्रकाशनों को अधिक विज्ञापन, विशेषतौर से सामाजिक संदेश वाले ऐसे विज्ञापन जारी करने का प्रयास करेगा जिनके प्रकाशन की कोई निश्चित तिथि नहीं होती है। इस आशय के भी प्रयास किए जाएंगे कि पूर्वोत्तर, जम्मू और कश्मीर तथा अन्य सुदूर क्षेत्रों का विशेष ध्यान रखने वाले समाचारपत्रों को अधिक विज्ञापन जारी किए जाएं। सजावटी विज्ञापन जारी करते समय विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय सुनिश्चित करेगा कि प्रसार संख्या, भाषा, कवरेज एरिया की दृष्टि से विभिन्न श्रेणी के अखबारों में एक संतुलन बना रहे। इस प्रयोजन के लिए रुपए के परिप्रेक्ष्य में निम्नानुसार होगा:

श्रेणी	सीमा (रुपए में)
छोटे	(न्यूनतम) 15%
मझोले	(न्यूनतम) 35%
बड़े	(अधिकतम) 50%
अंग्रेजी	(लगभग) 30%
हिंदी	(लगभग) 35%
अन्य भाषाएं	(लगभग) 35%

उपर्युक्त मानदंड निर्देशात्मक हैं और मंत्रालयों/विभागों की समग्र मीडिया नीति में इनका दृढ़ता से पालन किया जाना चाहिए ताकि अनुकूलतम राशि में अधिकतम कवरेज सुनिश्चित किया जा सके। तथापि, कुछ विशेष मामलों में जहां मंत्रालय/विभाग इन मानदंडों से बचना चाहता है, उसे आदेश प्रस्तुत करते समय पूर्ण तथा विस्तृत औचित्य देना चाहिए।

डीएवीपी ऐसे सभी मामलों को सूचना और आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संज्ञान में लाएगा।

अनुच्छेद-27

जिन मामलों में महानिदेशक, वि.दृ.प्र.नि. अंतिम रूप से प्राधिकृत अधिकारी हैं उनमें समीक्षा का अधिकार सूचना और प्रसारण मंत्रालय का होगा।

डीएवीपी में सूचीबद्ध होने के लिए जरूरी कागज़ात

1. आर.एन.आई.पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या।

2. प्रसार संख्या का प्रमाण (चार्टर्ड एकाउंटेंट प्रमाणपत्र/लागत लेखाकार प्रमाणपत्र/सांविधिक लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र/ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन प्रमाणपत्र, जो भी लागू हो)।

3. आर.एन.आई. को प्रस्तुत वार्षिक रिटर्न की प्रति।

4. दैनिक अखबार को अपने प्रकाशन के पहले माह के अंकों को 9 वें और 17 वें माह के अंकों के साथ प्रस्तुत करना होगा और साप्ताहिक व पाक्षिक समाचारपत्रों के पिछले 6 माह के अंक प्रस्तुत करने होंगे तथा मासिकों को 12 माह के नवीनतम प्रकाशनों की प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।

नोटः जिन मामलों में न्यूनतम मानदण्ड 6 माह है उनमें दैनिकों को 3 माह की नवीनतम नमूना प्रतियां और सभी पत्रिकाओं को 6 माह की नवीनतम नमूना प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।

5. रेट कॉर्ड की तीन प्रतियां।

6. स्थाई लेखा संख्या (आयकर विभाग द्वारा जारी) की फोटो प्रति।

विवरण II

भारत सरकार की इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विज्ञापन नीति

1. विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (वि.दृ.प्र.नि.) भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों और संगठनों के लिए टी.वी. और रेडियो स्पॉट जिंगल्स कार्यक्रमों आदि के माध्यम से संदेश प्रसारित करने वाली केंद्रक (नोडल) एजेंसी है।

2. चैनलों को सूचीबद्ध करना और उनकी टेलीकास्ट/ब्रॉडकास्ट दरों को निर्धारित करने का मुख्य उद्देश्य कम लागत पर लक्षित दर्शकों के लिए निर्धारित उद्देश्यों और संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। वि.दृ.प्र.नि. इस प्रकार के विज्ञापन, जैसे स्पॉट्स/जिंगल्स आदि जारी करते समय रेडियो/टी.वी. चैनलों की राजनीतिक संबद्धता अथवा सम्पादकीय नीतियों को ध्यान में नहीं रखता। तथापि, इस प्रकार के चैनलों को विज्ञापन जारी नहीं करता जो सामुदायिक आवेश और हिंसा को बढ़ावा देते हैं, यह भारत की संप्रभुता और एकता का उल्लंघन करते हैं अथवा सामाजिक रूप से स्वीकार्य सार्वजनिक शिष्टाचार और आचरण को उत्तेजित करते हैं अथवा उत्तेजित करने का इरादा रखते हैं। चूंकि एक अभियान के लिए संचार माध्यमों की योजना प्रचार संबंधी आवश्यकताओं और उस अभियान के लिए लक्षित दर्शकों को ध्यान में रखकर तैयार की जाती है इसलिए एक चैनल के सूचीबद्ध होने का तात्पर्य उसे नियमित रूप से वि.दृ.प्र.नि. की ओर से विज्ञापन मिलना नहीं है।

3. निजी टी.वी/रेडियो चैनलों पर केंद्र सरकार के प्रचार संबंधी सभी विज्ञापन वि.दृ.प्र.नि के माध्यम से ही जारी किए जायेंगे। हालांकि मंत्रालय/विभाग (अर्ध-सरकारी, स्वायत्त निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम इत्यादि भी शामिल हैं) अपने श्रव्य दृश्य विज्ञापन एन एफ डी सी के माध्यम से विदृप्रनि के साथ सूचीबद्ध चैनलों को विदृप्रनि द्वारा अनुमोदित दरों पर देने के लिए स्वतंत्र हैं।

4. सरकार ने जिन विदेशी चैनलों को मजूरी नहीं प्रदान की है उन्हें सूचीबद्ध नहीं किया जाएगा। उन विदेशी/भारतीय चैनलों को कोई भी विज्ञापन जारी नही किया जायेगा जिनके अपलिंकिंग की मंजूरी रद्द कर दी गई है अथवा सरकार ने जिन चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

5. उपग्रह सैटेलाइट टी.वी. चैनलों को सूचीबद्ध करनाः

वि.दृ.प्र.नि. के साथ सूचीबद्ध होने के इच्छुक चैनलों को वि.दृ.प्र.नि. के विज्ञापनों के प्रत्युत्तर में आवेदन करना होगा। ऐसे विज्ञापन वर्ष में दो बार अर्थात् पहली बार 31 मार्च और दूसरी बार 30 सितम्बर को जारी किए जाएंगे। दूरदर्शन ओर लोकसभा टेलीविजन अथवा सरकारी स्वामित्व वाले किसी अन्य चैनल को स्वतः ही सूची में शामिल माना जाएगा। तथापि, यदि दूरदर्शन विशेष कार्यक्रम अर्थात खेल कार्यक्रमों के विपणन के लिए किसी एजेंसी को नियुक्त करता है तो वि.दृ.प्र.नि. इस प्रकार की एजेंसियों से निविदाएं आमंत्रित कर सकता है और इस नीति में प्रावधान किए गए ढांचा फार्मूले के अनुसार दरों पर बातचीत कर सकता है।

5(1) सैटलाईट (उपग्रह) टी.वी. चैनलों को सूचीबद्ध करने का मानदण्डः

सूचीबद्ध होने के लिए चैनल को निम्नलिखित न्यूनतम मानदण्डों को पूरा करना होगा-

(क) **न्यूनतम प्रसारण अवधि**-चैनल की 31 मार्च या 30 सितम्बर को (जो भी लागू हो) कम से कम छह माह की लगातार प्रसारण अवधि पूरी होनी चाहिए। इसके बावजूद हालांकि तीन महीनों के लगातार संचालित होने के बाद, यदि वे अखिल भारतीय चैनल में 0.02% का शेयर पर लेते हैं तो महानिदेशक, वि.दृ.प्र.नि. द्वारा उन्हें सूचीबद्ध किया जा सकता है।

(ख) **न्यूनतम चैनल शेयर**-किसी भी चैनल को सूचीबद्ध होने के लिए टीएएन या सरकार द्वारा अनुमोदित अन्य किसी स्थापित टी.वी. व्युअरशिप सर्वे एजेंसी के अनुसार सी एण्ड एस टैम्स

(पैरामीटर 15+आयु वर्ग, पुरुष/महिला दोनों, सभी एसईसी (सी), 06.00-23.59 घंटे, टाइम बैंड, सभी सप्ताह के दिनों में) अखिल भारतीय सर्वभौम में कम से कम 0.02% का अखिल चैनल शेयर होना चाहिए।

(ग) **छूट वाले वर्ग**-निम्नलिखित को उपर्युक्त 5(1)(बी) खण्ड में बताए गए न्यूनतम चैनल शैयर से छूट दी जाएगी।

(i) ऐसे चैनल जो विशेष रूप से पूर्वोत्तर, जम्मू और कश्मीर, झारखण्ड एवं बिहार के दर्शकों के लिए हैं, जब से टीएएम या सरकार द्वारा अनुमोदित अन्य किसी स्थापित टी.वी. व्युअरशिप सर्वे एजेन्सी द्वारा अभी तक इन राज्यों को कवर नहीं किया गया हो।

(ii) ऐसे चैनल जो पिछड़े, सीमावर्ती या सुदूर स्थान या आदिवासी/अल्पसंख्यक भाषा में प्रबल हों।

5(2) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के आई.डी.संख्या 1/50/2006-एमयूसी, दिनांक 24.03.2008 के द्वारा वि.दृ.प्र.नि. सरकार द्वारा अनुमोदित कोस्ट पर रेटिंग पाइंट (सीपीआरपी) के आधार पर सूचीबद्ध चैनलों का रेट निर्धारित किया जाएगा।

6. सूचीबद्ध/दरों के निर्धारण के संबंध में अन्य शर्तें:

(क) सूचीबद्ध होने के लिए आवेदन करने वाले चैनल इस आशय का प्रमाणपत्र देंगे कि उनके द्वारा दी गई जानकारी सही है और उनको वि.दृ.प्र.नि. द्वारा सूचीबद्ध करने के निर्णय को स्वीकार करना होगा। यदि चैनलों द्वारा दी गई सूचना असत्य और/या किसी भी संबंध में गलत पाई जाती है तो चैनल को सूची से निलंबित कर दिया जाएगा और/या उसे सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा।

(ख) सूचीबद्धता एवं विज्ञापन दरें एक वर्ष अथवा तब तक, जब तक नए पैनल व दरें नहीं बनतीं, इनमें से जो भी पहले हो, तक के लिए वैध होंगी। यद्यपि, लगातार 6 महीने की अवधि तक टैम दरों में 15% से अधिक परिवर्तन होने की स्थिति में, सरकार के पूर्व अनुमोदन से विदृप्रनि किसी भी चैनल के लिए विज्ञापन दरों का पुनर्विलोकन कर सकता है।

(ग) चैनल इस आशय का वचनपत्र देंगे कि उनके द्वारा स्वीकृत विदृप्रनि की अनुमोदित दरें उनकी न्यूनतम दरें हैं तथा वे विशेष रूप से विदृप्रनि के लिए हैं और किसी अन्य एजेंसी को नहीं दी जा सकती हैं। यदि इस शर्त के उल्लंघन की दशा में पैनल बनाने की दरों का पुनर्विलोकन करने का अधिकार विदृप्रनि के पास सुरक्षित है।

(घ) यदि किसी भी समय यह पाया गया कि भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा स्वायत्त संस्थाओं के लिए विदृप्रनि द्वारा जारी विज्ञापनों को स्वीकार करने के लिए चैनल ने दो से अधिक बार इंकार किया है तो चैनल को विदृप्रनि से मिलने वाले सरकारी विज्ञापनों पर रोक लगाई जा सकती है।

(ङ) किसी भी प्रकार की असहमति इत्यादि होने के मामले में चैनलों के पैनल तैयार करने तथा उनकी दरों के लिए उपर्युक्त प्रावधानों तथा नियमों व शर्तों के होते हुए भी विदृप्रनि का निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।

7. स्पॉट्स इत्यादि जारी करना:

(क) विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से विभापन जारी करने की मांग प्राप्त होते ही विदृप्रनि ग्राहक की आवश्यकताओं पर विचार करने के बाद, संदेश की विषय-वस्तु, लक्ष्य दर्शक तथा निधि की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए एक उपयुक्त योजना तैयार करेगा।

(ख) मीडिया योजना के लिए ग्राहक मंत्रालय/विभाग का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, टी.वी./रेडियो स्पॉट विभिन्न चैनलों पर प्रसारित होंगे। विज्ञापन प्रसारित होने से पहले ही प्राधिकार पत्र प्राप्त करके विदृप्रनि निधि की उपलब्धता सुनिश्चित कर लेगा। केवल उन मामलों को छोड़कर जहां किसी विशेष चैनल के लिए विभिन्न मंत्रालयों द्वारा विशेष अनुरोध किया गया हो, किसी भी चैनल को दिए जाने वाले विज्ञापन आर्थिक रूप से कुल तय बजट के 5% से अधिक नहीं होने चाहिए।

(ग) विदृप्रनि किसी भी प्रकार का अतिरिक्त विभागीय प्रभार नहीं लेगा। इसके अलावा, विदृप्रनि टी.वी/रेडियो चैनलों से प्राप्त होने वाले एजेंसी कमीशन का 15% ग्राहक मंत्रालय को देगा।

8. **बिलों का भुगतान:** प्रत्येक चैनल अभियान के समापन के 30 दिनों के भीतर या मासिक प्रसारणों की अंतिम तिथि को निर्धारित प्रारूप में टेलीकॉस्ट/प्रसारण प्रमाण-पत्रों सहित सभी दृष्टि

से पूर्ण अपने टेलीकॉस्ट/प्रसारण बिलों को प्रस्तुत करने के लिए बाध्य होगा। चैनलों द्वारा प्रस्तुत टेलीकॉस्ट/प्रसारण प्रमाण-पत्र टेलीकॉस्ट/प्रसारण प्रमाण-पत्र टेलीकॉस्ट/प्रसारण का प्रधान सबूत होंगे। तथापि, टीवी चैनलों के मामलों में थर्ड पार्टी मॉनीटरिंग अर्थात् टैम(एडैक्स) का चैनलों के लिए अतिरिक्त सहायक टेलीकॉस्ट प्रमाण-पत्रों को प्राप्त करने का अनुमोदन किया जा सकता है। विदृप्रनि बिलों की प्राप्ति के 45 दिनों के भीतर भुगतान जारी करने का भरसक प्रयास करेगा।

9. टीवी/रेडियो चैनलों को किए गए अधिक भुगतान के मामले में वसूली की जाएगी।

10. **सूचीबद्धता सलाहकार समिति:** इस नीति में समय-समय पर आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है। इसके लिए मंत्रालय द्वारा स्पॉट्स, कार्यक्रमों, आदि तथा किसी अन्य नए इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए दिशा-निर्देशों, सूचीबद्धता एवं टेलीकॉस्ट/प्रसारण दर ढाँचा के संबंध में सिफारिशें करने के लिए सूचीबद्धता सलाहकार समिति का गठन किया जाएगा। समिति अंतिम अनुमोदन एवं अधिसूचना के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

11. **लागू होने की तिथि:**

यह नीति तत्काल प्रभाव से लागू की जाएगी।

नोट: रेडियो चैनलों के लिए विज्ञापन दरों के संबंध में सूचीबद्धता सलाहकार समिति (ईपीसी) की सिफारिशों की प्रतीक्षा है। निजी रेडियो चैनल की सूचीबद्धता संबंधी संशोधित दिशा-निर्देशों तथा विज्ञापन दरों के निर्धारण संबंधी मानदंड अलग से जारी किए जाएंगे। तब तक के लिए वर्तमान नीति को आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू किया जाएगा।

[अनुवाद]

महिला सुरक्षा कार्मिक

98. श्रीमती जे. शांता: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा केन्द्रीय अर्ध-सैनिक बलों (सीपीएमएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में कार्यरत महिला कार्मिकों को प्रदत सुविधाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ख) सरकार ने ऐसी महिला कार्मिकों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु बीएसएफ सहित अर्ध-सैनिक बल-वार, क्या उपाय किए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) सरकार द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की महिला कार्मिकों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं में बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:-

- जहां महिलाएं तैनात हैं, उन स्थानों पर क्रेच/डे-केयर केन्द्र।
- महिला कार्मिकों के लिए बुनियादी सुविधाओं सहित पृथक आवास।
- कमोड लगातार समुचित टेंट तैयार करके ऐसे क्षेत्रों में महिला कर्मचारियों के लिए शौचालय सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं जहां उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं है।
- एक स्थान से दूसरे स्थान पर आवागमन के दौरान और पिकेटिंग ड्यूटी के दौरान महिला कर्मियों के लिए सचल शौचालय युक्त वाहन।
- केन्द्र सरकार के तहत पहले से उपलब्ध मातृत्व अवकाश, शिशु-देखभाल अवकाश, कर संबंधी लाभ इत्यादि जैसी सुविधाएं भी सी ए पी एफ महिला कार्मिकों को उपलब्ध हैं।
- गर्भवती महिला को विशेष देखभाल युक्त चिकित्सा सुविधाएं। चिकित्सा कवरेज मुहैया कराने के लिए महिला डॉक्टर उपलब्ध हैं।
- जहां भी केन्द्रीय विद्यालय हैं वहां उनके बच्चों के लिए शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं।
- महिला कार्मिकों को कार्य स्थल पर उनके साथी पुरुष कार्मिक के बराबर सुविधाएं लिंग संबंधी किसी तरह का भेद-भाव किए बगैर उपलब्ध करायी गई हैं।
- वेतन एवं भत्तों का संवितरण कोर-बैंकिंग के माध्यम से किया जाता है।
- विवाहित महिला कार्मिकों के मामले में, जहां तक संभव होता है, पति और पत्नी को एक ही स्टेशन पर तैनात किया जाता है।

(ख) सरकार द्वारा उनको आत्म-निर्भर बनाने के लिए किए गए उपाय निम्नलिखित हैं:-

- सभी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सी ए पी एफ) द्वारा अपने कार्मिकों को शिक्षित करने के लिए

सरकारी सेवा में जेण्डर सेंसिटाइजेशन संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसे उनके बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक हिस्सा भी बनाया गया है।

* महिला कार्मिकों के यौन उत्पीड़न को रोकने और उनकी शिकायतों को देखने के लिए सभी स्तरों पर समितियों का गठन किया गया है। सभी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में यौन-उत्पीड़न की शिकायतों की जांच करने के लिए शिकायत समितियों में गैर-सरकारी संगठनों (एन जी ओ) को शामिल किया गया है।

* महिला कार्मिकों को उनके कैरियर उन्नयन अर्थात पदोन्नति/वरिष्ठता में उनके सहकर्मी पुरुष साथी के बराबर समान अवसर प्रदान किए जाते हैं।

* महिला कार्मिकों को विभिन्न पाठ्यक्रमों के दौरान समुचित प्रशिक्षण एवं विचार-विमर्श के अवसर प्रदान करके उन्हें आत्म-निर्भर होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

नकली ब्रांडेड वस्तुएं

99. श्री हमदुल्लाह सईद: क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देशभर में नकली ब्रांडेड वस्तुओं का उत्पादन और उनकी बिक्री बढ़ रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या इसके परिणामस्वरूप सरकार को होने वाली राजस्व हानि का कोई आकलन किया गया है;

(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश में उक्त वस्तुओं के उत्पादन और उनकी बिक्री को रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

[हिन्दी]

केन्द्रीय अर्ध-सैनिक बलों में आत्महत्या के मामले

100. श्री के.सी.सिंह 'बाबा':
श्री एस. पक्कीरप्पा:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विभिन्न केन्द्रीय अर्ध-सैनिक बलों (सीपीएमसफ) में आत्महत्या और अपने सहकर्मियों पर फायरिंग के अनेक मामले सामने आए हैं;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2011 में बल-वार/लिंग-वार, ऐसे कितने मामले सामने आए हैं;

(ग) क्या इन घटनाओं के कारणों/परिस्थितियों का पता लगाने के लिए कोई जांच की गई है अथवा अध्ययन किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त जांच/अध्ययन के निष्कर्ष/सिफारिशें क्या हैं तथा इस बारे में सरकार ने क्या कार्रवाई की है; और

(ङ) सरकार ने कार्य से संबंधित तनाव कम करने, कार्य-स्थिति और सीपीएमएफ कार्मिकों के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लाने सहित क्या उपचारात्मक उपाय किए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) केन्द्रीय अर्ध सैनिक बलों (सीपीएमएफ) में आत्महत्या करने तथा अपने सहकर्मियों पर गोली चलाने की घटनायें निम्नानुसार हैं:

बल का नाम	आत्महत्याओं की संख्या/सहकर्मियों पर गोली चलाने के मामले	वर्ष 2011-आज की तारीख तक	
		पुरुष	महिला
1	2	3	4
असम राइफल्स	आत्महत्या	08	00
	सहकर्मियों पर गोली चलाने के मामले	01	00
बीएसएफ	आत्महत्या	36	00
	सहकर्मियों पर गोली चलाने के मामले	02	00

1	2	3	4
सीआईएसएफ	आत्महत्या	10	00
	सहकर्मियों पर गोली चलाने के मामले	01	00
सीआरपीएफ	आत्महत्या	37	01
	सहकर्मियों पर गोली चलाने के मामले	03	00
आईटीबीपी	आत्महत्या	04	00
	सहकर्मियों पर गोली चलाने के मामले	00	00
एनएसजी	आत्महत्या	02	00
	सहकर्मियों पर गोली चलाने के मामले	00	00
एसएसबी	आत्महत्या	09	02
	सहकर्मियों पर गोली चलाने के मामले	02	09

(ग) और (घ) जी हां। ऐसे प्रत्येक मामले में कारणों तथा परिस्थितियों का पता लगाने के लिए न्यायिक जांच कराई जाती है। अधिकतर मामलों में इनके कारणों से संबंधित घटक सामान्यतः व्यक्तिगत तथा घरेलू समस्याएं जैसेकि वैवाहिक अनबन, व्यक्तिगत दुश्मनी, मानसिक बीमारी, अवसाद इत्यादि पाए गए थे और ये इस प्रकार बलों से संबंधित नहीं थे।

(ङ) जी हां। बलों के माध्यम से सरकार द्वारा उठाए जा रहे सुधारात्मक उपायों में पर्याप्त आराम और राहत सुनिश्चित करने के लिए ड्यूटी के घण्टों को विनियमित करना, जरूरतमंद कर्मियों को पात्र छुट्टी की मंजूरी प्रदान करना, मनोरंजन की सुविधाओं का प्रावधान करना, टीम स्पोर्ट और खेलकूद के अवसर उपलब्ध कराना, योग और ध्यान का प्रशिक्षण प्रदान करना, चिकित्सकों तथा अन्य विशेषज्ञों द्वारा वार्ताएं आयोजित करना, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कार्मियों के साथ नियमित बातचीत करना इत्यादि शामिल हैं।

[अनुवाद]

जल परियोजनाएं

101. श्री के.जे.एस.पी. रेड्डी: क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के तहत किसी टीम ने ग्यारहवीं योजना के दौरान कुछ जल परियोजनाओं का दौरा किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रत्येक परियोजना पर अभी तक क्या-क्या रिपोर्टें तैयार की गईं और सिफारिशें की गईं; और

(घ) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) जी हां। जे.एन.एन.यू.आर.एम के अधीन स्वीकृत परियोजनाओं की निगरानी एवं कार्यान्वयन स्वतंत्र समीक्षा एवं निगरानी एजेंसी (आई.आर.एम.ए.) जो कि राज्यों द्वारा नियक्त एवं शहरी विकास मंत्रालय की केन्द्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (सी.एस.एम.सी.) द्वारा अनुमोदित है करती है, परियोजना दस्तावेजों की डेस्क समीक्षा एवं प्रत्येक परियोजना स्थल का आवधिक दौरा शुरू करती है जिससे जारी की गई राशि उद्देश्यपूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से उपयोग में लाई जा सके। जे.एन.यू.आर.एम. के शहरी अवस्थापना एवं शासन उप-मिशन द्वारा अनुमोदित जलापूर्ति परियोजनाओं के लिए आई.आर.एम.ए. के राज्यवार दौरों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) और (घ) परियोजनओं के क्रियान्वयन के बारे में आई. आर.एम.ए. की टिप्पणियां राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी को भेजी जाती हैं जो उनकी जांच कर आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्यवाही करती है। केन्द्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति द्वारा परियोजनाओं के लिए आगे की किस्तों की स्वीकृति देते समय आई.आर.एम.ए. की रिपोर्ट पर की गई कार्रवाई का एस.एल.एन.ए. का मूल्यांकन धान में रखा जाता है।

विवरण

क्र.सं.	राज्य का नाम	दिनांक 31.10.11 को जे.एन.यू.आर.एम. के यू.आई.जी. के अधीन अनुमोदित जलापूर्ति परियोजनाओं के लिए आई.आर.एम.ए. द्वारा किए गए दौरों की संख्या
1	महाराष्ट्र	24
2	केरल	2
3	राजस्थान	1
4	गुजरात	7
5	आन्ध्र प्रदेश	12
6	पश्चिम बंगाल	15
7	कर्नाटक	4
8	तमिलनाडु	15
9	उत्तर प्रदेश	9
10	मध्य प्रदेश	4
11	छत्तीसगढ़	1
12	उत्तराखंड	4
13	पंजाब	1

[हिन्दी]

जननक्षमता कैम्प्स

102. **श्री भूपेन्द्र सिंह:** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष में गायों और भैंसों में बांझपन संबंधी समस्याओं के इलाज हेतु राज्य-वार जननक्षमता कैम्प आयोजित करने हेतु जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) मध्य प्रदेश में उक्त कैम्प किन स्थानों पर आयोजित किए गए और इन में कितनी गोजातियों का इलाज किया गया;

(ग) क्या सरकार ने इन कैम्पों में गो-जातियों को उक्त इलाज से हुए वास्तविक लाभ का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन कराया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय गोपशु और भैंस प्रजनन परियोजना (एनपीसीबीबी) के तहत जारी धनराशि का राज्यवार और वर्षवार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है। एनपीसीबबी के तहत राज्यों को 10,000 रुपए प्रति शिविर की दर से प्रतिवर्ष प्रति प्रखंड 2 शिविरों के आयोजन के लिए राशि दी जाती है।

(ख) ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(ग) और (घ) राष्ट्रीय गोपशु और भैंस प्रजनन परियोजना का मूल्यांकन 12 राज्यों में स्वतंत्र एजेंसी (नाबार्ड परामर्शी सेवा-नबकान्स) के द्वारा किया गया था जिसने चरण-1 के क्रियान्वयन को काफी हद तक पूरा कर लिया था। मूल्यांकन एजेंसी की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए परियोजना का चरण-2 आरंभ कर दिया गया था।

विवरण I

राष्ट्रीय गोपशु और भैंस प्रजनन परियोजना

(लाख रुपए में)

क्र. स.	राज्य/संघ शासित प्रदेश	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12 (अक्तूबर, 2011 तक)
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	905.95	1000.00	1000.00	1645.65
2.	अरुणाचल प्रदेश	162.70	-	133.55	100.00
3.	असम	-	614.14	74.08	565.12

1	2	3	4	5	6
4.	बिहार	508.25	–	–	300.00
5.	छत्तीसगढ़	284.06	–	100.00	400.00
6.	गुजरात	–	643.24	1000.00	500.00
7.	हरियाणा	774.35	1200.00	1000.00	1000.00
8.	हिमाचल प्रदेश	155.46	297.19	500.37	300.00
9.	जम्मू और कश्मीर	300.00	250.00	300.00	–
10.	झारखंड	417.40	–	–	–
11.	कर्नाटक	–	500.00	–	500.00
12.	केरल	792.39	865.73	491.15	800.00
13.	मध्य प्रदेश	500.00	750.00	900.00	500.00
14.	महाराष्ट्र	250.00	678.85	1140.00	
15.	मणिपुर	–	323.80	361.75	
16.	मेघालय	65.34	–	200.00	–
17.	मिजोरम	–	65.00	171.57	189.45
18.	नागालैंड	68.29	69.76	227.28	167.49
19.	ओडिशा	882.98	390.58	646.94	300.00
20.	पंजाब	646.00	441.81	1000.00	–
21.	राजस्थान	632.73	700.00	–	500.00
22.	सिक्किम	131.82	77.30	100.00	
23.	तमिलनाडु	234.15	700.00	1000.00	750.00
24.	त्रिपुरा	256.82	–	237.76	–
25.	उत्तर प्रदेश	–	737.60	487.01	–
26.	उत्तराखंड	415.68	–	200.00	540.71
27.	पश्चिम बंगाल	352.60	1300.00	927.54	400.00
	अन्य	–	4.86	–	–
	कुल	8736.97	11609.86	12199.00	9458.42

टिप्पणी: एनपीसीबीबी के अंतर्गत राज्यों को प्रति कैम्प 10,000 रुपए की दर से प्रत्येक वर्ष प्रति प्रखंड में दो कैम्प आयोजित करने के लिए धनराशि प्रदान की जाती है।

विवरण-II

मध्य प्रदेश में आयोजित की गई जननक्षमता शिविरों के स्थान

क्र.सं.	जिले का नाम	जारी निधि (लाख रुपए में)	आयोजित कैम्पों की संख्या	उपचारित बोबाईनों की संख्या
1	2	3	4	5
1.	अलीराजपुर	1.80	18	3937
2.	अनुप्पुर	1.20	12	8594
3.	अशोकनगर	1.20	12	4068
4.	बालाघाट	3.00	30	9152
5.	बरवानी	2.10	21	9030
6.	बैतूल	3.00	30	14754
7.	भिंड	1.80	18	1953
8.	भोपाल	0.60	6	9457
9.	बरहानपुर	0.60	6	3369
10.	छत्तरपुर	2.40	24	9057
11.	छिंदवाड़ा	3.30	33	18850
12.	दतिया	090	9	1516
13.	दामोह	2.10	21	5915
14.	देवास	1.80	18	2593
15.	धार	3.90	39	14304
16.	ढिंडोरी	2.10	21	3708
17.	गुना	1.50	15	2675
18.	ग्वालियर	1.20	12	2362
19.	हरदा	0.80	9	6164
20.	होशंगाबाद	2.10	21	11295
21.	इंदौर	1.20	12	4932
22.	जबलपुर	2.10	21	8403
23.	झबुआ	1.80	18	25287

1	2	3	4	5
24.	कटनी	1.80	18	8777
25.	खंडवा	2.10	21	13187
26.	खारगोन	2.70	27	18623
27.	मालदा	2.70	27	30260
28.	मंडसौर	1.50	15	9978
29.	मुरैना	2.10	21	4483
30.	नरसिंगपुर	1.80	18	9082
31.	नीमुच	0.90	9	3995
32.	पन्ना	1.50	15	4220
33.	रायसेन	2.10	21	8356
34.	राजगढ़	1.80	18	8595
35.	रत्लाम	1.80	18	5417
36.	रीवा	2.70	27	1285
37.	सागर	3.30	33	4541
38.	सतना	2.40	24	5156
39.	सेहोर	1.50	15	6171
40.	सेवपी	2.40	24	14395
41.	शाहडोल	-	-	-
42.	शाजापुर	2.40	24	9796
43.	शिवपुरी	2.40	24	2638
44.	सिधी	1.50	15	9257
45.	सिंगरौली	090	9	2919
46.	शेवपुर	0.909	9	1641
47.	टीकमगढ़	1.80	18	5885
48.	उज्जैन	1.80	18	23367
49.	उमेरिया	0.90	9	4478
50.	विदिशा	2.10	21	8842
	कुल	93.90	939	452629

[अनुवाद]

हरियाणा अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह

103. **श्रीमती श्रुति चौधरी:** क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल ही में चौथा हरियाणा अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह आयोजित हुआ था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसमें कितना 'रिस्पांस' प्राप्त हुआ; और

(ग) सरकार द्वारा भविष्य में हरियाणा सहित प्रत्येक राज्य में ऐसे और फिल्म समारोह आयोजित करने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. एस. जगतरक्षकन): (क) और (ख) भारत सरकार, सूचना और प्रसारण मंत्रलाय हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह से संबद्ध नहीं है।

(ग) सूचना और प्रसारण मंत्रालय प्रति वर्ष गोवा में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सामरोह का आयोजन करता है। इसके अतिरिक्त, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधीन फिल्म समारोह निदेशालय संबंधित राज्य सरकार के साथ मिलकर संपूर्ण भारत में विभिन्न स्थानों पर भारतीय पैनोरमा फिल्म समारोहों का अयोजन करता है।

कैदियों द्वारा बनाई गई वस्तुएं

104. **श्री पी.आर. नटराजन:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विभिन्न जेलों में कैदी उत्पादक कार्यो में लगे हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष में तिहाड़ जेल सहित देश के विभिन्न जेलों में कैदियों द्वारा निर्मित/बेची गई वस्तुओं और उससे अर्जित राजस्व का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार देश की जेलों में कैदियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के विपणन में सुधार करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) भारत की सातवीं अनुसूची की सूची 2 की प्रविष्टि 4 के अनुसार "कारागार" राज्य का विषय है। अत: कारागारों का प्रशासन और प्रबंधन प्राथमिक रूप से राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। तिहाड़ जेल में कैदियों को जेल फैक्टरी और अन्य स्थानों पर कार्य आबंटित किया जाता है। विगत तीन वर्षो के दौरान प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष में निर्मित और बेची गई वस्तुओं की लागत का ब्यौरा निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	(क्रय) खरीद (रुपए)	विक्रय (बिक्री (रुपए)
2008-09	9,09,16,979	5,36,53,318
2009-10	6,42,62,947	8,34,57,524
2010-11	8,12,28,065	12,88,27,022
चालू वर्ष	1,50,77,208	2,50,42,237
कुल	25,14,85,199	29,09,80,101

(ग) और (घ) जहां कहीं भी कैदियों द्वारा वस्तुएं तैयार की जाती हैं, वहां वस्तुओं के विपणन के लिए प्रयास संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किए जाते हैं।

ऊंट के जरिए गश्त प्रणाली

105. **श्रीमती जयश्रीबेन पटेल:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तटीय सुरक्षा योजना के अंतर्गत ऊंट के जरिए गश्त प्रणाली 'वाच टावर्ज' इत्यादि को मंजूरी प्रदान कर दी है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) और (ख) तटीय सुरक्षा योजना के अंतर्गत ऊंट के जरिए गश्त प्रणाली और वाच टावर्स के लिए संघ सरकार द्वारा कोई मंजूरी प्रदान नहीं की गई है।

लीज़ पर लिए गए गोदाम

106. **श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी:** क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान खाद्यान्न के भंडारण हेतु गोदाम किराए पर लिए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार/वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त लीज़ हेतु कितना भुगतान किया गया है और लीज़ पर गोदाम लेने हेतु क्या मापदंड अपनाए गए हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) जी, हां। 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 1.4.2007 से 31.10.2011 तक के दौरान भारतीय खाद्य निगम द्वारा 76.96 लाख टन निवल क्षमता किराए पर ली गई थी। 2007 से 2011 तक पहली अप्रैल की स्थिति के अनुसार भारतीय खाद्य निगम के पास उपलब्ध कुल किराए की क्षमता और 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विभिन्न वर्षों में किराए पर ली गई/किराए से खाली की गई निवल क्षमता सहित 31 अक्टूबर, 2011 को किराए की उपलब्धता के राज्य-वार ब्यौरे संलग्न विवरण-I में दिए गए हैं।

(ग) विभिन्न निजी पार्टियों/सरकारी एजेंसियों को 2005-06 से 2009-10 तक भारतीय खाद्य निगम द्वारा खाद्यान्नों के भंडारण के लिए अदा किराए की राशि का ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(घ) अपनाए जाने वाले व्यापक पैरामीटर ये हैं कि केवल जमा राशि के आधार पर अथवा सहमत शर्तों पर केन्द्र/राज्य भंडारण निगमों के साथ क्षमता के किसी भाग को आरक्षित करके आवश्यकता की सीमा तक इन एजेंसियों से केवल उचित भंडारण योग्य गोदाम किराए पर लिए जाएं। सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य उपक्रमों और प्राइवेट पार्टियों से भी गोदाम किराए पर लिए जाते हैं। गोदाम किराए पर लेने की अवधि को न्यूनतम अवधि तक रखा जाता है और किसी भी मामले में एक वर्ष से अधिक की लम्बी अवधि के लिए प्रतिबद्धता नहीं दी जाती है।

विवरण I

अप्रैल, 2007 से अक्टूबर, 2011 तक किराए पर ली गई/किराए से हटाई गई राज्यवार निवल क्षमता

जोन	क्र.सं.	क्षेत्र/संघ राज्य क्षेत्र	1.04.07 की स्थिति के अनुसार किराए पर ली गई क्षमता (ढकी एवं कैप)	1.04.08 की स्थिति के अनुसार किराए पर ली गई क्षमता (ढकी एवं कैप)	1.04.09 की स्थिति के अनुसार किराए पर ली गई क्षमता (ढकी एवं कैप)	1.04.10 की स्थिति के अनुसार किराए पर ली गई क्षमता (ढकी एवं कैप)	1.04.11 की स्थिति के अनुसार किराए पर ली गई क्षमता (ढकी एवं कैप)	31.10.11 की स्थिति के अनुसार किराए पर ली गई क्षमता (ढकी एवं कैप)	2007-08 के दौरान किराए पर ली गई/ किराए से हटाई गई निवल क्षमत	2008-09 के दौरान किराए पर ली गई/ किराए से हटाई गई निवल क्षमत	2009-10 के दौरान किराए पर ली गई/ किराए से हटाई गई निवल क्षमत	2010-11 के दौरान किराए पर ली गई/ किराए से हटाई गई निवल क्षमत	31.03.11 31.10.11 के दौरान किराए पर ली गई/ किराए से हटाई गई निवल क्षमत
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
पूर्वी	1	बिहार	1.54	1.65	1.96	2.09	2.32	2.42	0.11	0.31	0.13	0.23	0.10
	2	झारखंड	0.57	0.54	0.52	0.51	0.63	0.67	-0.03	-0.02	-0.01	0.12	0.04
	3	ओडिशा	3.83	3.44	3.99	3.50	3.14	3.12	-0.39	0.55	-0.49	-0.36	-0.02
	4	पश्चिम बंगाल	1.37	1.37	1.69	1.96	2.00	2.05	0.00	0.32	0.27	0.04	0.05
	5	सिक्किम	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
		जोड़ (पूर्व अंचल)	7.32	7.01	8.17	8.07	8.10	8.27	-0.31	1.16	-0.10	0.03	0.17
पूर्वोत्तर	6	असम	0.56	0.62	0.66	0.66	0.71	0.70	0.06	0.04	0.00	0.05	-0.01

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
	7	अरुणाचल प्रदेश	0	0.02	0.02	0.04	0.05	0.04	0.02	0.00	0.02	0.01	-0.01
	8	मेघालय	0.15	0.16	0.12	0.12	0.12	0.12	0.01	-0.04	0.00	0.00	0.00
	9	मिजोरम	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	10	त्रिपुरा	0.15	0.18	0.22	0.22	0.19	0.19	0.03	0.04	0.00	-0.03	0.00
	11	मणिपुर	0.02	0	0	0.00	0.01	0.01	-0.02	0.00	0.00	0.01	0.00
	12	नागालैंड	0.1	0.03	0.12	0.14	0.13	0.13	-0.07	0.09	0.02	-0.01	0.00
		जोड़ (पूर्वोत्तर अंचल)	0.99	1.02	1.15	1.19	1.22	1.20	0.03	0.13	0.04	0.03	-0.02
उत्तर	13	दिल्ली 1	0	0	0	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	14	हरियाणा	10.43	10.78	12.3	13.43	15.12	15.82	0.35	1.52	1.13	1.69	0.70
	15	हिमाचल प्रदेश	0.13	0.11	0.11	0.11	0.11	0.12	-0.02	0.00	0.00	0.00	0.01
	16	जम्मू और कश्मीर	0.26	0.27	0.26	0.28	0.18	0.18	0.01	-0.01	0.02	-0.10	0.00
	17	पंजाब	38	34.25	33.98	45.81	51.47	52.35	-3.75	-0.27	11.83	5.66	0.88
	18	चंडीगढ़	0.68	0.66	0.57	1.71	2.20	2.27	-0.02	-0.09	1.14	0.49	0.07
	19	राजस्थान	0.39	0.13	1.39	7.20	8.41	12.30	-0.26	1.26	5.81	1.21	3.89
	20	उत्तर प्रदेश	6.06	5.94	7.03	6.72	17.30	25.93	-0.12	1.09	-0.31	10.58	8.63
	21	उत्तराखंड	0.85	0.53	1.35	1.55	1.49	1.30	-0.32	0.82	0.20	-0.06	-0.19
		जोड़ (उत्तर अंचल)	56.8	52.67	56.99	76.82	96.391	10.27	-4.13	4.32	19.83	19.57	13.88
दक्षिण	22	आंध्र प्रदेश	20.09	18.97	18.64	22.83	29.20	31.77	-1.12	-0.33	4.19	6.37	2.57
	23	अंडमान और नि. द्वीपसमूह	0	0	0	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	24	केरल	0	0	0	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	25	कर्नाटक	0.8	0.56	2.37	3.43	3.44	3.48	-0.24	1.81	1.06	0.01	0॰04
	26	तमिलनाडु	1.06	0.77	2.57	3.34	3.42	3.66	-0.29	1.80	0.77	0.08	0.24
	27	पुदुचेरी	0.02	0.04	0.02	0.10	0.14	0.24	0.02	-0.02	0.08	0.04	0.10
		जोड़ (दक्षिण अंचल)	21.97	20.34	23.6	29.70	36.20	39.15	-1.63	3.26	6.10	6.50	2.95

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
पश्चिम	28	गुजरात	0.36	0.33	1	1.53	1.76	1.87	-0.03	0.67	0.53	0.23	0.11
	29	महाराष्ट्र 3	3.01	2.53	5	7.19	8.21	8.44	-0.48	2.47	2.19	1.02	0.23
	30	गोवा	0	0	0	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	31	मध्य प्रदेश	1.85	1.81	4.17	5.78	4.28	3.45	-0.04	2.36	1.61	-1.50	-0.83
	32	छत्तीसगढ़	7.44	1.69	1.31	3.31	3.87	4.05	-5.75	-0.38	2.00	0.56	0.18
		जोड़ (पश्चिम क्षेत्र)	12.66	6.36	11.48	17.81	18.12	17.81	-6.30	5.12	6.33	0.31	-0.31
		सकल जोड़	99.74	87.40	101.39	133.59	160.03	176.70	-12.34	13.99	32.20	26.44	16.67

* नकारात्मक आंकड़े किराए से हटाई गई क्षमता सूचित करते हैं।

विवरण II

11वीं पंचवर्षीय योजना के गत चार वर्षों के दौरान भारतीय खाद्य निगम द्वारा निजी/सरकारी एजेंसियों को खाद्यान्नों के भंडारण हेतु भुगतान की गई किराए की राशि

वर्ष	रकम (लाख में)
2007-08	29,059.55
2008-09	45,683.51
2009-10	77,893.95
2010-11*	78,916.52

*अनंतिम

[हिन्दी]

खाद्यान्नों का आबंटन

107. **डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह:**
श्री नारनभाई कछाड़िया:
श्री मानिक टैगोर:
श्री अशोक अर्गल:
श्री जी. एम. सिद्देश्वर:
श्रीमती ज्योति धुर्वे:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राज्यों को दिए जाने वाले खाद्यान्नों के कोटे को कम/युक्तिसंगत कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष में बिहार, गुजरात, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु सहित राज्य-वार और श्रेणी-वार खाद्यान्नों के मासिक कोटे, आबंटित/उठाए गए और वितरित खाद्यान्नों की कुल मात्र का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्यों से उनके खाद्यान्नों कोटे को बहाल करने/उनके कोटे में वृद्धि करने के बारे में अनुरोध/अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार/श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है और इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन खाद्यान्नों का आबंटन योजना आयोग के 1993-94 के गरीबी अनुमानों और भारत के महापंजीयक के मार्च 2000 के आबादी अनुमानों अथवा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा वास्तव में पहचान किए गए परिवारों और जारी किए राशन कार्डों की संख्या, जो भी कम हो, के आधार पर किया जाता है। तदनुसार, देश में अंत्योदय अन्न योजना परिवारों सहित गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की 6.52 करोड़ की समस्त स्वीकृत संख्या के लिए 35 किलोग्राम प्रति परिवार प्रति माह की दर पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को खाद्यान्नों का आबंटन किया जाता है। गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के लिए खाद्यान्नों के आबंटन में कोई कमी नहीं की गई है।

गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए केन्द्रीय पूल में खाद्यान्नों की उपलब्धता और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किए गए विगत के उठान पर निर्भर करते हुए खाद्यान्न आबंटित किए जाते हैं। कम स्टॉक को ध्यान में रखते हुए गरीबी रेखा से ऊपर की श्रेणी के लिए गेहूँ और चावल के आवंटन को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किए गए विगत के उठान के आधार पर क्रमश: जून, 2006 और अप्रैल, 2007 में युक्तिसंगत बनाया गया था। फिलहाल गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए खाद्यान्नों का आबंटन बिहार, गुजरात, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 15 किलोग्राम और 35 किलोग्राम प्रति परिवार प्रति माह के बीच में है। पिछले 3 वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन किए गए खाद्यान्नों के आवंटन और उठान के राज्यवार/श्रेणीवार ब्यौरे संलग्न विवरण-I से IV में दिए गए हैं। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रचालनों की संयुक्त जिम्मेदारी के रूप में खाद्यान्नों का आवंटन केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है जबकि इनका उठान करने और लक्षित लाभार्थियों को इनका आगे वितरण करने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की होती है।

(ग) और (घ) खाद्यान्नों का आवंटन बहाल करने/बढ़ाने/अतिरिक्त आवंटन करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अनुरोध प्राप्त हुए हैं। विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किए गए अनुरोध और केन्द्रीय पूल में स्टॉक की उपलब्धता को ध्यान में रखकर गरीबी रेखा से नीचे/गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए 2009-10, 2010-11 और 2011-12 के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त आवंटन निम्नानुसार किए गए हैं:

तमिलनाडु	10,038
त्रिपुरा	84
उत्तर प्रदेश	21,343
पश्चिम बंगाल	2,962
अखिल-भारत	1,40,227

स्रोत: एनडीडीबी

इसमें पूर्व गठित पारम्परिक समितयां और तालुका संघ शामिल हैं।

** रिपोर्ट नहीं।

कृषि उपज पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

117. श्री प्रेम दास राय: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पूर्वोत्तर राज्यों में जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि उपज में अत्यधिक कमी के संबंध में सरकार द्वारा कोई आकलन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान राज्य-वार और फसल-वार इसका निष्कर्ष क्या रहा; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त क्षेत्र के जलवायिक दशा में परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए किसानों को सहायता प्रदान करने के लिए क्या उपचारात्मक उपाय किए गए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) जी, हां। जलवायु परिवर्तन पर क्रमबद्ध अध्ययनों तथा कृषि के विभिन्न क्षेत्रों पर इसके प्रभाव तुलनात्मक रूप से कम और हाल ही में उत्पन्न हुए हैं। भारत सरकार, कृषि मंत्रालय ने मवेशी, मत्स्य, बागवानी और वानिकी के विभिन्न स्थानों पर अध्ययन के उद्देश्य से पांचवीं पंचवर्षीय योजना में "नेशनल नेटवर्क प्रोजेक्ट आन क्लाईमेट चेंज" नामक अध्ययन प्रारंभ किया है। जलवायु परिवर्तन के आकलन तथा कृषि उत्पादकता पर उसके प्रभाव एक सतत प्रक्रिया है और इसके प्रभावों पर निश्चित और पूर्ण प्रमाण उपलब्ध नहीं है। तथापि एनएनपीसीसी के तहत किए गए अध्ययनों से ज्ञात होता है कि जलवायु परिवर्तन कृषि उत्पादों पर भविष्य में प्रभाव डाल सकता है। एनएनपीसीसी के क्षेत्रवार और फसलवार मुख्य निर्णय अनुबंध में दिए गए हैं।

(ग) कृषि उत्पादकता में वृद्धि करने के उद्देश्य से वर्तमान खाद्यान्न उत्पादन, जलवायु परिवर्तन से संबंधित विभिन्न मुद्दों, कृषि तथा खाद्यान्न क्षेत्रों में प्रशमन के दृष्टिगत, भारत सरकार, कृषि मंत्रालय ने विभिन्न कार्यक्रमों/स्कीमों नामतः कृषि में बृहत प्रबंधन (एमएमए);, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम), राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई), राष्ट्रीय लघु सिंचाई मिशन (एनएमएमआई) आदि का तेजी से कार्यान्वयन आरंभ किया है।

विभिन्न फसलों और क्षेत्रों पर तापमान, वर्षा पैटर्न के संदर्भ में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर "नेशनल नेटवर्क प्रोजेक्ट आन क्लाईमेट चेंट (एनएनपीसीसी) के तहत देश के विभिन्न स्थानों पर किए गए विभिन्न अध्ययनों की प्रमुख खोज निम्नलिखित है:-

1. दक्षिण-पश्चिम मानसून खरीफ फसल जो खाद्यान्न उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक है और देश में तिलहन उत्पादन का 65 प्रतिशत है, के लिए महत्वपूर्ण है। देश में अंतः वार्षिक मानसून वर्षा विभिन्नता के कारण देश में सूखा और बाढ़ की स्थिति बनती है, जो खाद्यान्न उत्पादन को बुरी तरह प्रभावित करती है।

2. वर्ष 1901 से वर्ष 2005 की अवधि के डाटा का विश्लेषण से पता चलता है कि वार्षिक तापमान में 0.5. डिग्री सेंटीग्रेट की वृद्धि हुई है। वर्ष 1875 से वर्ष 2004 की अवधि हेतु हमारे देश का औसत वार्षिक तामान का दीर्घावधि अंतर 0.03. डिग्री सेंटीग्रेड प्रति दशक के क्रम में था जबकि वर्ष 1971 से 2004 की अवधि हेतु यह 0.22. डिग्री सेंटीग्रेट प्रति दशक के लगभग था जो कि हाल के दशकों में अधिक गर्मी दर्शाता है।

3. देश में 47 स्थानों का दीर्घावधि (1952-2007) के औसत वार्षिक तापमान रुझान के विश्लेषण ने केन्द्रीय और दक्षिण भागों और पूर्वोत्तर क्षेत्र में वृद्धि का रुख दर्शाया था जबकि गुजरात, कोंकण प्रदेश, मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के त्तर-पश्चिम भागों में घटता हुआ रुख महसूस किया गया है।

4. तापमान में वृद्धि से फसल अवधि में कमी, फसल रेसपीरेशन दर में वृद्ध फसल और कीटों के मध्य संतुलन का प्रभावित होना, मृदा में पोषक खनिज तत्वों में कमी, उर्वरक उपयोग दक्षता में कमी ओर वाष्पोत्सर्जन दर में वृद्धि हो सकती है।

5. कार्बन डाई आक्साइड में वृद्धि, हालांकि कुछ फसलों जैसे, गेहूं, चावल, फलीदार फसलों और तिलहन के लिए लाभदायक है। मक्का, ज्वार, बाजरा और गन्ना जैसी फसलों को बढ़ी हुई कार्बन डाई आक्साइड से कोई लाभ नहीं होता।

6. उग्र मौसम घटनाएं अपने तरीके से फसलों को प्रभावित करती है महाराष्ट्र राज्य में प्याज की फसल सम्पूर्ण रूप से असफल होने पर एक अध्ययन किया गया है। परिणाम दर्शाते हैं कि बल्ब फार्मेशन अवधि में उच्च्व तापमान के कारण वर्ष 1997 (रबी) के दौरान और वर्ष 1998 (खरीफ) के दौरान उचच वर्षा के कारण पर्पल ब्लाच और स्टेम्फिलियम

ब्लाईट रोग फैल गया था जो प्याज की फसल के असफलता हेतु एक प्रमुख कारण था।

7. ऐसा अवलोकन में पाया गया है कि नवम्बर से मार्च माह के दौरान तापमान में वृद्धि के कारण हिमाचल प्रदेश के सेब उत्पादन क्षेत्रों में ठण्ड के अवधि में कमी के कारण सेब-बेल्ट ऊंचाई पर स्थित स्थानों पर स्थानांतरित हो गया है। लाहौल और स्फीति और हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के ऊपरी क्षेत्र सेब की खेती के तहत नए क्षेत्र के रूप में उभरे हैं।

[हिन्दी]

नक्सलवादियों द्वारा विस्फोटक का उपयोग

118. **श्री गणेश सिंह:**
श्री यशवीर सिंह:
श्री नीरज शेखर:
श्रीमती जयाप्रदा:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सुरक्षा एजेंसियों ने छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और बिहार जैसे राज्यों में उद्योगों द्वारा प्रापण किए गए विस्फोटकों का नक्सलवादियों द्वारा उपयोग किए जाने की सूचना दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार ने इस मामले की जांच की है;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या निष्कर्ष रहे; और

(ङ) सरकार द्वारा विस्फोटकों की नक्सलवादियों द्वारा तस्करी को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की गयी है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह) (क) से (घ): देश के विभिन्न भागों में आई ई डी विस्फोट करने के लिए विस्फोटकों का इस्तेमाल करते रहे हैं। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों से पूछताछ के आधार पर सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के छिपने के ठिकानों से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए हैं। तथापि, राज्य सरकारों, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग तथा अन्य एजेंसियों से प्राप्त हुई सूचना के आधार पर नक्सलियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे विस्फोटकों तथा औद्योगिक घरानों से इनके रिसाव के बीच कोई स्पष्ट संबंध होने के संकेत नहीं मिले हैं।

(ङ) दो केन्द्रीय विधान अर्थात् विस्फोटक अधिनियम, 1884 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 में विस्फोटकों के समुचित उपयोग को सुनिश्चित करने तथा उनके रिसाव/चोरी को रोकने के लिए पर्याप्त प्रावधान मौजूद हैं। पुलिस और लोक व्यवस्था, राज्य के विषय होने के नाते संबंधित राज्य सरकारों से यह अपेक्षित है कि वे उक्त अधिनियमों के उपबंधों को प्रभावी रूप से कार्यान्वित करें। भारत सरकार स्थिति पर गहनता से निगरानी रखती है।

कृषि उत्पादों की बर्बादी

119. **राजकुमारी रत्ना सिंह:**
श्री आनंद प्रकाश परांजपे:
श्री एकनाथ महादेव गायकवाड:
श्री संजय भोई:
श्रीमती रमा देवी:
श्री सदाशिवराव दादोबा मंडलिक:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ हारवेस्टिंग इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी द्वारा कृषि की बर्बादी के संबंध में दी गयी एक रिपोर्ट से अवगत है;

(ख) यदि हां, तो उक्त रिपोर्ट के निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत) (क) जी हां। पशुधन उत्पाद एवं प्रमुख फसलों की उपज की मात्रा तथा सस्योत्तर नुकसान का अध्ययन किया गया था। अध्ययन की अन्तिम रिपोर्ट सितम्बर 2010 में प्रस्तुत की गई थी।

(ख) भारत के 106 जिलों में 46 फसलों तथा जिन्सों के संबंध में सस्योत्तर नुकसान के आकलन पर सर्वेक्षण किया गया था जिसमें 5 अनाज, 4 दलहन, 6 तिलहन, 8 फल, 8 सब्जियां, 8 रोपण फसलें तथा मसालें 6 पशुधन उत्पाद तथा गुड़ शामिल थे। राष्ट्रीय स्तर पर उपज की मात्रा तथा सस्योत्तर नुकसानों के सम्पूर्ण आंकलनों के लिए खेत में पूछताछ तथा प्रेक्षणों द्वारा एकत्रित आंकड़ों की संवीक्षा तथा सांख्यिकीय विश्लेषण किया गया था।

नुकसानों के मूल्यांकन के लिए विभिन्न जिंसों की कटाई, संग्रहण, गहाई, ग्रेडिंग/छंटाई, ओसाई/क्लीनिंग, सुखाना, पैकेजिंग, परिवहन तथा भण्डारण जैसे परिचालनों पर विचार किया गया।

रिपोर्ट में मुख्यत:फार्म भण्डारण, परिवहन तथा प्रसंस्करण में होने वाले नुकसान शामिल हैं जोकि सस्योत्तर रखरखाव की प्रमुख अवस्थाएं हैं। कई अन्य सस्योत्तर घटक हैं जो शामिल नहीं किए गए। फार्म से उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए छोटे व्यापारियों, थोक विक्रेताओं तथा परचूनियों के जरिए लम्बी आपूर्ति श्रृंखला है। प्रत्येक स्तर पर नुकसान की संभावना होती है तथापि इस अध्ययन में उन्हें शामिल नहीं किया गया।

आकलित औसत वार्षिक नुकसान संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) सस्योत्तर नुकसान को कम करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने विकास के लिए अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी आंरभ की है।

ऐसा करते समय रिपोर्ट की उपलब्धियों को ध्यान में रखा गया है तथा मंत्रालय द्वारा नीति तैयार करने में भी उपयोग में लाया जाता है।

विवरण

वर्ष 2005-07 के दौरान भारत में कटाई तथा कटाई उपरान्त नुकसानों का आकलन

फसल/जिंस	आकलित नुकसान %
1	2
(i) अनाज	
1. धान	5.2
2. गेहूं	6.0
3. मक्का	4.1
4. बाजरा	4.8
5. ज्वार	3.9
(ii) दलहन	
1. अरहर	5.4
2. चना	4.3
3. उड़द	6.1
4. मूंग	5.5
(iii) तिलहन	
1. सरसों	8.9
2. कपास बिनौला	2.8
3. सोयाबीन	6.2
4. कुसुम	3.7
5. सूरजमुखी	4.5
6. मूंगफली	10.1
(iv) फल	
1. सेब	12.3
2. केला	6.6
3. नींबू वर्गीय फल	6.3
4. अंगूर	8.3
5. अमरूद	18
6. आम	12.7
7. पपीता	7.4
8. चीकू	5.8
(v) सब्जियां	
1. बंदगोभी	6.9
2. फूलगोभी	6.8
3. मटर	10.3
4. खुम्बी	12.5
5. प्याज	7.5
6. आलू	9

1		2
7.	टमाटर	12.4
8.	टैपियोका	9.8
(vi) नकदी फसलें तथा मसाले		
1.	सुपारी	7.9
2.	काली मिर्च	3.9
3.	काजू	1.1
4.	मिर्च	5.6
5.	नारियल	5.4
6.	धनिया	7.3
7.	गन्ना	8.7
8.	हल्दी	7.4
(vii) पशुधन		
1.	अण्डे	6.6
2.	अन्त:स्थलीय मछली	6.9
3.	समुद्री मछली	2.9
4.	मांस	2.3
5.	मुर्गे का मांस	3.7
6.	दूध	0.8

*अंडा उत्पादन बिलियन में, प्रति हजार अण्डे मूल्य रुपए में

पुलिस द्वारा अत्याचार

120. श्री शैलेन्द्र कुमार: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2010 और 2011 के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में दर्ज पुलिस अत्याचार के मामलों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) सुलझाए गए, अनसुलझे मामलों की कुल संख्या तथा इन सभी मामलों को सुलझाए जाने के लिए उठाए गए कदमों तथा उक्त के दौरान आरोपित व्यक्तियों पर की गयी कार्रवाई का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पीड़ितों तथा उनके परिवारों को मुआवजा दिया है;

(घ) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान कुल मुआवजा सहित मुआवजे के भुगतान के लिए राज्य-वार क्या मानदंड हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा भविष्य में इस प्रकार के मामलों को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह) (क) और (ख) वर्ष 2010 और 2011 के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एन एच आर सी) द्वारा पुलिस अत्याचार के संबंध में दर्ज किए गए कुल मामलों की राज्यवार संख्या के साथ-साथ सुलझाए गए और अनसुलझे मामलों की कुल संख्या के ब्यौरे को दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है। एन एच आर सी द्वारा संबंधित राज्य सरकारों/पुलिस संगठनों से अनुलझे मामलों के संबंध में विभिन्न प्रकार की जांच रिपोर्ट मंगाई गई है। उक्त अवधि के दौरान एन एच आर सी ने किसी भी पुलिस कार्मिक के विरूद्ध कार्रवाई की सिफारिश नहीं की थी।

(ग) और (घ) मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 18 के प्रावधानों के अनुसार, मानवाधिकार आयोग संबंधित सरकार अथवा प्राधिकारी को मुआवजा अथवा क्षतिपूर्ति का भुगतान करने की सिफारिश करता है। एन एच आर सी ने पुलिस शीर्ष के तहत वर्ष 2010 के दौरान दर्ज किए गए 40 मामलों में 81,55,000 रुपए और वर्ष 2011 के दौरान दर्ज किए गए 03 मामलों में 8,25,000 रुपए की मौद्रिक राहत/मुआवजा का भुगतान करने की सिफारिश की थी। उपर्युक्त सिफारिशों के अनुसार 12 मामलों में 12,20,000 रुपए और 01 मामले में 50,000 रुपए के भुगतान से संबंधित अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त हुई। इनके राज्यवार-ब्यौरे सलंग्न विवरण-2 में दिए गए हैं।

(ङ) संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत "पुलिस" राज्य का विषय है और यह राज्य सरकार का प्राथमिक उत्तरदायित्व है कि पुलिस अत्याचार को रोके और उसका न होना सुनिश्चित करे। तथापि, केन्द्र सरकार भी परामर्शी-पत्र जारी करती है, जबकि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग दिशानिर्देश और सिफारिशें जारी करता है।

विवरण I

वर्ष 2010 और 2011 (31.10.2011 तक) के दौरान पुलिस अत्याचार के विरूद्ध दर्ज मामलों और सुलझाए गए तथा अनसुलझे मामलों की कुल संख्या को दर्शाने वाला विवरण

(14/11/2011 के आंकड़े)

राज्य/संघराज्य क्षेत्र	दर्ज मामलों की कुल संख्या	सुलाझाए गए	अनसुलझे	दर्ज मामलों की कुल संख्या	सुलझाए गए	अनसुलझे
1	2	3	4	5	6	7
आंध्र प्रदेश	270	232	38	281	236	45
अरूणाचल प्रदेश	11	7	4	7	5	2
असम	128	56	72	130	33	97
बिहार	981	959	22	879	769	110
गोवा	20	20	0	19	11	8
गुजरात	343	326	17	239	205	34
हरियाणा	1277	1252	25	1397	1192	205
हिमाचल प्रदेश	39	37	2	22	16	6
जम्मू और कश्मीर	71	64	7	103	30	73
कर्नाटक	185	172	13	128	116	12
केरल	104	95	9	67	59	8
मध्य प्रदेश	662	637	25	572	520	52
महाराष्ट्र	500	459	41	461	388	73
मणिपुर	40	13	27	34	12	22
मेघालय	17	9	8	13	7	6
मिजोरम	5	1	4	42	2	2
नागालैंड	3	1	2	0	0	0
ओडिशा	240	226	14	403	338	65
पंजाब	375	367	8	297	275	22
राजस्थान	917	896	21	797	730	67
सिक्किम	0	0	0	3	2	1
तमिलनाडु	485	441	44	493	424	69

1	2	3	4	5	6	7
त्रिपुरा	12	10	2	13	5	8
उत्तर प्रदेश	19014	18716	298	17680	15793	1887
पश्चिम बंगाल	252	229	23	315	267	48
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	1	1	0	6	3	3
चंडीगढ़	43	43	0	51	44	7
दादरा और नगर हवेली	2	2	0	3	3	0
दमन और दीव	3	3	0	6	6	0
दिल्ली	1836	1814	22	2133	1696	437
लक्षद्वीप	0	0	0	0	0	0
पुडुचेरी	12	12	0	18	15	3
छत्तीसगढ़	123	101	22	145	92	53
झारखंड	505	477	28	466	395	71
उत्तराखंड	606	588	18	482	380	102
कुल	29082	28266	816	27667	24069	3598

विवरण II

सिफारिश की गई मौद्रिक राहत/मुआवजा के राज्यवार ब्यौरे को दर्शाने वाला विवरण

क. वर्ष 2010 के दौरान
(14/11/2011 के आंकड़े)

क्र.सं.	पीड़ित व्यक्ति का नाम	सिफारिश की गई धनराशि (लाख रुपए में)	स्थिति	राज्य का नाम
1	2	3	4	5
1.	मुंगी दिनेश पुत्र प्रभाकर	1.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त हुई	आन्ध्र प्रदेश
2.	असोधिनागी रेड्डी	1.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त हुई	आन्ध्र प्रदेश
3.	मालोती कलन्दी पत्नी बादल कलंदी	1.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त हुई	असम
4.	नजरूल इस्लाम पुत्र स्व. ओतरूल्लाह शेख	1.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त हुई	असम

1	2	3	4	5	6	7
5.	संजोय मजूमदार		0.25	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		असम
6.	तल्ला जोराम		0.20	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		असम
7.	बासु शेख उर्फ गाजीपुर रहमान पुत्र अक्के अली		3.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		असम
8.	पहचानरहित एन डी एफ बी कॉडर		5.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		असम
9.	अलाउद्दीन शाह जमाल प्रोमटोन संगमा, जहांगीर, सलीम		5.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		असम
10.	राजेश बासुमतारी		5.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		असम
11.	जावेद अहमद पुत्र स्व. गुलाम अहमद एवं अन्य		0.10	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त हुई		बिहार
12.	लखूभाई उर्फ बाबूभाई हमीरभाई उर्फ बलसारा		1.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त हुई		गुजरात
13.	भावेश जी रामूजी ठाकुर		1.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		गुजरात
14.	अमित पुत्र मेनपाल		0.25	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		हरियाणा
15.	मनोज पुत्र मीरा एवं राजेन्द्र		0.25	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		हरियाणा
16.	सुनील गोराई उर्फ अमर सिंह पुत्र दालू जी		5.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		झारखंड
17.	दीपक सोनी उर्फ राजीव सिंह उर्फ पुत्र बैजनाथ पी		1.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		झारखंड
18.	सम्पत पुत्र रहमान		5.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		केरल
19.	अन्नू खान पुत्र कल्लन खान		2.50	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		मध्य प्रदेश
20.	गिरम सिंह पुत्र भाल सिंह भील		1.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		मध्य प्रदेश
21.	योगेश नामदेव ढांगर पुत्र नामदेव जनकीराम ढांगर		5.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		महाराष्ट्र
22.	टोनी पीटर खरबीथाई पुत्र बी लिंगदोह		5.00	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		मेघालय
23.	लालडांगलियाना		0.50	अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई		मिजोरम

घटिया खाद्यान्नों की आपूर्ति

121. **श्री अर्जुन राम मेघवाल:**
श्री ए.टी. नाना पाटील:
श्री बद्रीराम जाखड़:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सार्वजनिक वितरण प्रणाली/लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली और मध्याह्न भोजन योजना सहित खाद्य आधारित कल्याण योजनाओं के अधीन बदरंग, सड़े हुए कीड़े-मकोड़े तथा फफूंद लगे हुए खाद्यान्नों की आपूर्ति के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) खाद्यान्नों के खराब होने तथा राज्यों को उनकी आपूर्ति करने को लिए जिम्मेवार लोगों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी हैं; और

(घ) उक्त योजना के अधीन अच्छी गुणवत्ता के खाद्यानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस) (क) से (ग) खाद्य और

सार्वजनिक वितरण विभाग में सार्वजनिक वितरण प्रणाली/लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याण योजनाओं के अधीन वर्तमान सहित पिछले 3 वर्षों में आपूर्ति करने के लिए जारी गेहूं और चावल की खराब गुणवत्ता के बारे में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनके ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय जो एकीकृत बाल विकास स्कीम के अधीन गेहूं आधारित पोषाहार कार्यक्रम चला रहा है, उसने भी सूचना दी है कि उसे भी पिछले तीन वर्षों के दौरान स्कीमों के अधीन खराब गुणवत्ता के खाद्यान्नों की आपूर्ति करने के बारे में उड़ीसा और गोवा राज्यों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं। विभाग ने भारतीय खाद्य निगम से कहा है कि वह आईसीडीएस स्कीम के अधीन अच्छी गुणवत्ता के खाद्यान्नों सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रीय कार्याकलापों को आवश्यक अनुदेश जारी करें। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने इन कल्याण योजनाओं के संबंध में अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने का महत्व भारतीय खाद्य निगम को फिर से बताया है। गोवा के मामले में क्षेत्र प्रबंधक, गोवा में सूचित किया है कि गोवा सरकार के प्रतिनिधि के साथ संयुक्त निरीक्षण करके स्टॉक जारी किए गए थे और उन्होंने कोई शिकायत नहीं की थी तथा जारी स्टॉक की गुणवत्ता से संतुष्ट होने के बारे में प्रेषित रिपोर्ट पर भी हस्ताक्षर किए थे। उड़ीसा के मामले के बारे में भारतीय खाद्य निगम ने सूचित किया है कि केवल उचित औसत किस्म का स्टॉक जारी किया गया था और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों से उठान किए गए स्टॉक की गुणवत्ता के बारे में संतुष्ट होन के संबंध में उनसे में प्रमाण-पत्र लिया गया था।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, जो मध्याह्न भोजन योजना चलाता है, ने सूचित किया है कि कुछ राज्यों में विभिन्न स्कूलों में खराब गुणवत्ता के खाद्यान्न मिलने की घटना वर्ष 2010-11 के दौरान उनके ध्यान में आई है जब वे इन राज्यों में मध्याह्न भोजन योजना के क्रियान्वयन की जांच करने के लिए संयुक्त समीक्षा बैठकों के जरिए अध्ययन कर रहे थे। उन्होंने यह बात ब्रीफिंग के दौरान इन राज्य सरकारों में खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभागों और भारतीय खाद्य निगम के ध्यान में लाई थी। इसके बाद यह बात संबंधित राज्य सरकारों के अधिकारियों और जिले के मध्याह्न भोजन योजना प्राधिकारियों तथा भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों को भी बताई थी कि यह सुनिश्चित करने के लिए विहित पद्धति के अनुसार संयुक्त निरीक्षण किया जाना चाहिए कि उठान किए जा रहे खाद्यान्न उचित औसत किस्म के हों।

उपर्युक्त मामले में भी खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने भारतीय खाद्य निगम को पत्र लिखा है कि वे मध्याह्न भोजन योजना के अधीन आपूर्ति किए जा रहे खाद्यान्नों की गुणवत्ता के बारे में बेहद सतर्क रहें क्योंकि यह मामला बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। पश्चिम बंगाल के मामले के बारे में भारतीय खाद्य निगम ने पहले ही मामले की जांच की है और सूचित किया है कि कोलकाता, वर्द्धमान, मालदा, मुर्शिदाबाद और हुगली आदि जैसे पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में मध्याह्न भोजन योजना के अधीन केवल उचित औसत किस्म का स्टॉक जारी किया गया था। तथापि, उन्होंने आश्वासन दिया है कि उन्होंने मध्याह्न भोजन योजना के अधीन अच्छी गुणवत्ता के खाद्यान्नों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संपूर्ण देश विभिन्न क्षेत्रीय और जिला कार्यों को मौजूदा अनुदेशों का अनुपालन करने के लिए पुन: पत्र लिखा है।

(घ) यह सुनिश्चित करने के लिए कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा अन्य सभी खाद्यान्न आधारित कल्याण स्कीमों के लिए कीट जंतुबाधा से मुक्त केवल अच्छी गुणवत्ता के खाद्यान्न जारी किए गए हैं, निम्नलिखित पद्धति विहित की गई है और समय-समय पर राज्य सरकारों/भारतीय खाद्य निगम को अनुदेश जारी किए गए हैं:

(i) लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन कीट जंतुबाधा से मुक्त केवल अच्छी गुणवत्ता के और खाद्य अपमिश्रम निवारण मानकों के अनुरूप खाद्यान्न जारी किए जाएं।

(ii) राज्य सरकारों को भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से खाद्यान्नों के स्टॉक का उठान करने से पहले खाद्यान्नों की गुणवत्ता की जांच करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाएं।

(iii) लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन जारी किए जाने वाले खाद्यान्नों के स्टॉक में से खाद्यान्नों के नमूने भारतीय खाद्य निगम और राज्य खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लिए और सीलबंद किए जाएं।

(iv) भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से खाद्यान्नों के स्टॉक की सुपुर्दगी लेने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरीक्षक से नीचे के पद का अधिकारी तैनात न किया जाए।

(v) राज्य सरकारों के अधिकारियों द्वारा खाद्यान्नों की गुणवत्ता की जांच करने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण किए जाते हैं और मंत्रालय के गुण नियंत्रण सैल के अधिकारियों द्वारा औचक जांच की जाती है।

(vi) यह सुनिश्चित करना संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी होती है कि वितरण श्रृंखला की विभिन्न अवस्थाओं में ढुलाई

और भंडारण के दौरान खाद्यान्नों की गुणवत्ता अपेक्षित विनिर्दिष्टियों के अनुरूप बनी रहे।

(7) जहां विकेन्द्रीकृत खरीद प्रचालन में है वहां राज्य सरकारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याण योजनाओं के अधीन जारी खाद्यान्नों की गुणावत्ता खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम के अधीन वांछित मानकों को पूरा करे।

विवरण

सार्वजनिक वितरण प्रणाली/लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याण योजनाओं के तहत जारी किए गए खराब गुणवत्ता वाले खाद्यान्नों की आपूर्ति के संबंध में मंत्रालय में प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा

वर्ष	राज्य		शिकायत	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई
1	2		3	4
सार्वजनिक वितरण प्रणाली				
2011-12 (चालू वर्ष)	पश्चिम बंगाल	1.	भारतीय खाद्य निगम द्वारा दार्जिलिंग जिले के पहाड़ी क्षेत्रों को सड़े गेहूं और चावल की आपूर्ति के संबंध में श्री जसवंत सिंह, संसद सदस्य, लोक सभा से एक शिकायत प्राप्त हुई।	शिकायत की जांच करवाई गई। भारतीय खाद्य निगम ने सूचित किया है कि स्टाक की संयुक्त जांच और नमूनें एकत्र करने के बाद राज्य सरकार द्वारा खाद्यान्न जारी किए जाते हैं। खाद्य भंडारण डिपु, देवग्राम (सिलीगुड़ी) में खाद्य स्टाक की जांच के दौरान विश्लेषण करने पर ग्रेड से नीचे के/जारी न करने योग्य स्टाक पाए गए। इस गलती के लिए तत्कालीन क्षेत्र प्रबंधक, प्रबंधक (डिपु) और खाद्य भंडारण डिपु के प्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण), देवग्राम (सिलीगुडी)को भारतीय खाद्य निगम द्वारा आरोप-पत्र दिए गए हैं और उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की गई है।
		2.	सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित छत्तीसगढ़ से प्राप्त खराब गुणवत्ता के चावल की आपूर्ति के संबंध में प्रधान सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार से नवम्बर, 2011 के प्रथम सप्ताह एक शिकायत प्राप्त हुई।	मामले को जांच के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भारतीय खाद्य निगम को तुरन्त ही प्रेषित कर दिया गया है और भारतीय खाद्य निगम द्वारा इसकी प्राथमिकता आधार पर पूरी तरह से जांच की जा रही है।
		3.	देश के जनजाति क्षेत्रों में सड़े हुए खाद्यान्नों की आपूर्ति के बारे में श्रीमती बिंद्रा करात, संसद सदस्य (राज्य सभा) ने दिनांक 24.3.2011 को राज्य सभा में शून्य काल में मामले को उठाया था।	मामले की जांच की गई और आंध्र प्रदेश के 4 जनजाति जिलों, महाराष्ट्र में 2 जिलों और मध्य प्रदेश और राजस्थान के एक-एक जिलों में भारतीय खाद्य निगम के डिपुओं का निरीक्षण किया गया और यह पाया गया कि दन सभी जिलों में चावल के नमूने जारी करने वाले मानदण्डों के भीतर ही थे और तदनुसार, माननीय संसद सदस्य को सूचित कर दिया गया।

1	2	3	4
2010-11	बिहार	1. लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत फुलवारी शरीफ और दीघाघाट से भारतीय खाद्य निगम के डिपुओं से खराब गुणवत्ता वाले खाद्यान्नों की आपूर्ति के संबंध में श्री श्याम रजक, खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय, बिहार सरकार से एक शिकायत प्राप्त हुई।	मामले की जांच कार्रवाई गई और इसे सही नहीं पाया गया। तथापि, भारतीय खाद्य निगम को पुन: अनुदेश जारी किए गए कि राज्य सरकार के साथ संयुक्त जांच/नमूना लेने के बाद राज्य सरकार को केवल उचित औसत गुणवत्ता वाले खाद्यान्न जारी किए जाएं।
		2. बिहार के माननीय मुख्य मंत्री के दौरे के दौरान पूर्वी चम्पारण जिले, बिहार में बरहरवा लखनसेन की उचित दर दुकानों में खराब गुणवत्ता वाले खाद्यान्नों के निदेशक, में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भारतीय खाद्य निगम को जुलाई, 2010 को संबोधित प्रधान सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार से एक शिकायत प्राप्त हुई।	मामले की जांच की गई और इसे सही नहीं पाया गया।
	छत्तीसगढ़	राज्य एजेंसियों द्वारा लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत टूटे अनाजों के साथ मिश्रित घटिया चावल की आपूर्ति के संबंध में दिनांक 8.8.2010 को श्री अब्दुल रजाक कुरेशी, राज्य अध्यक्ष, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, सरगुजा जिला, छत्तीसगढ़ से एक शिकायत प्राप्त हुई।	इस मंत्रालय के एक अधिकारी द्वारा मामले की जांच की गई, जिन्होंने उचित दर दुकानों से नमूनें एकत्र किए और गुणवत्ता विनिर्दिष्टियों के तहत निर्धारित टूटे अनाजों को सीमा से थोड़ा बाहर पाया। किन्तु ये सभी खाद्य अपमिश्रण निवारण मानक के भीतर थे और क्षतिग्रस्त नहीं थे। इस पर भी राज्य सरकार से इस संबंध में मौजूदा अनुदेशों के अनुसार लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अच्छी गुणवत्ता वाले खाद्यान्नों की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है।
	महाराष्ट्र	लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत घटिया गुणवत्ता वाले खाद्यान्नों के संबंध में जून, 2010 को उपसभापति, पूर्वोत्तर जिला कांग्रेस समिति, मुम्बई, महाराष्ट्र से एक शिकायत प्राप्त हुई।	चूंकि शिकायत सामान्य किस्म की थी इसलिए इस विभाग ने भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जारी किए जाने वाले खाद्यान्नों को जारी वाले खाद्यान्नों को जारी करने के समय भारतीय खाद्य निगम और राज्य सरकार द्वारा पालन की जाने वाली विस्तृत प्रक्रिया विधि की जानकारी शिकायतकर्ता को दे दी है। तत्पश्चात् किसी व्यक्तिगत मामले के बारे में कोई विशेष शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।
	उत्तर प्रदेश	लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याण योजनाओं के तहत वितरित खराब	मंत्रालय के एक अधिकारी को भेज कर मामले की जांच करवाई गई, जिन्होंने यह सूचित किया कि

1	2	3	4
		गुणवत्ता के खाद्यान्नों की आपूर्ति के संबंध में बबेरू गांव, जिला बांदा, उत्तर प्रदेश के निवासियों से एक शिकायत प्राप्त हुई।	शिकायत सही नहीं पाई गई है। उचित दर दुकानों से एकत्र किए गए सभी 8 नमूने (गेहूं के 4 और चावल के 4) जारी करने वाले मानदण्डों के भीतर पाए गए।
2009-10	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	खाद्य भंडारण डिपु, घेराव से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के नांगलोई क्षेत्र में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जारी खराब गुणवत्ता वाले खाद्यान्नों की आपूर्ति के संबंध में श्री जयकिशन, विधायक से जून, 2009 में एक शिकायत प्राप्त हुई।	मंत्रालय के एक अधिकारी को भेज कर मामले की जांच करवाई गई। खाद्य भंडारण डिपुओं से एकत्र किए गए 15 नमूनों (9 गेहूं के और 6 चावल के) में से 10 नमूने (7 गेहूं के और 3 चावल के) एक समान विनिर्दिष्टियों की सीमा के बाहर पाए गए। भारतीय खाद्य निगम ने सूचित किया है कि 3 प्रबंधकों किया है कि 3 प्रबंधकों (गुण-नियंत्रण), एक सहायक ग्रेड-1(डीपु) और डिपु प्रभारी के विरूद्ध पहले ही अनुशासनिक कर्रवाई की गई है।

पशुधन की गणना

122. श्री सुरेन्द्र सिंह नागर: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में हाल ही में पशुधन की गणना करवाई है;

(ख) यदि हां, तो उसके निष्कर्ष क्या रहे;

(ग) वर्तमान मे प्रत्येक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र में दुधारू पशुओं की संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार का विचार वैज्ञानिक प्रजनन पद्धतियों द्वारा दुधारू पशुओं से दुग्ध उत्पादन बढ़ाए जाने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत) (क) से (ग) सरकार ने 2007 में विगत पशुधन गणना की थी जो 18वीं पशुधन गणना थी। 18वीं गणना-2007 के निष्कर्ष इस प्रकार है:

क्र.सं.	प्रजातियां	पशुओं की संख्या (हजार में)
1	2	3
1.	गोपशु	199075
2.	भैंस	105343
3.	याक	83
4.	मिथुन	264
5.	बोवाईन	304765
6.	भेड़	71558
7.	बकरी	140537
8.	घोड़े और टट्टू	611
9.	खच्चर	137
10.	गधा	438
11.	ऊंट	517
12.	सूअर	111134
13.	कुत्ते	19087
14.	खरगोश	424
15.	कुक्कुट	648830

18वीं पशुधन गणना के अनुसार प्रत्येक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र में दुधारू पशुओं की संख्या संलग्न विवरण में दर्शाई गई है।

(घ) और (ङ) भारत सरकार प्रजनन की वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर दुधारू पशुओं की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए विभिन्न योजना/कार्यक्रम क्रियान्वित कर रही है:

राष्ट्रीय गोपशु और भैंस प्रजनन परियोजना

केन्द्रीय गोपशु प्रजनन सूची

केंद्रीय हिमित वीर्य उत्पादन और प्रशिक्षण संस्थान

केंद्रीय पशुयूथ पंजीकरण योजना

इसके अलावा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) परियोजना आधारित संस्थान और अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान/नेटवर्क परियोजना के जरिए देश के विभिन्न कृषि जलवायविक क्षेत्रों के पशुधन की विभिन्न प्रजातियों के उन्नयन के लिए अनुसंधान कार्यक्रम चलाती है।

विवरण

दुधारू पशुओं की संख्या-2007 $

(हजार में)

क्र.सं.	राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	वर्णक्रित गाय	स्वदेशी गाय	कुल गाय	दुधारू भैंस	दुधारू वोवाईनों की कुल संख्या (गाय+भैंस)
1	2	3	4	5	6	7
1.	आंध्र प्रदेश	828	2233	3061	6224	9285
2.	अरूणाचल प्रदेश	6	90	96	1	96
3.	असम	153	2533	2686	148	2834
4.	बिहार	836	2990	3826	2846	6672
5.	छत्तीसगढ़	59	2360	2418	316	2734
6.	गोवा	8	16	24	16	41
7.	गुजरात	525	2004	2529	4390	6919
8.	हरियाणा	268	340	608	2704	3312
9.	हिमाचल प्रदेश	409	460	869	448	1317
10.	जम्मू और कश्मीर	678	592	1270	551	1821
11.	झारखण्ड	67	2147	2214	412	2626
12.	कर्नाटक	1259	2656	3915	2374	6289
13.	केरल	745	48	793	13	806
14.	मध्य प्रदेश	205	5995	6200	3979	10179
15.	महाराष्ट्र	1623	3284	4907	3325	8231
16.	मणिपुर	24	74	98	16	113
17.	मेघालय	17	276	293	4	297

1	2	3	4	5	6	7
18.	मिजोरम	4	8	13	2	15
19.	नागालैंड	79	60	139	8	147
20.	ओडिशा	332	2377	2710	281	2991
21.	पंजाब	683	166	850	2779	3629
22.	राजस्थान	397	4630	5028	5400	10428
23.	सिक्किम	23	19	42	0	42
24.	तमिलनाडु	3071	1240	4312	806	5118
25.	त्रिपुरा	30	246	277	4	281
26.	उत्तर प्रदेश	791	5537	6328	10565	16892
27.	उत्तराखंड	157	605	762	665	1427
28.	पश्चिम बंगाल	1055	5004	6059	174	6233
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	5	10	15	3	18
30.	चंडीगढ़	3	1	4	12	16
31.	दादर और नगर हवेली	1	11	11	1	13
32.	दमन और द्वीव	0	1	1	0	1
33.	दिल्ली	25	28	53	171	224
34.	लक्षद्वीप	1	1	2	0	2
35.	पुदुचेरी	39	2	40	2	42
	अखिल भारत	14407	48042	62449	48641	111091

नोट: ये आंकड़े मोटे तौर पर बताए गए हैं इसलिए कुल योग नहीं मिलेगा।

0 हजार के आंकड़े से कम है।

$अनंतिम, ग्राम स्तरीय योग से लिया गया है

स्त्रोत: 18वीं पशुधन गणना, पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग कृषि मंत्रालय

[अनुवाद]

भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों द्वारा अचल सम्पत्ति की घोषणा

123. श्री एस.आर. जेयदुरई: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय पुलिस सेवा के सभी अधिकारियों को अपनी अचल सम्पत्ति को सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण के समक्ष घोषित करने का निदेश दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार के निदेशों का पालन नहीं करने वाले भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की पद-वार कुल संख्या कितनी है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त चूककर्ता अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी है/ किए जाने का विचार है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियमावली, 1968 के नियम 16

(2) के अनुसार सेवा (भारतीय पुलिस सेवा सहित) के सभी सदस्यों द्वारा प्रत्येक वर्ष अधिकतम 31 जनवरी तक सरकार को अपनी वार्षिक अचल सम्पत्ति विवरणी (रिटर्न) प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

(ख) इस अपेक्षा के अनुपालन के संबंध में दिनांक 5.5.2011, 5.9.2011 और 31.10.2011 को निदेश जारी किए गए हैं। भारतीय पुलिस सेवा के 3242 अधिकारियों में से विभिन्न रैंकों के 643 आई पी एस अधिकारियों द्वारा वर्ष 2010 के लिए अपनी अचल सम्पत्ति विवरणी (दिनांक 1.1.2011 की स्थिति के अनुसार) प्रस्तुत किया जाना बाकी है।

(ग) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को सतर्कता अनापत्ति प्रदान किए जाने से संबंधित दिशानिर्देशों में दिनांक 7.9.2011 को समुचित संशोधन करते हुए यह उल्लेख किया है कि समय पर अपनी अचल सम्पत्ति विवरणी प्रस्तुत नहीं करने वाले अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को सतर्कता अनापत्ति प्रदान नहीं की जाएगी तथा भारत सरकार में इम्पैनलमेंट हेतु उन पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके बारे में राज्य सरकारों को सूचित कर दिया गया है।

पीडीएस पर वाधवा समिति की रिपोर्ट

124. **श्री जे.एम.आरुन रशीद:**
श्री हेमानंद बिसवाल:
श्री प्रहलाद जोशी:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वाधवा समिति और अन्य एजेंसियों द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस)/लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) के मूल्यांकन/समीक्षा से कई राज्यों में भ्रष्टाचार और सब्सिडीयुक्त खाद्यान्नों के अन्यत्र उपयोग की जानकारी मिली है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) पीडीएस में उक्त भ्रष्टाचार को रोकने के लिए क्या उपचारात्मक उपाय किए गए हैं; और

(घ) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राज्यों द्वारा अपने राज्य में पीडीएस के कार्यकरण के बारे में शपथ पत्र दायर करने में असफल होने पर उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) से (ग) लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के क्रियान्वयन पर समय-समय पर मूल्यांकन अध्ययन कराया गया है। इन अध्ययनों में लीकेज/विपथन, शामिल करने/शामिल न करने की त्रुटि, जाली/अपात्र राशन कार्डों की मौजूदी आदि जैसी कुछ कमियां बताई गई हैं।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्यकरण को प्रभावित करने वाली खामियों का पता लगाने और उपचारात्मक उपायों का सुझाव देने के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा न्यायमूर्ति डी.पी. वाधवा की अध्यक्षता में केन्द्रीय सतर्कता समिति का गठन किया गया था। केन्द्रीय सतर्कता समिति ने 22 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के संबंध में रिपोर्ट और लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कम्प्यूटरीकरण पर भी एक रिपोर्ट माननीय उच्चतम न्यायालय को प्रस्तुत कर दी है। इन रिपोर्टों में केन्द्रीय सतर्कता समिति ने शामिल करने और शामिल न करने की त्रुटि, जाली/अपात्र राशन कार्डों का प्रचलन होना, लाभार्थियों को खाद्यान्नों की उनकी पात्रता का कोटा न मिलना उचित दर दुकानों का मनमाने ढंग से आवंटन करना जैसी लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्यकरण की त्रुटियों का उल्लेख किया है।

सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2011 के प्रावधानों को लागू करके लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्यकरण को सुप्रवाही बनाने के लिए राज्य सरकारों को निदेश जारी किए हैं। सरकार ने नियमित रूप से समीक्षा की है और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अनुदेश भी जारी किए हैं कि वे मॉनीटरिंग तंत्र और सतर्कता में सुधार करके, लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्यकरण में पारदर्शिता बढ़ाकर, संशोधित नागरिक अधिकार पत्र अपनाकर, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी यंत्रों का उपयोग करके और उचित दर दुकानों के प्रचालनों की कुशलता में सुधार करके लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्यक्रम को मजबूत करें।

(घ) जब कभी अपेक्षित होता है अन्य के साथ-साथ भारत संघ और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने रिट याचिका (सिविल) संख्या 196/2001-पीयूसीएल बनाम भारत संघ और अन्य में शपथ पत्र दाखिल न करने के लिए राज्यों के खिलाफ कार्रवाई करने का काम केन्द्र सरकार का नहीं हैं क्योंकि यह मामला उपर्युक्त रिट याचिका के संदर्भ में माननीय उच्चतम न्यायालय और संबंधित पक्षों के बीच है।

[हिन्दी]

आवासों की कमी

125. श्री नारनभाई कछाड़िया:
श्री हरिश्चंद्र चव्हाण:

क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कमजोर वर्गो तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों सहित लोगों के विभिन्न श्रेणियों में आवासों की अनुमानित कमी कितनी है;

(ख) उक्त श्रेणियों के लोगों को आवास प्रदान किए जाने के लिए क्या कदम उठाए गए और केन्द्र सरकार द्वारा गत तीन वर्षो के दौरान प्रत्येक वर्ष देश में कस्बों और शहरों में रहने वाले गरीब लोगों को कम लागत के आवास प्रदान किए जाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा आवंटित और जारी राशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार कम लागत के आवास निर्मित करने के लिए निजि डेवलपरों और बिल्डरों को प्रोत्साहित करती है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) नए आवासों के कब तक निर्मित होने की संभावना है; और

(च) यदि नहीं तो इसके क्या कारण क्या हैं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) 11वीं योजना के शुरू में शहरी आवास की कमी का अनुमान लगाने के लिए आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय द्वारा गठित तकनीकी समूह ने अनुमान लगाया है कि वर्ष 2007 में 24.71 मिलियन रिहायशी इकाइयों की कमी होगी, जो कि 11वीं योजना अवधि (2011-12) के अंत तक 26.53 मिलियन हो जायेगी। इस अनुमान के अनुसार, 21.78 मिलियन अर्थात कुल कमी का 88.14 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) से संबंधित है तथा 2.89 मिलियन अर्थात कुल आवासीय कमी का 11.70 प्रतिशत निम्न आय समूह (एल आई जी) से संबंधित है। तकनीकी समूह द्वारा अनुसूचित जाति (एस सी) और अनुसूचित जनजाति (एस टी) के लिए आवासीय कमी का कोई अनुमान नहीं लगाया गया था।

राष्ट्रीय शहरी आवास एवं पर्यावास नीति (एनयूएचएचपी) 2007 का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लिए किफायती कीमतों पर भूमि, आश्रय एवं सेवाओं की समान आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए देश में पर्यावास के सुस्थिर विकास को प्रोत्साहित करना है। तथापि 'भूमि' और 'कॉलोनी बसाना' राज्य के विषय होने के कारण एनयूएचएचपी:2007 के अंतर्गत पहल-प्रयास शुरू करना राज्य सरकारों पर निर्भर है।

केन्द्र सरकार निम्नलिखित विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए शहरी क्षेत्रों में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो (ईडब्ल्यूएस) और निम्न आय समूहों (एलआईजी) के लिए आवास के निर्माण मे मदद कर रहीं है यानी:

- वर्ष 2005 में सरकार द्वारा शुरू किया गया जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाएं (बीएसयूपी) संबंधी उप मिशन के अंतर्गत 65 निर्दिष्ट शहरों में तथा एकीकृत आवास एव स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) के अंतर्गत अन्य शहरों एवं कस्बों में स्लमों में शहरी गरीबों के लिए आवास एवं बुनियादी सेवाओं के प्रावधान हेतु सहायता प्रदान करता है। दिनांक 01.11.2011 की स्थिति के अनुसार बीएसयूपी और आईएचएसडीपी करने के लिए 21,54,548.87 करोड़ रु. के केन्द्रीय अंश (एसीए) सहित कुल 39,654.58 करोड़ रु. की परियोजना लागत से कुल 1501 परियोजनाएं अनुमोदित की गई थीं। बीएसयूपी और आईएचएसडीपी के अंतर्गत बजट आवंटन और की गई प्रगति संलग्न विवरण-I और-II में दी गई है।

- शहरी गरीबों के लिए आवास हेतु ब्याज सब्सिडी स्कीम (आईएचएसयूपी) में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) एवं निम्न आय वर्ग (एलआईजी) को ऋण-सक्षम उपाय के रूप में आवासीय ऋण पर ब्याज सब्सिडी प्रदान करने की व्यवस्था है और ऐसे परिवारों को मकानों के निर्माण/अधिग्रहण के उद्देश्य से वाणिज्यिक बैंकों/आवास वित्त कंपनियों के माध्यम से ऋण सुविधाएं प्राप्त करने के लिए तथा 1 लाख रु. तक के ऋण हेतु ब्याज अदायगी में 5 प्रतिशत की सब्सिडी प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन दिया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष (2011-12) के लिए आईएसएचयूपी के अंतर्गत आवंटित बजट 50. 00 करोड़ रु. है। संचयी रूप से सितम्बर, 2011 की स्थिति के अनुसार 1420 लाभार्थियों के लिए सकल वर्तमान मूल्य (एन पी वी) जारी किया गया है। तथापि पिछले तीन वर्षो के दौरान स्कीम के

अंतर्गत बजट आवंटन तथा की गई प्रगति संलग्न विवरण-III में दी गई है।

- भागीदारी में किफायती आवास स्कीम का उद्देश्य किफायती आवासों के निर्माण हेतु भूमि जुटाना और आंतरिक एवं वाह्य अवस्थापना संपर्क के प्रावधान के लिए केन्द्र सरकार सहायता उपलब्ध कराना है। 5000 करोड़ रुपए के परिव्यय से वर्ष 2009 में शुरू की गई उक्त स्कीम का लक्ष्य ईडब्ल्यूएस/एलआईजी/मध्यम आय वर्ग के लिए 1 मिलियन मकानों का निर्माण करना है जिसमें ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए कम से 25 प्रतिशत मकान हों। स्कीम के अंतर्गत की गई संचयी प्रगति संलग्न विवरण-IV में दी गई है।

- 'राजीव आवास योजना' (रे) नाम की एक नई योजना '(रे) फेज-1 5000 करोड़ रु. के बजट के साथ स्कीम अनुमोदन की तारीख से दो वर्षो की अवधि के लिए है। इस स्कीम में स्लमवासियों को संपत्ति का अधिकार देने के इच्छुक राज्यों को स्लम पुनर्विकास हेतु उपयुक्त आश्रय, बुनियादी नागरिक एवं सामाजिक सेवाओं के प्रावधान और किफायती आवासों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। बुनियादी नागरिक तथा सामाजिक अवसंरचना एवं सुविधाओं तथा आवास जिसमें किराया आवास शामिल है, तथा स्लमों के स्वस्थाने पुनर्विकास लिए अस्थायी आवास के प्रावधान की 50 प्रतिशत लागत जिसमें इस स्कीम के तहत निर्मित परिसंपत्तियों का प्रचालन और रख-रखाव शामिल है, केन्द्र द्वारा वहन की जाएगी। पूर्वोत्तर तथा विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए भूमि अधिग्रहण की लागत, यदि आवश्यक हो, सहित केन्द्र की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत होगी। स्लम मुक्त शहरी योजना स्कीम के अंतर्गत प्रारंभिक कार्यकलाप करने अर्थात राजीव आवास योजना के प्रारम्भिक चरण के लिए 157 शहरों को धन राशि जारी की गई है। 157 शहरों की सूची संलग्न विवरण-V में दी गयी है।

(ग) से (च) राष्ट्रीय शहरी आवास और पर्यावास नीति (एन यू.एच.एच.पी.), 2007 का लक्ष्य सामाज के सभी वर्गों के लिए वहनीय लागतों पर भू-आश्रय एवं सेवाओं की सामान आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से देश में पार्यावास के सतत विकास को प्रोन्नत करना हैं। आवास की कमी की मात्रा तथा केन्द्र एवं राज्य-सरकारों की बजटीय बाधाओं को देखते हुए, इस नीति का उद्देश्य सभी के लिए किफायती आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु बहु-प्रयोजनी स्टॉक होल्डरों, निजी क्षेत्र, सहकारी क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र तथा सेवा/ संस्थागत क्षेत्र को शामिल करना है। तदनुसार सरकार सभी के लिए किफायती आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु भागीदारी में किफायती आवास संबंधी स्कीम के माध्यम से निजी क्षेत्र, वित्तीय सेवा क्षेत्र, राज्य पैरा स्टेटल, शहरी स्थानिय निकायों, आदि के साथ सरकारी क्षेत्र की विभिन्न प्रकार की सार्वजनिक निजी भागीदारी को बढ़ावा देती है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा बनयी गयी स्कीमों के अंतर्गत सभी अधिसूचित स्लम-पुनर्विकास परियोजनाओं के लिए आयकर अधिनियम की धारा 35 एडी के तहत कर रियायतों की घोषणा की है।

शहरी गरीबों के आवास हेतु ब्याज सब्सिडी स्कीम (आईएसएचयूपी) मांग आधारित स्कीम है तथा मकानों का निर्माण लाभार्थियों द्वारा किया जाता है। इस मंत्रालय की अन्य स्कीम है तथा मकानों का निर्माण लाभार्थियों द्वारा सरकारों का प्राथमिक उत्तरदायित्व है, इसलिए इन स्कीमों के अंतर्गत प्रगति राज्यों द्वारा नियत गति पर निर्भर करती है। अत: इन स्कीमों के अंतर्गत मकानों निर्माण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा कोई समय-सीमा नहीं बतायी जा सकती है।

विवरण I

2008-09 से 2011-12 के दौरान बीएसयूपी के अंतर्गत आवंटित, अनुमोदित और राज्य-वार एसीए

करोड़ रु.

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	बीएसयूपी 2005-12 के अंतर्गत	अनुमोदित एसीए			जारी एसीए		
			2008-09	2009-10	2010-11	वर्ष 2008-09	वर्ष 2009-10	वर्ष 2010-11
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	आंध्र प्रदेश	1547.42	650.50	0.00		211.57	240.89	306.93

1	2	3	4	5	6	7	8	9
2.	अरूणाचल प्रदेश	43.95	40.59			0.00	10.99	0.84
3.	असम	121.94	49.04			0.00	24.40	12.26
4.	बिहार	531.54	133.22			33.30		
5.	छत्तीसगढ़	385.21	23.03	29.78		0.00	83.80	7.44
6.	गोवा	11.43	0.00			0.00		
7.	गुजरात	1015.56	78.74	103.22	12.49	175.34	137.25	158.44
8.	हरियाणा	57.31	0.00			15.59		7.80
9.	हिमाचल प्रदेश	31.29	0.00			0.00		
10.	जम्मू और कश्मीर	140.18	49.56			7.47	4.92	3.19
11.	झारखंड	351.09	118.68		77.15	9.67	1.80	37.48
12.	कर्नाटक	407.97	135.00			21.88	74.37	49.97
13.	केरल	250.00	31.18			0.00	24.00	50.72
14.	मध्य प्रदेश	351.10	87.59			17.80	51.63	56.65
15.	महाराष्ट्र	3372.56	705.34	467.99		436.48	232.55	293.87
16.	मणिपुर	43.91	43.91			0.00	10.98	
17.	मेघालय	40.35	16.58			0.00	10.09	
18.	मिजोरम	80.11	51.20			0.00	12.80	7.23
19.	नागालैंड	105.60	0.00			11.01		26.40
20.	ओडिशा	78.74	5.41			1.35		9.95
21.	पंजाब	444.46	0.00			0.00	8.32	9.04
22.	राजस्थान	383.46	0.00		88.11	0.00		43.17
23.	सिक्किम	29.06	26.27			0.00	6.56	7.96
24.	तमिलनाडु	1107.80	94.44			57.83	126.71	162.36
25.	त्रिपुरा	23.66	0.00			3.49	6.98	
26.	उत्तर प्रदेश	1165.22	937.76		5.40	235.57	71.14	284.49
27.	उत्तराखंड	97.84	9.93	37.32		3.20		10.61
28.	पश्चिम बंगाल	2126.98	440.87		355.17	211.13	87.84	150.33

1	2	3	4	5	6	7	8	9
29.	दिल्ली	1481.28	52.80	50.89	893.88	1578		183.69
30.	पुदुचेरी	83.20	0.00	50.89		0.00	13.78	1.07
31.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0.00	0.00			0.00		
32.	चंडीगढ़	446.13	0.00			94.03	89.91	38.28
33.	दादरा और नगर हवेली	0.00	0.00			0.00		
34.	लक्षद्वीप	0.00	0.00			0.00		
35.	दमन और दीव	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	कुल	16356.35	3781.62	689.20	1432.20	1562.50	1331.73	1920.15
	डीपीआर तैयार करने का प्रभार					3.35	0.69	4.55
	पीएमयू					3.92	0.80	0.40
	पीआईयू					13.15	3.14	0.53
	सीबीपी					0.00	2.01	
	कुल					1582.92	1338.37	1925.63

विवरण II

आई एचएसडीपी (16.11.2011) के अंतर्गत आवंटित अनुमोदित और जारी नया एसीए-अनान्तिम

करोड़ रु.

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आईएचएसडी पी2005-12 के अंतर्गत आबंटित कुल नया एसीए	अनुमोदित एसीए			जारी एसीए		
			वर्ष 2008-09	वर्ष 2009-10	वर्ष 2010-11	वर्ष 2008-09	वर्ष 2009-10	वर्ष 2010-11
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	आंध्र प्रदेश	764.57	271.98	0.00	0.00	48.91	195.04	114.86
2.	अरूणाचल प्रदेश	24.52	8.96	0.00	0.00	0.00		4.48
3.	असम	67.25	23.37	13.73	0.00	7.39	11.17	
4.	बिहार	168.07	64.21	38.51	67.40	32.10		19.26
5.	छत्तीसगढ़	158.83	36.82	0.00	0.00	0.00	43.57	13.74

1	2	3	4	5	6	7	8	9
6.	गोवा	35.79	0.00	0.00	0.00	0.00		
7.	गुजरात	256.25	73.23	17.13	0.00	33.84	13.99	6.46
8.	हरियाणा	209.70	26.74	0.00	0.00	0.00	13.37	19.81
9.	हिमाचल प्रदेश	37.07	20.88	0.00	11.71	6.39	10.44	5.85
10.	जम्मू और कश्मीर	117.34	34.51	17.85	29.72	13.80	9.61	5.38
11.	झारखंड	136.00	72.40	0.00	43.35	33.33		13.84
12.	कर्नाटक	222.69	76.93	0.00	0.00	0.00	38.46	37.84
13.	केरल	198.83	42.18	55.29	0.00	47.82	8.24	30.72
14.	मध्य प्रदेश	276.64	21.88	28.87	16.78	10.94	12.48	6.77
15.	महाराष्ट्र	1130.60	772.57	20.19	0.00	386.79	92.29	84.06
16.	मणिपुर	32.35	8.33	11.67	0.00	6.18	4.49	5.66
17.	मेघालय	28.97	13.46	0.00	0.00	3.58	6.72	
18.	मिज़ोरम	29.78	23.57	0.00	0.00	3.77	11.12	
19.	नागालैंड	44.14	0.00	0.60	0.00	0.00	7.85	
20.	ओडिशा	176.33	123.30	9.45	5.42	55.34	17.91	4.73
21.	पंजाब	172.56	8.22	0.00	99.76	3.54		50.46
22.	राजस्थान	424.56	52.11	45.93	196.00	40.24	43.94	122.00
23.	सिक्किम	20.90	0.00	17.92	0.00	0.00	8.96	
24.	तमिलनाडु	349.38	184.17	18.74	0.00	77.38	90.85	70.92
25.	त्रिपुरा	28.36	17.60	14.11	0.00	0.00	19.02	12.36
26.	उत्तर प्रदेश	854.41	509.10	100.62	177.76	256.50	18.50	198.20
27.	उत्तराखंड	63.58	0.00	87.66	0.00	0.00	26.99	16.84
28.	पश्चिम बंगाल	681.04	297.60	0.15	0.00	227.42	72.14	34.15
29.	दिल्ली	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00		

1	2	3	4	5	6	7	8	9
30.	पुदुचेरी	26.95	0.00	0.00	0.00	0.96	0.43	
31.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	27.29	8.90	0.00	0.00	0.00	3.16	
32.	चंडीगढ़	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	
33.	दादरा नगर हवेली	20.56	0.00	2.89	0.00	0.00		1.44
34.	लक्षद्वीप	21.03	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
35.	दमन और दीव	21.03	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	कुल	6828.31	2793.01	501.32	647.90	1296.21	780.72	879.95

विवरण III

पिछले तीन वर्षों के दौरान शहरी गरीबों के आवास हेतु ब्याज सब्सिडी स्कीम (आईएसएचयूपी) के अंतर्गत बजट आबंटन तथा की गई प्रगति का राज्य-वार ब्यौरा

वित्तीय वर्ष	बजट अनुमान (करोड़ रु. में)	वास्तविक व्यय (करोड़ रु. में)	जारी ब्याज सब्सिडी का	लाभार्थियों की संख्या सकल वर्तमान मूल्य (करोड़ रु. में)	शामिल राज्य
2008-09	95.00 30.00 (संशोधित अनुमान स्तर पर)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2009-10	180.59 5.00 (संशोधित अनुमान स्तर पर)	83 लाख	36.82 लाख	531	आंध्र प्रदेश
2010-11	200.00 50.00 (संशोधित अनुमान स्तर पर)	12.83 करोड़ (ब्याज सब्सिडी को उनकी के अग्रिम के रूप में सी एन ए को 11:00 करोड़ रुपए जारी करने सहित)	4.77 करोड़	5854	आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु

विवरण IV

भागीदारी में किफायती आवास अनुमोदित कुल परियोजनाएं

दिनांक 16.11.2011 की स्थिति के अनुसार (रु. करोड़ में)

क्र. सं	राज्य/संघ राज्य का	मिशन शहर	अनुमोदित परियोजनाएं	कुल अनुमोदित परियोजना लागत	अनुमोदित कुल केन्द्रीय अंश	अनुमोदित कुल राज्य अंश	कुल राज्य यूएलबी अंश	कुल राज्य लाभार्थी अंश	ईडब्ल्यूएस इकाइयां	एलआजी	एमआईजी	अनुमोदित रिहायशी यूनिटों की सं	बैठकों की सं	सीएसएमसी की तारीख
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	वसंतकुज योजना सैक्टर-ए, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागीदारी में किफायती आवास)	35.33	2.48	1.68	0	31.16				816	84	27-अप्रैल-10
2.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	वृन्दावन योजना सं. 1, सैक्टर-5 ई, लखनऊ उ.प्र. में (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागीदारी में किफायती आवास	57.73	4.63	2.75	0	50.35				1500	84	27 अप्रैल-10
3.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	वसंतकुज योजना सैक्टर-ए, लखनऊ,उत्तर प्रदेश में (जेएनएनयूआरएमके अंतर्गत) भागीदारी में किफायती आवास	132.81	8.32	6.32		118.17	1776	800		2576	85	5-मई-10
4.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	गहरू योजना, बिजनौर लखनऊ, उत्तर प्रदेश में (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागीदारी में किफायती आवास	139.03	6.63	6.62		125.78	896	1536		2432	85	5-मई-10
5.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	गौमती नगर एक्स.योजना लखनऊ, उत्तर प्रदेश (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागीदारी में किफायती आवास	103.63	9.41	4.93		89.28	1728	208		1936	85	5-मई-10

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
6.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	देवपुरा लखनऊ, उत्तर प्रदेश में (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागीदारी में किफायती आवास	132.91	8.74	6.33		117.85	3152			3152	85	5-मई-10
7.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	वसंतकुंज योजना सैक्टर-ए लखनऊ, उत्तर प्रदेश में (जेएनएनयूआरएमके अंतर्गत) भागीदारी में किफायती आवास	27.85	1.40	1.33		25.12	720			720	85	25-मई-10
8.	उत्तर प्रदेश	कानपुर	जानकीपुरम सैंक्टर-1, कानपुर उत्तर प्रदेश में (जेएनएनयूआरएमके अंतर्गत) भागीदारी में किफायती आवास	34.11	3.12	1.62		29.36	688			688	86	25-मई-10
9.	उत्तर प्रदेश	कानपुर	हंसपुरम, सैक्टर-7, कानपुर, उत्तर प्रदेश में (जेएनएनयूआरएमके अंतर्गत) भागीदारी में किफायती आवास	21.71	2.05	1.03		16.62	564			564	86	25-मई-10
10.	उत्तर प्रदेश	मथुरा	रुकमणी बिहार आवासीय योजना, वृन्दावन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में (जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत) भागीदारी में किफायती आवास	31.72	1.70	1.51		28.52	672	304		976	86	25-मई-10
			उप योग	716.83	48.48	34.13	0.00	634.22	10196	2843	0	15360		
11.	छत्तीसगढ़	रायपुर	धर्मपुरा सामाजिक स्कीम धर्मपुरा रायपुर में भागीदारी में किफायती आवास के तहत 648 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों (जी+3) का निर्माण	15.62	0.59			15.04	648			648	86	25-मई-10
12.	छत्तीसगढ़	रायपुर	पुरैना सामाजिक आवास स्कीम पुरैना, रायपुर में भागदारी में किफायती आवास के तहत 320 ईडब्ल्यू फ्लैटों (जी+3)का निर्माण	7.75	0.27			7.48	320			320	86	25-मई-10
13.	छत्तीसगढ़	रायपुर	राजपुरा, रायपुर में भागीदारी में किफायती आवास परियोजना	17.81	1.75			16.07	972			972	86	25-मई-10

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
14.	छत्तीसगढ़	रायपुर	बोर्ताखुर्द, रायपुर में भागीदारी में किफायती परियोजना प्रस्ताव	34.03	2.88			31.15	1800			1800	86	25-मई-10
			उप योग	75.21	5.48	0.00	0.00	69.73	3740	0	0	3740		
	कुल			792.04	53.96	34.13	0.00	703.94	13936	2848	0	19100		

विवरण V

157 शहरों की सूची

क्र.सं.	राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश का नाम	जारी की गई राशि (लाख रु.) में/शहरों की संख्या	शहर-एसएफसीपी द्वारा जारी की गई राशि
1	2	3	4
1.	आंध्र प्रदेश	472.72 (10 शहर)	1. ग्रेटर हैदराबाद नगर-निगम (जीएचएमसी)
			2. ग्रेटर विशाखापट्नम नगर-निगम (जीवीएमसी)
		969.40 लाख की दूसरी किश्त मार्च 2011 में निर्मुक्त की गई।	3. विजयवाड़ा
			4. तिरूपति
			5. गुंटूर
			6. नैल्लोर
			7. करनूल
			8. राजामुन्दरी
			9. वारंगल
			10. काकीनाडा
2.	असम	76.34 (एक शहर)	11. गुवाहाटी
3.	बिहार	191.59 (चार शहर)	12. पटना
			13. गया
			14. भागलपुर
			15. मुजफ्फरपुर
4.	छत्तीसगढ़	182.88 (चार शहर)	16. भिलाई नगर
			17. रायपुर

1	2	3	4
			18. बिलासपुर
			19. कोरबा
5.	गुजरात	431.64 (आठ शहर)	20. अहमदाबाद
			21. सूरत
			22. वड़ोदरा
			23. राजकोट
			24. जामनगर
			25. भावनगर
			26. भरूच
			27. पोरबंदर
6.	हरियाणा	151.3 (तीन शहर)	28. फरीदाबाद
			29. पानीपत
			30. यमुना नगर
7.	हिमाचल प्रदेश	63.84 (एक शहर)	31. शिमला
8.	झारखंड	206.11 (चार शहर)	32. जमशेदपुर
			33. धनबाद
			34. रांची
			35. बोकारो स्टील सिटी
9.	कर्नाटक	400.4 (आठ शहर)	36. बंगलोर
			37. मैसूर
			38. हुबली-धारवाड़
			39. मैंगलोर
			40. बेलगांव
			41. गुलबर्ग
			42. देवनगरी
			43. बिल्लारी
10.	केरल	263.31 (छह शहर)	44. कोच्ची
			45. तिरूअनंतपुरम

1	2	3	4
			46. कोझीकोडे
			47. कन्नूर
			48. कोल्लम
			49. थ्रिसूर
11.	मध्य प्रदेश	282.25 (छह शहर)	50. इंदौर
			51. भोपाल
			52. जबलपुर
			53. ग्वालियर
			54. उज्जैन
			55. सागर
12.	महाराष्ट्र	944.67 (सोलह शहर)	56. ग्रेटर मुम्बई
			57. पूना
			58. नागपुर
			59. नासिक
			60. औरंगाबाद
			61. शोलापुर
			62. भिवांडी
			63. अमरावती
			64. कोल्हापुर
			65. सांगली-मिराज कुपवाड़
			66. नांदेड़-वागला
			67. मालेगांव
			68. अकोला
			69. जलगांव
			70. अहमदनगर
			71. धुले

1	2	3	4
13.	ओडिशा	184.12 (पांच शहर)	72. भुवनेश्वर
			73. पुरी
			74. कटक
			75. राउरकेला
			76. ब्रह्मपुर
14.	राजस्थान	281.15 (छः शहर)	77. जयपुर
			78. जोधपुर
			79. कोटा
			80. बीकानेर
			81. अजमेर
			82. उदयपुर
15.	मणिपुर	55.79 (एक शहर)	83. इम्फाल
(च) और (छ) जी, नहीं।

सीएसआईडीसी को अनुदान

157. **श्री जगदीश शर्मा:** क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (सीएसआईडीसी) को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान कुल कितना अनुदान प्रदान किया गया; और

(ग) यदि नहीं तो कब तक राशि जारी जाने की संभावना है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) से (ग) जी हां। संस्थान सुदृढ़ीकरण स्कीम के अंतर्गत, सभी राज्य नोडल एजेंसियों को वार्षिक आधार पर आवर्ती/ अनावर्ती अनुदान सहायता दी जाती है। छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (सीएसआईडीसी), छत्तीसगढ़ की राज्य नोडल को गत तीन वर्षों के दौरान दिए गए एस एन ए अनुदान का ब्यौरा निम्नानुसार है:

2008-09	2.50 लाख रुपए का आवर्ती अनुदान
2010-11	5.00 लाख रुपए का आवर्ती अनुदान

इस मंत्रालय को वर्ष 2011-12 के आवर्ती/अनावर्ती अनुदान की निर्मुक्ति के लिए छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक निगम लिमिटेड (सीएसआईडीसी) से अब तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

अवसंरचना विकास स्कीम, खाद्य पार्क घटक के अंतर्गत, इस मंत्रालय ने राजनन्दगांव, छत्तीसगढ़ में खाद्य पार्क की स्थापना के लिए 31.02.2002 को अनुमोदित 4.00 करोड़ रुपए की राशि में से 2.00 करोड़ रूपए की राशि सीएसआईडीसी और इसके सह-प्रमोटर को जारी की थी।

राष्ट्रीय पशुधन नीति

158. **श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण:**
श्री अशोक कुमार रावत:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का राष्ट्रीय पशुधन नीति बनाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त नीति का प्रारूप तैयार कर लिया गया है और सुझावों हेतु सरकारों को भेज दिया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) गत दो दशक के दौरान राज्य-वार पशुधन के विकास हेतु आरंभ की गई परियोजनाओं के नाम क्या हैं; और

(च) इस संबंध में निर्धारित किए गए लक्ष्य और उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) जी, हां।

(ख) राष्ट्रीय पशुधन नीति राज्यों को विभिन्न राज्य विशिष्ट कार्यक्रम क्रियान्वित करने के लिए सामान्य दिशानिर्देश उपलब्ध कराएगी ताकि पशु उत्पादकता में सुधार करने, अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए गुणवत्ता आश्वासन के वास्ते उपयुक्त प्रौद्योगिकियां शामिल करने, विपणन लिंकेज, विस्तार सेवाओं, संस्थानों की पुनर्सरंचना और अधिक निवेश के संदर्भ में समर्थन तथा उसे बनाए रखने प्रस्तावित राष्ट्रीय लक्ष्यों और उद्देशयों को पूरा किया जा सके। प्रस्तावित राष्ट्रीय पशुधन नीति की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

(1) पशुधन उत्पादकता बढ़ाने और उन बाधाओं को दूर करना जो उत्पादकता में रूकावट डालते हैं।

(2) एक दशक के भीतर पशु प्रोटीन की उपलब्धता को 10 ग्राम प्रति व्यक्ति के मौजूदा स्तर को बढ़ाकर 20 ग्राम प्रति व्यक्ति करके दुगुना करना।

(3) छोटी जोत प्रणाली से संबंधित सामाजिक-आर्थिक समस्याओं की समझ में सुधार करना और छोटी खेती उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी अंतरण के लिए उपयुक्त विस्तार मॉडलों का विकास।

(4) प्रत्येक पशुधन प्रजाति के लिए प्रजनन नीति तैयार करना जिसका उद्देश्य पशुधन उत्पादों में गुणात्मक और मात्रात्मक सुधार करना है।

(5) गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए समूची खाद्य चेन में गुणवत्ता,आश्वासन उपलब्ध कराना।

(6) प्राकृतिक आपदाओं और रोग के प्रकोपों से संबंधित आकस्मिक योजना तैयार करना जिसमें उपयुक्त बीमा पैकेज भी शामिल होंगे।

(7) पशुचिकित्सा स्नातकों, सहायक स्टाफ तथा किसानों के प्रशिक्षण और पुनर्प्रशिक्षण के लिए शिक्षा अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण।

(8) पशुओं की उत्पादकता में सुधार करने तथा पशुधन और पशुधन उत्पादों की निर्यात क्षमता का दोहन करने के लिए प्रमुख पशु रोगों को उन्मूलन और नियंत्रण।

(ग) और (घ) जी, हां। राष्ट्रीय पशुधन नीति के प्रारूप को टिप्पणियां/अनुमोदन के लिए सभी, राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को सर्कुलेट किया गया था और इसे राज्यों के पशुपालन मंत्रियों के 13 सितम्बर, 2008 को सम्पन्न सम्मेलन में रखा गया था। उक्त सम्मेलन में इस पर सर्वसमिति से सहमति हुई थी। उसके बाद राष्ट्रीय पशुधन नीति संबंधी मंत्रिमंडल नोट के प्रारूप को विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों/योजना आयोग को उनकी टिप्पणियों के लिए भेजा गया था। राष्ट्रीय पशुधन नीति में प्रक्षेपणों को अद्यतन किया जा रहा है।

(ङ) और (च) भारत सरकार द्वारा पशुधन के विकास के लिए कोई विशिष्ट परियोजना शुरू नहीं की गई थी। इसके बावजूद पशुधन के विकास का सुनिश्चत करने के लिए भारत सरकार राज्य सरकारों की गतिविधियों की प्रतिपूर्ति करती है। इस प्रकार की योजनाएं मांग आधारित हैं और राज्यों को केन्द्रीय सहायता योजना सीमा के भीतर जारी की जाती हैं।

[अनुवाद]

ऐतिहासिक/पर्यटन स्थलों के संबंध में कार्यक्रम

159. श्री वैजयंत पांडा: क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का दूरदर्शन चैनलों पर ऐतिहासिक और पर्यटन महत्व के स्थलों की विरासत को दर्शाने वाले नए कार्यक्रम प्रसारित करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ओडिशा सहित देश के विरासत केन्द्रों का ब्यौरा क्या है जिनका इस प्रयोजन हेतु वृत्तचित्र बनाया गया है; और

(घ) दूरदर्शन चैनल पर उक्त कार्यक्रम कब तक प्रसारित किए जाने की संभावना है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) और (ख) प्रसार भारती ने सूचित किया है कि दूरदर्शन (राष्ट्रीय) और उसके क्षेत्रीय चैनल समय-समय पर ऐतिहासिक एवं पर्यटक महत्व के विरासत स्थलों को दर्शाने वाले कार्यक्रमों का प्रसारण करते हैं। वर्ष 2010 व 2011 के दौरान डीडी नेशनल ने निम्नलिखित कार्यक्रमों का प्रसारण किया है:

क्र.सं.	कार्यक्रम	धारावाहिक-कड़ियों (एपिसोडों) की संख्या
1.	संस्कृयुिदे श्रुतिलायंगेल/सर्वजन प्रार्थनालय "(भार में सार्वजनिक पूजा केन्द्र)"	22 एपिसोड
2.	भारत के किले	26 एपिसोड

उक्त कार्यक्रम डीडी नेशनल पर प्रत्येक रविवार को क्रमश- प्रात: 6.30 बजे तथा रात्रि 8.30 बजे प्रसारित किए गए।

(ग) और (घ) उपर्युक्त कार्यक्रमें के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, बिहार, दिल्ली, गुजरात, गोवा, हिमाचल प्रदेश, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल के विरासत केन्द्र कवर किए गए। दूरदर्शन उड़िया के संदर्भ में कार्यक्रमों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

दूरदर्शन केन्द्र भुवनेश्वर द्वारा धरोहर और संस्कृति पर निर्मित वृत्तचित्रों की सूची

क्र.सं.	नाम
1	2
1.	हेरिटेज विलेज रघुनाथपुर
2.	संस्कृति पर वृतचित्र
3.	शक्ति पीठ घंटेश्वरी
4.	ललित गिरि/रतनागिर
5.	हुमा (झुका हुआ मंदिर)
6.	कोणार्क: सूर्य भगवान का रथ मंदिर
7.	ओडिशा के मंदिर

1	2
8.	ओडिशा पर्यटन
9.	ओडिशा के ऐतिहासिक स्थल
10.	ओडिशा का वन और पर्यावरण
11.	रानीपुर झरियल (पर्यटन स्थल)
12.	नृसिंहनाथ/हरिशंकर
13.	चिल्का (पक्षी अभयारण्य)
14.	भीतर कानिका/चांदीपुर वन्यजीव अभयारण्य
15.	कांतिलो नीला माधव
16.	पारादीप बंदरगाह
17.	श्रीक्षेत्र पुरी

[हिन्दी]

शहरी परिवहन व्यवस्था

160. श्री हंसराज गं. अहीर:
श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम:

क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश के विभिन्न भागों में मैट्रो जैसी व्यवहार्य और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था आरम्भ कर शहरी परिवहन व्यवस्था के विकास हेतु कोई व्यापक योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में वर्तमान परिवहन प्रणाली में सुधार हेतु वित्तीय रूप से व्यवहार्य और शीघ्र कार्यान्वयन हेतु कोई दीर्घकालिक नीति तैयार की है;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में विचाराधीन मानदंडों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इसके कार्यान्वयन पर कुल कितना व्यय होने की संभावना है और इस प्रायोजन हेतु निधियां जुटाने हेतु सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की गई है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय) (क) और (ख) सरकार ने राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति (एनयूटीपी), 2006 तैयार की है। जिसमें निजी वाहन प्रणाली की तुलना में पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन पर जोर दिया गया है।

(ग) और (घ) राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति (एनयूटीपी) में सार्वजनिक प्रणाली में निवेश को प्राथमिकता देने, पैदलीकरण तथा गैर-मोटरीकृत परिवहन, भू-उपयोग और परिवहन एकीकरण, सुव्यवस्थित परिवहन प्रणालियों, परिवहन मांग प्रबंधन आदि का उल्लेख है। उक्त नीति में व्यवहार्यता अंतराल निधियन जो कि परियोजना की पूंजीगत लागत के अधिकतम 20 प्रतिशत के अध्यधीन है, के रूप में केन्द्र सरकार द्वारा पूंजीगत सहायता का भी उल्लेख है।

(ङ) वर्ष 2008 में मैसर्स विलम्बर स्मिथ एसोसिएट प्राइवेट लि. के जरिए शहरी विकास मंत्रालय द्वारा कराए गए हाल के एक अध्ययन के अनुसार, वर्ष 2030 तक 87 चिन्हित शहरों में शहरी परिवहन के लिए मोटे तौर पर 4,35,380 करोड़ रूपए का कुल निधियां अपेक्षित हैं।

गन्ना उत्पादन

161. श्रीमती ज्योति धुर्वे: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल ही में गन्ने के उत्पादन में कमी आयी है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राज्य-वार उत्पादन का ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में गन्ने के उत्पादन को प्रोत्साहन देने हेतु सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) जी नहीं, महोदया। वर्ष 2011-12 के लिए पहले अग्रिम अनुमानों के अनुसार, देश में गन्ने को उत्पादन 342.20 मिलियन टन तक अनुमानित है जो बढ़कर 2010-11 (चौथे अग्रिम अनुमान) के 339.17 मिलियन टन उत्पादन की तुलना में 3.03 मिलियन टन अधिक है। विगत तीन वर्षों तथा मौजूदा वर्ष अर्थात 2011-12 के दौरान गन्ना उत्पादन के राज्यवार ब्यौरे संलग्न विवरण दिए गए हैं।

(ग) गन्ने के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए, राज्य की प्राथमिकताओं एवं अपेक्षाओं के आधार पर राज्यों को

और अधिक नम्यता प्रदान करने तथा कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने के उद्देश्य से सूक्ष्म कृषि प्रबंधन मोड के तहत "गन्ना आधारित फसल पद्धति क्षेत्रों का सतत विकास (सुबाक्स)" नामक एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना को शामिल किया गया है। इसका क्रियान्वयन विभिन्न गन्ना उत्पादक राज्यों में किया गया है।

योजना का मुख्य जोर क्षेत्रीय प्रदर्शनों के माध्यम से किसानों को उन्नत प्रौद्योगिकीयों का अन्तरण, किसानों को प्रशिक्षण, फार्म औजारों, की आपूर्ति, गुणन, लघु ड्रिप सिंचाई अन्त:सिंचाई अन्त:संरचना आदि पर है।

विवरण

गन्ना उत्पादन के राज्यवार अनुमान

राज्य/संघशासित क्षेत्र	उत्पादन ('000 टन')			
	2008-09	2009-10	2010-11*	2011-12**
1	2	3	4	5
आंध्र प्रदेश	15380.0	11708.0	14784.0	14040.0
अरूणाचल प्रदेश	23.4	27.1	#	#
असम	1099.7	1059.0	1097.0	984.0
बिहार	4959.9	5032.6	15000.0	11447.2
छत्तीसगढ़	25.4	29.2	21.8	51.7
गुजरात	15510.0	12400.0	14240.0	13015.0
गोवा	49.3	52.3	#	#
हरियाणा	5130.0	5335.0	5987.0	7102.0
हिमाचल प्रदेश	53.1	45.6	38.3	28.3
जम्मू और कश्मीर	0.0	0.0	0.0	0.0
झारखंड	348.8	447.0	457.3	457.3
कर्नाटक	23328.0	30443.0	37595.0	39710.0
केरल	275.5	285.0	2667.0	2859.0
मध्य प्रदेश	2975.0	2535.0	2667.0	2859.0
महाराष्ट्र	60648.0	64159.0	78838.0	83416.0
मणिपुर	21.3	21.3	#	#
मेघालय	0.3	0.2	#	#
मिजोरम	13.7	12.4	#	#
नागालैंड	185.8	152.9	#	#
ओडिशा	646.2	489.9	902.7	607.9

1	2	3	4	5
पंजाब	4670.0	3700.0	4170.0	5100.0
राजस्थान	388.2	344.5	360.9	319.7
तमिलनाडु	32804.4	29745.6	34292.0	30030.0
त्रिपुरा	51.7	44.9	#	#
उत्तर प्रदेश	109048.0	117140.0	120555.0	123901.0
उत्तरांचल	5590.0	5842.0	6516.0	7186.0
पश्चिम बंगाल	1638.3	1000.8	1100.0	1450.0
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	3.0	2.0	#	#
पुदुचेरी	162.3	247.3	#	#
अन्य	लागू नहीं	लागू नहीं	435.3	425.3
अखिल भारत	285029.3	292301.6	339167.6	342197.4

*19.07.2011. को जारी चौथे अग्रिम अनुमान

*13.10.2011. को जारी प्रथम अग्रिम अनुमान

#अन्यों में शामिल, लागू नही

आईपीएस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण माड्यूल

162. **श्री जी.एम. सिद्देश्वर:**
श्री के.सी. सिंह 'बाबा':

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार आपात सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण की विषय-वस्त और गुणवत्ता से संतुष्ट है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का प्रशिक्षण माड्यूल/कार्यक्रम की समीक्षा करने का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान सेवा छोड़ने वाले आईपीएस अधिकारियों का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(च) सरकार द्वारा आईपीएस अधिकारियों को सेवा छोड़ने से रोकने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) भारत सरकार, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों, जिन्हें पांच स्तरों पर अनिवार्य प्रशिक्षण और सेवा-कालीन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, के प्रशिक्षण की विषयवस्तु और गुणवत्ता को उत्कृष्ट स्तर का बनाने हेतु, उनके प्रशिक्षण को अत्यधिक महत्व देती है।

(ग) और (घ) प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को उभरती हुई सुरक्षा चुनौतियों के अनुरूप बनाए रखने के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूलों और कार्यक्रमों की समीक्षा एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इन अधिकारियों की क्षमताओं का उन्नयन करने के लिए हाल के वर्षो में जंगल-युद्धकला, रणनीतियों, साइबर अपराधों, विधि-विज्ञान जैसे विषयों को जोड़ा गया है।

(ङ) और (च) वर्ष 2008, 2009 और 2010 में क्रमशः 12, 10 और 8 भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों ने त्यागपत्र दिया हैं आई पी एस कैडर में सेवा-छोड़ने की समस्या से निपटने के लिए राज्य कैडरों की क्षमता और उनके संघटन की समीक्षा की गई है, नियमित भर्ती अधिकारियों के वार्षिक बैच आकार को बढ़ाकर 150 किया गया है और

सीमित प्रतियोगिता परीक्षा योजना के माध्यम से आई पी एस अधिकारियों की भर्ती का एक प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है।

[हिन्दी]

सीपीएमएफ में भर्ती कोटा

163. श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय अर्ध-सैनिक बलों (सीपीएमएफ) में भर्ती के लिए देश के ग्रामीण, जनजातीय तथा पिछड़े क्षेत्रों से कोई कोटा किया गया है;

(ख) यदि हां, तो महाराष्ट्र सहित बल और राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ग्रामीण, जनजातीय तथा पिछड़े क्षेत्रों में भर्ती के लिए विहित कोटा भरा गया है;

(घ) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान कितने कर्मियों की राज्य-वार और बल-वार भर्ती की गई है;

(ङ) क्या सरकार का देश के जनजातीय ग्रामीण तथा पिछड़े क्षेत्रों में सीपीएमएफ के लिए विशेष भर्ती अभियान आरंभ करने कोई प्रस्ताव है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) जी, नहीं।

(ख) उपर्युक्त (क) के मद्देनजर लागू नहीं होता।

(ग) इस आधार पर कोई कोटा नियत नहीं है।

(घ) उपर्युक्त (ग) के मद्देनजर लागू नहीं होता।

(ङ) और (च) प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

सीपीएमएफ द्वारा शक्तियों का दुरुपयोग

164. श्री असादूद्दीन ओवेसी: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय अर्ध-सैनिक बलों (सीपीएमएफ) द्वारा तलीशी, जब्ती तथा लोगों को गिरफ्तार करने में शक्तियों के दुरूपयोग से संबंधित अनेक मामलों की जानकारी प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे कितने मामलों की जानकारी प्राप्त हुई है और पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान बल-वार दोषी कर्मियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या सरकार का उग्रवाद तथा नक्सल रोधी अभियान हेतु तैनात सीमा सुरक्षा बलों को ऐसी शक्तियां प्रदान करने प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में कब तक अंतिम निर्णय लिए जाने की संभावना है; और

(ङ) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं अथवा उठाये जा रहे हैं कि सीपीएमएफ द्वारा शक्तियों का दुरुपयोग न किया जाये?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) किसी भी केन्द्रीय सैनिक बल (सीपीएमएफ) द्वारा तलाशी, जब्ती और गिरफ्तार करने में शक्तियों का दुरूपयोग करने का कोई मामला गृह मंत्रालय की जानकारी में नहीं आया है।

(ग) और (घ) सीमा सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 की धारा 4 और 139 को संशोधित करने का प्रस्ताव है जिसके द्वारा अधिनियम में एक सामर्थकारी प्रावधान किया जा रहा है ताकि यदि आवश्यकता पड़े तो संबंधित राज्य सरकार की सहमति से तलाशी, जब्ती और गिरफ्तार करने की ऐसी शक्तियां उग्रवाद रोधी एवं नक्सल-रोधी अभियानों के लिए तैनात किए गए बी एस एफ कार्मियों को प्रदान की जा सकें। इस प्रयोजनार्थ, सीमा सुरक्षा बल (संशोधन) विधेयक, 2011 नामक एक विधेयक दिनांक 18.8.2011 को राज्य सभा में पेश किया गया था। इस विधेयक को गृह मंत्रालय की विभागीय संसदीय स्थायी समिति को भेजा गया था। समिति ने, अपनी 154वीं रिपोर्ट में विधेयक को किसी परिवर्तन के बगैर स्वीकार कर लिया है और विधेयक को पारित करने की सिफारिश की है। प्रस्तावित विधेयक को संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र के दौरान पारित किए जाने की सम्भावना है। एस एस बी और आई टी बी पी के अधिनियमों में ऐसे सामर्थकारी प्रावधान पहले से ही विद्यमान हैं।

(ङ) केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों सी ए पी एफ को विनियमित करने वाले अधिनियमों और नियमों के साथ-साथ समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों में ऐसे पर्याप्त प्रावधान/सुरक्षोपाय विद्यमान हैं जिनमें शक्तियों का किसी प्रकार का दुरूपयोग करने वाले बल कार्मिकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का प्रावधान है।

[हिन्दी]

लघु औद्योगिक इकाइयों को भूमि

165. श्री जय प्रकाश अग्रवाल: क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार दिल्ली में उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुसार बंद लघु औद्योगिक इकाइयों को भूमि आबंटित करने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो आज का तिथि के अनुसार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में कोई अभ्यावेदन या अनुरोध प्राप्त हुए है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) कतिपय नए औद्योगिक क्षेत्रों में इन लघु औद्योगिक इकाइयों को कब तक भूमि आवंटित कर दिये जाने की संभावना है और इसमें विलम्ब के क्या कारण हैं?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) जैसा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने सूचित किया है कि दिल्ली राज्य औद्योगिक और अवस्थापना विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) के पास ऐसा कोई नया प्रस्ताव न तो लंबित है अथवा विचाराधीन है। उद्योगों की पुरानी पुनर्स्थापना स्कीम के अंतर्गत रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार/डीएसआईआईडीसी द्वारा स्कीम के अनुसार आबंटन हेतु पात्र पाए औद्योगिक इकाईयों को पहले ही 22492 वैकल्पिक औद्योगिक प्लाट/फ्लैट आबंटित किए जा चुके थे। आज की स्थिति के अनुसार इस स्कीम के अंतर्गत मात्र 189 पात्र इकाईयां ही प्रतीक्षारत हैं।

(ग) से (ङ) रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार ने यह भी सूचित किया है कि उपर्युक्त स्कीम के तहत अस्वीकृत मामलों पर पुन: विचार हेतु समय-समय पर विभिन्न औद्योगिक एसोसिएशनों/संगठनों/व्यक्तियों से अनेक अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं निन्होंने पुनर्स्थापना स्कीम 1996 के तहत आवेदन किया था और विशेष रूप से उल्लिखित दस्तावेजों द्वारा यह सिद्ध करने में सफल रहे थे कि उनकी इकाईयां 19.4.1996 से पूर्व गैर-अनुरूप (नॉन कांफोर्मिग) क्षेत्र/रिहायशी क्षेत्र में स्थापित थीं और अंतिम तिथि से पूर्व मानदण्डों का उल्लंघन किया था, स्कीम के तहत उनको औद्योगिक प्लाट आबंटित किए गए हैं तथा आबंटन हेतु कुछ ही प्रतीक्षारत हैं। अभी अस्वीकृत मामलों पर पुन: विचार करने का न तो कोई प्रस्ताव है और नहीं पुनर्स्थापना के लिए कोई नई स्कीम विचारधीन है।

[अनुवाद]

भूमि आवंटन

166. श्रीमती जे. शांता: क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सार्वजनिक निकायों/जन सुविधा सेवाओं का ब्यौरा क्या है जिन्हें सरकार द्वारा रियायती दरों पर भूमि आवंटित की जाती है;

(ख) क्या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में मदर डेयरी, अस्पतालों, विद्यालयों आदि को भूमि आवंटित की गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) ऐसे आवंटनों की निबंधन और शर्तें क्या हैं?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) सरकार, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक संस्थाओं, स्थानीय निकायों इत्यादि को रियायती दरों पर भूमि आबंटित करती है।

(ख) जी, हां।

(ग) 68 मदर डेयरी के बूथ और छह निजी अस्पतालों के लिए भूमि आबंटित की गई है। विभिन्न स्कूलों को 231 भू-खंड आबंटित किए गए हैं।

(घ) संबंधित आबंटन पत्रों में आबंटन की निबंधन एवं शर्तो का उल्लेख किया जाता है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ भूमि का प्रीमियम प्रभार, वार्षिक भू-किराया और दुरूपयोग के विरुद्ध धारा शामिल हैं।

अवैध अतिथि गृह

167. श्री हमदुल्लाह सईद: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्र राजधानी क्षेत्र दिल्ली में कितने अवैध अतिथि गृह हैं;

(ख) कितने अतिथि गृहों के पास एमसीडी/एनडीएमसी/डीडीए/डीसीपी (लाइसेंसिंग) द्वारा जारी वैध लाइसेंस हैं और कितने अतिथि गृहों के पास कोई लाइसेंस नहीं हैं;

(ग) क्या अधिकांश अतिथि गृह अवासीय उद्देश्यों के लिए बने भवनों में चल रहे हैं;

(घ) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान ऐसे कुल कितने मामलों की जानकारी प्राप्त हुई और उन पर क्या कार्रवाई की गई; और

(ङ) सरकार द्वारा भविष्य में ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय खेलों का आयोजन

168. श्री के.जे.एस.पी. रेड्डी: क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का अगले दक्षिण एशियाई खेलों और साथ ही अन्य अंतर्राष्ट्रीय खेलों को आयोजित करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ अब तक तैयार किया गया ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में निर्धारित, आवंटित और व्यय की गई धनराशि का पृथक-पृथक ब्यौरा क्या है?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) जी हां। ढाका, बांग्लादेश में 2010 में आयोजित 11वें संस्करण के बाद भूटान ने खेलों के आयोजन पर अपनी असमर्थता व्यक्त की है। दक्षिण एशियाई देशों के वर्णक्रम में अगला होने के कारण 12वें दक्षिण एशियाई खेल की मेजबानी करने की बारी भारत की है।

(ख) दक्षिण एशियाई ओलंपिक परिषद भारतीय ओलंपिक परिषद के अनुच्छेद 12(40) के अनुसार राष्ट्रीय ओलंपिक समिति अर्थात भारतीय ओलंपिक संघ की यह जिम्मेदारी है कि वह खेलों का आयोजन करे। राष्ट्रीय ओलंपिक समिति स्वयं खेलों का आयोजन कर सकती है या यह प्राधिकार किसी आयोजन समिति को प्रत्यायोजित कर सकती है जो राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के मार्गदर्शन में कार्य करेगी। देश के लिए भारतीय ओलंपिक संघ के राष्ट्रीय समिति होने के कारण उससे खेलों के संचालन के बारे में ब्यौरे तैयार करने की अपेक्षा है।

(ग) अब तक इस प्रयोजन के लिए कोई राशि आबंटित/रखी या खर्च की गई है, क्योंकि भारतीय ओलंपिक संघ से प्रस्तावों की प्रतीक्षा है।

खाद्य मुद्दों पर बैठक

169. श्रीमती श्रुति चौधरी: क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राज्य सरकारों ने खाद्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मंत्रालय से बैठक आयोजित करने का अनुरोध किया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और केन्द्र सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है और इस पर क्या कार्यवाही की गई है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) खाद्यान्नों के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए राज्य सरकारों से मंत्रालय में कोई विशिष्ट अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, अन्य बातों के साथ-साथ खाद्यान्नों, खाद्य तेलों और चीनी की खरीद, आवंटन, भंडारण, वितरण और ढुलाई जैसे खाद्यान्नों संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मंत्रालय द्वारा अनेक सम्मेलन और समीक्षा बैठकें आयोजित की गई हैं।

[हिन्दी]

बागवानी उत्पाद का परिरक्षण

170. डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह:
श्री पन्ना लाल पुनिया:
डॉ. किरोड़ी लाल मीणा:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रत्येक राज्य और संघ राज्य क्षेत्र में बागवानी उत्पादों में कटाई उपरांत हानियों का वर्तमान प्रतिशत क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इन उत्पादों में कटाई उपरांत बड़े पैमाने पर हुई हानियों के कारणों का हाल ही में विश्लेषण किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा शीघ्र खराब होने वाली वस्तुओं सहित बागवानी उत्पादों के परिरक्षण के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए हैं/ उठाए जाने का प्रस्ताव है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) कृषि

उपजों की फसल हानियों एवं फसलोत्तर हानियों का केन्द्रीय फसलोत्तर इंजीनियरी एवं प्रौद्योगिकी की संस्थान (सीआईपीएचईटी) द्वारा व्यापाक मात्रात्मक किया गया है। 21 अप्रैल, 2010 को प्रकाशित अध्ययन रिर्पोट के अनुसार, चयनित फसलों में हानियां निम्नानुसार हैं:

क्षेत्रक का नाम	हानियां (% में)
चयनित अनाज	3.9 से 6.0 तक
दालें	4.3 से 6.1 तक
तिलहन	2.8 से 10.1 तक
चयनित फल एवं सब्जियां	5.8 से 18.0 तक

(ख) और (ग) खण्डित आपूर्ति श्रृंखला तथा मूल्य श्रृंखला के साथ-साथ पर्याप्त प्रसंस्करण अवसंरचना के अभाव के कारण देश में प्रसंस्करण स्तर बिल्कुल कम है।

(घ) बागवानी उपज प्रसंस्करण सहित शीघ्र सड़ने वाले पदार्थो के परिक्षण में नवीनतम प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग प्रोद्योगिकी उन्नयन/स्थापना/आधुनिकीकरण स्कीम लागू है। स्कीम में देश में नई खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना तथा मौजूदा यूनिटों के प्रौद्योगिकी उन्नयन एवं विस्तार हेतु वित्तीय सहायता देने की परिकल्पना की गई है। मंत्रालय उद्यमियों को संयंत्र और मशीनरी तथा तकनीकी सिविल कार्यो की लागत की सामान्य क्षेत्रों में 25% की दर से परन्तु अधिकतम 50.00 लाख रुपए और दुर्गम क्षेत्रों में 33.33% की दर से परन्तु अधिकतम 75.00 लाख रूपए की अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इसके अलावा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय शीत श्रृंखला सुविधाओं, मूल्य वृद्धि एवं परिक्षण अवसंरचना की स्थापना को प्रोत्साहन दे रहा है जिसमें संयंत्र और मशीनरी तथा तकनीकी सिविल कार्यो की लागत की सामान्य क्षेत्रों में 50% की दर से और पूर्वोत्तर तथा दुर्गम में 75% की दर से परन्तु अधिकतम 10 करोड़ रुपए की अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करने की परिकल्पना की गई है।

[अनुवाद]

जलापूर्ति और जल-मल व्ययन प्रणाली

171. **श्री डी.बी. चन्द्रे गौडा:**
श्री अब्दुल रहमान:
श्री गुरुदास दासगुप्त:
श्री सैयद शाहनवाज हुसैन:
श्री सुरेन्द्र सिंह नागर:

क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में 50 प्रतिशत शहरों और कस्बों की जलापूर्ति, जल-मल व्ययन प्रणाली, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्टॉर्म-वॉटर ड्रेनेज आदि जैसी मूलभूत सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं;

(ख) यदि हां, तो ऐसे शहरों और कस्बों का राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है जहां पाइप द्वारा जलापूर्ति, जन-मल व्ययन प्रणाली ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा स्टार्म-वाटर ड्रेनेज या तो मौजूद नहीं हैं या खस्ता हाल हैं;

(ग) क्या केन्द्र सरकार का एक कार्य-योजना तैयार करने का प्रस्ताव है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शहरी क्षेत्रों में अवसंरचनाओं का उन क्षेत्रों में जनसंख्या विकास की रफ्तार के मद्देनजर विकास हो;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाये गये हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) जल आपूर्ति और स्वच्छता राज्य का विषय है और ऐसी सेवाओं को मुहैया कराना और बनाये रखना राज्य सरकार का दायित्व है। ऐसे ब्यौरों का रख-रखाव भारत सरकार द्वारा नहीं किया जाता है।

(ग) से (ङ) भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के दो घटकों यथा शहरी अवस्थापना और शासन घटक तथा छोटे और मझौले कस्बों के लिए शहरी अवस्थापना विकास की स्कीमों के घटक को शहरी विकास मंत्रालय द्वारा पर्याप्त अवसंरचनाओं के साथ सभी शहरों और कस्बों को शामिल करने के उद्देश्य से कार्यान्वित किया जा रहा हैं जैसे पूर्वोत्तर क्षेत्र शहरी विकास कार्यक्रम, सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए 10 प्रतिशत की एकमुश्त स्कीम, सेटेलाइट कस्बों के अवसंरचनात्मक विकास की स्कीम। इन सभी स्कीमों में, जल और सीवरेज क्षेत्र को उच्च प्राथमिकता दी गई है। इन स्कीमों के तहत स्वीकृत जल आपूर्ति और स्वच्छता स्कीम के ब्यौरे संलग्न विवरण I, II, III, IV और V पर हैं।

विवरण I

जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम)-यूआईजी (शहरी अवस्थापना और शासन)

(लाख रुपये में)

क्र.सं.	क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	अनुमोदित लागत
1.	जल आपूर्ति	147	1923171.46
2.	सीवरेज	108	1462411.22
3.	ठोस कचरा प्रबंधन	41	202417.69
4.	बरसाती पानी निकास	71	824903.82

विवरण II

जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम)-यूआईडीएसएसएमटी (छोटे और मझौले कस्बों के लिए शहरी अवस्थापना विकास की स्कीम)

(लाख रुपये में)

क्र.सं.	क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	अनुमोदित लागत
1.	जल आपूर्ति	438	8448.39
2.	सीवरेज	97	2894.04
3.	ठोस कचरा प्रबंधन	56	342.02
4.	बरसाती पानी निकास	64	729.76

विवरण III

पूर्वोत्तर क्षेत्र शहरी विकास कार्यक्रम (एन ई आर यू डी पी)

(लाख रुपये में)

क्र.सं.	क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	अनुमोदित लागत
1.	जल आपूर्ति	4	4690.00
2.	सीवरेज	0	0
3.	ठोस कचरा प्रबंधन	2	1891.00
4.	बरसाती पानी निकास	0	0

विवरण IV

सेटेलाइट कस्बों में शहरी संरचना विकास स्कीम के अंतर्गत परियोजनाओं की स्थिति (यूआईडीएसएसटी)

(लाख रुपये में)

क्र.सं.	क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	अनुमोदित लागत
1.	जल आपूर्ति	4	19455.41
2.	सीवरेज	3	16010.19
3.	ठोस कचरा प्रबंधन	4	6779.96
4.	बरसाती पानी निकास	0	0

विवरण V

सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 10 प्रतिशत एकमुश्त प्रावधान स्कीम के अंतर्गत परियोजनाओं की स्थिति

(लाख रुपये में)

क्र.सं.	क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	अनुमोदित लागत
1.	जल आपूर्ति	23	18378.72
2.	सीवरेज	शून्य	000.0
3.	ठोस कचरा प्रबंधन	5	1670.52
4.	बरसाती पानी निकास	18	18533.21

दलहनों का उत्पादन

172. **श्री नित्यानंद प्रधान:**
श्रीमती जे. शांता:
श्री रूद्रमाधव राय:
चौधरी लाल सिंह:
श्री वैजयंत पांडा:
श्री प्रदीप माझी:
श्री जी.एम. सिद्देश्वर:
श्री किशनभाई वी. पटेल:
श्री रायापति सांबासिवा:
श्री राजय्या सिरिसिल्ला:
श्री पी.आर. नटराजन:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में दलहनों तथा तिलहनों का उत्पादन और प्रति व्यक्ति उपलब्धता में गिरावट का रूझान दर्ज किया गया है;

(ख) यदि हां, तो कमी का ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या सरकार देश में दलहनों और तिलहनों की पैदावार को बढ़ाने के लिए कलस्टर दृष्टिकोण/आकस्मिक योजना तैयार करने पर विचार कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का उक्त आकस्मिक योजना के अंतर्गत राज्यों को निधियों का अतिरिक्त आबंटन करने का प्रस्ताव है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसी सहायता हेतु क्या मानदण्ड निर्धारित किए गए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) वर्ष 2008-09 से वर्ष 2010-11 की अवधि के दौरान दलहन का उत्पादन 14.57 मिलियन टन से बढ़कर 18.09 मिलियन टन हो गया है। इसी प्रकार तिलहन का उत्पादन भी इसी अवधि के दौरान 27.72 मिलियन टन से बढ़कर 31.10 मिलियन टन हो गया। उपलब्धता के संदर्भ में खाद्य तेल की प्रतिव्यक्ति उपलब्धता वर्ष 2007-08 के दौरान 11.4 किलोग्राम/वर्ष से बढ़कर वर्ष 2009-10 के दौरान 13.1 किलोग्राम/वर्ष हो गई है। तथापि दलहन के मामले में वर्ष 2008 के दौरान उपलब्धता 15.3 किलोग्राम/वर्ष से घटकर वर्ष 2010 के दौरान 11.6 किलोग्राम/वर्ष हो गई है। दलहन की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में कमी मुख्यत: जनसंख्या वृद्धि की अनुपात के तुलना में दलहन उत्पादन की निम्न वृद्धि दर के कारण है।

(ग) और (घ) भारत सरकार विभिन्न फसल विकास अर्थात दलहन पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएमदलहन), समेकित तिलहन, दलहन आयलपाम और मक्का स्कीम (आइसोपाम), बृहत कृषिप्रबंधन (एमएमए), वर्षा सिंचित क्षेत्रों में 60,000 दलहन ग्रामों का समेकित विकास और देश के प्रमुख दलहन और तिलहन उत्पादक राज्यों में आरकेवीवाई के तहत आयलपाम क्षेत्र विस्तार (ओपीएई) पर विशेष कार्यक्रम के माध्यम से समूह दृष्टिकोण में दलहन और तिलहन के उत्पादन को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है।

(ङ) और (च) अतिरिक्त क्षेत्र कवरेज के माध्यम से रबी मौसम के दौरान दलहन के उत्पादन को और बढ़ाने के लिए 80 करोड़ रुपए का अतिरिक्त आबंटन एनएफएसएम-दलहन के तहत किया गया है और राज्यों द्वारा तैयार आकस्मिकता योजना के आधार पर राज्यों को निर्मुक्त किया गया।

खाद्यान्नों की खरीद

173. **श्री सुरेश कुमार शेटकर:**
श्री सी. राजेन्द्रन:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्तमान वर्ष के दौरान चावल, गेहूं और मोटे अनाजों सहित खाद्यान्नों की खरीद में वृद्धि हुई है/वृद्धि होने का अनुमान है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षो के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राज्य-वार उक्त जिन्सों की खरीद को दर्शाते हुए तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) आगामी वर्ष के दौरान खरीद में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) केन्द्रीय पूल के लिए रबी विपणन मौसम 2010-11 के दौश्रान 225.14 लाख टन गेहूं खरीदा गया था जबकि रबी विपणन मौसम 2011-12 के दौरान 281.44 लाख टन गेहूं खरीदा गया है। इसी प्रकार खरीफ विपणन मौसम 2010-11 के दौरान 341.79 लाख टन चावल खरीदा गया था। अनुमान है कि खरीफ विपणन मौसम 2011-12 के दौरान 353.15 लाख टन चावल खरीदा जा सकता है जिसके प्रति 16. 11.2011 तक 101.04 लाख टन चावल खरीद लिया गया था।

पिछले 3 वर्षो और वर्तमान वर्ष के दौरान खरीदे गए गेहूं, चावल और मोटे अनाजों के ब्यौरे संलग्न विवरण क्रमश: I, II और III में दिए गए हैं।

(ग) खरीदारी में सुधार करने के लिए भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित पग उठाए गए हैं:-

(i) खरीफ विपणन मौसम 2011-12 में खरीदे जा रहे फसल वर्ष 2011-12 के साधारण और ग्रेड-ए धान के लिए 1080 रूपये प्रति क्विंटल और 1110 रूपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया हैं रबी विपणन मौसम 2010-11 के लिए गेहूं हेतु 1120 रूपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य के ऊपर 50 रुपए प्रति क्विंटल के बोनस के अनुमति दी गई थी। फसल 2011-12 के गेहूं, जिसकी खरीददारी रबी विपणन मौसम 2012-13 में की जाएगी, के लिए 1285 रूपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है।

(ii) धान/चावल और गेहूं की खरीददारी के लिए पर्याप्त संख्या में क्रय केन्द्र खोले गए हैं।

(iii) न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रचालनों की पहुंच का लघु और सीमांत किसानों तक विस्तार करने के लिए सहकारी समितियों और स्वयं सेवी समूहों के लिए धान हेतु 2.5% और गेहूं हेतु 2% की दर पर कमीशन प्रभारों की अनुमति दी गई हैं।

(iv) भारतीय खाद्य निगम और राज्यों को अनुदेश दिए गए हैं कि वे किसानों के लिए सुविधाजनक स्थानों पर क्रय केन्द्र खोले जहां वे सरकारी खरीददारी के लिए अपने उत्पाद ला सकें।

विवरण I

गत तीन विपणन मौसमों और चालू विपणन मौसम में गेहूं की खरीद (अप्रैल-मार्च)

(हजार टन में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008-09	2009-10	2010-11	*2011-12
1	2	3	4	5
बिहार	500	497	183	477
चंडीगढ़	10	12	9	7
छत्तीसगढ़	0	0	0	0
दिल्ली	6	0	10	8
गुजरात	415	75	1	105
हरियाणा	5237	6924	6347	6891
हिमाचल प्रदेश	नगण्य	1	नगण्य	1
जम्मू और कश्मीर	1	1	0	0
झारखंड	2	नगण्य	नगण्य	0
मध्य प्रदेश	2410	1968	3539	4894
महाराष्ट्र	10	0	0	
पंजाब	9941	10725	10209	10957
राजस्थान	935	1152	476	1302
उत्तर प्रदेश	3137	3882	1645	3460
उत्तराखंड	85	145	86	42
पश्चिम बंगाल	0	0	9	0
कुल	22689	25382	22514	28144

नगण्य: 500 टन से कम

* 01.08.2011 की स्थिति के अनुसार

विवरण II

गत तीन विपणन मौसमों और चालू विपणन मौसम में चावल की खरीद (अक्तूबर-सितम्बर)

(हजार टन में)

राज्य/संघराज्य क्षेत्र	2008-09	2009-10	#2010-11	*2011-12
1	2	3	4	5
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0
आंध्र प्रदेश	9058	7555	9610	106
अरूणाचल प्रदेश	0	0	0	0
असम	3	8	16	0
बिहार	1083	890	882	0
चंडीगढ़	10	14	10	13
छत्तीसगढ़	2848	3357	3741	0
दिल्ली	0	0	0	0
गुजरात	0	0	0	नगण्य
हरियाणा	1425	1819	1687	1931
हिमाचल प्रदेश	0	0	1	0
जम्मू और कश्मीर	7	0	11	0
झारखंड	143	23	नगण्य	0
कर्नाटक	107	86	180	0
केरल	237	261	263	81
मध्य प्रदेश	247	255	502	1
महाराष्ट्र	261	229	308	4
नागालैंड	0	0	0	0
ओडिशा	2801	2497	2465	0
पुदुचेरी	8	8	40	नगण्य

1	2	3	4	5
पंजाब	8554	9275	8635	7604
राजस्थान	11	0	0	0
तमिलनाडु	1201	1241	1543	239
उत्तर प्रदेश	4007	2901	2554	115
उत्तराखंड	349	375	422	10
पश्चिम बंगाल	1744	1240	1310	0
अखिल भारत जोड़	34104	32034	34180	10104

नगण्य: 500 टन से कम

30.09.2011 की स्थिति के अनुसार (17.11.2011 को अद्यतन)

* 17.11.2011 की स्थिति के अनुसार

विवरण III

गत चार वर्षों के लिए मोटे अनाजों की राज्यवार और विपणन मौसमवार खरीद

(हजार टन में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008-09	2009-10	*2010-11	*2011-12
आंध्र प्रदेश	178	7	0	0
छत्तीसगढ़	9	1	3	0
गुजरात	0	0	0	0
हरियाणा	310	77	73	17
कर्नाटक	712	316	40	0
मध्य प्रदेश	60	नगण्य	9	2
महाराष्ट्र	107	6	3	नगण्य
पंजाब	0	0	0	0
राजस्थान	0	0	नगण्य	0
जोड़:	1376	407	128	19

नगण्य: 500 टन से कम

* 17.11.2011 की स्थिति के अनुसार

राजसहायता प्राप्त खाद्यान्न

174. श्री गजानन ध. बाबर:
श्री अधलराव पाटील शिवाजी:
श्री आनंदराव अडसुल:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कृषि मंत्रालय सहित कतिपय वर्गों ने जनसंख्या के बड़े भाग को अत्यधिक राजसहायता प्राप्त सस्ते खाद्यान्न उपलब्ध कराने के कदम का विरोध किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, इसके कारण क्या हैं साथ ही सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) सरकार द्वारा समाज के जरुरतमंद तबके को राजसहायता प्राप्त दरों पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) से (ग) भारत सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अधिनियमित करने का प्रस्ताव किया है उक्त अधिनियम के अधीन सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी कम मूल्य पर जरूरतमंद नागरिकों को खाद्यान्नों का आवंटन करने की योजना बना रही है खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग की वेबसाइट पर डाले गए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विधेयक के प्रारूप पर अपनी टिप्पणियों में कुछ व्यक्तियों/संगठनों ने विधेयक के प्रारूप में अत्यधिक राजसहायता प्राप्त खाद्यान्नों से संबंधित प्रावधानों से असहमति व्यक्त की है। योजना आयोग ने अपनी टिप्पणियों में सुझाव दिया है कि प्राथमिकता की श्रेणी के लिए मूल्य (नामिनल टर्म) नाममात्र नहीं निर्धारित किया जाना चाहिए बल्कि इसे न्यूनतम समर्थन मूल्य से संबद्ध किया जाना चाहिए। आम श्रेणी के लिए मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए 100% पर निर्दिष्ट किये जाएं। कृषि मंत्रालय ने यह सुझाव भी दिया है कि गरीबी रेखा से ऊपर की श्रेणी के लिए मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य के आसपास होने चाहिए।

उक्त विधेयक के प्रारूप में यह प्रस्ताव भी किया गया है कि प्राथमिकता के परिवारों के लिए चावल/गेहूं/मोटे अनाज हेतु मूल्य क्रमश: 3/2/1 रूपये प्रति किलोग्राम से अधिक नहीं होने चाहिए और आम परिवारों के लिए गेहूं तथा मोटे अनाजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा चावल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य से निकाले गए मूल्य के 50% से अधिक नहीं होने चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र सहायता कार्यक्रम

175. श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी: क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने खाद्य की कमी तथा मूल्यों में उतार-चढ़ाव से निपटने के वैश्विक पहल के भाग के रूप में संयुक्त राष्ट्र सहायता कार्यक्रम हेतु खाद्य की निर्बाध आपूर्ति को अनुमति देने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) जी नहीं, सरकार ने संयुक्त राष्ट्र सहायता कार्यक्रमों के लिए खाद्यान्नों का मुक्त प्रवाह करने के बारे में निर्णय नहीं लिया है। गेहूं और गैर बासमती चावल के निर्यात पर क्रमश: 9.2.2007 और 1.4.2008 से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था। तथापि भारत सरकार राजनैतिक आधार/मानवीय सहायता के लिए मामला दर मामला आधार पर विभिन्न देशों को गैर बासमती चावल और गेहूं के निर्यात की अनुमति देती रही है। प्रतिबंध लगाने के बाद राजनैतिक आधार/मानवीय सहायता के लिए 20.78 लाख टन गैर बासमती चावल और 8.60 लाख टन गेहूं की मात्रा की अनुमति दी गई थी। इसके अलावा 2008-09, 2009-10, 2010-11 और 2011-12 के वर्षों के दौरान भारत में उनके देशीय कार्यक्रमों के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम को क्रमश: 48,299 टन, 48,512 टन, 34,026 टन और 34,228 टन खाद्यान्नों (गेहूं और चावल) मात्रा दी गई थी। उपर्युक्त के अलावा भारत ने सार्क खाद्य बैंक स्थापित करने के लिए सार्क के अन्य सदस्यों के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें भारत का हिस्सा 3.06 400 टन है।

हाल के वर्षों में गेहूं और चावल का रिकार्ड उत्पादन और खरीददारी हुई है जिससे बफरस्टॉक और रणनीतिक रिजर्व में मानदंडों से अधिक मात्रा जमा हो गई है। इस पर्याप्त उपलब्धता और भंडारण स्थान की अस्थाई कमी के कारण अधिकार प्राप्त मंत्रियों के समूह ने 8.9.2011 को हुई अपनी बैठक में गैर बासमती चावल और गेहूं के निर्यात को खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन लाकर इन पर से प्रतिबंध हटाने का निर्णय लिया गया। यह निर्यात इलेक्ट्रॉनिक डाटा इंटरचेंज पतनों के जरिए निजी रूप से रखे स्टॉक में से किया जाना है। यह भी निर्णय लिया गया कि निर्यात पर कड़ी निगाह रखी जानी चाहिए और जैसे ही यह मात्रा गैर बासमती चावल और गेहूं के मामले में 20-20 लाख टन के स्तर पर पहुंच जाए, वैसे ही सरकार निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के बारे में पुन: विचार करे। गेहूं उत्पादों का निर्यात भी 3.7.2009 से 31.3.2010

तक 6.50 लाख टन की मात्रात्मक सीमा के साथ निजी खाते पर अनुमत किया गया है और इसे 31.3.2012 तक बढ़ाया गया है।

पेरिस में 22-23 जून, 2011 को हुए जी-20 देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक में खाद्यान्न मूल्य की गतिशीलता और कृषि पर कार्ययोजना संबंधी मंत्रालीय घोषणा जारी की गई थी। यह भी निर्णय लिया गया था कि आमतौर पर कृषि उत्पादन और उत्पादकता, बाजार सूचना और पारदर्शिता, अंतर्राष्ट्रीय नीति, समन्वय, अत्यंत कमजोर वर्गों के लिए मूल्यवृद्धि के प्रभाव को कम करना और कृषिगत वित्तीय बाजारों का वित्तीय नियमन करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाए। व्यापार नीति के बारे में यद्यपि भारत इस बात से सहमत है कि खाद्य वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने से खाद्यान्नों की उपलब्धता प्रभावित होती है लेकिन भारत ने यह भी कहा है कि खाद्यान्नों की राष्ट्रीय कमी के समय मुक्त निर्यात की अनुमति नहीं दी जा सकती क्योंकि भूमंडलीय खाद्य सुरक्षा से पहले घरेलू खाद्य सुरक्षा आती है। इसलिए भारत निर्यात के मुक्त प्रवाह के लिए सहमत नहीं हुआ है। बल्कि इस मामले में राष्ट्रीय जरूरतों और घरेलू खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखकर निर्णय लिया जाना है।

कारागारों की स्थिति

176. **श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी:**
श्री एन. चेलुवरया स्वामी:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में देश में विभिन्न करागारों की स्थिति की समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो राज्य-वार इसके क्या निष्कर्ष निकले;

(ग) क्या सरकार का कारागारों का आधुनिकीकरण करने का कोई प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कुल कितनी निधियां प्रदान की गईं/जारी की गईं/उपयोग किया गया, साथ ही पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान महिला कैदियों के बच्चों की शिक्षा के लिए उपलब्ध कराई गई विशेष वित्तीय सहायता का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या केन्द्र सरकार को विभिन्न राज्य सरकारों से कारागारों के आधुनिकीकरण के लिए अधिक निधियां उपलब्ध कराने हेतु कोई नया अनुरोध प्राप्त हुआ है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और केन्द्र सरकार द्वारा इन अनुरोधों पर क्या निर्णय लिया गया है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) भारत के संविधान की सूची-2 की प्रविष्टि 4 के अनुसार, "कारागार" राज्य का विषय है। इसलिए, कारागारों का प्रशासन और प्रबंधन प्राथमिक रूप से राज्य सरकारों का उत्तरदायित्व है। तथापि, चल रही प्रकिया के रूप में इस मंत्रालय में दिनांक 16.09.2011 को राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी।

(ग) और (घ) भारत सरकार द्वारा वर्ष 2002-03 में 1800 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय से राज्यों (अरुणाचल प्रदेश को छोड़कर) में केन्द्र और राज्य सरकारों की क्रमशः 75:25 की भागीदारी के आधार पर कारागारों के आधुनिकीकरण की एक योजना आरम्भ की गई थी। इस स्कीम में अतिरिक्त कारागारों का निर्माण विद्यमान कारागारों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार और अतिरिक्त बैरकों का निर्माण, स्वच्छता एवं पेयजल आपूर्ति में सुधार तथा कारागार स्टाफ के लिए रिहाइशी आवासों का निर्माण शामिल था।

(ङ) और (च) केन्द्र सरकार को विभिन्न राज्य सरकारों से कुछ प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इस मंत्रालय ने आधुनिकीकरण के दूसरे चरण के लिए एक योजना प्रस्तुत की थी जिसे वित्त मंत्रालय द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया था।

सिक्किम में एनडीआरएफ की तैनाती

177. **श्री प्रेम दास राय:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही के सिक्किम के भूकंप में राहत कार्यों के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के दल को भेजा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) दल द्वारा कितने व्यक्तियों को बचाया गया है;

(घ) क्या पहाड़ी क्षेत्रों के अनुरूप अपने आप को ढालने की चुनौतियों से निपटने के लिए उन्हें कोई प्रशिक्षण प्रदान किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) और (ख) जी हां। सिक्किम के भूकम्प प्रभावित क्षेत्रों के लिए 403 बचाव कर्मियों वाली एनडीआरएफ की 10 टीमों का गठन किया गया था और तत्काल स्पेशलाइज्ड कोलैप्स्ड स्ट्रक्टर सर्च एण्ड रेस्क्यू (सी एस एस आर) और मेडिकल फर्स्ट रेसपाण्डर (एम एफ आर) उपकरणों यथा- डायमण्ड चेन सॉ, कारबाइड टप्स चेन सॉ, सरकुलर सॉ, हैण्ड सॉ, एंगल कटर, बोल्ट कटर, रोटरी हैमर ड्रिल, कॉर्डलेस ड्रिल हैमर, इलेक्ट्रॉनिक ड्रिल मशीन, 03 सिलिण्डर वाले एयर लिफ्टिंग बैग, विक्टिम लोकेटिंग कैमरे-05, लाइफ

डिटेक्टर टाइप-1-20, लाइफ डिटेक्टर टाइप-2-3, पर्सनल एलर्ट सेफ्टी सिस्टम, एम एफ आर किट इत्यादि के साथ वहां भेजा गया था।

(ग) एन डी एफ ने ध्वस्त इमारतों के अन्दर फंसे 06 शव निकाले। एन डी आर एफ ने गम्भीर रूप से घायल 07 पीड़ितों सहित 802 पीड़ितों को उपचार भी मुहैया कराया।

(घ) और (ङ) जी, हां। एन डी आर एफ के कार्मिकों को नियमित रूप से स्वामी विवेकानंद इस्टीट्यूट आफ माउण्ट आबू (राजस्थान), हिमालयन माउण्टनियरिंग इंस्टीट्यूट, मसूरी और नेहरू इंस्टीट्यूट आफ माउण्टेनियरिंग उत्तरकाशी (उत्तराखंड) जैसी विभिन्न संस्थाओं में पर्वतारोहण तलाशी एवं बचाव कार्रवाईयों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

[हिन्दी]

सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की हिस्सेदारी

178. **श्री अर्जुन राम मेघवाल:**
श्री एन. चेलुवरया स्वामी:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कुछ वर्षों से कृषि पर जनसंख्या की निर्भरता बढ़ गई है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हाल ही में देश में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि की हिस्सेदारी में गिरावट हुई है;

(घ) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा विकसित देशों की जीडीपी के अनुरूप जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी को बढ़ाने के लिए क्या व्यापक कदम उठाये गए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) एनएसएसओ पंचवर्षीय, रोजगार एवं बेरोजगार सर्वेक्षण के अनुसार, अर्थव्यवस्था में ढांचागत परिवर्तनों के कारण कृषि में प्रति हजार व्यक्ति तैनात कार्मिकों की अनुमानित संख्या 2005-06 में 580 से घटकर 2009-10 में 532 हो गया था।

(ग) और (घ) केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) से अद्यतन उपलब्ध अनुमानों के अनुसार 2004-05 मूल्यों पर देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र की हिस्सेदारी 2010-11 में 14.4 प्रतिशत थी। देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि एवं संबध क्षेत्र की हिस्सेदारी 2006-07 में 17.4 प्रतिशत से घटकर 2007-08 में 16.8 प्रतिशत, 2008-09 में 15.7 प्रतिशत तथा आगे 2009-10 में 14.6 प्रतिशत तक हो गई थी। यह जैसाकि पहले सूचित किया गया है अर्थव्यवस्था में ढ़ाचागत परिवर्तनों के कारण हुआ है।

(ङ) भारत सरकार ने कृषि क्षेत्र में पूंजी निवेश में वृद्धि करने तथा सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की हिस्सेदारी में बढ़ोत्तरी करने के लिए अनेक योजनाएं प्रारम्भ की हैं। कुछ मुख्य योजनाएं हैं-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम), गुणवत्ता बीज के उत्पादन एवं वितरण के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास एवं सुदृढ़ीकरण, राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम), एकीकृत तिलहन, दलहन, पॉम आयल एवं मक्का योजना (आइसोपॉम), ग्रामीण भण्डारण योजना आदि।

[अनुवाद]

एनसीटी दिल्ली में अपराध

179. **श्री एस.आर. जेयदुरई:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (एनसीटी) में चोरी और चेन झपटने के मामलों की जानकारी प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान ऐसे कितने मामलों की जानकारी प्राप्त हुई है तथा कितने मामले सुलझाये गये और कितने मामले सुलझाये नहीं जा सके और सभी मामलों के निपटने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं;

(ग) क्या सरकार को ऐसे मामलों में दिल्ली पुलिस कर्मियों की संलिप्तता के संबंध में कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) सरकार द्वारा ऐसे मामलों को रोकने और दिल्ली को सुरक्षित बनाने के लिए क्या कदम उठाये गय हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) और (ख) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष अर्थात्, 2008, 2009, 2010 और 2011 (दिनांक 31.10.2011 तक) के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (एन सी टी) में चोरी और चेन छीनने के सूचित किए गए मामलों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

चोरी के मामले

वर्ष	सूचित किए गए मामले	सुलझाए गए मामले	अनसुलझे मामले
2008	18867	5700	13167
2009	21731	5812	15919
2010	23088	4971	18117
2011 (दिनांक 31.10.2011 तक)	19300	5003	14297

चेन छीनने के मामले

वर्ष	सूचित किए गए मामले	सुलझाए गए मामले	अनसुलझे मामले
2008	771	428	343
2009	740	470	270
2010	812	423	389
2011 (दिनांक 31.10.2011 तक)	758	485	273

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मामलों की जांच-पड़ताल का गहनता से पर्यवेक्षण करते हैं। सुलझाए न जा सके मामलों को निपटाने के लिए विशेष टीमें बनाई जाती हैं और अपराध शाखा जैसी विशेषीकृत इकाइयों द्वारा इसके लिए प्रयत्न किए जाते हैं।

(ग) और (घ) दिनांक 21.10.2011 को पुलिस स्टेशन मार्ग में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 379/511/34 के अंतर्गत एफ आई आर संख्या 184 के तहत एक मामला दर्ज किया गया था जिसमें मोटरसाइकिल चुराने के लिए एक अन्य व्यक्ति के साथ दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल को गिरफ्तार किया गया था। कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है।

(ङ) चोरी और छीना-झपटी जैसे अपराधों की घटनाओं को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं:-

1. बीट गश्त प्रणाली में सुधार करना।
2. पुलिस की अधिक उपस्थित और गश्त लगाना।
3. प्रत्येक पुलिस स्टेशन में अपराध के पैटर्न पर आधारित संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करना।
4. मोटर बाइक चलाने वाले युवाओं की लक्षित जांच करना।
5. क्षेत्र में पुलिस की अधिक उपस्थिति के माध्यम से त्वरित कार्रवाई करना।
6. सक्रिया आपराधिक गैंगों के विरुद्ध जिला पुलिस और विशेषीकृत इकाइयों द्वारा समष्टि रूप में आसूचना एकत्र करना।
7. ज्ञात अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखना।
8. दोषसिद्धि अथवा जमानत पर रिहा होने के बाद जेल से बाहर आने वाले अपराधियों की गतिविधियों पर अनुवर्ती कार्रवाई करना।
9. 'आंख और कान, योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से अपराध के नियंत्रण के लिए जन भागीदारी।

[हिन्दी]

बीपीएल कार्ड

180. श्री नारनभाई कछाड़िया:
श्रीमती रमा देवी:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अनेक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल)कार्ड जारी किये जाने में अनियमितताओं/विसंगतियों की जानकारी प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है साथ ही पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राज्य-वार कितने फर्जी कार्डों का पता चला और ऐसे कार्डों के चलते कितनी हानि हुई है;

(ग) नकली कार्डों पर रोक लगाने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं कि पात्र लाभार्थियों को ही कार्ड जारी किये जायें;

(घ) क्या लाभार्थियों की बढ़ी हुई संख्या के मद्देनजर राज्यों को खाद्यान्नों के आवंटन बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस) (क) से (ङ) लक्षित वितरण प्रणाली के क्रियान्वयन संबंधी आकलन अध्ययन में कुछ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे के राशन कार्ड जारी करने में शामिल करने/शामिल न करने की त्रुटियां होने की सूचना दी गई है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार पिछले 3 वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान निरस्त किए गए जाली/अपात्र राशन कार्डों की राज्यवार संख्या बताने वाला ब्यौरा संलग्न में दिया गया है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2001 के अनुसार राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को अपात्र परिवारों के नाम काटने और पात्र परिवारों के नाम जोड़ने के प्रयोजनार्थ प्रत्येक वर्ष गरीबी रेखा से नीचे और अंत्योदय अन्न योजना के परिवारों की सूचियों की समीक्षा करनी होती है। जाली/अपात्र कार्डों को निरस्त करना और पात्र परिवारों को शामिल करना एक सतत प्रक्रिया है तथा राज्य सरकारों को इसे आवधिक रूप से करना होता है।

राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ परामर्श करके वर्ष 2006 में एक 9 सूत्री कार्य योजना तैयार की गई थी जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ गरीबी रेखा से नीचे/अंत्योदय अन्न योजना की सूचियों की लगातार समीक्षा करना और खाद्यान्नों का लीकेज मुक्त वितरण सुनिश्चित करने के लिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने सहित जाली/अपात्र राशन कार्ड जारी करने के लिए जिम्मेदार पाए गए सरकारी कर्मचारियों और ऐसे राशन कार्ड रखने वाले परिवारों/व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई शुरू करें। सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को यह अनुदेश भी जारी किए गए हैं कि वे गरीबी रेखा से नीचे/अंत्योदय अन्न योजना परिवारों की मौजूदा सूचियों की समीक्षा करने और अपात्र/जाली राशन कार्डों को समाप्त करने के लिए अक्टूबर, 2009 से दिसम्बर, 2009 तक गहन अभियान चलाएं। सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को यह अनुदेश भी जारी किए गए हैं कि वे जाली कार्ड वापिस करने के लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर जाली कार्ड धारकों को चेतावनी जारी करें।

सरकार 35 किलोग्राम प्रति परिवार प्रति माह की दर पर अंत्योदय अन्न योजना परिवारों सहित गरीबी रेख से नीचे के परिवारों को वितरण करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को खाद्यान्नों का आवंटन करती है। गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए के लिए भी खाद्यान्नों का आवंटन केन्द्रीय पूल में खाद्यान्नों की उपलब्धता और विगत के उठान पर निर्भर करते हुए किया जाता है। इसके अलावा गरीबी रेखा से नीचे (अंत्योदय अन्न योजना सहित) के लिए खाद्यान्नों का तदर्थ अतिरिक्त आवंटन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को किया जा रहा है ताकि उनकी अतिरिक्त जरूरतों को पूरा किया जा सके। खाद्यान्नों के किए इन तदर्थ अतिरिक्त आवंटनों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं;

(i) 2010-11 136.72 लाख टन

(ii) 2011-12 123.67 लाख टन

विवरण

राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा वर्ष 2008 से समाप्त किए गए जाली/अपात्र राशन कार्डों की संख्या को दर्शाने वाला विवरण

(31.08.2011 तक यथासूचित)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008	2009	2010	2011	2012 जोड़
1	2	3	4	5	6	7
1.	आंध्र प्रदेश	0	0	1681000		1681000

1	2	3	4	5	6	7
2.	अरूणाचल प्रदेश	10	3005	1028		4043
3.	असम	5629	2936	43786		52351
4.	बिहार	0	151166	8813		159979
5.	छत्तीसगढ़	73896	191000	0	97000	361896
6.	दिल्ली	107000	58000	0		165000
7.	गुजरात	725000	103000	0		828000
8.	हरियाणा	0	236	2753		2989
9.	हिमाचल प्रदेश	1484	203	762		2449
10.	झारखंड	0	65000	0		65000
11.	कर्नाटक	118947	218488	967	628	339030
12.	केरल	0	114	0		114
13.	महाराष्ट्र	0	0	1275000		1275000
14.	मिजोरम	742	831	0		1573
15.	राजस्थान	0	3092	0		3092
16.	तमिलनाडु	200350	106678	2054		309082
17.	उत्तर प्रदेश	52400	51736	38971		143107
18.	पश्चिम बंगाल	2494422	675036	0		3169458
19.	चंडीगढ़	349	0	0		349
20.	लक्षद्वीप	0	300	0		300
21.	पुदुचेरी	0	16	0		16
	जोड़	3780229	16308373	3055134	97628	8563828

[अनुवाद]

सीपीडब्ल्यूडी में विद्युत वस्तुओं की खरीद

181. श्री पूर्णमासी राम: क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सीवीओ ने विद्युत और अन्य वस्तुओं के अंकित मूल्य से अधिक की दर पर सीपीडब्ल्यूडी द्वारा खरीद के संबंध में जांच को पूरा कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो घोटाले में दोषी पाए गए अधिकारियों का नाम और ब्यौरा क्या है तथा उनमें से प्रत्येक के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी है;

(ग) क्या सीपीडब्ल्यूडी अभी भी केनद्रीय भंडार में उपलब्ध दरों से अधिक दर पर विद्युत वस्तुओं की खरीद कर रही है;

(घ) गत दो वर्षों के दौरान सीपीडब्ल्यूडी में दिल्ली विद्युत प्रभाग द्वारा खरीदे गए सीएफएल और पंखों की खरीद दर, विशिष्टताओं और मात्रा आदि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकारी खरीद में मितव्ययिता लाने हेतु क्या कदम उठाए हैं?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) जी हां।

(ख) दोषी पाये गये अधिकारियों के नाम और ब्यौरे विवरण-I में दिया गया है।

(ग) जी नहीं।

(घ) ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(ङ) इन निविदा हेतु पहलें सरकारी नीति के अनुसार की गयी हैं।

विवरण I

नियम 14 के अंतर्गत सीएस जारी	नियम 14/नियम 9 के अंतर्गत कार्रवाई हेतु अनुशंसित	नियम 16 के अंतर्गत कार्रवाई हेतु अनुशंसित	चेतावनी/अप्रसन्नता ज्ञापन हेतु अनुशंसित
सर्वश्री एच.एस. संधु अ.इं.(वै.), जे.एस. सचदेवा, का.इं.(वै.) (सेवानिवृत्ति), पी.के. गुप्ता, सहायक अभियंता (वै.), ए.के. बाली, सहायक अभियंता (वै.) ए.के. चौहान सहायक अभियंता (वै.), बिपिन बिहारी, सहायक अभियंता (वै.), वाई.पी. सिंह सहायक अभियंता (वै.), गजेन्द्र कुमार, ड्राफ्ट्स मैन	**नियम 9** श्री वाई.पी. सिंह कार्यकारी अभियंता (वै.) (सेवानिवृत्त)	श्रीमती अर्चना लूथरा सहायक अभियंता (वै.) सर्वश्री भुवनेश कुमार खरे, सहायक अभियंता (वै.), आर.एस. दहिया सहायक अभियंता (वै.), राजीव चन्द्रा, सहायक लेखा अधिकारी	**चेतावनी** **सर्वश्री** अशोक कुमार, उ.श्रे.लि. सतबीर सिंह राठी, एडी. (एच), जय गोपाल अरोरा, उ.श्रे. लि. भगवान सिंह, हेड वलर्क, श्रीमती कंचन बाला ऊ.क्षे.लि., श्री ब्रिजमोहन, उ.श्रे.लि., राजनारायण, हेड क्लर्क, हरि स्वरूप, एस.ओ. (एच), दीपक कुन्द्रा, एस.ओ.(एच), एस.सी. दीक्षित, डीडी (एच), संतोष कुमार, डीडी (एच), आलोक कुमार, जू.इं. नीलकमल श्रीवास्तव, सइं., दिलवर सिंह रावत, का.इं., आर.एन. दंडेकर, मु.इ., श्रीमती डिम्पल अहलूवालिया, अ.श्रे.लि., श्री जी.के. मल्होत्रा, उ.श्रे.लि., श्री आर.सी. जोशी, हेड क्लर्क, वी.पी. सिंह, का.इं., एस.पी. सिंह, उ.श्रे.लि., आर.एन. शर्मा, हेड क्लर्क, ए.के. अहूजा, स.इं.(वै.), नरेश कुमार, ड्राफ्ट्स मैन, राम इकबाल प्रसाद, ड्राफ्ट्स मैन एन.के. बख्शी ड्राफ्ट्स मैन, एस.पी. मंडोलिया, उ.श्रे.लि., ओम प्रकाश, उ.श्रे.लि. **अप्रसन्नता** श्री.डी.सी.आर. आजाद, डीडी (एच), श्री आर. के. दुग्गल, अधि.इं. (स्वेच्छा सेवानिवृत्ति)
8 (आठ)	1 (एक)	4 (चार)	30 (तीस)

विवरण II

क्र.सं.	विवरण	मात्रा	दर	इकाई	खरीद की तिथि
	वित्त वर्ष 2009-10				
1	36 वाट 4 पिन टाइप पीएसल टाइप सीएफ लैम्प 6500 के (हालोनिक्स मेक)	100	79.87	प्रत्येक	29.07.2009
2.	23 वाट सीएफएल लैम्प 6500 के स्परिल टाइप पिन टाइप कैप के साथ इनबिल्ट इलेक्ट्रॉनिक वैलास्ट (हालोनिक्स मेक)	500	129.16	प्रत्येक	29.07.2009
3.	18 वाट 4 पिन पीएलसी टाइप सीएफ लैम्प 6500 के (हालोनिक्स मेक)	1800	66.03	प्रत्येक	29.07.2009
4.	10 वाट 4 पिन पीएलसी टाइप सीएफ लैम्प 6500के (हालोनिक्स मेक)	300	61.48	प्रत्येक	29.07.2009
5.	5 वाट सीएफएल लैम्प पिन टाइप कैप के साथ इनबिल्ट इलेक्ट्रॉनिक वैलास्ट (हालोनिक्स मेक)	150	63.96	प्रत्येक	29.07.2009
6.	55 वाट सीएफएल लैम्प स्परिल टाइप (जम्बो), स्क्रू टाइप, ई. 27 कैप के साथ इनबिल्ट इलेक्ट्रॉनिक वैलास्ट (हालोनिक्स मेक)	100	478.96	प्रत्येक	29.07.2009
7.	45 वाट सीएफएल लैम्प स्क्रू टाइप ई 27 कैप, 6500 के साथ इनबिल्ट इलेक्ट्रानिक्स मेक)100	100	329.96	प्रत्येक	29.07.2009
8.	23 वाट सीएफएल स्पिरल टाइप 2 पिन (हालोनिक्स मेक)	340	127.92	प्रत्येक	06.08.2009
9.	13 वाट सीएफएल स्पिरल टाइप 2 पिन (हालोनिक्स मेक)	50	63.00	प्रत्येक	06.08.2009
10.	11 वाट सीएफएल स्पिरल टाइप 2 पिन (हालोनिक्स मेक)	50	48.37	प्रत्येक	06.08.2009
11.	9 वाट सीएफएल स्पिरल टाइप 2 पिन (हालोनिक्स मेक)	150	48.25	प्रत्येक	06.08.2009
	वित्तीय वर्ष 2010-11				
1.	18 वाट कूल डेलाइट 4 पिन पीएलएल टाइप सीएफएल (सूर्या मेक)	400	81.00	प्रत्येक	14.05.2010
2.	टी-5, 28 वाट कूल डेलाइट (सूर्या मेक)	1800	57.37	प्रत्येक	14.05.2010
3.	सीएफएल 2 पिन 11 वाट लैम्प (सूर्या मेक)	1000	48.31	प्रत्येक	29.10.2010
4.	सीएफएल 2 पिन 11 वाट लैम्प (सूर्या मेक)	1000	54.44	प्रत्येक	29.10.2010

तिहाड़ जेल के कैदियों को बीमा कवर

182. **श्री मानिक टैगोर:** क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार तिहाड़ जेल के कैदियों को जीवन बीमा कवर प्रदान करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा बीमा हेतु कार्यविधि और अर्हता क्या है तथा इसे कब तक लागू किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या ऐसी योजनाओं का पूरे देश में विस्तार करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) जी, हां। बीमा कवर उन 2000 कैदियों के लिए होगा/जिन्हें विभिन्न अपराधों के लिए सजा दी गई है और कारागार में कई वर्ष तक बंद रहेंगे। यह बीमा कवर जीवन बीमा पालिसी के माध्यम से उन्हें एक अवसर प्रदान करता है ताकि रिहा होने पर वे समाज में स्वतंत्रतापूर्वक स्थापित हो सकें। बीमा व्यक्तिगत आधार पर किया जाएगा और प्रीमियम का भुगतान अर्ध वार्षिक अथवा वार्षिक आधार पर होगा।

(ग) और (घ) भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची 2 की प्रविष्टि 4 के अनुसार "कारागार" राज्य का विषय है। अत: कारागारों में इस प्रकार की योजना का कार्यान्वयन प्राथमिक रूप से राज्य से संबंधित राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है।

तम्बाकू की खेती

183. **श्री आनंद प्रकाश परांजपे:**
श्री एकनाथ महादेव गायकवाड:
श्री संजय भोई:
श्री सदाशिवराव दादोबा मंडलिक:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की योजना विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रति प्रतिबद्धता के भाग के रूप में तम्बाकू के उत्पादन को कम करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस दिशा में अब तक क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान तम्बाकू की खेती के अंतर्गत कुल कितना क्षेत्र है;

(घ) क्या किसानों को वैकल्पिक फसल को अपनाने हेतु पर्याप्त मुआवजा प्रदान किया जाएगा; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस हेतु कितनी राजसहायता प्रदान की गयी है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने 2.2 करोड़ रु. के परिव्यय से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केन्द्रीय तम्बाकू अनुसंधान संस्थान, राजामुंदरी में "विभिन्न सस्य जलवायुवीय उप क्षेत्रों में बीड़ी और चबाने वाली तम्बाकू की वैकल्पिक फसलें" नामक अनुसंधान परियोजना का वित्तपोषण किया है इस परियोजना को तंबाकू की वैकल्पिक फसलों/फसल प्रणालियों को अपनाने हेतु तंबाकू उत्पादकों को उचित सिफारिशें देने के लिए प्रचालित किया जा रहा है तथा इसे तीन चरणों, यथा-(1) वैकल्पिक फसलों/फसल प्रणालियों की पहचान (2) प्रदर्शन तथा (3) विभिन्न राज्यों में व्यवहार्य फसलों/फसल प्रणालियों को लोकप्रिय बनाना, में पूरा किया जाना है।

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान तंबाकू की खेती के तहत कुल क्षेत्र निम्नलिखित है:-

वर्ष	क्षेत्र (मि.है.)
2007-08	0.35
2008-09 (अनंतिम)	0.39
2009-10 (अनंतिम)	0.44

स्रोत: अर्थ एवं साख्यिकी निदेशालय

(घ) वर्तमान में किसानों को मुआवजा देने के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। तथापि, तंबाकू की खेती करने वाले किसानों को तंबाकू के स्थान पर अन्य लाभप्रद फसलों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

जेलों में भ्रष्टाचार

184. **श्री मनसुखभाई डी. वसावा:**
श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश की विभिन्न जेलों में बड़े पैमाने पर व्याप्त भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा ऐसे कुल कितने मामले सामने आए तथा गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान दोषी अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी है; और

(ग) देश की जेलों को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना सुनिश्चित करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची 11 की प्रविष्ठ 4 के अनुसार "कारागार" राज्य का विषय है। अत: कारागारों का प्रशासन और प्रबंधन प्राथमिक रूप से राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। तदनुसार भ्रष्टाचार, अपराधियों के साथ मिलीभगत आदि सहित कारागारों से संबंधित सभी मामलों की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की ही है। इस संबंध में केन्द्रीय स्तर पर आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

(ग) कारागार प्राथमिक रूप से राज्य का विषय है, तथापि, केन्द्र सरकार ने देश में कारागार प्रबंधन के बेहतर प्रशासन के लिए सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विस्तृत परामर्शी-पत्र भी जारी किए हैं।

[अनुवाद]

यूआईडीएसएसएमटी के अंतर्गत धनराशि का आवंटन

185. श्री महेश जोशी: क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार छोटे और मध्यम शहरों हेतु शहरी अवसंरचना विकास योजना (यूआईडीएसएसएमटी) के अंतर्गत राजस्थान सहित राज्यों को धनराशि का आवंटन बढ़ाने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा राजस्थान सहित राज्यों को बढ़ी हुई धनराशि जारी करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) जी नहीं। क्योंकि छोटे और मझौले कस्बों के लिए शहरी अवस्थापना विकास स्कीम (यूआईडीएसएसएमटी) की मिशन अवधि दिनांक 31.3.2012 को समाप्त हो रही है इसलिए यूआईडीएसएसएमटी के अंतर्गत राज्यों को धनराशि का आबंटन बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

बीएसयूपी और आईएचएसडीपी के अंतर्गत आवास

186. श्री एल. राजगोपाल: क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) शहरी गरीबों को बुनियादी सेवाएं (बीएसयूपी) तथा समेकित आवासन और मलिन बस्ती विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) के अंतर्गत आंध्र प्रदेश को कस्बा और शहर-वार कुल कितने आवास संस्वीकृत/अनुमोदित किए गए हैं;

(ख) आंध्र प्रदेश में अब तक कस्बा और शहर-वार बीएसयूपी और आईएचएसडीपी के अंतर्गत कितनी आवासीय इकाई को पूरा कर लिया गया;

(ग) क्या 2009-10 से उक्त योजनाओं के अंतर्गत ऐसी परियोजनाएं राज्य हेतु स्वीकृत नहीं की गई हैं; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) आंध्र प्रदेश राज्य के लिए शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवा (बीएसयूपी) उप-मिशन और एकीकृत आवास तथा स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) के तहत स्वीकृत और पूर्ण शहर/कस्बा वार आवासों के ब्यौरे क्रमश: संलग्न विवरण-I और II के रूप में दिए गए हैं।

(ग) और (घ) 2311.99 करोड़ रू के सात वर्षीय मिशन अवधि आबंटन की तुलना में आंध्र प्रदेश राज्य के लिए 2278.88 करोड़ रू की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता की वचनबद्धता की गई है; इसलिए 2009-10 से लेकर अब तक कोई नई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

विवरण I

शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवा (आंध्र प्रदेश) के लिए आवासीय यूनिटों की स्थिति

क्र.सं.	शहर का नाम	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	स्वीकृत आवासीय यूनिटों की संख्या	पूर्ण आवासीय यूनिटों की संख्या
1	हैदराबाद	16	78746	52477
2	विजयवाड़ा	8	31525	16586
3	विशाखापट्टनम	12	24423	21134
	कुल	36	134694	90197

टिप्पणी: आंकड़े राज्य से प्राप्त अक्टूबर 2011, की रिपोर्ट पर आधारित हैं।

विवरण II

एकीकृत आवास तथा स्लम विकास कार्यक्रम (आंध्र प्रदेश) के लिए आवासीय यूनिटों की स्थिति

क्र.सं.	शहर का नाम	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	स्वीकृत आवासीय यूनिटों की संख्या	पूर्ण आवासीय यूनिटों की संख्या
1	2	3	4	5
1	अडोनी	1	*	*
2	अनकपल्ली	2	384	384
3	बपतला	1	*	*
4	भीमुनिपटनम	1	*	*
5	भोनगिर	1	*	*
6	बोडन	1	*	*
7	चिल्काकलूरीपेट	1	*	*
8	चिराला	1	*	*
9	चित्तूर	1	*	*
10	कुडप्पा	7	1297	1297
11	धोने	1	*	*
12	गडवाल	2	513	513
13	गुडुर	1	1559	1202
14	गुंटुर	2	1792	968
15	जनगांव	1	*	*
16	काकीनाडा	3	3840	398
17	करीमनगर	1	2304	2254
18	कावली	2	*	*
19	खम्मन	1	725	716
20	कोथागुडम्म	1	938	410
21	कुरनुल	2	2112	1754

1	2	3	4	5
22	मछरेला	1	*	*
23	मछलीपटनम	1	*	*
24	मदनापल्ली	1	*	*
25	महबूबनगर	2	525	525
26	मनचेरीयल	1	*	*
27	मीरयालगुडा	2	986	669
28	नालगोंडा	2	378	378
29	नरसारावपेट	1	*	*
30	नरायणपेट	1	*	*
31	निर्मल	1	*	*
32	निजामाबाद	1	1020	866
33	अंगोले	1	*	*
34	पलवांचा	1	*	*
35	पेडापुरम	1	1831	1416
36	पौन्नुर	1	*	*
37	प्रोडातुर	1	1500	1400
38	राजामुंदरी	2	6024	3162
39	रामचंद्रपुरम	1	768	672
40	रायाचोटी	1	1272	797
41	रेपल्ली	1	*	*
42	समालकोटा	2	2920	72
43	सनगारेड्डी	1	559	192
44	सटेनपल्ली	1	*	*
45	सिद्धीपेट	1	*	*

1	2	3	4	5
46	सिरसिला	1	766	673
47	सूर्यापेट	2	1556	794
48	तेंदूर	1	*	*
49	तेनाली	1	*	*
50	तिरूपति	4	11143	528
51	विनुकोंडा	1	*	*
52	वनापर्थी	2	384	360
53	येलेंडू	1	*	*
54	जाहिराबाद	1	800	112
	कुल	77	47896	22512

टिप्पणी: * दर्शाता है कि परियोजनाओं का अवसंरचनात्मक भाग ही अनुमोदित था। आंकड़े राज्य से प्राप्त अक्टूबर 2011, की रिपोर्ट पर आधारित हैं।

[हिन्दी]

प्याज के मूल्य में कमी

187. श्री अनंत कुमार हेगड़े:
श्रीमती सीमा उपाध्याय:
डॉ. मुरली मनोहर जोशी:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अप्रैल से सितम्बर 2011 की अवधि के दौरान गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में घरेलू बाजार में प्याज की कीमत में कमी आई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्याज के निर्यात पर सरकार द्वारा पाबंदी लगा दी गई है;

(घ) यदि हां, तो निर्यात पर पाबंदी लगाने से पहले देश के बाजारों में प्रति टन प्याज की कीमत कितनी थी;

(ङ) पाबंदी लगाने के बाद प्याज के मूल्य में वृद्धि का क्या कारण है;

(च) क्या सरकार ने प्याज के मूल्यों के संबंध में सचिवों के समूह से कोई सुझाव मांगे हैं; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके परिणाम क्या निकले?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) जी नहीं, महोदया, अप्रैल-सितम्बर, 2010 तथा अप्रैल-सितम्बर, 2011 (आधार वर्ष 2004-05=100) के दौरान प्याज के लिए थोक बिक्री मूल्य सूचकांक (डब्लूपीआई) के ब्यौरे नीचे दिये गए हैं:

अवधि	2010	20011
अप्रैल	148.0	156.9
मई	139.0	150.3
जून	150.2	174.4
जुलाई	158.0	200.9
अगस्त	164.7	244.8
सितम्बर	204.8	253.1

(ग) और (घ) भारत सरकार द्वारा प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध दिनांक 09.09.2011 की अधिसूचना के तहत लगाया गया था तथा यह 19.09.2011 तक लागू रहा।

नासिक एवं दिल्ली में अगस्त 2011 में प्याज के लिए मॉडल दर (प्रतिबंध से पहले) क्रमश: 106080 रुपए तथा 10460 रुपए प्रति टन थी।

(ङ) से (छ) प्रतिबंध के बाद प्याज के मूल्यों में कोई वृद्धि नहीं हुई थी, बल्कि हालांकि दरों में गिरावट हुई। जैसाकि राज्य नागरिक आपूर्ति विभागों द्वारा जानकारी दी गई थी प्याज की थोक बिक्री एवं खुदरा मूल्यों की समीक्षा यह दर्शाती है कि अनेक बाजारों में खुदरा एवं थोक बिक्री मूल्यों में 21 सितम्बर, 2011 से एक क्रमबद्ध एवं गिरती हुई प्रवृति बड़े पैमाने पर दर्शायी गई है। सचिवों की समिति (सीओएस), प्याज के मूल्यों सहित आवश्यक जिंसों के मूल्यों की नियमित रूप से समीक्षा करती है।

[अनुवाद]

जेलों में मोबाइल फोन का उपयोग

188. श्री के.पी. धनपालन: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को ऐसी कोई रिपोर्ट प्राप्त हुई है कि केरल के जेल के कैदियों द्वारा विदेशों में लगातार कॉल किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गयी है; और

(ग) पूरे देश में जेल के कैदियों द्वारा मोबाइल फोन के उपयोग को रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) और (ख) केरल के कारागारों में जेल अधिकारियों द्वारा तलाशी के दौरान लगभग 120 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं और हाईटेक सेल की सेवाओं के माध्यम से 28 मोबाइल फोनों की कॉल का ब्यौरा प्राप्त किया गया है जिसमें 18 अंकों के नम्बरों, 16 अंकों के नम्बरों, 4 अंकों के नम्बरों इत्यादि सहित कुछ नम्बर उपयोग के किए गए पाए गए हैं।

(ग) भारत सरकार ने कारागारों में मोबाइल फोनों के प्रयोग के संबंध में दिनांक 7.6.2010 को राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को अनुपालन के लिए विशिष्ट परामर्शी पत्र जारी किया है।

मृदा स्वास्थ्य

189. श्री एस. पक्कीरप्पा: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग तथा पारिस्थितिकी उर्वरता की उपेक्षा के कारण समूचे देश में मृदा का स्वास्थ्य देश के खाद्य सुरक्षा के भविष्य के लिए गंभीर संकट उत्पन्न कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो देश में मृदा के स्वास्थ्य को कायम रखने के लिए रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा क्या नीतियां तैयार की गई हैं;

(ग) रसायन और जैव उर्वरक का क्रमश: कितना प्रतिशत देश में खेती के बुनियादी घटक के रूप में उपयोग किया जाता है;

(घ) क्या सरकार ने ऐसी कोई योजना शुरू की है जिसके अंतर्गत देश में जैव उवरकों के उपयोग को रासायनिक उर्वरकों के गंभीर प्रभाव के मद्देनजर देश में बढ़ावा देने का है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) ऐसी योजनाओं हेतु आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है तथा राज्य-वार इनके क्रियान्वयन की क्या स्थिति है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) जबकि देश में प्रति हैक्टेयर 144. 44 किग्रा की दर पर रासायनिक उर्वरकों की खपत बहुत से अन्य विकासशील देशों की तुलना में बहुत कम है, वहीं जैविक सामग्री के कम प्रयोग के साथ उर्वरकों के असंतुलित उपयोग और वर्षों में सूक्ष्म तथा द्वितीयक पोषक तत्वों की उपेक्षा के कारण देश के बहुत से भागों में, विशेष रूप से गहन खेती वाले सिंधु गंगा के मैदानी भागों में, बहुत से पोषक तत्वों में कमी आई है और मृदा स्वास्थ्य में गिरावट आई है।

(ख) और (ग) उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा निरूपित नीतियों तथा किए गए उपायों में मृदा स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए मृदा परीक्षण आधारित जैव उर्वरकों, स्थानीय रूप से उपलब्ध जैविक खाद तथा रासायनिक उर्वरकों के संतुलित तथा युक्तिसंगत उपयोग को बढ़ावा देना शामिल हैं। जैविक खाद के साथ-साथ मृदा परीक्षण आधारित रासायनिक उर्वरकों के संतुलित तथा युक्तिसंगत उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 2008-09 के दौरान राष्ट्रीय मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता प्रबंध परियोजना

शरु की गई है। वर्तमान में उपलब्ध ऐसे सभी पारिस्थितिकी की दृष्टि से अनुकूल जैविक साधन लगभग 25 प्रतिशत तक रासायनिक उर्वरकों को अनुपूरित कर सकते हैं।

(घ) से (च) जी, हां। जैविक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 2004-05 से राष्ट्रीय जैविक खेती परियोजना शुरू की गई है। इस परियोजना के तहत अन्यों के साथ-साथ कंपोस्ट, वर्मी कंपोस्ट तथा जैव उर्वरक उत्पादन यूनिटों की स्थापना के लिए वित्त प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना तथा कृषि में बृहद प्रबंध जैसी प्रमुख स्कीमों के तहत भी जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। जारी धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्रमशः संलग्न विवरण I, II तथा III में दिया गया है।

विवरण I

कृषि एवं सहकारिता विभाग तथा नाबार्ड द्वारा एनपीओएफ के तहत स्थापित जैविक आदान उत्पादन यूनिटों की कुल संख्या तथा इन यूनिटों द्वारा 31.05.2011 तक सृजित कुल उत्पादन क्षमता (मी.टन. में) का राज्यवार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य	यूनिटों की कुल संख्या तथा सृजित क्षमता (मी. टन/वर्ष)					
		फल सब्जी अपशिष्ट कंपोस्ट यूनिट		जैव उर्वरक		वर्मीकल्चर	
		संख्या	क्षमता	संख्या	क्षमता	संख्या	क्षमता
1	2	3	4	5	6	7	8
1	आंध्र प्रदेश	0	0	9	1218	5	600
2	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	40	1500
3	असम	1	32	0	0	67	2450
4	बिहार	0	0	0	0	44	2230
5	छत्तीसगढ़	0	0	1	37.5	108	4635
6	दिल्ली	1	100	0	0	0	0
7	गोवा	1	26	1	150	0	0
8	गुजरात	1	44	3	405	86	3870
9	हिमाचल प्रदेश	0	0	2	300	37	1470
10	जम्मू और कश्मीर	2	200	1	37.5	25	937
11	झारखंड	0	0	1	75	23	975
12	कर्नाटक	4	410	2	300	59	6400
13	केरल	2	50	2	300	1	10
14	मणिपुर	0	0	1	37.5	20	750
15	महाराष्ट्र	1	150	12	1335	38	4075

1	2	3	4	5	6	7	8
16	मध्य प्रदेश	1	100	2	100	83	5512
17	मिजोरम	1	100	1	37.5	62	2325
18	मेघालय	0	0	1	84	0	0
19	नागालैंड	0	0	1	37.5	103	3862
20	ओडिशा	0	0	1	37.5	147	5512
21	पंजाब और हरियाणा	1	25	2	280	213	24337
22	राजस्थान	0	0	1	81	170	16500
23	सिक्किम	0	0	0	0	8	300
24	त्रिपुरा	0	0	0	0	72	2700
25	तमिलनाडु	2	110	10	640	45	2128
26	उत्तर प्रदेश	2	125	1	37.5	140	18862
27	उत्तराखंड	0	0	2	270	78	3037
28	पश्चिम बंगाल	0	0	2	210	7	753
	कुल	20	1472	59	6010.5	1681	115730

टिप्पणी- कृषि एवं सह. विभाग द्वारा 31.03.10 तक तथा नाबार्ड द्वारा 31.05.2011 तक वित्तपोषित यूनिटें

विवरण II

जैविक आदान उत्पादन यूनिटों की स्थापना के लिए मार्च, 2011 तक राष्ट्रीय जैविक खेती परियोजना के तहत निर्मुक्त कुल धनराशि का राज्यवार ब्यौरा

(रु लाख में)

क्र.सं.	राज्य	कुल जारी धनराशि/ सब्सिडी की प्रतिबद्धता
1	2	3
1	आंध्र प्रदेश	164.73
2	अरुणाचल प्रदेश	60
3	असम	86.46
4	बिहार	64.5
5	छत्तीसगढ़	180.9
6	दिल्ली	40
7	गोवा	33.94
8	गुजरात	218.12
9	हिमाचल प्रदेश	95.58
10	जम्मू और कश्मीर	137.5

1	2	3
11	झारखंड	74.5
12	कर्नाटक	251.52
13	केरल	64.36
14	मणिपुर	50
15	महाराष्ट्र	238.116
16	मध्य प्रदेश	185.82
17	मिजोरम	153
18.	मेघालय	11.34
19	नागालैंड	174.5
20	उड़ीसा	240.5
21	पंजाब और हरियाणा	338.83
22	राजस्थान	176
23	सिक्किम	12
24	त्रिपुरा	108.00
25	तमिलनाडु	236.72
26	उत्तर प्रदेश	280.77
27	उत्तराखंड	131.62
28	पश्चिम बंगाल	34.58
	कुल	3843.906

विवरण III

विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय कृषि विकास योजना तथा कृषि में बृहद प्रबंध की जैविक खेती के तहत निर्मुक्त धनराशि का राज्यवार ब्यौरा

(रु. लाख में)

राज्य	आरकेवीवाई			एमएमए		
	2008-09	2009-10	2010-11	2008-09	2009-10	2010-11
1	2	3	4	5	6	7
आंध्र प्रदेश	2500.00	0.00	1671.00	792.00	384.49	165.30
अरुणाचल प्रदेश	0.00	5.00	0.00	206.09	0.00	300.00
असम	0.00	129.25	0.00	81.40	157.89	95.31
बिहार	743.50	1808.86	3305.00	54.00	50.78	0.00
छत्तीसगढ़	240.00	875.00	1500.00	79.50	0.00	40.50
गोवा	0.00	0.00	0.00	0.00	8.00	0.00

1	2	3	4	5	6	7
गुजरात	74.00	293.91	221.00	10.12	20.00	123.50
हरियाणा	82.00	0.00	54.00	45.00	25.00	15.00
जम्मू और कश्मीर	0.00	0.00	286.00	171.23	0.00	0.00
झारखंड	0.00	0.00	72.00	5.00	8.00	0.00
कर्नाटक	0.00	763.00	50.00	523.00	37.23	20.00
केरल	0.00	0.00	0.00	30.50	0.00	0.00
मध्य प्रदेश	400.00	0.0	701.00	115.48	200.00	150.00
महाराष्ट्र	0.00	0.00	0.00	614.50	278.00	594.09
मणिपुर	0.00	0.00	35.00	482.00	293.88	138.00
मिजोरम	0.00	0.00	0.00	275.02	6.00	65.00
नागालैंड	0.00	0.00	104.00	51.20	0.00	97.00
ओडिशा	0.00	104.44	1115.00	25.00	0.00	0.00
पंजाब	0.00	0.00	850.00	90.50	64.00	322.22
राजस्थान	0.00	2272.00	2910.00	0.00	5.00	0.00
सिक्किम	0.00	835.00	0.00	394.08	222.00	957.92
तमिलनाडु	910.00	0.00	0.00	10.60	0.00	0.00
त्रिपुरा	0.00	40.00	115.00	2.10	24.20	0.00
उत्तर प्रदेश	1000.00	0.00	1567.00	218.14	150.00	245.60
पश्चिम बंगाल	0.00	977.55	51.00	278.12	55.00	80.00
उत्तराखंड	0.00	1151.34	0.00	0.00	14.79	31.34
हिमाचल प्रदेश	150.00	310.52	2266.00	179.00	10.00	0.00
कुल	6099.50	9565.87	16873.00	4733.58	2014.26	3440.78

[हिन्दी]

शारीरिक और खेल-कूद शिक्षा

190. डॉ. किरोड़ी लाल मीणा: क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में शारीरिक और खेल-कूद शिक्षा प्रदान करने वाले सरकार द्वारा चलाए जा रहे संस्थानों की राज्य-वार और स्थान-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त संस्थानों द्वारा कितने छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है तथा गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान संस्थान-वार कितने छात्र प्रशिक्षणरत हैं;

(ग) उक्त संस्थानों में अंतर्राष्ट्रीय मानदण्डों के अनुसार प्रदान की जा रही सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान खेल-कूद प्रतियोगिता/ प्रतिस्पर्धा में खेल-कूद के प्रकार-वार ऐसे कितने छात्रों ने भाग लिया;

(ङ) क्या सरकार का विचार ऐसे और संस्थानों को खोलने का है; और

(च) यदि हां, तो राज्यवार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ऐसा कोई रिकार्ड नहीं रखता। जहां तक इस मंत्रालय का संबंध है, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय ग्वालियर, और इसका गुवाहाटी स्थित पूर्वोत्तर क्षेत्रीय केन्द्र तथा लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा कालेज, तिरूवनंतपुरम शारीरिक शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान हैं। नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला, बंगलौर और कोलकाता खेल शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान हैं।

(ख) ब्यौरे निम्न प्रकार हैं;

शारीरिक शिक्षा

एल एन यू पी ई

1.	2008-09	-	699
2.	2009-10	-	840
3.	2010-11	-	809
4.	चालू वर्ष		
	ग्वालियर	-	744
	गुवाहाटी	-	121

एलएनयूपीई, तिरूवनंतपुरम

1.	2008-09	-	172
2.	2009-10	-	167
3.	2010-11	-	177
4.	चालू वर्ष	-	197

खेल शिक्षा

एनएसएनआईएस

वर्ष	पटियाला	बंगलौर	कोलकाता
2008-09	247	93	55
2009-10	243	97	59
2010-11	269	145	45
चालू वर्ष	275	129	39

(ग) ये संस्थान आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं, फुटबाल, हाकी, बास्केटबाल, मुक्केबाजी, टेनिस, टेवल टेनिस, बालीबाल, हैन्डबाल, क्रिकेट, वेलोड्रम सिन्थेटिक एथलेटिक ट्रेक, खो खो, कबड्डी, भारोतोलन, कुश्ती और तरणताल जैसे विधाओं में अन्तरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं।

(घ) जिन छात्रों को उक्त संस्थानों में खेल शिक्षा प्रदान की जाती है, वे अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद अपनी विधाओं में कोच बन जाते हैं।

(ङ) और (च): लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय का गुवाहटी परिषद कार्यशील हो गया है। भा.खे.प्रा. और एलएनयूपीई के वर्तमान केन्द्रों को सुदृढ़ और देश के अन्य भागों में एलएनयूपीई के केन्द्र खोलने पर बल दिया जा रहा है।

[अनुवाद]

दूध की कीमत

191. श्री एस.एस. रामासुब्बू: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गत दो वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान देश में दूध और दुग्ध उत्पादों की कीमत में काफी अधिक वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान देश में कुल कितनी मात्रा में दूध का उत्पादन हुआ तथा निर्यात किया गया तथा तत्संबंधी घरेलू प्रति व्यक्ति उपलब्धता कितनी है;

(घ) क्या अत्यधिक मात्रा में दूध और दुग्ध उत्पादों के निर्यात के परिणामस्वरूप घरेलू उपभोग हेतु आपूर्ति में कमी आयी है; और

(ङ) यदि हां, तो दूध और दुग्ध उत्पादों की कमी को पूरा करने तथा कीमत को कम करने हेतु सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) और (ख) दूध का थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू पी आई) (आधार वर्ष 2004-05=100) 07.11.2009 में 146.9 से बढ़कर 05.11.2011 में 196.9 हो गया है। मूल्य में वृद्धि का मुख्य कारण उत्पादन लागत में वृद्धि होना है।

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उत्पादित दूध की मात्रा और दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता इस प्रकार है:-

वर्ष	दुग्ध उत्पादन (मिलियन टन)	प्रति व्यक्ति उपलब्धता (ग्राम/दिन)
2008-09	108.6	258
2009-10	112.5	263
2010-11	116.2	269

विगत तीन वर्षों के दौरान केसीन और केसीन उत्पादों (एस एस कोड 350110 और 350190) सहित दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों (एच एस कोड-0401, 0402, 0403, 0404, 0405 और 0406) की निर्यात संबंधी सूचना संलग्न विवरण में दी गई है।

(घ) राष्ट्रीय स्तर पर उत्पादित दूध कुल मिलाकर दुग्ध उत्पादों की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। तथापि, कमी वाले मौसम के दौरान, दुग्ध पाउडर/दुग्ध वसा को मिलाकर तरल दूध की कमी को पूरा किया जाता है।

(ङ) सरकार द्वारा दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता को बढ़ाने और मूल्य को स्थिर करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:-

1. राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को राज्य दुग्ध परिसंघों और महानगर डेरियों द्वारा दूध बनाने के लिए वर्ष 2011-12 के लिए टैरिफ रेट कोटा के अंतर्गत 0% रियायती शुल्क दर पर 50,000 मी. टन स्किम्ड मिल्क पाउडर और संपूर्ण दुग्ध पाउडर और 15,000 मी. टन बटर, बटर आयल और एन्हाइड्रेट दुग्ध वसा आयात करने की अनुमति दी गई है।

2. 18.02.2011 से दूध पाउडरों (स्किम्ड दुग्ध पाउडर, संपूर्ण दुग्ध पाउडर, डेयरी वाइटनर और शिशु आहार दूध सहित), केसीन और केसीन उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

विवरण

विगत तीन वर्षों के दौरान दुग्ध उत्पादों का निर्यात

(मात्रा टन में)

आयात निर्यात कोड	मद विवरण	2008-09	2009-10	2010-11
1	2	3	4	5
0401	दूध एवं क्रीम, जो संक्रेन्द्रित हो और जिसमें अतिरिक्त चीनी या अन्य मीठी वस्तु न मिली हो।	8,354.15	5,563.84	2,737.37
0402	दूध एवं क्रीम जो सेंक्रन्द्रित हो और जिसमें चीनी और अन्य मीठी वस्तु शामिल हो।	39,463.74	20,348.32	17,903.79

1	2	3	4	5
0403	छांछ, कर्डल्ड दूध और क्रीम, चांगर्ट, केफीर और अन्य खमीरीकृत या अम्लकृत दूध और क्रीम गाढ़ा किया हुआ हो या नहीं, जिसमें अतिरिक्त चीनी या अन्य मीठी वस्तु न हो या फ्लेवर्ड हो या फल, मेवे या कोको मिलाया हुआ हो।	212.03	134.72	372.00
0404	वे गाढ़ा किया हुआ हो या नहीं, जिसमें अतिरिक्त चीनी या अन्य मीठी वस्तु न हो; प्राकृतिक दूध संघटक युक्त उत्पाद, जिसमें अतिरिक्त चीनी या अन्य मीठी वस्तु न हो, जिनको अन्यथा विनिर्दिष्ट या शामिल नहीं किया हो।	2,069.90	689.08	1,188.77
0405	दूध से प्राप्त मक्खन और अन्य वसा और तेल; डेयरी स्प्रेड	17,208.42	4,971.29	12,164.65
0406	चीज़ और दही	2,838.54	2,672.72	2,5000.78
3501	केसीन, केसीनेटस और अन्य केसीन संजात; केसीन ग्लू	8,387.53	8,300.71	10,217.90

स्रोत: निर्यात-आयात डाटा बैंक, वाणिज्य विभाग

खाद्यान्नों की कमी

192. श्री रूद्रमाधव राय: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 2011-12 के दौरान सरकार धान और गेहूं के आंतरिक उपयोग हेतु उत्पादन में कमी का अनुमान लगा रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार धान और गेहूं की कमी को पूरा करने के लिए अतिरिक्त मात्रा का आयात करने का है; और

(ग) यदि हां, तो वर्ष 2011-12 के दौरान आयात हेतु किन देशों की पहचान की गई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) इस स्तर पर, वर्ष 2011-12 के दौरान धान एवं गेहूं उत्पादन में कमी होने की संभावना नहीं है जिसमें इन जिंसों का आयात किया जा सके।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

दूरदर्शन/आकाशवाणी कार्यक्रमों की लोकप्रियता

193. श्री आर. थामराईसेलवन:
श्री विलास मुत्तेमवार:

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दूरदर्शन (डीडी) और आकाशवाणी (एआईआर) कार्यक्रमों के दर्शकों/श्रोताओं की संख्या कम हो गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है तथा गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान डीडी/एआईआर-वार क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार एफ एम कार्यक्रमों सहित डीडी और एआईआर कार्यक्रमों की लोकप्रियता को बढ़ाने हेतु तथा निजी चैनलों की तुलना में कार्यक्रमों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाने का है; और

(घ) यदि हां, तो डीडी/एआईआर-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) और (ख) प्रसार भारती ने सूचित किया है कि टैम मीडिया के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, निजी चैनलों की तुलना में दूरदर्शन राष्ट्रीय चैनल की टीआरपी/दर्शक संख्या लगातार तीन कैलेंडर वर्षों अर्थात वर्ष 2008 (1.27), वर्ष 2009 (0.88) और वर्ष 2010 (0.68) में सर्वाधिक थी। जहां तक आकाशवाणी का संबंध है, वर्ष 2008-09, वर्ष 2009-10 और वर्ष 2010-11 के दौरान किए गए रेडियो श्रोता सर्वेक्षण के अनुसार, श्रोताओं की संख्या क्रमश: 58%, 51% और 48% रिकार्ड की गई थी। श्रोताओं की संख्या में गिरावट आने का कारण पूरे देश में निजी एफएम चैनलों की बढ़ती संख्या रहा है सार्वजनिक सेवा प्रसारक के रूप में प्रसार भारती का उद्देश्य जनता के सभी वर्गों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है, जबकि निजी चैनल व्यापक रूप से वाणिज्यिक हितों से संचालित होते हैं।

(ग) और (घ) दूरदर्शन और आकाशवाणी के कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार लाना एक सतत प्रक्रिया है। प्रसार भारती का लक्ष्य लगातार विषय-वस्तु और गुणवत्ता दोनों को उत्कृष्ट बनाने का रहा है। दूरदर्शन अपने विभिन्न चैनलों पर प्रसारित होने वाले धारावाहिकों/कार्यक्रमों की लगातार समीक्षा करता है और प्रसारण की विषय-वस्तु और तकनीकी गुणवत्ता में और आगे सुधार करने का प्रयास करता है। एसएफसी स्कीम के जरिए विभिन्न सॉफ्टवेयर घरानों/निर्माताओं से अच्छी गुणवत्ता के सॉफ्टवेयर अधिप्राप्त करने के पयास किए जा रहे हैं। दूरदर्शन डीडी-1 पर प्रसारण करने के लिए विभिन्न विषयों पर बेहतर फीचर फिल्मों की आउटसोर्सिंग कर रहा है। बेहतर प्रतिभा की आउटसोर्सिंग द्वारा घरेलू कार्यक्रमों की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए स्टूडियों और उपस्करों का लगातार आधुनिकीकरण किया जा रहा है और उन्हें अद्यतन बनाया जा रहा है। आकाशवाणी केन्द्रों के विभिन्न चैनलों से प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में नियमित अध्ययनों द्वारा श्रोताओं की प्रतिक्रियाओं की मॉनीटरिंग करने और जानकारी एकत्र करने के लिए आकाशवाणी के पास अपना स्वयं का तंत्र उपलब्ध है। कार्यक्रमों की गुणवत्ता में नियमित आधार पर सुधार लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। विभिन्न दूरदर्शन केन्द्रों/आकाशवाणी केन्द्रों में कार्यक्रम सलाहकार समितियों का गठन किया जाता है, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित विख्यात व्यक्तियों को शामिल किया जाता है। कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सदस्यगण अपने सुझाव देते हैं, जिन पर कार्यक्रमों की आयोजना और प्रसारण के लिए उचित ध्यान दिया जाता है। पत्रों, ई-मेल, फोन-कॉलों और एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली श्रोताओं की प्रतिक्रियाओं को यथोचित महत्व दिया जाता है। संबंधित अंचलों/क्षेत्रों की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आकाशवाणी केन्द्रों पर सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। प्रत्येक तिमाही में क्षेत्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति की बैठकें आयोजित की जाती हैं, जिनमें संबंधित राज्य/क्षेत्र में स्थित सभी आकाशवाणी केन्द्रों के कार्यक्रम अधिकारी अपने-अपने अनुभवों और विचारों का आदान-प्रदान करते हैं तथा कार्यक्रमों को बेहतर बनाने के लिए कार्यनीतियां तैयार करते हैं।

प्राचीन मंदिरों को प्रोत्साहन

194. **डॉ. कृपारानी किल्ली:** क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार आंध्र प्रदेश सहित देश में कई अप्रचलित प्राचीन मंदिरों को प्रोत्साहन देने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन मंदिरों के आस-पास अवसंरचना को विकसित करने हेतु तथा और अधिक श्रद्धालुओं के आगमन को आकर्षित करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने वाले प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) से (ग) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मंदिरों सहित देश में उन केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों का संरक्षण और रखरखाव करता है जिन्हें प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के तहत ऐसा घोषित किया गया है। आंध्र प्रदेश राज्य में 137 स्मारकों/स्थलों को राष्ट्रीय महत्व के स्मारक के रूप में घोषित किया गया है। आगन्तुकों के लिए सुविधाओं सहित संरक्षित स्मारकों का संरक्षण परिरक्षण और पर्यावरणीय विकास एक सतत् प्रक्रिया है जिसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा पुरातत्वीय मानकों के अनुसार किया जाता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों पर पर्यटन संबंधी सुविधाएं (जैसे- पीने का पानी, प्रसाधन खण्ड, विकलांगों के लिए सुविधाएं, रास्ते, सांस्कृतिक सूचना पट्ट/संकेतक, वाहन पार्किंग, आदि भी मुहैया कराता है।

कृषि श्रमिकों की उपलब्धता

195. **श्री प्रताप सिंह बाजवा:**
श्री दत्ता मेघे:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में कृषि श्रमिकों को कमी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या गरीबी उन्मूलन योजनाओं जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) ने भी पंजाब और हरियाणा सहित देश के विभिन्न भागों में कृषि श्रमिकों की उपलब्धता को प्रभावित किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) भारतीय कृषि को नियुक्तिधीन तथा बेरोजगार से परिभाषित किया गया है। योजना आयोग ने अनुमान लगाया है कि 11वीं योजना के लिए प्रक्षेपण का तात्पर्य है कि 11वीं योजना के दौरान प्रक्षेपित दुगुनी कृषि विकास दर कृषि रोजगार में बढ़ोत्तरी के बिना ही संभव होगी। जबकि 1993-94 से 2004-05 तक 11 वर्ष की अवधि में कृषि ने 8.8 मिलियन नौकरी अवसरों का योगदान दिया, इससे 11वीं योजना में कोई वृद्धि प्रक्षेपित नहीं हुई है तथा बारहवीं योजना अवधि (2006-07 से 2016-17) तक चार मिलियन कृषि कार्मिकों की कुल कमी प्रक्षेपित हुई है।

(ग) और (घ) पंजाब तथा हरियाणा सहित कुछ राज्यों में कृषि संचालनों के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के क्रियान्वयन से मजदूरों की उपलब्धता पर आंशिक प्रभाव की जानकारी मिली है।

(ङ) कृषि में भिन्न-भिन्न योजनाओं के साथ महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के विलय के लिए सभी राज्य सरकारों को दिशानिर्देश जारी किये गय थे ताकि मनरेगा तथा कृषि मंत्रालय की योजनाओं के बीच समन्वय स्थापित किया जा सके।

मन्नार की खाड़ी में सुरक्षा

196. श्री ए.के.एस. विजयन: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार मन्नार की खाड़ी के संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा हेतु विशेष धनराशि आबंटित करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा तमिलनाडु के इन क्षेत्रों में मछुआरों की रक्षा करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) और (ख) तमिलनाडु में मन्नार की खाड़ी के लिए किसी विशेष प्रकार की निधियों का आबंटन नहीं किया गया हैं तथापि, तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र की तटीय सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए तमिलनाडु सरकार द्वारा तटरक्षक के साथ मिलकर कराए गए सुभेद्यता अन्तराल विश्लेषण के पश्चात, सरकार द्वारा राज्य-वार निधियां आबंटित की गई हैं।

तटीय सुरक्षा योजना के चरण-1 के तहत तमिलनाडु को मार्च, 2011 तक 12 तटीय पुलिस स्टेशन, 24 नार्वे, 12 जीपों, 36 मोटर साइकिलें, 40 जांच चौकियां और 12 सीमा चौकियां मुहैया करायी गई हैं।

तटीय सुरक्षा योजना के चरण-2 के तहत तमिलनाडु राज्य के लिए 30 तटीय पुलिस स्टेशनों (प्रति सी पी एस 48 लाख रुपए),20 नावों (प्रति नाव 4.00 करोड;), 12 जेट्टियों (प्रति जेट्टी 50 लाख रुपए), 30 चार पहिया वाहनों (प्रति चार पहिया वाहन 7.00 लाख रुपये) और 60 मोटर साइकिलों (प्रति मोटर साइकिल 0.60 लाख रुपए) का प्रावधान है। 01 अप्रैल, 2011 से लेकर 5 वर्षों की अवधि के लिए निगरानी उपकरणों, कम्प्यूटर सिस्टम और फर्नीचर आदि के लिए प्रति तटीय पुलिस स्टेशन को 15 लाख रुपए की एकमुश्त सहायता भी दी जाती है।

'मन्नार की खाड़ी सहित' तमिलनाडु के तटीय जलक्षेत्र में मछुआरों की सुरक्षा का उत्तरादायित्व भारतीय तटरक्षक का है। इन क्षेत्रों में, किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधि को रोकने और मछुआरों को सहायता तथा संरक्षण प्रदान करने के लिए तट रक्षक और नौसेना के जहाज (शिप) तैनात किए जाते हैं।

कृषि उत्पादकता का अध्ययन

197. श्री अनंत वेंकटरामी रेड्डी: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कृषि में कुल कारक उत्पादकता तथा अनुसंधान निवेश में सहयोग पर नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कृषि अर्थव्यवस्था तथा नीति अनुसंधान केन्द्र ने एक व्यापक अध्ययन किया है जिसमें रोचक निष्कर्ष सामने आए हैं जिसका नीतियों पर काफी प्रभाव पड़ेगा;

(ख) यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पर सरकार द्वारा क्या अनुवर्ती कार्यवाही की गई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) जी, हां। एक शोध पत्र में डा. रमेश चन्द, निदेशक राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्र तथा नीति अनुसंधान केन्द्र (एनसीएपी) डा. पद्युम्न, एनसीएपी में वरिष्ठ परामर्शदाता तथा डा. सन्त कुमार, एनसीएपी में वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा एक दृष्टिकोण व्यक्त किया गया है। इस दृष्टिकोण के अनुसार कृषि अनुसंधान में किये गये निवेश से भारत प्रतिवर्ष 33 प्रतिशत लाभ प्राप्त कर रहा है तथा यदि अनुसंधान में किये गये निवेश से भारत प्रतिवर्ष 33 प्रतिशत लाभ प्राप्त कर रहा है तथा यदि अनुसंधान नहीं होता तो भारत खाद्यान्नों के मामले में पूर्णरूप से आयात पर ही निर्भर रहता।

(ग) संसाधनों के आवंटन हेतु सभी ज्ञात मुद्दों तथा प्रतिस्पर्धी जरूरतों को ध्यान में रखा गया हैं कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा विभाग/भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का योजना परिव्यय दसवीं योजना में 5368 करोड़ रूपये से बढ़कर 11वीं योजना अवधि में 12023 करोड़ रूपये हो गया है।

आईएआरआई से चित्रकला का गायब होना

198. श्री विलास मुत्तेमवार: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) से चोरी हुई दो बहुमूल्य पेंटिंग में नीलामी के लिए रखी गई थीं;

(ख) यदि हां, तो क्या इस संबंध में कोई जांच की गयी है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में क्या अनुवर्ती कार्यवाही की गई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) मैसर्स सौथेबाइस ऑफ लंदन, यू.के. से दिनांक 23 नवम्बर 2010 को इस आशय का एक ई-मेल प्राप्त हुआ कि रोइरिच की दो पेन्टिंग बिक्री के लिए एक ग्राहक द्वारा लायी गई हैं तथा न्यूयार्क स्थित रोइरिच संग्रहालय ने उन्हें सूचित किया कि ये पेन्टिंग भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के संग्रह से थी। इनको अभी तक नीलामी के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया क्योंकि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने मैसर्स सौथेबाइस को सूचित किया है कि ये पेन्टिंग वास्तव में भारतीय कृषि अनुसंधान से संबंधित है।

(ख) से (घ) सीबीआई ने दिनाकं 13.9.20111 को धारा 120 बी, 380 आपीसी तथा धारा 25 आर/डब्ल्यू सेक्शन ऑफ एन्टिक्विटीज एण्ड आर्ट ट्रेजर अधिनियम, 1972 के तहत आपराधिक मामला आरसी 220211 (ई) 0014 दर्ज किया है।

प्रिंट मीडिया हेतु पैकेज

199. श्री रामसिंह राठवा: क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रिंट मीडिया हेतु मौद्रिक प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या घोषित प्रोत्साहन दिसम्बर, 2010 में समाप्त हो गया था; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उसको वर्तमान वर्ष के लिए बढ़ाए नहीं जाने के क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) और (ख) जी हां। वैश्विक आर्थिक मंदी और प्रिंट मीडिया की मांगों के मद्देनजर, सरकार ने प्रिंट मीडिया के लिए विशेष राहत के रूप में दिनांक 27.02.2009 से 30.06. 2009 तक के लिए एक राजकोषीय प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की जिसमें सम्मिलित थे (1) डीएवीपी विज्ञापनों पर 15% एजेंसी कमीशन का अधित्याग और (2) डीएवीपी दरों में 10 की बढ़ोत्तरी। यह प्रोत्साहन पैकेज गैर-सरकारी विज्ञापनों में पूर्व वर्ष में एसी अवधि की तुलना में हुई राजस्व हानि के प्रलेखी प्रमाण के अध्यधीन था। बाद में, इसे 31 दिसम्बर, 2009 तक बढ़ा दिया गया था।

(ग) यह 31 दिसंबर, 2009 को समाप्त हो गया।

(घ) प्रिंट मीडिया उद्योग से प्रोत्साहन पैकेज के विस्तार के लिए कोई मांग नहीं थी क्योंकि उसे उद्योग में मंदी की वजह से दिया गया था।

[हिन्दी]

घटिया बीजों की आपूर्ति

200. श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या घटिया बीजों, पौधों की आपूर्ति तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा घूस देने की बात सरकार की जानकारी में आई है;

(ख) यदि हां, तो ऐसी कंपनियों के विरूद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गयी है; और

(ग) इस प्रकार के कदाचार को रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक उपाय किए गए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) राजस्थान सरकार ने रिपोर्ट दी है कि बहुराष्ट्रीय कंपनी, मैसर्ज बेयर बायो साइंसेज द्वारा विपणित बीज में तीन नमूने राज्य में 2009-10 के दौरान घटिया पाए गए थे। राज्य सरकार ने डीलरों/वितरकों तथा उत्पादकों के खिलाफ कार्यवाही की है तथा कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। बीज अधिनियम, 1966 तथा बीज (नियंत्रण) आदेश, 1983 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की गई। इसी प्रकार, बिहार सरकार ने भी वर्ष 2009-10 के दौरान एक घरेलू तथा एक बहु राष्ट्रीय कंपनी अर्थात मैसेर्ज मोनसेंटो इंडिया लि. द्वारा आपूर्ति किए गए संकर मक्का के बीजों में अनाज के दाने कम विकसित होने के बारे में सूचित किया है। राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, बिहार के वैज्ञानिकों को शामिल करते हुए गठित दल द्वारा इस शिकायत की जांच की गई थी। इस दल ने पाया कि टासेल तथा सिल्क का कम और अव्यवस्थित विकास हुआ जिसके फलस्वरूप मक्का की फसल में दाने कम विकसित हुए और उक्त दल ने इसका कारण प्रतिकूल मौसम दशाओं को ठहराया। तदनुसार, राज्य सरकार ने बीज के पैकेटों पर संकर मक्का की बुवाई का समय तथा तापमान की स्थिति का ब्यौरा देने के लिए बीज कंपनियों को सलाह दी है।

(ग) बीज अधिनियम, 1996, बीज नियमावली, 1968 तथा बीज (नियंत्रण) आदेश, 1983 के तहत राज्य सरकारें राज्य में नकली/घटिया /जाली बीजों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए अधिकार संपन्न हैं। इन वैधानिक प्रावधानों के संगत नियमों के तहत अधिसूचित बीज निरीक्षकों को नमूना आहरित करने, स्टाक को जब्त करने तथा 'बिक्री रोको' आदेश जारी करने तथा न्यायालय में मुकदमा दायर करने का अधिकार दिए गए हैं, बशर्ते कि संगत जिसे विधि का प्रावधानों का उल्लंघन करती हों।

[अनुवाद]

समुद्र तटों के साथ लगे स्थापनों की .सुरक्षा

201. श्री वैजयंत पांडा: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में देश की तटीय सुरक्षा स्थिति की व्यापक समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले;

(ग) क्या सरकार ने समीक्षा के दौरान परमाणु स्थापनों, तेल परिशोधनशालाओं, पत्तनों आदि जैसे सुभेद्य स्थापनों की पहचान की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इन स्थापनों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा क्या निरोधक कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) से (ङ) 26/11 की मुम्बई घटना के बाद देश के समूचे तटीय सुरक्षा परिदृश्य की भारत सरकार द्वारा बहु-स्तरीय समीक्षा की गई है। इसमें तटरेखा पर स्थित संवेदनशील महत्वपूर्ण स्थापनाओं की सुरक्षा शामिल है। इस संबंध में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय/पहलें की गई हैं। इन पर प्रकाश डाला गया है:-

(i) तटीय सुरक्षा योजना चरण-1, जिसमें 73 पुलिस थानों, 97 जांच चौकियों, 58 आउट पोस्टों, 30 बैरकों, 204 नावों, 153 जीपों तथा 312 मोटरसाइकिलों का प्रावधान है, कार्यान्वित की गई है।

(ii) भारतीय नौसेना को, समग्र समुद्री सुरक्षा जिसमें तटीय सुरक्षा प्राधिकारी पदनामित किया गया है। इसके अतिरिक्त तटीय पुलिस की गश्त वाले क्षेत्रों सहित भूभागीय जलक्षेत्रों की तटीय सुरक्षा के लिए जवाबदेह प्राधिकारी के रूप में भारतीय तटरक्षक को पदनामित किया गया है। तटीय सुरक्षा से संबंधित सभी मामलों में केन्द्र तथा राज्य की एजेंसियों के बीच समग्र समन्वय की जवाबदेही के लिए महानिदेशक, तटरक्षक को कमांडर तटीय कमान के रूप में पदनामित किया गया है।

(iii) संवेदनशीलता/कमी के विश्लेषण तथा तटरक्षक और तटीय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसरण में तटीय सुरक्षा योजना का चरण-2 अनुमोदित किया गया है तथा पांच वर्ष की अवधि के लिए इसका कार्यान्वयन दिनांक 1 अप्रैल, 2011 से प्रारंभ हो गया है। इस योजना में 131 समुदी पुलिस थानों, 60 घाटों, 10 समुद्री अभियान केन्द्रों, 180 नावों, 35 आर आई बी (रिजिड इन्फ्लेटेबल बोट), 10 बड़े जलयानों (अंडमान और निकोबार), 131 चार पहिया वाहनों तथा 242 मोटर साइकिलों का प्रावधान किया गया है।

(iv) नौवहन मंत्रालय को सभी प्रकार के जलयानों अर्थात मछली पकड़ने तथा इससे इतर जलयानों के अनिवार्य पंजीकरण की प्रकिया को चुस्त-दुरुस्त बनाने तथा इन नावों में स्वचालित पहचान प्रणाली (ए आई एस) स्थापित करने/इनका प्रावधान सुनिश्चित करने से संबंधित अधिदेश प्रदान किया गया है।

(v) मत्स्यपालन विभाग सभी मछुआरों को बायोमैट्रिक पहचान पत्र जारी करने के लिए कदम उठा रहा है।

(vi) भारत के महापंजीयक (आर जी आई) को मछुआरों सहित तटीय गांवों के लोगों को बहु-उद्देशीय राष्ट्रीय पहचान पत्र (एम एन आई सी) जारी करने का अधिदेश प्रदान किया गया है।

(vii) तटरक्षक, तटरेखा के साथ-साथ रडार सेंसरों की श्रृंखला तैयार कर रहा है। यह देश की पश्चिमी तटरेखा पर 9 अतिरिक्त तटरक्षक स्टेशन भी स्थापित कर रहा है।

(viii) सभी तटीय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए मानक प्रचालन प्रक्रिया को अन्तिम रूप दिया गया है।

(ix) नौसेना ने कमांडर-इन-चीफ तटीय रक्षा के रूप में मौजूदा नौसेना कमांडर-इन चीफ के प्रभार में मुंबई, विशाखापट्टनम, कोच्चि और पोर्ट ब्लेयार में 4 संयुक्त अभियान केन्द्रों की स्थापना की है।

(x) नौसेना द्वारा बल सुरक्षा, नौसेना बेस तथा साथ-साथ स्थित संवेदनशील क्षेत्रों और संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा के लिए 1000 कार्मिकों के साथ सागर प्रहरी बल (एस पी बी) नामक एक विशेष बल का गठन किया गया है। सागर प्रहरी बल के अंतर्गत सभी कमान आएंगे तथा कार्मिकों की तैनाती कर दी गई है।

(xi) सभी तटीय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और अन्य संबंधित एजेंसियों की तैयारी में सुधार लाने के लिए भारतीय नौसेना/तटरक्षक द्वारा तटीय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों तथा सीमा-शुल्क विभाग के साथ द्वि-वार्षिक रूप से सागर कवच जैसे संयुक्त तटीय अभियान चलाए जाते हैं। सभी पणधारियों के लाभ हेतु कमियों तथा प्रत्येक अभियान में सीखे गए पाठ के प्रसार के लिए क्रियाविधियां तैयार की गई हैं।

समुद्र के रास्ते होने वाले खतरों के खिलाफ मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय समुद्री एवं तटीय सुरक्षा सुदृढीकरण समिति गठित की गई है ताकि देश की समुद्री एवं तटीय सुरक्षा के संबंध में सरकार द्वारा लिए गए विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णयों का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके।

[हिन्दी]

चीनी उत्पादन में वृद्धि

202. श्रीमती ज्योति धुर्वे:
श्री रायापति सांबासिवा राव:
श्री नारनभाई कछाड़िया:
श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आगामी मौसम, 2011-12 के दौरान बढ़े हुए गन्ने के उत्पादन के मद्देनजर चीनी का उत्पादन बढ़ने की सम्भावना है;

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान चीनी के अनुमानित उत्पादन में होने वाली वृद्धि के साथ तत्संबंधी ब्यौरे दें;

(ग) क्या देश में कम उत्पादन के कारण पिछले तीन वर्षों के दौरान चीनी का आयात किया गया था; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आयातित चीनी की मात्रा तथा उस पर हुए व्यय का वर्षवार ब्यौरा क्या है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) सितम्बर, 2011 में कृषि और सहकारिता विभाग द्वारा रिलीज किए गए गन्ने के उत्पादन के प्रथम अग्रिम अनुमानों के आधार पर पिछले चीनी मौसम 2010-11 के दौरान लगभग 243 लाख लगभग 243 लाख टन (अनंतिम) चीनी उत्पादन के प्रति वर्तमान चीनी मौसम 2011-12 के लिए देश में चीनी उत्पादन लगभग 246 लाख टन होना प्रक्षेपित किया गया जोकि उत्पादन में मामूली वृद्धि है।

(ग) और (घ) पिछले तीन चीनी मौसमों के दौरान केन्द्रीय सरकार ने चीनी का कोई आयात नहीं किया है। तथापि, केन्द्रीय सरकार ने टन-दर-टन आधार पर अग्रिम प्राधिकार स्कीम के तहत 17.2.2009 से 30.9.2009 तक चीनी मिलों को शुल्कमुक्त कच्ची चीनी का आयात करने की अनुमति दी थी और खुले सामान्य लाइसेंस के तहत 17. 4.2009 से कच्ची और व्हाइट/रिफाइंड चीनी का आयात करने की अनुमति दी थी जो 30.11.2011 तक लागू है।

पिछले तीन चीनी मौसमों के दौरान आयात की गई चीनी की मात्रा और मूल्य निम्नानुसार है:

चीनी मौसम	आयातित मात्रा (लाख मी. टन में)	मूल्य (लाख रुपए में)
2008-09	10.97	192340.72
2009-10	19.42	516964.43
2010-11 (जुलाई, 2011 तक)	2.96	77628.58

स्त्रोत: वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिक महानिदेशालय, कोलकाता

[अनुवाद]

शत्रु संपत्ति विधेयक

203. श्री असादूद्दीन ओवेसी: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एक नया शत्रु संपत्ति विधेयक संसद में पुर:स्थापित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह नया विधेयक अभिरक्षकों तथा उत्तराधिकारियों के हितों के संरक्षण के संबंध में सदन को सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुरूप हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) से (ङ) शत्रु सम्पत्ति (संशोधन एवं विधि-मान्यकरण द्वितीय विधेयक, 2010 दिनांक 15.11.2010 को लोक सभा में प्रस्तुत किया गया था। विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति के नियमों के अनुसरण में राज्य सभा के सभापति ने शत्रु सम्पत्ति (संशोधन एवं विधिमान्यकरण) द्वितीय विधेयक, 2010 को दिनांक 30 दिसम्बर, 2010 को जांच करने और रिपोर्ट देने के लिए समिति के पास भेज दिया था। समिति ने अब अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। समिति ने सिफारिश की है कि सरकार वर्तमान विधेयक को वापस ले और समिति के मतों और टिप्पणियों को शामिल करते हुए एक नया विधेयक लाए।

टीवी कार्यक्रमों के प्रभाव

204 श्रीमती जे. शांता:
श्री निशिकांत दुबे:
श्री के.जे.एस.पी. रेड्डी:

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों, परिवारों तथा सामाजिक मूल्यों सहित जनता पर टेलीविजन पर दिखाए जाने वाले रिएलिटी शो, अश्लीलता, हिंसा और भयावह विषय-वस्तु के प्रभाव/दुष्प्रभाव की कोई समीक्षा/अध्ययन कराया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का विचार इस प्रकार की विषय-वस्तु के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने का है;

(ङ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(च) क्या सरकार इस संबंध में कोई प्रभावशाली विधान लाने और इस प्रकार के टी.वी. कार्यक्रमों के प्रसारण को रोकने और उन्हे नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने पर विचार कर रही है; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) से (छ) निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों पर प्रसारित कार्यक्रमों की कोई पूर्व-सेंसरशिप नहीं होती है। तथापि, सभी निजी टीवी चैनलों के लिए केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम संहिता का कड़ाई से अनुपालन करना आवश्यक होता है। उक्त संहिता में व्यापक विषयगत सिद्धांत अंतर्विष्ट हैं जो ऐसे कार्यक्रमों के प्रसारण को स्पष्टत: निषिद्ध करते हैं जिनसे, अन्य बातों के साथ-साथ, सुरुचि अथवा शालीनता को ठेस पहुंचती हो; जिनमें किसी प्रकार की अश्लीलता अंतर्विष्ट हो; जो बच्चों को बदनाम करते हों; जो अप्रतिबंधित सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए अनुपयुक्त हों। जब कभी कोई उल्लंघन होता है, नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। उक्त अधिनियम में अंतर्विष्ट पर्याप्त प्रावधानों के मद्देनजर, सरकार ने ऐसी कोई समीक्षा नहीं की है/अध्ययन नहीं किया है और न ही उक्त मामले में ऐसा कोई अध्ययन करने

अथवा कोई प्रतिबंध लगाने अथवा कोई कानून बनाने के लिए फिलहाल सरकार के विचाराधीन कोई प्रस्ताव है।

सामुदायिक केन्द्रों का निर्माण

205. **श्रीमती श्रुति चौधरी:** क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पिछले तीन वर्षो में प्रत्येक वर्ष के दौरान जेएनएनयूआरएम के घटक, लघु और मध्यम शहरों हेतु शहरी अवसंरचना विकास योजना के अंतर्गत सामुदायिक केन्द्रों के निर्माण के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो राज्यवार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस प्रकार के निर्माण हेतु क्या मानदंड अपनाए गए हैं?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) सामुदायिक केन्द्र का निर्माण छोटे और मझौले कस्बों के लिए शहरी अवस्थापना विकास स्कीम (यूआईडीएसएसएमटी) के अंतर्गत वित्तपोषण हेतु स्वीकार्य घटक नहीं है।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) के उत्तर के आलोक में प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

एनएफएसएम के अंतर्गत वित्तपोषण

206. **डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह:**
श्री फ्रांसिस्को कोज्मी सारदीना:
श्री सैयद शाहनवाज हुसैन:
श्री यशवंत लागुरी:

क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) चालू वर्ष के दौरान बिहार सहित देश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम)के अंतर्गत स्वीकृत, जारी और उपयोग हुई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) बिहार और उड़ीसा सहित देश में एनएफएस एम के अंतर्गत सरकार द्वारा किए गए कार्यो का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजनाओं के अंतर्गत शामिल किए गए जिलों का राज्यवार और फसलवार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या गोवा सहित कुछ राज्य सरकारों ने उक्त योजना के अंतर्गत कुछ और जिलों को शामिल करने का अनुरोध किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की राज्यवार प्रतिक्रिया क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) वर्तमान वर्ष के दौरान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत मंजूर की गई, निर्मुक्त तथा प्रयुक्त धनराशियों का बिहार सहित राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण-1 में दिया गया है।

(ख) एनएफएसएस का क्रियान्वयन 18 राज्यों के 480 जिलों में किया जा रहा है जिसके तीन घटक नामत: एनएफएसएम-चावल, एनएफएसएम-चावल, गेहूं तथा दलहन और ओडिशा में एनएफएसएस-दलहन हैं। बिहार में एनएफएसएम के तहत बीज, सूक्ष्म पोषक तत्वों, मृदा सुधारकों, पौध रक्षण रसायनों, फार्म मशीनरी आदि की खरीद के लिए किसानों को प्रोत्साहन दिये जाते हैं। किसान प्रशिक्षण तथा खेतों पर आयोजित प्रौद्योगिकी प्रदर्शनों को प्रोत्साहन दिये जाते हैं। किसान प्रशिक्षण तथा खेतों पर आयोजित प्रौद्योगिकी प्रदर्शनों से भी लाभान्वित हुए हैं। इसके अलावा, हाल ही में निर्मुक्त किस्मों के बीज मिनीकिट भी इन किस्मों को लोकप्रिय बनाने के लिए नि:शुल्क वितरित किये गये हैं।

(ग) एनएफएसएम के तहत शामिल जिलों का नाम राज्यवार तथा फसलवार संलग्न विवरण-II में उल्लिखित किया गया है।

(घ) और (ङ) मंत्रालय को गुजरात तथा उत्तर प्रदेश सहित कुछ राज्यों से जिलों को शामिल करने/मौजूदा जिलों को प्रतिस्थापित करने के लिए अनुरोध प्राप्त हुये थे। उन जिलों को इस कार्यक्रम के तहत शामिल किया गया जो मानदण्ड पूरा करते हैं। वर्ष 2011-12 के दौरान एक और राज्य, जम्मू व कश्मीर का एनएफएसएम-चावल के तहत शामिल किया गया है तथा त्रिपुरा राज्य को वर्तमान रबी मौसम अर्थात 2011-12 से राज्य में क्रियान्वयन हेतु एनएफएसएम-चावल के तहत कार्य योजना प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। एनएफएसएम के तहत गोवा को शामिल करने के लिए कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

विवरण I

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत मंजूर की गई, निर्मुक्त तथा प्रयुक्त धनराशि का राज्यवार ब्यौरा

(करोड़ रुपए)

क्र.सं.	राज्य	मंजूर की गई राशि	निर्मुक्ति	प्रयुक्त राशि (30.09.2011 की स्थिति)
1.	आंध्र प्रदेश	102.13	51.80	37.37
2.	असम	33.97	15.58	*30.10
3.	बिहार	73.21	58.87	8.75
4.	छत्तीसगढ़	54.49	44.34	7.21
5.	गुजरात	30.25	23.96	7.21
6.	हरियाणा	29.63	24.29	0.82
7.	जम्मू और कश्मीर	3.59	2.69	0.000
8.	झारखंड	22.55	5.55	1.94
9.	कर्नाटक	71.43	59.40	14.57
10.	केरल	3.04	2.28	0.00
11.	मध्य प्रदेश	166.47	141.82	23.00
12.	महाराष्ट्र	143.84	98.36	13.27
13.	उड़ीसा	53.81	53.67	17.80
14.	पंजाब	44.99	35.18	0.000
15.	राजस्थान	94.67	63.62	13.28
16.	तमिलनाडु	35.20	27.20	5.59
17.	उत्तर प्रदेश	271.80	229.96	47.95
18.	पश्चिम बंगाल	57.03	30.80	9.92
	कुल	1292.10	969.37	204.81

*30.10 करोड़ रुपए की राशि 2010-11 के दौरान बोरो/ग्रीष्म चावल के लिए राज्य को निर्मुक्त की गई थी। इस धनराशि का उपयोग राज्य द्वारा मई-जून, 2011 में किया गया है।

विवरण II

एनएफएसएम चावल के तहत जिलों के राज्यवार नाम

राज्य	जिला
1	2
1. आंध्र प्रदेश (11)	
1.	आदिलाबाद
2.	गुतूर
3.	खम्माम
4.	कृष्णा
5.	महबूबनगर
6.	मेंडक
7.	नालगौंडा
8.	नेलौर
9.	श्रीकामुलम
10.	विशाखापट्नम
11.	विजयनगरम
2. आंध्र प्रदेश (13)	
1.	बारपेटा
2.	बोंगईगांव
3.	दरांग
4.	धेमजी
5.	गोलपाड़ा
6.	कारबीआंगलांग
7.	कोकराझार
8.	लखीमपुर
9.	मोरीगांव
10.	नलबारी
11.	सोनितपुर
12.	नागांव
13.	तिनसुखिया
3. बिहार (18)	
1.	अररिया
2.	बांका
3.	पूर्वी चम्पारण
4.	पं. चम्पारण
5.	दरभंगा
6.	गया
7.	जमुई
8.	कटिहार
9.	किशनगंज
10.	मधुबनी
11.	मधेपुरा
12.	मुजफ्फरपुर
13.	नालन्दा
14.	सहरसा
15.	समस्तीपुर
16.	सीतामढ़ी
17.	शिवांग
18.	सुपौल

1	2
4. छत्तीसगढ़ (10)	
1.	दांतेवाड़ा
2.	जांजीगीर–चम्पा
3.	जशपुर
4.	कवरधा
5.	कोरबा
6.	कोरिया
7.	रायगढ़
8.	रायपुर
9.	राजनंदगांव
10.	सरगुजा
5. गुजरात (2)	
1.	दहोल
2.	पंचमहल
6. झारखंड (7)	
1.	गुमला
2.	हजारीबाग
3.	कुंटी
4.	रामगढ़
5.	रांची
6.	शिमडेगा
7.	सिंहभूम पश्चिम
7. कर्नाटक (7)	
1.	बेलगांव
2.	दक्षिण कनाडा

1	2
3.	हसन
4.	रायचूर
5.	शिमोगा
6.	उड्डूपी
7.	उत्तर कन्नड़ा
8. केरल (1)	
1.	पल्लाखाड
9. मध्य प्रदेश (9)	
1.	अनुपपुर
2.	दमोह
3.	दीनडोरी
4.	कटनी
5.	माडंला
6.	पन्ना
7.	रीवा
8.	सतना
9.	शहडोल
10. महाराष्ट्र (6)	
1.	बान्द्रा
2.	चांदपुर
3.	गड़चिड़ोली
4.	गोंदिया
5.	नासिक
6.	पुणे

1	2
11. उड़ीसा (15)	
1.	आंगुल
2.	बोलांगीर
3.	बौधा
4.	देवगढ़
5.	धेनकनाल
6.	जयपुर
7.	झारखंड
8.	कालासुगुडा
9.	कालाहांडी
10.	मलकानगिरी
11.	नवापाडा
12.	नवरंगपुर
13.	नयागढ़
14.	फूलबनी
15.	सुंदरगढ़
12. तमिलनाडु (5)	
1.	नागापथ्थम
2.	पुडुक्कुटई
3.	रामनाथपुरम
4.	शिवगंगई
5.	थिरून्नवूर
13. उत्तर प्रदेश (27)	
1.	आजमगढ़

1	2
2.	बदायूं
3.	बहराइच
4.	बलिया
5.	बलारामपुर
6.	बांदा
7.	बरेली
8.	बस्ती
9.	छत्रपतिशाहूजी महाराज
10.	देवरिया
11.	फतेहपुर
12.	गाजीपुर
13.	गोंडा
14.	गोरखपुर
15.	हरदोई
16.	मैनपुरी
17.	मऊ
18.	मिर्जापुर
19.	रायबरेली
20.	रामपुर
21.	सहारनपुर
22.	श्रीवास्ती
23.	सिद्धार्थनगर
24.	सीतापुर
25.	सोनभद्र

1	2
26.	सुल्तानपुर
27.	उन्नाव
14. पश्चिम बंगाल (8)	
1.	24 परगना दक्षिण
2.	कूच-बिहार
3.	दीनापुर (उत्तर)
4.	हावडा
5.	जलपाइगुडी
6.	मिदनापुर (पूर्वी)
7.	मिदानपुर (पश्चिम)
8.	पुरूलिया
15. जम्मू और कश्मीर (3)	
1.	जम्मू
2.	कथुआ
3.	सम्बा

एनएफएसएमएम-गेहूं के तहत जिलों के राज्यवार नाम

राज्य	जिला
1	2
1. बिहार (25)	
1.	अरिया
2.	बांका
3.	भागलपुर
4.	भभुआ
5.	चम्पारन (ई)
6.	चम्पारन (डब्ल्यू)
7.	दरभंगा
8.	जमुई
9.	कटिहार
10.	खगड़िया
11.	किशनगंज
12.	मधुबनी
13.	मधेपुरा
14.	मुंगेर
15.	मुजफ्फरपुर
16.	नालंदा
17.	नवादा
18.	पुर्णिया
19.	रोहतास
20.	समस्तीपुर
21.	सारन
22.	शेखपुरा
23.	सीतामढ़ी
24.	सुपौल
25.	वैशाली
2. गुजरात (4)	
1.	अहमदाबाद
2.	बनासकांठा
3.	मेहसाना
4.	साबरकांठा

1	2
3. हरियाणा (7)	
1.	अंबाला
2.	भिवानी
3.	गुडगांव
4.	झज्जर
5.	रोहतक
6.	महेंद्रगढ़
7.	यमुनानगर
4. मध्य प्रदेश (30)	
1.	बालाघाट
2.	बेतुल
3.	भिंड
4.	छतरपुर
5.	दामोह
6.	देवास
7.	धार
8.	ढ़ीढोरी
9.	ईस्ट नीमार
10.	गुना
11.	हारडा
12.	इंदौर
13.	जबलपुर
14.	झबुआ
15.	कटनी
16.	मंडला
17.	पन्ना
18.	रायसेन
19.	रायगढ़
20.	रेवा
21.	सागर
22.	सतना
23.	शहडोल
24.	सेहोर
25.	सेआनी
26.	शिवपुरी
27.	सिद्धी
28.	टिकमगढ़
29.	उज्जैन
30.	विदिशा
5. महाराष्ट्र (8)	
1.	अहमदनगर
2.	औरंगाबाद
3.	धुले
4.	नागपुर
5.	नासिक
6.	परभनी
7.	पुणे
8.	शोलापुर

1	2
6. पंजाब (10)	
1.	अमृतसर
2.	बरनाला
3.	भटिंडा
4.	फिरोजपुर
5.	गुरदासपुर
6.	होशियारपुर
7.	मोहाली
8.	रूपनानगर
9.	संगरूर
10.	तरन-तारन
7. राजस्थान (15)	
1.	अजमेर
2.	बंसवाड़ा
3.	भीलवाड़ा
4.	बीकानेर
5.	जयपुर
6.	जालौर
7.	झालावार
8.	कोटा
9.	नागौर
10.	पालि
11.	एस. माधवपुर
12.	सीकर
13.	सिरोही
14.	टोंक
15.	उदयपुर
8. उत्तर प्रदेश (39)	
1.	इलाहाबाद
2.	अम्बेडकर नगर
3.	आजमगढ़
4.	बहराइच
5.	बलिया
6.	बलरामपुर
7.	बाराबंकी
8.	सतना
9.	बस्ती
10.	चंदौली
11.	छत्रपति शाहूजी महाराज
12.	देवरिया
13.	फैजाबाद
14.	फतेहपुर
15.	गाजीपुर
16.	गोंडा
17.	गोरखपुर
18.	हमीरपुर
19.	हरदोई
20.	जौनपुर

1	2
21.	झांसी
22.	कौशाम्बी
23.	कुशीनगर
24.	लखनऊ
25.	महाराजगंज
26.	मैनपुरी
27.	मथुरा
28.	मऊ
29.	प्रतापगढ़
30.	रायबरेली
31.	रविदासनगर
32.	संत कबीर नगर
33.	श्रीवास्ती
34.	सिद्धार्थनगर
35.	सीतापुर
36.	सोनभद्र
37.	सुल्तानपुर
38.	उन्नाव
39.	वाराणसी
9. पश्चिम बंगाल (4)	
1.	कूचबिहार
2.	दीनाजपुर (एन)
3.	दीनाजपुर (एस)
4.	जलपाईगुड़ी

एनएफएसएम-दलहन के तहत जिलों के राज्यवार नाम

राज्य	जिला
1	2
1. आंध्र प्रदेश	सभी 22 जिले
2. असम	
1.	बक्सा
2.	बरपेटा
3.	बोइनगाइगांव
4.	धूबरी
5.	जोरहट
6.	कामरूप
7.	कोकरझार
8.	सोनितपुर
9.	नागांव
10.	उदालगिरी
कुल	10 जिले
3. बिहार	सभी 38 जिले
4. छत्तीसगढ़	सभी 18 जिले
5. गुजरात	सभी 26 जिले
6. हरियाणा	सभी 21 जिले
7. झारखंड	
1.	छतरा
2.	दुमका
3.	गढ़वा

1	2
4.	गिरीडीह
5.	गुमला
6.	हजारीबाग
7.	लातेहर
8.	लोहरदग्गा
9.	पाकुड़
10.	पलामू
11.	रांची
12.	साहेबगंज
13.	सरायकिला
14.	सिमदेगा
15.	सिंह भूम (पश्चिम)
16.	खुंती
17.	रामगढ़
8. कर्नाटक	सभी 30 जिले
9. मध्य प्रदेश	सभी 50 जिले
10. महाराष्ट्र	सभी 33 जिले
11. उड़ीसा	सभी 30 जिले
12. पंजाब	सभी 20 जिले
13. राजस्थान	सभी 33 जिले
14. तमिलनाडु	सभी 30 जिले
15. उत्तर प्रदेश	सभी 72 जिले
16. पश्चिम बंगाल	सभी 18 जिले

[अनुवाद]

केबल टेलीविजन अधिनियम का उल्लंघन

207. **श्री डी.बी चन्द्रे गौडा:**
श्री यशवीर सिंह:
श्री नीरज शेखर:
श्री सुरेश काशीनाथ तवारे:
श्रीमती जयाप्रदा:
श्री पोन्नम प्रभाकर:
श्री अशोक कुमार रावत:

क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 तथा इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों में उक्त अधिनियम में निर्धारित कार्यक्रम तथा विज्ञापन कोड का उल्लंघन करने के लिए दोषी पाए जाने वाले टेलीविजन चैनलों के विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई करने के उपबंध किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा विधिक उपबंध तथा विभिन्न उपाय करने के बावजूद प्राइवेट टी.वी. चैनलों पर आपत्तिजनक और भ्रामक कार्यक्रम तथा विज्ञापन दर्शाना निर्बाध जारी है;

(घ) यदि हां, तो एक से अधिक बार उल्लंघन करने वाले चैनलों की संख्या कितनी है तथा पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान उनके विरुद्ध चैनलवार क्या कार्रवाई की गई है;

(ङ) क्या सरकार का विचार टेलीविजन चैनलों के लाइसेंस के नवीकरण हेतु नए मानदंड/नीति दिशानिर्देश को क्रियान्वित करने का है और यह इस शर्त के अध्यधीन किया जाएगा कि जिन चैनलों के लाइसेंस का नवीकरण किया जाए वे पांच या उससे अधिक बार उक्त कोड का उल्लंघन करने का दोषी न हो; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में प्रसारकों की प्रतिक्रिया क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चौधरी मोहन जतुआ): (क) जी, हां।

(ख) केबल टीवी नेटवर्क के मध्यम से टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित/पुन: प्रसारित सभी कार्यक्रमों के लिए केबल टेलीविजन

नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों में उपबंधित कार्यक्रम संहिता एवं विज्ञापन संहिता का अनुपालन करना आवश्यक होता है। जब कभी भी संहिताओं के किसी प्रकार के उल्लंघन की बात सरकार की जानकारी में लायी जाती है, तो उल्लंघन के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए, उपर्युक्त नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाती है।

(ग) और (घ) कार्यक्रम और विज्ञापन संहिताओं के उल्लंघनों के कतिपय मामले सरकार की जानकारी में लाए गए थे। पिछले तीन वर्षों के दौरान किसी टीवी चैनल को एक से अधिक बार जारी किए गए सलाह-पत्रों/चेतावनियों/आदेशों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ङ) और (च) इस मामले में उपयुक्त तौर-तरीके प्रस्तावित अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग दिशानिर्देशों में निर्धारित किए जाएंगे।

विवरण

जनवरी 2008 से दिसंबर 2010 तक के पिछले तीन वर्षों तथा चालू वर्ष अर्थात 2011 के दौरान उन निजी उपग्रह टीवी चैनलों की सूची जिन्हें एक से अधिक बार सलाह-पत्र, चेतावनी और आदेश जारी किए गए हैं

(अक्टूबर, 2011 तक)

क्र. सं.	चैनल का नाम	कारण बताओ नोटिस जारी करने की तारीख	कारण बताओ नोटिस जारी करने के कारण	जारी किए गए सलाह पत्र/आदेश/चेतावनी का विवरण
1	2	3	4	5
1.	आज तक	06.07.2006	'हर्बल स्लिम टी' उत्पाद का भ्रामक विज्ञापन	दिनांक 22.10.2008 को सलाह-पत्र जारी किया गया।
2.	आज तक चैनल	26.03.2007	'मैक्सो साइक्लोथरीन कॉयल' नामक उत्पाद का विज्ञापन	दिनांक 12.11.2008 को सलाह-पत्र जारी किया गया।
3.	आज तक	कोई कारण बताओ नोटिस नहीं	स्टार प्लस पर प्रसारित 'सच का सामना' शो पर आधारित समाचार का प्रसारण	चैनल को 24.08.2009 को सलाह-पत्र जारी किया गया।
4.	आज तक	18.03.2008	एक बच्चे की सर्जरी करने में एलएनजेपी अस्पताल के डाक्टरों की लापरवाही पर समाचार	चैनल को 09.09.2008 को सलाह-पत्र जारी किया गया।
5.	आज तक	कारण बताओ नोटिस नहीं	दिनांक 10.09.2008 को पृथ्वी और संपूर्ण जीवन के समाप्त होने के दावा करने वाले समाचार का प्रसारण	चैनल को 09.09.2008 को सलाह-पत्र जारी किया गया।
6.	एशिया नेट	कोई कारण बताओ नोटिस नहीं	तिरुवनंतपुरम में एक नन द्वारा खुदकुशी की वारदात से संबंधित सामचार	चैनल को दिनांक 23.06.2009 को सलाह-पत्र जारी किया गया।
7.	एशिया नेट न्यूज	31.07.2009	आपराधिक रिपोर्टों पर आधारित और अभद्र दृश्य दर्शाने वाले 'एफआईआर' नामक समाचार कार्यक्रम का प्रसारण	चैनल को दिनांक 29.12.2009 को चेतावनी जारी की गई।

1	2	3	4	5
8.	बिंदास	11.09.2008	'दादागिरी-बीट द बुलीज' नामक अभद्र कार्यक्रम का प्रसारण	चैनल को दिनांक 25.11.2008 को चेतावनी जारी की गई।
9.	बिंदास	29.07.2009	अश्लील धारावाहिक 'सुन यार चिल मार' का प्रसारण	चैनल को दिनांक 29.12.2009 को सलाहपत्र जारी किया गया।
10.	बिंदास	26.08.2009	'दादागिरी' नामक रियालिटी शो का प्रसारण	चैनल को दिनांक 04.03.2010 को चेतावनी जारी की गई।
11.	बिंदास	22.02.2011	'इमोशनल अत्याचार सीजन-2' कार्यक्रम में अभद्र दृश्यों, असभ्य और अश्लील भाषा का प्रसारण	चैनल को दिनांक 26.07.2011 को सात दिन तक क्षमा याचना स्क्रॉल चलाने के निदेश देते हुए आदेश जारी किया गया।
12.	बिंदास	05.05.2011	'लव लॉक अप' नामक असभ्य रियलिटी शो का प्रसारण	चैनल को दिनांक 03.08.2011 को चेतावनी जारी की गई
13.	बिंदास	19.04.2011	'दादागिरी-रिवेंज ऑफ सेक्सेस' कार्यक्रम में असभ्य विषय-वस्तु का प्रसारण	चैनल को दिनांक 03.08.2011 को चेतावनी जारी की गई।
14.	बिंदास	27.05.2011	'मेरी तो लग गई नौकरी' कार्यक्रम में अभद्रता एवं अश्लीलता और असभ्यता का प्रसारण	चैनल को दिनांक 20.09.2011 को चेतावनी जारी की गई।
15.	चैनल (वी)	27.07.2006	'से से से' नामक अश्लील गाने का प्रसारण	चैनल को दिनांक 22.10.2008 को सलाहपत्र जारी की गई।
16.	चैनल (वी)	08.10.2008	'गेट सार्जियस 5' नामक अश्लील रियलिटी ब्यूटी शो का प्रसारण	चैनल को 03.07.2009 को चेतावनी जारी की गई।
17.	चैनल (वी)	29.07.2009	'लांच पैड नामक असभ्य कार्यक्रम का प्रसारण	चैनल को दिनांक 11.12.2009 को चेतावनी जारी की गई।
18.	चैनल (वी)	05.05.2011	'फुल टॉस वेला ब्वायज' रियल्टी शो में अश्लील और अभद्र विषय वस्तु का प्रसारण	चैनल को दिनांक 25.07.2011 को चेतावनी जारी की गई।
19.	कलर्स	28.11.2008	'बिग बॉस सीजन 2' नामक रियल्टी शो का प्रसारण जो गुड टेस्ट का नहीं था।	चैनल को दिनांक 03.06.2009 को सलाह पत्र जारी किया गया।
20.	कलर्स चैनल	कोई कारण बताओ नोटिस नहीं	'लाडो' नामक धारावाहिक का प्रोमोज जो कन्या भ्रूण हत्या का प्रचार करने वाला प्रतीत होता था।	चैनल को दिनांक 16.06.2009 को सलाह पत्र जारी किया गया।

1	2	3	4	5
21.	कलर्स चैनल	26.10.2009	'बिग बॉस सीजन-3' नामक रियल्टी शो का प्रसारण	चैनल को दिनांक 18.12.2009 को सलाह पत्र जारी किया गया।
22.	कलर्स चैनल	26.10.2009	अंधविश्वास को बढ़ावा देने वाले धारावाहिक 'कोई आने को है' का प्रसारण	चैनल को दिनांक 29.12.2009 को चेतावनी जारी की गई।
23.	कलर्स चैनल	22.01.2010	'बैरी पिया' नामक टेली सीरियल का प्रसारण	चैनल को दिनांक 18.08.2010 को चेतावनी जारी की गई।
24	कलर्स	09.12.2010	बिग बॉस सीजन-4 रियल्टी शो का प्रसारण जो कि अप्रतिबंधित लोक प्रदर्शन के लिए उपर्युक्त नहीं था।	दिनांक 23.12.2010 को चैनल को कार्यक्रम का समय रात्रि 11.00 बजे के बाद किसी भी समय करने के निदेश के साथ-साथ क्षमायाचना स्क्रॉल चलाने का आदेश जारी किया गया।
25.	कलर्स	29.12.2010	'रिश्तों से बड़ी प्रथा' धारावाहिक का प्रसारण जिसमें अत्यधिक हिंसा और निष्ठुरता का प्रदर्शन किया गया।	चैनल को दिनांक 12.08.2011 को चेतावनी जारी की गई।
26.	कलर्स	कोई कारण बताओ नोटिस नहीं	'ना आना इस देश लाडो' नामक धारावाहिक का प्रसारण	चैनल को दिनांक 17.08.2009 के सलाह पत्र जारी किया गया।
27.	कलर्स	कोई कारण बताओ नहीं था।	बिग बॉस सीजन-4 नामक रियल्टी शो का प्रसारण जो अप्रतिबंधित लोक प्रदर्शन के लिए उपयुक्त नहीं था	चैनल को दिनांक 16.11.2010 को कार्यक्रम का समय रात्रि 11.00 बजे के बाद करने का निदेश देते हुए आदेश जारी किया। चैनल ने निदेशों का अनुपालन नहीं किया और इस आदेश के विरुद्ध माननीय मुंबई उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर कर दी।
28.	आईबीएन 7	08.11.2007	गाजियाबाद के डॉ. अजय अग्रवाल पर किए गए स्टिंग ऑपरेशन पर आधारित'शैतान डॉक्टर' नामक समाचार का प्रचारण	आईबीएन 7 चैनल को तीन दिन का क्षमायाचना स्क्रॉल चलाने का निदेश देते हुए दिनांक 03.01.2008 को आदेश जारी किया गया।
29.	आईबीएन 7	24.06.2008	महाराष्ट नव निर्माण सेना के समर्थकों द्वारा महाराष्ट्र में फैलाई गई हिंसा से संबंधित समाचार।	चैनल को दिनांक 31.12.2008 को सलाह पत्र जारी किया गया।

1	2	3	4	5
30.	आईबीएन 7	11.08.2008	आपके घर श्रीराम 'शीर्षक में प्रसारित समाचार' कथा जिसमें अप्रमाणित तथ्यों पर आधारित अधूरा सत्य दिखाया गया।	चैनल को दिनांक 23.03.2009 को चेतावनी जारी की गई।
31.	आईबीएन 7	13.01.2010	मुनीर खान का बिना किसी वैज्ञानिक प्रमाण के गंभीर बीमारियों का उपचार करने की वकालत करने वाले कार्यक्रम का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 16.04.2010 को चेतावनी जारी की गई।
32.	इमैजिन टीवी	कोई कारण बताओ नोटिस नहीं	'राखी का इंसाफ' नामक रियलिटी शो का प्रसारण जो अप्रतिबंधित लोक प्रदर्शन के लिए उपयुक्त नहीं था।	चैनल का कार्यक्रम का समय रात्रि 11.00 बजे के बाद करने का निदेश देते हुए दिनांक 16.11.2010 को आदेश जारी किया गया। चैनल ने निदेशों का अनुपालन किया और कार्यक्रम का समय रात्रि 11.00 बजे का दिया।
33.	इमैजिन टीवी	30.12.2010	'अरमानों का बलिदान आरक्षण' धारावाहिक का प्रसारण	चैनल को दिनांक 23.02.2011 को सलाहपत्र जारी किया गया।
34.	इंडिया टीवी	28.11.2008	संत श्री आशाराम बापू के आश्रम में दो बच्चों की मृत्यु की घटना पर आधारित समाचार। समाचार असभ्य और अश्लील पाया गया जो बाल दर्शकों के उपयुक्त नहीं था।	चैनल को दिनांक 22.06.2009 को चेतावनी जारी की गई।
35.	इंडिया टीवी	02.07.2007	सुश्री जाह्नवी कपूर पर समाचार कार्यक्रम का प्रसारण	चैनल को दिनांक 03.07.2009 को तीनों दिनों के लिए क्षमा याचना स्क्रॉल चलाने के लिए चेतावनी जारी की गई। चैनल ने निदेशों का अनुपालन किया।
36.	इंडिया टीवी	कोई कारण बताओ नोटिस	स्टार प्लस पर प्रसारित 'सच का सामना' शो पर आधारित नहीं समाचार पत्र का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 24.08.2009 को सलाहपत्र जारी किया गया।
37.	इंडिया टीवी	19.04.2011	अंधविश्वास को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम टीवी पर साक्षात लक्ष्मी का प्रसारण	चैनल को दिनांक 23.09.2011 को सलाहपत्र जारी किया गया।
38.	इंडिया टीवी	14.11.2007	राजोकरी गांव, नई दिल्ली पर सामचार जिसमें अंधविश्वास दिखाया गया था।	चैनल को दिनांक 19.03.2008 को जारी आदेश द्वारा चैनल को तीन दिनों के लिए क्षमा याचना स्क्रॉल चलाने के निदेश दिए गए।

1	2	3	4	5
39.	इंडिया टीवी	कोई कारण बताओ नोटिस	दिनांक 10.09.2008 को पृथ्वी और संपूर्ण जीवन के समाप्त नहीं होने के बारे में समाचार का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 09.09.2008 को सलाहपत्र जारी किया गया।
40.	इंडिया टीवी	28.11.2008	मुंबई में आतंकी हमला-आतंकियों के साथ बातचीत पर समाचार का प्रसारण	सभी समाचार एवं सामयिकी चैनलों, आईबीएफ और एनबीए को दिनांक 24.02.2010 को सलाह पत्र जारी किया गया।
41.	एमटीवी	22.02.2008	'न्यू एक्स डिओड्रेंट' के अश्लील विज्ञापन का प्रसारण	दिनांक 02.05.2008 को जारी आदेश द्वारा चैनल को तीन दिन के लिए क्षमा याचना स्क्रॉल चलाने के निदेश दिए गए। चैनल ने निर्देशों का अनुपालन किया।
42.	एमटीवी	31.03.2009	एमटीवी रोडिज नामक अश्लील, आपत्तिजनक तथा अभद्र कार्यक्रम का प्रसारण।	दिनांक 01.07.2009 को जारी आदेश द्वारा चैनल को तीन दिन के लिए क्षमा याचना स्क्रॉल चलाने के निदेश दिए गए। चैनल ने निर्देशों का अनुपालन किया।
43.	एमटीवी	02.06.2009	'वोडाफोन एमटीवी स्पिलिट्सविला-2' नामक कार्यक्रम का प्रसारण जिसमें दूसरे प्रतियोगी पर अनुचित टिप्पणी की गई थी।	दिनांक 04.04.2010 के आदेश के तहत चैनल को तीन दिन के लिए क्षमा याचना स्क्रॉल चलाने का निदेश दिया गया। चैनल ने इसका अनुपात किया था।
44.	एमटीवी	03.02.2010	'स्पिलिट्सविला-3' नामक रियलिटी शो का प्रसारण जो अभद्र और अश्लील था।	चैनल को दिनांक 26.04.2010 को तीन दिन के लिए क्षमा याचना स्क्रॉल चलाने के निदेश देते हुए चेतावनी जारी की गई।
45.	एनडीटीवी	19.12.2007	गुवाहाटी में भीड़ द्वारा हिंसा से संबंधित समाचार का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 05.09.2008 को चेतावनी जारी की गई।
46.	एनडीटीवी इंडिया	30.06.2009	'सरकार की दुनियां' नामक आपत्तिजनक रियलिटी शो पर आधारित समाचार प्रसारण।	चैनल को दिनांक 16.12.2009 को चेतावनी जारी की गई।
47.	एनडीटीवी इमेजिन	28.07.2009	'बंदिनी' नामक धारावाहिक में अशोभनीय दृश्यों पर आधारित समाचार प्रसारण	चैनल को दिनांक 01.12.2009 को सलाहपत्र जारी किया गया।
48.	एनडीटीवी इमेजिन	06.10.2009	'पति पत्नी और वो' नामक धारावाहिक का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 03.03.2010 को चेतावनी जारी की गई।

1	2	3	4	5
49.	न्यूज 24	24.06.2008	महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के समर्थकों द्वारा महाराष्ट्र में फैलाई गई हिंसा से संबंधित समाचर का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 31.12.2008 को सलाहपत्र जारी किया गया।
50.	न्यूज 24	28.11.2008	'बिग बॉस सीजन-2' नामक रियल्टी शो का प्रसारण जो गुडटेस्ट का नहीं था।	चैनल को दिनांक 03.06.2009 को चेतावनी जारी की गई।
51.	सोनी टीवी	06.07.2006	हाइको गुड हाइट इंक्रीजिंग डिवाइस उत्पाद का भ्रामक विज्ञापन।	चैनल को दिनांक 22.10.2008 को सलाहपत्र जारी किया गया।
52.	सोनी टीवी	26.08.2009	'इस जंगल से मुझे बचाओ' रियल्टी शो का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 11.12.2009 को चेतावनी जारी की गई।
53.	सोनी टीवी	16.10.2009	'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा' नामक कार्यक्रम का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 04.03.2010 को सलाहपत्र जारी किया गया।
54.	सोनी टीवी	कारण बताओ नोटिस नहीं	अपंग व्यक्तियों से संबंधित विषय पर आधारित मान रहे तेरा पिता नामक टेली सीरियल का प्रसारण	चैनल को दिनांक 20.04.2011 को सलाहपत्र जारी किया गया।
55.	सोनी टीवी	20.04.2011	कामेडी सर्कस महासंग्राम नामक रियल्टी शो का प्रसारण जिसमें बच्चों की छवि को धूमिल करती सामग्री।	चैनल को दिनांक 25.07.2011 को सलाहपत्र जारी किया गया।
56.	स्टार आनंदो	05.01.2010	ब्लेंडर्स प्राइड म्यूजिक सीडी के विज्ञापन का प्रसारण जिसके माध्यम से शराब के उत्पादों का प्रचार किया गया।	चैनल को दिनांक 06.04.2010 को चेतावनी जारी की गई।
57.	स्टार आनंदो	02.04.2010	माननीय रेल मंत्री सुश्री ममता बनर्जी के निजी मोबाइल नंबर को दिखाते हुए एसएमएस वाले समाचार का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 30.09.2010 को सलाहपत्र जारी किया गया।
58.	स्टार न्यूज	22.02.2008	'न्यू एक्स डिओड्रेंट' नामक उत्पाद का अश्लील विज्ञापन प्रसारित करने के लिए।	चैनल को दिनांक 02.05.2008 को तीनों दिनों के लिए क्षमा याचना स्क्रॉल चलाने के लिए चेतावनी जारी की गई। चैनल ने निदेशों का अनुपालन किया।
59.	स्टार न्यूज	23.03.2009	मुंबई में आतंकवादी हमलों के विरोध प्रदर्शन पर समाचार का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 11.12.2009 को सलाहपत्र जारी किया गया।
60.	स्टार न्यूज	कोई कारण बताओ नोटिस नहीं	रायबरेली में दुर्घटना संबंधी तथ्यात्मक रूप से गलत समाचार का प्रसारण	चैनल को दिनांक 01.02.2008 को सलाहपत्र जारी किया गया।
61.	स्टार न्यूज	28.03.2007	पटियाला से श्री गोपाल कृष्ण कश्यप के आत्महत्या की घटना के समाचार का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 25.06.2008 को सलाहपत्र जारी किया गया।

1	2	3	4	5
62.	स्टार न्यूज	28.03.2007	खबर फिल्मी है कार्यक्रम में 'सेक्स में ट्विस्ट' और 'किस करो' नामक कार्यक्रम समाचार का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 25.06.2008 को सलाहपत्र जारी किया गया।
63.	स्टार प्लस	22.07.2009	'सच का सामना' नामक अश्लील, अभद्र और आपत्तिजनक रियल्टी गेम शो का प्रसारण	चैनल को दिनांक 27.11.2009 को चेतावनी जारी की गई। चैनल को यह भी निदेश दिए गए कि अंतर्राष्ट्रीय फार्मेट पर आधारित कार्यक्रम की फोमैटिंग करते समय भारतीय मूल्यों और संस्कृति को भी ध्यान में रखा जाए।
64.	स्टार प्लस	23.10.2009	'सपना बाबुल का बिदाई' नामक धारावाहिक का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 04.03.2010 को चेतावनी जारी की गई।
65.	स्टार प्लस	30.06.2010	प्रतिज्ञा टेली धारावाहिक का प्रसारण।	कोई उल्लंघन नहीं पाया गया। तथापि, चैनल को दिनांक 06.11.2010 को सलाहपत्र जारी किया गया।
66.	स्टार प्लस	26.08.2010	तेरे लिए टेली सीरियल में एक विशेष समुदाय के विरुद्ध टिप्पणी का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 28.02.2011 को चेतावनी जारी की गई।
67.	टीवी 5	16.09.2008	मदरसों की संकल्पना और कार्यकरण पर समाचार का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 24.06.2009 को जारी आदेश द्वारा तीनों दिनों के लिए क्षमा याचना स्क्रॉल चलाने के लिए चेतावनी जारी की गई। चैनल ने निदेशों का अनुपाल किया।
68.	टीवी 5	25.02.2010	चिंतामणि और बिग स्क्रीन नामक कार्यक्रम में अश्लील दृश्यों का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 18.08.2010 को जारी आदेश द्वारा तीनों दिनों के लिए क्षमा याचना स्क्रॉल चलाने के लिए चेतावनी जारी की गई। चैनल ने निदेशों का अनुपाल किया।
69.	बीएच 1	19.08.2009	'सेटरडे नाइट लाइव' नामक कार्यक्रम का प्रसारण जिसमें अशोभनीय दृश्य दिखाए गए थे।	चैनल को दिनांक 08.12.2009 को चेतावनी जारी की गई।
70.	बीएच 1	11.09.2009	'साउथ पार्क' नामक कार्यक्रम का प्रसारण	चैनल को कार्यक्रम को प्रसारण से हटा लेने के निदेश देते हुए दिनांक 05.03.2010 को आदेश जारी किया गया।
71.	जी तेलुगु	14.06.2010	'आता' नामक असभ्य, अभद्र और अश्लील रियल्टी शो का प्रसारण।	चैनल को दिनांक 16.11.2010 को सलाह पत्र जारी किया गया।
72.	जी तेलुगु	कोई कारण बताओ नोटिस नहीं	कोडा बीति राजा और कोताले रानी रियल्टी शो का प्रसारण जिसमें आदिवासियों और उनकी संस्कृति का अपमान किया गया।	चैनल को दिनांक 25.07.2010 को सलाह पत्र जारी किया गया।

खाद्यान्न प्रबंधन

208. श्री नित्यानंद प्रधान: क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विश्व बैंक ने एक रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि खाद्यान्न प्रबंधन में भारतीय खाद्य निगम की अकुशलता के कारण खाद्यान्नों के खराब होने की दर और खाद्यान्न प्रबंध लागत निजी क्षेत्र की तुलना में बहुत अधिक है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है;

(ग) क्या विश्व बैंक ने उच्च खाद्य महंगाई तथा देश में बढ़ती खाद्य असुरक्षा के कारणों पर भी टिप्पणी की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या उक्त रिपोर्ट में इस संबंध में कतिपय उपचारात्मक उपाय भी सुझाए गए हैं; और

(च) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) जी हां। विश्व बैंक ने जून, 2001 में जारी खाद्य मुद्रास्फीति संबंधी अपनी रिपोर्ट में भारतीय खाद्य निगम की प्रचलनात्मक आवश्यकता पर टिप्पणी की है। रिपोर्ट में यह कहा गया है कि भारतीय खाद्य निगम प्रत्येक वर्ष 10-16 मिलियन टन अनाज गंवाता है। तथापि, तथ्यात्मक रूप से यह स्थिति सही नहीं है। पिछले तीन वर्षों के दौरान भारतीय खाद्य निगम में क्षतिग्रस्त खाद्यान्नों की स्थिति निम्नानुसार है:-

वर्ष	जिंस	क्षतिग्रस्त पाए गए खाद्यान्नों की मात्रा (लाख टन में)
2009-10	गेहूं	0.020
	चावल	0.050
	जोड़	0.070
2010-11	गेहूं	0.020
	चावल*	0.040
	जोड़	0.060
2011-12 (01.10.11 तक)	गेहूं	0.004
	चावल	0.003
	जोड़	0.007

*0.02 लाख टन क्षतिग्रस्त मोटे अनाज सहित।

(ग) से (च) विश्व बैंक की रिपोर्ट में भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति का कारण फल, सब्जी, दूध, मछली, मांस, और मसालों जैसी अनाज इतर वस्तुओं को बताया गया है। विश्व बैंक रिपोर्ट में निम्नलिखित नीतिगत विकल्पों का सुझाव दिया गया है:-

(i) खाद्यान्नों का कुशल प्रबंधन

(ii) कृषि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाना

(iii) खाद्यान्नों विपणन में निजी क्षेत्र की भूमिका बढ़ाना।

भारत सरकार ने विश्व बैंक रिपोर्ट में उल्लिखित कई सुझावों के क्रियान्वयन के लिए पहले ही पग उठाए हैं।

सब्जियों और फलों की कीमतों में वृद्धि

209. श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले तीन महीनों के दौरान देश में सब्जियों और फलों की कीमतों में तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार देश में सब्जियों और फलों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा विपणन प्रणाली को सुदृढ़ बनाने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश में सब्जियों और फलों की बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) विगत तीन महीनों के दौरान सब्जी के लिए थोक बिक्री मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) ने बढ़ती हुई प्रवृत्ति दर्शायी है, जबकि फल के लिए मासिक उतार-चढ़ावों के साथ घटती हुई प्रवृत्ति दर्शायी गई है।

थोक बिक्री मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) सब्जियां एवं फल (आधार वर्ष 2004-05=100):

अवधि	सब्जियां	फल
अगस्त, 2011	199.4	184.9
सितम्बर, 2011	216.1	177.1
अक्टूबर, 2011	236.1	178.8

फलों एवं सब्जियों के मूल्य अनेक कारकों पर निर्भर करते हैं। इनमें शामिल हैं-मौसम परिस्थितियों के कारण मांग एवं आपूर्ति के बीच अंतर, ढुलाई की लागत, भण्डारण, बिचौलियों की भूमिका तथा बढ़ती हुई आय के कारण बढ़ती हुई मांग, शहरीकरण आदि।

(ग) और (घ) देश में मौजूदा विपणन पद्धति को सुदृढ़ करने तथा सब्जियों एवं फलों की पर्याप्त आपूर्त को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, फलों एवं सब्जियों के विपणन अर्थात राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत ग्रामीण बाजारों, थोक बिक्री बाजारों तथा टर्मिनल बाजार परिसरों के लिए मूलभूत सुविधाओं के सृजन हेतु सहायता के प्रावधान हैं।

(ङ) फलों एवं सब्जियों सहित बागवानी फसलों वे उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए, कृषि एवं सहकारिता विभाग 2005-06 से देश में "राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम)" पर केन्द्रीय प्रायोजित योजना क्रियान्वित कर रहा है। आठ पूर्वोत्तर राज्य तथा जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड राज्य जिन्हें पूर्वोत्तर एवं हिमालयन राज्यों (एचएमएनईएचएस) के लिए बागवानी मिशन के तहत शामिल किया गया है को छोड़कर इस मिशन के तहत सभी राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों को शामिल किया गया है।

इसके अलावा, कृषि एवं सहकारिता विभाग ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तत्वाधान में 2011-12 के दौरान शहरी समूहों के लिए सब्जी की शुरुआत (वीआईयूसी) पर एक नया कार्यक्रम प्रारम्भ किया हैं इस योजना का क्रियान्वयन एक मिलियन आबादी वाले 29 राज्यों के प्रत्येक शहर अथवा राजधानी नगर में किया जा रहा है। प्रारम्भ में इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन एक वर्ष (2011-12) की अवधि के लिए किया जाएगा। इस योजना में शामिल है-सब्जी उत्पादन से संबंधित सभी पहलु, बेसलाइन सर्वेक्षण करने के सहायता के साथ-साथ खुदरा स्तर तक विपणन करने के लिए पौध सामग्री के उत्पादन एवं आपूर्ति, किसानों के समूह का गठन, अभिज्ञात वर्गों में सब्जी उत्पादकों को प्रशिक्षण एवं क्षमता सृजन के अलावा समूहों एवं बाजार के साथ उनके समन्वय।

[हिन्दी]

कृषकों को ऋण

210. श्री अर्जुन राम मेघवाल: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ट्रैक्टर खरीदने हेतु कृषकों को ऋण मुहैया कराने के लिए क्रियान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को जानकारी है कि यदि ऋण लेकर ट्रैक्टर खरीदा जाता है तो इसकी लागत तकरीबन 50,000 रुपए तक बढ़ जाती है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) कृषि मंत्रालय ट्रैक्टर की खरीद

के लिए किसानों को ऋण प्रदान करने हेतु किसी स्कीम या कार्यक्रम का क्रियान्वयन नहीं कर रहा है। तथापि वर्तमान में, मंत्रालय केन्द्रीय क्षेत्रीय स्कीम, कृषि में वृहत प्रबंध के तहत 40 एच.पी. तक के ट्रैक्टरों की खरीद के लिए पात्र किसानों को 45,000 रु. या लागत के 25% तक सब्सीडी के रूप में जो भी कम हो, वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। इस प्रकार की सहायता संगत राज्य सरकारों के जरिये प्रदान की जाती है।

(ख) मंत्रालय किसी ऐसे अनुभवजन्य आंकड़े या अध्ययन से अवगत नहीं है जिसमें पता चलता है कि यदि ट्रैक्टर की खरीद ऋण के जरिए की जाती है तो इसके मूल्य में लगभग 50,000 रु. की वृद्धि होती है।

(ग) और (घ) उपरोक्त (क) तथा (ख) को ध्यान में रखते हुये प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

ओलंपिक खेल, 2012 की तैयारी

211. **श्री मानिक टैगोर:**
श्री हरिश्चंद्र चव्हाण:

क्या **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हाल ही में दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भारत को खेलवार कितने पदक प्राप्त हुए हैं;

(ख) क्या सरकार ने उन खेलों/एथलेटिक प्रतिस्पर्धाओं की पहचान की है जिन में भारत आगामी 2012 लंदन ओलंपिक्स में ज्यादा पदक प्राप्त कर सकता है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) प्रशिक्षण, प्रशिक्षकों तथा खेल अवसंरचना हेतु इस प्रयोजनार्थ खेलवार कितनी धनराशि आबंटित/जारी की गई है; और

(ङ) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान खेलकूद का बजटीय आबंटन कितना रहा?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) राष्ट्रमंडल खेल, 2010 में भारत के पदकों की संख्या का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ख) से (घ) आगामी लन्दन ओलम्पिक के लिए एथलीटों और टीमों को तैयार करने की दृष्टि से मंत्रालय ने 'लंदन ओलंपिक' 2012 (ओपेक्स 2012) के लिए उत्कृष्टता अभियान' शुरू किया है जिसके अन्तर्गत बुनियादी संभावितों की पहचान की गई है। एथलीटों को देश और विदेश दोनों ही जगहों पर व्यापक और गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है और अन्तर्राष्ट्रीय खेलों में प्रतियोगिताओं में भी भाग दिलाया जा रहा है। अनुमोदित निधियन मानक जो सी डब्ल्यू जी, 2010 पैमाने के अनुरूप हैं, उसके आधार को कुछ क्षेत्रों जैसे-आवास, पोषाहार, वैज्ञानिक समर्थन तथा दैनिक भत्ते में वृद्धि की गई है जिसके बजट को अप्रैल, 2011 से अगस्त, 2012 तक अवधि के लिए 258.48 करोड़ रूपये का अनुमान रखा गया है जिसके ब्यौरे संलग्न विवरण-II पर दिये गये हैं। "परियोजना ओपेक्स 2012" को मिशन मोड़ में शुरू किया गया है जिसका निधियन राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता की स्कीम के अन्तर्गत किया जाता है और जिसकी संपूर्ति राष्ट्रीय खेल विकास निधि द्वारा की जाती है।

लन्दन ओलंपिक्स 2012, 26 खेल विधाओं में आयोजित किये जाएंगे। भारतीय टीमों/व्यक्तियों के राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई खेल और अन्य अन्तर्राष्ट्रीय टूर्नामेन्टों में उनके प्रदर्शन तथा अर्हता प्राप्त करने की उनकी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए लन्दन ओलम्पिक 2012 में भारतीय एथलीट टीमों को भाग लेने के लिए 16 विधाओं अर्थात तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, मुक्केबाजी, जिमनास्टिक, हाकी, जुडो, रोइंग, सेलिंग, तैराकी, शूटिंग, टेबल टेनिस, लाइक्वांडो, टेनिस, भारोत्तोलन, कुश्ती की क्रमिक और वैज्ञानिक प्रशिक्षण के लिए पहचान की गई है।

(ङ) विगत तीन वर्षों के लिए विभाग के लिए निम्नलिखित बजटीय आवंटन है:-

क्र.सं.	वर्ष	बजटीय आवंटन	
		बजटीय अनुमानित अवस्था	संशोधित अनुमानित अवस्था
1.	2009-10	2448.00	2716.00
2.	2010-11	2564.00	2099.95
3.	2011-12	700.00	-

विवरण I

राष्ट्रमंडल खेल 2010 में विधावार पदकों की संख्या

क्र.सं.	खेल	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
01.	निशानेबाजी	14	11	05	30
02.	कुश्ती	10	05	04	19
03.	आरचरी	03	01	04	08
04.	भारोत्तोलन	02	02	04	08
05.	टेनिस	01	01	02	04
06.	एथलेटिक्स	02	03	07	12
07.	जिम्नास्टिक	-	01	01	02
08.	टेबल टेनिस	01	01	03	05
09.	बेडमिन्टन	02	01	01	04
10.	मुक्केबाजी	03	-	04	07
11.	पैरा-तैराकी	-	-	01	01
12.	हाकी (पुरुष)	-	01	-	01
	कुले	38	27	36	101

विवरण II

लन्दन ओलम्पिक 2012 (अप्रैल 2011 से जुलाई 2012-16 माह/490 दिन) के लिए उत्कृष्ट संचालन के अनुमानित बजट

क्र.सं.	विधा	कैम्परों की संख्या (पुरुष-महिला-कोच -सहायक कार्मिक)	औसतन कोचिंग केम्पों में दिनों की संख्या	कुल राशि (करोड़ में)
1	2	3	4	5
01.	आर्चरी	16+16+9+7	400	9.22
02.	एथलेटिक्स	21+27+24+9	400	15.94
03.	बैडमिंटन	24+14+15+7	400	13.09
04.	मुक्केबाजी	40+40+22+10	400	27.20

1	2	3	4	5
05.	जिम्नास्टिक	40+8+1+7	400	13.58
06.	हाकी	45+5+10+14	400	20.50
07.	जुडो	28+28+6+4	400	12.07
08.	रोइंग	16+12+9	400	8.74
09.	शूटिंग	62+30+16+7	400	43.80
10.	तैराकी	21+22+10+7	400	12.73
11.	टेबल टनिस	20+18+8+7	400	14.62
12.	त्वाईक्वान्डो	28+28+5+3	400	9.41
13.	टेनिस	राष्ट्रीय खेल विकास निधि के अन्तर्गत 5 खिलाड़ी		2.17
14.	भारोत्तोलन	24+26+12+7	400	11.20
15.	कुश्ती	56+28+15+6	400	15.72
16.	याटिंग	10+2+5+7	400	8.40
	कुल			238.39

तैयारी पर 238.39 करोड़ रुपये + विदेशी कोचों के लिए 20 करोड़ रुपये=258.39 करोड़ रुपये

बीएसयूपी का क्रियान्वयन

212. श्री महेश जोशी: क्या **आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) शहरी गरीबों को आधाराभूत सेवाओं (बीएसयूपी) उप-मिशन के क्रियान्वयन हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गयी है तथा राजस्थान में इस प्रकार के मिशन के अंतर्गत कौन से शहरों को चुना गया है;

(ख) इसके अंतर्गत कितने शहरों को कवर किया गया है तथा बीएसयूपी के क्रियान्वयन की सफलता दर क्या है;

(ग) क्या बीएसयूपी में बेघर लोगों को रैन बसेरे की सुविधाएं मुहैया कराने का प्रावधान है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, तथा पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इस प्रयोजनार्थ राजस्थान को कितनी धनराशि स्वीकृत/जारी की गई है; और

(ङ) गरीबों तथा बेघरों को सस्ते घर मुहैया कराने में सरकार की विफलता के कारण क्या हैं?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) दिनांक 3 दिसम्बर, 2005 को संचालित जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जे एन एन यू आर एम) के शहरी गरीबों हेतु बुनियादी सेवाओं के उप-घटक (बी एस यू पी) की अवधि 7 वर्ष है। बी एस यू पी उप-मिशन के अंतर्गत राजस्थान के जयपुर और अजमेर-पुष्कर शहरों को चुना गया है।

(ख) बी एस यू पी उप-मिशन के तहत शामिल शहरों की संख्या 65 है। बी एस यू पी के कार्यान्वयन की सफलता की दर संबंधित शहरी स्थानीय निकाय/राज्य की क्षमता/संसाधनों के आधार पर भिन्न-भिन्न राज्यों और भिन्न-भिन्न शहरी स्थानीय निकायों में अलग-अलग है।

(ग) से (ङ) बी एस यू पी के स्वीकार्य घटक के अंतर्गत रैन बसेरों का प्रावधान शामिल नहीं किया गया है। तथापि, बी एस यू पी के उप मिशन में मुख्य जोर बसेरा, बुनियादी सेवाएं और अन्य संबंधित नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने हेतु परियोजनाओं के माध्यम से स्लमों का एकीकृत विकास करना है ताकि शहरी गरीबों को सुविधाएं मुहैया करायी जा सकें। पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राजस्थान को बी एस यू पी के तहत स्वीकृत धनराशि के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

विवरण

(करोड़ रुपये में)

	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
अनुमोदित परियोजनाओं की संख्या	0	0	2	0
अनुमोदित परियोजना लागत	0	0	181.50	0
अनुमोदित केन्द्रीय अंश	0	0	88.11	0
अनुमोदित रिहायशी ईकाइयों की सं.	0	0	5814	0
जारी अतिरिक्त केन्द्रीय अंश	0	0	43.17	0

चावल के निर्यात पर प्रतिबंध

213. **श्री एल. राजगोपाल:** क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को गैर-बासमती चावल की सभी किस्मों के निर्यात से प्रतिबंध हटाने के अनुरोध प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके कारण क्या हैं और इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है; और

(ग) कृषकों की सहायता के लिए चावलों का निर्यात करने की आवश्यकता के बारे में जागरुकता फैलाने के संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) जी हां। विभिन्न राज्य सरकारों अर्थात महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश आदि से तथा उपयुक्त राज्यों की किसान एसोसिएशनों और चावल मिल मालिक एसोसिएशनों से समय-समय पर अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें गैर बासमती चावल की कुछ प्रीमियम किस्मों के निर्यात की अनुमति देने के अनुरोध किए गए हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी आंध्र प्रदेश से गैर बासमती सेला चावल और रॉ चावल के निर्यात की अनुमति देने के लिए अनुरोध किया था। इन अनुरोधों को जांच की गई थी। देश में खाद्यान्नों की पर्याप्त उपलब्धता पर विचार करते हुए और चावल और गेहूं के बम्पर उत्पादन तथा केन्द्रीय पूल में इनकी पर्याप्त उपलब्धता देखते हुए तथा भंडारण स्थान की अस्थायी कमी होने के कारण सरकार ने निम्नलिखित निर्णय लिए हैं:-

(i) सरकार ने 10.2.2010 को अधिसूचना संख्या 21 द्वारा 1 लाख टन "सोना मसूरी" और 25.-25 हजार टन गैर बासमती की "पोन्नी साम्बा" तथा "मट्टा" किस्मों के निर्यात की अनुमति दी है।

(ii) सरकार ने 9.9.2011 को अधिसूचना संख्या 71 और 72 द्वारा खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन गैर बासमती चावल और गेहूं के निर्यात की अनुमति दी है। यह भी निर्णय लिया गया है कि ये निर्यात इडीआई युक्त पतनों के जरिए निजी रूप से रखे स्टॉक में से किए जाएंगे और इनकी कड़ी मॉनीटरिंग की जाएगी।

(ग) सरकार, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के जरिए जागरुकता पैरा करने के अलावा ढुलाई सहायता स्कीम, बाजार विकास स्कीम, गुणवत्ता विकास स्कीम अनुसंधान और विकास स्कीम तथा इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के अधीन कृषि उत्पादों का निर्यात करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर

214. श्री के.पी. धनपालन: क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार केरल राज्य में तिरूवनंतपुरम में स्थित श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर को विरासत स्मारक के रूप में घोषित करने का है; और

(ख) यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या अनुवर्ती कार्यवाही की गयी है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) केरल राज्य में तिरूवनंतपुरम में स्थित श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर को विरासत स्मारक के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

कर्नाटक में स्मारकों का जीर्णोद्धार

215. श्री एस. पक्कीरप्पा: क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्नाटक राज्य में उन ऐतिहासिक/विरासत स्थलों का ब्यौरा क्या है जिनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है; और

(ख) जीर्णोद्धार का यह कार्य कब से किया जा रहा है और गत वर्षों के दौरान इन पर वर्षवार कितनी धनराशि खर्च की गई है?

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संस्कृति मंत्री (कुमारी सैलजा): (क) और (ख) स्मारकों के संरक्षण का कार्य एक सतत् प्रक्रिया हैं मरम्मत की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करते हुए चुनिंदा स्मारकों पर प्रत्येक वर्ष विशेष मरम्मत कार्य किया जाता है तथापि सभी संरक्षित स्मारकों पर नेमी रखरखाव के लिए वार्षिक मरम्मत कार्य किया जाता है चालू वित्तीय वर्ष में कर्नाटक में उन स्मारकों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है जिन पर विशेष मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। इस राज्य में संरक्षित स्मारकों के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान संरक्षण कार्य के लिए खर्च की गई राशि का ब्यौरा इस प्रकार है:-

क्र.सं.	वर्ष	आबंटित/व्यय की गई निधियां (राशि लाख रुपये में)
1	2008-09	1512.58
2	2009-10	1819.46
3	2010-11	2457.42

विवरण

चालू वित्तीय वर्ष 2011-12 में कर्नाटक के स्मारकों का ब्यौरा जहां संरक्षण कार्य आरम्भ किये गए हैं।

बंगलौर मंडल

क्र.सं.	स्थान और जिला सहित स्मारक का नाम
1	2
1.	भोगनंदीश्वर, मंदिर, नंदी, कोलार
2.	देवनहल्ली किला, बंगलौर
3.	मधुगिरि किला, तुमकुर
4.	जुम्मा मस्जिद, सरा, तुमकुर
5.	टीपू सुल्तान महल, बंगलौर, बंगलौर
6.	किला और मंदिर (पहाड़ी पर संरचनाएं), चित्रदुर्ग, चित्रदुर्ग
7.	चित्रदुर्ग किले और मंदिर (सैमपीज सिद्धेश्वर एएवं हिडम्बंश्वर मंदिर), चित्रदुर्ग
8.	किला और मंदिर-(किले के अंदर तंकशाला के नजदीक कच्ची संरचना की मरम्मत), चित्रदुर्ग, चित्रदुर्ग
9.	मुसाफिर खाना एवं होंडा, संतेबेन्नूर, दावणगेरे
10.	प्रलेखन तैयार करना एवं संकेतक उपलब्ध कराना, चित्रदुर्ग, चित्रदुर्ग
11.	कालेश्वर मन्दिर, बागली, दावणगेरे
12.	नरसिम्हा मंदिर, रंगपुरा, बेल्लारी
13.	किला और ध्वस्थ महल, उच्चंगीदुर्ग, दावणगेरे

1	2
14.	प्रलेखन तैयार करना और संकेतक उपलब्ध कराना, दावणगेरे
15.	किला एवं तहखाना, मंजराबाद, हसन
16.	पार्श्वनाथ बस्ती, हेलेड्डि, हसन
17.	शांतिनाथ बस्ती, हेलेबिडु, हसन
18.	विद्याशंकर मंदिर, श्रृंगेरी, चिकमगलूर
19.	अनन्तश्यन मंदिर, अनन्तश्यनगुडी, बेल्लारी
20.	गोपाल कृष्ण मंदिर, तिम्मलापुर, बेल्लारी
21.	कृष्ण मंदिर, कृष्णापुरम, बेल्लारी
23.	पट्टाभिराम मंदिर, कमलापुरम, बेल्लारी
24.	रंग मंदिर, कमलापुरम, बेल्लारी
25.	प्राचीन शिव मंदिर, वेंकटपुरम, बेल्लारी
26.	वीरूपाक्ष मंदिर, हम्पी, बेल्लारी
27.	विष्णु मंदिर कमलापुरम, बेल्लारी
28.	विष्णु मंदिर परिसर (वराह मंदिर), कमलापुरम, बेल्लारी
29.	विट्टल मंदिर वेंकटपुरम, बेल्लारी
30.	जनाना अहाते में दीवार और प्रवेश द्वार, कमलापुरम, बेल्लारी
31.	अनंतपद्मनाभ मंदिर, कर्कला, उडुपी
32.	चतुर्मुख बसदी, कर्कला, उडुपी
33.	कट्टले बसदी, वारकुर, उडुपी
34.	सत्रह जैन मकबरे, मूदाबिदरी, मंगलौर
35.	केशव मंदिर, सोमनाथपुर, मैसूर
36.	कीर्तिनारायण मंदिर, तलाकड, मैसूर
37.	रामेश्वर मंदिर, नरसमंगला, चामराजनगर
38.	श्री कंटेश्वर मंदिर, नंजनगुड मैसूर
39.	सिडलु मल्लिकार्जुन मंदिर, बेट्टादपुरा, मैसूर
40.	विजयनारायण मंदिर, गुंदलूपेट, चामराजनगर
41.	केशव मंदिर, सोमनाथपुर, मैसूर
42.	किले और मंदिर, चन्द्रगुट्टी, शिमोगा
43.	कावलेदुर्ग किला, शिमोग
44.	त्रिमूर्तिनारायण मंदिर, बंदालिक, शिमोग
45.	रंगनाथ स्वामी मंदिर, श्रीरंगपट्टानाम, मांड्या
46.	लक्ष्मी नरसिम्हा मंदिर, मारेहल्ली, मांड्या

धाड़वाड़ मंडल

क्र.सं.	स्थान और जिला सहित स्मारक का नाम
1.	बाडीगेरगुडी, एहोल
2.	हुचापाया मंदिर, एहोल
3.	मल्लिकार्जुन मंदिर, एहोल
4.	ज्योतिर्लिंग मंदिर, एहोल
5.	चरंतीमठ, एहोल
6.	गलगनाथ मंदिरों का समूह, एहोल
7.	नारायण देव मंदिर, बेवूर
8.	जैन मंदिर, हल्लूर
9.	रामदेव मंदिर, तालीकोट
10.	चकरी गुडी में कुआं, एहोल
11.	रामेश्वर मंदिर, बेवूर
12.	बाणशंकरी मंदिर में स्तंभावली सहित तालाब के लिए एस आर (प्लान), चोलचगुड्डा, बदामी,
13.	मंदिर समूहों के लिए एस आर (प्लान), चोलचगुड्डा, बदामी

1	2
14.	स्मारक समूहों के लिए एस आर (प्लान), चोलचगुड्डा, बदामी
15.	पल्लव शिलालेख के समीप उत्तरी बदामी किला दीवार के लिए संशोधित एस आर (प्लान), बदामी
16.	जैन मंदिर, नदंगढ
17.	स्मारकों का समूह, हलसी
18.	जैन मंदिर, वक्कुडं
19.	पंचलिंगेश्वर मंदिर, हूली
20.	भूवराहनरसिम्हा मंदिर, हलसी
21.	स्मारकों का समूह (सफा मस्जिद), बेलगाम
22.	स्मारकों का समूह, कोन्नूर
23.	किले के लिए एस आर (प्लान), मृजन
24.	स्मारकों के समूह के लिए एस आर (प्लान), गेरसोप्पा
25.	स्मारकों का समूह, भटकल
26.	हजार कोटरी
27.	बारूद कोठा
28.	बहमनी मकबरे
29.	अली बारीद, इब्राहिम बारीद, आमिर बारीद
30.	स्मारकों में सकेंतक उपलब्ध कराना
31.	नौबत खाना, बिदर
32.	प्रवेश द्वारों नगर दीवारों एवं नगर दुर्ग के लिए एस आर (प्लान), बीजापुर (पूर्व)
33.	जहां बेगम मकबरा एवं मस्जिद आईनापुर के लिए एस आर (प्लान), बीजापुर (पूर्व)
34.	भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एवं नौरस ट्रस्ट के बीच एन सी एफ परियोजना के कार्यान्वयन के लिए एस आर (प्लान), बीजापुर (पूर्व)

1	2
35.	स्मारकों में सकेंतक उपलब्ध कराने के लिए एस आर (प्लान), बीजापुर (पूर्व)
36.	जल मंडप, कुमतगी के लिए एस आर (प्लान), बीजापुर (पूर्व)
37.	इब्राहिम रौजा के लिए संशोधित एस आर (प्लान), बीजापुर (पश्चिम)
38.	अर्कीला के लिए एस आर (प्लान), बीजापुर (पश्चिम)
39.	नित्यनावार मस्जिद एवं शाहनवाज खान मकबरे के लिए एस आर (प्लान), बीजापुर (पश्चिम)
40.	स्मारकों में सकेंतक उपलब्ध कराने के लिए एस आर (प्लान), बीजापुर (पश्चिम)
41.	दक्खिनी ईदगाह एवं गुम्बट भावदी के लिए एस आर (प्लान), बीजापुर (पश्चिम)
42.	चन्द्रमौलेश्वर मंदिर, उंकल
43.	दो किले प्रवेश द्वार, धारवाड़
44.	काशीविश्वनाथ के समीप नन्नेश्वर मंदिर, लाकुंडी
45.	अशोक का शिला राजाज्ञा, मस्की, जिला कोप्पल
46.	प्रागैतिहासिक स्थल, हीरेबेकंल, जिला कोप्पल
47.	जैन बस्ती, लाकुंडी
48.	बड़ी झील की मरम्मत, इट्टागी
49.	हफ्थ गुम्बज (व्यक्तिगत), गुलबर्गा
50.	कगंनाहल्ली स्तूप का विस्तृत फोटो प्रलेखन, जिला गुलबर्गा
51.	प्रागैतिहासिक स्थल, राजनकोलूर, जिला यादगिरि
52.	प्रागैतिहासिक स्थल, विभूतिहल्ली, जिला यादगिरि
53.	हाथी द्वार एवं सटी हुई किला दीवार, गुलबर्गा, जिला गुलबर्गा
54.	किला दीवार के अंदर संरचना, गुलबर्गा जिला गुलबर्गा

1	2
55.	स्थल विकास, सननाती जिला, गुलबर्गा
56.	स्तूप, सन्नती, जिला गुलबर्गा
57.	सोमेश्वर मंदिर, हरलाहल्ली
58.	बिलेश्वर मंदिर, हंगल
59.	तारकेश्वर मंदिर एवं उप अनुषंगी, हंगल
60.	वीरभद्रेश्वर मंदिर, हंगल
61.	मुक्तेश्वर मंदिर, चौदाधानपुर
62.	मधुकेश्वर, मंदिर, बनवासी
63.	स्मारकों का समूह, हावेरी
64.	कदम्बेश्वर मंदिर, रतिहल्ली

[हिन्दी]

खाद्यान्नों की खरीद

216. श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे:
श्री बद्रीराम जाखड़

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को किसानों द्वारा औने-पौने दामों में अनाज बेचने और उन्हें हाल के खरीद मौसम के दौरान खोले गए खरीद केन्द्रों की अपर्याप्त संख्या के कारण न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्राप्त न होने से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा गत तीन वर्षों के दौरान राज्य-वार कितने केन्द्र खोले गए, कितना खाद्यान्न खरीदा गया और कितने किसान लाभान्वित हुए;

(ग) क्या भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से इतर खरीद एजेंसियों के खराब कार्य निष्पादन की शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) आगामी फसलों के मौसम के दौरान किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/ उठाए जाने का प्रस्ताव हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) सरकार को हाल के खरीद मौसमों के दौरान क्रय केंद्रों की अपर्याप्त संख्या होने के कारण किसानों द्वारा मजबूरन बिक्री करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य हासिल करने में विफल रहने के बारे में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। खरीद मौसम शुरू होने से पहले भारतीय खाद्य निगम और राज्य सरकार/ राज्य एजेंसियां उत्पादन, विपणन योग्य अतिरिक्त मात्रा और खरीद की संभावना के आधार पर किसी क्षेत्र में खोले जाने वाले खरीद केन्द्रों की संख्या का निर्धारण करती है।

पिछले 3 वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान गेहूं और चावल के लिए खोले गए क्रय केन्द्रों की संख्या के ब्यौरे क्रमश: संलग्न विवरण I और II में दिए गए हैं। गेहूं और और चावल की खरीदारी के ब्यौरे क्रमश: संलग्न विवरण III और IV में दिए गए है।

(ग) और (घ) ऐसी कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

(ङ) भारतीय खाद्य निगम और राज्य एजेंसियां खरीदारी की संभावनाओं और क्षेत्र के भौगोलिक विस्तार को देखते हुए आपसी परामर्श से पर्याप्त संख्या में क्रय केंद्र खोलती है। इसके अलावा, मौसम के बीच में भी, जब कभी महसूस होता हैं, अतिरिक्त क्रय केंद्र खोले जाते हैं ताकि अधिक से अधिक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रचालनों का लाभ प्रदान किया जा सके। लघु और सीमांत किसानों तक न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रचालनों की पहुंच बढ़ाने के लिए सहकारी समितियों और स्वयं सेवी समूहों के लिए धान हेतु 2.5% और हेतु 2% और की दर पर कमीशन प्रभार की अनुमति दी गई है।

विवरण I

गेहूं की खरीद के लिए गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान भारतीय खाद्य निगम/राज्य एजेंसियों द्वारा संचालित खरीद केन्द्रों की सूची दर्शाने वाला विवरण

क्षेत्र	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12 (अनंतिम)
1	2	3	4	5
पंजाब	1600	1610	1702	1740

1	2	3	4	5
हरियाणा	364	365	367	367
उत्तर प्रदेश	4843	4409	4498	4573
राजस्थान	290	297	304	308
मध्य प्रदेश	1617	1248	1228	1996
दिल्ली	2	4	4*	4
बिहार	4498	2852	567	650
हिमाचल प्रदेश	7	7	7	5
गुजरात	215	153	188	212
झारखंड	13	18	8	10
छत्तीसगढ़	1333	1333	1333	1333
जम्मू और कश्मीर	15	15	15	3
महाराष्ट्र	85	85	58	456
उत्तराखंड	242	200	200	203
पश्चिम बंगाल	0	0	$	0
जोड़	15124	12596	10479	11830

विवरण II

धान की खरीद के लिए गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के लिए संचालित/प्रस्तावित खरीद केन्द्रों की संख्या को दर्शाने वाला विवरण

क्र.सं.	क्षेत्र	खरीफ विपणन मौसम 2008-09	खरीफ विपणन मौसम 2009-10 (अनंतिम)	खरीफ विपणन मौसम 2010-11 (अनंतिम)	खरीफ विपणन मौसम 2011-12 (अनंतिम)
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	489	518	534	1350
2.	असम	12	11	21	21

1	2	3	4	5	6
3.	बिहार	3791	2914	549	8943
4.	छत्तीसगढ़	1577	1577	1589	1864
5.	दिल्ली	2	2	4	4
6.	गुजरात	9	0	10	67
7.	हरियाणा	179	181	183	182
8.	हिमाचल प्रदेश	5	5	5	–
9.	झारखंड	40	29	10	518
10.	जम्मू और कश्मीर	15	15	15	10
11.	कर्नाटक	29	32	40	63
12.	केरल	210	450	470	475
13.	महाराष्ट्र	884	872	857	641
14.	मध्य प्रदेश	465	475	473	500
15.	उड़ीसा	2274	1130	503	3000
16.	पुदुचेरी	12	12	0	7
17.	पंजाब	1546	1588	1721	1750
18.	राजस्थान	12	0	0	–
19.	तमिलनाडु	1300	1281	317	1500
20.	उत्तर प्रदेश	2173	3841	2235	2300
21.	उत्तराखंड	39	59	52	63
22.	पश्चिम बंगाल	213	1500	1921	500
	सकल जोड़	15276	16492	11509	23758

विवरण III

गत तीन विपणन मौसमों और चालू विपणन मौसम (अप्रैल-मार्च) में गेहूं की खरीद

(हजार टन)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008-09	2009-10	2010-11	*2011-12
1	2	3	4	5
बिहार	500	497	183	477
चंडीगढ़	10	12	9	7
छत्तीसगढ़	0	0	0	0
दिल्ली	6	0	10	8
गुजरात	415	75	1	105
हरियाणा	5237	6924	6347	6891
हिमाचल प्रदेश	नगण्य	1	नगण्य	1
जम्मू और कश्मीर	1	1	0	0
झारखंड	2	नगण्य	नगण्डय	0
मध्य प्रदेश	2410	1968	3539	4894
महाराष्ट्र	10	0	0	-
पंजाब	9941	10725	10209	10957
राजस्थान	935	1152	476	1302
उत्तर प्रदेश	3137	3882	1645	3460
उत्तराखंड	85	145	86	42
पश्चिम बंगाल	0	0	9	0
जोड़	22689	25382	22514	28144

नगण्य: 500 टन से कम

*01.08.2011 की स्थिति के अनुसार

विवरण IV

गत तीन विपणन मौसमों और चालू विपणन में चावल की खरीद (अक्तूबर-सितम्बर)

(हजार टन में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008-09	2009-10	2010-11	*2011-12
1	2	3	4	5
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0	0
आंध्र प्रदेश	9058	7555	9610	106
अरूणाचल प्रदेश	0	0	0	0
असम	3	8	16	0
बिहार	1083	890	882	0
चंडीगढ़	10	14	10	13
छत्तीसगढ़	2848	3357	3741	0
गुजरात	0	0	0	नगण्य
हरियाणा	1425	1819	1687	1931
हिमाचल प्रदेश	0	0	1	0
जम्मू और कश्मीर	7	0	11	0
झारखंड	143	23	नगण्य	0
कर्नाटक	107	86	180	0
केरल	237	261	263	81
मध्य प्रदेश	247	255	502	1
महाराष्ट्र	261	229	308	4
नागालैंड	0	0	0	0
ओडिशा	2801	2497	2465	0
पुदुचेरी	8	8	40	नगण्य
पंजाब	8554	9275	8635	76.4

1	2	3	4	5
राजस्थान	11	0	0	0
तमिलनाडु	1201	1241	1543	239
उत्तर प्रदेश	4007	2901	25554	115
उत्तराखंड	349	375	422	10
पश्चिम बंगाल	1744	1240	1310	0
अखिल भारत जोड़	34104	32034	34180	10104

नगण्य: 500 टन से कम

#30.09.2011 की स्थिति के अनुसार (17.11.2011 को अद्यतन)

*17.11.2011 की स्थिति के अनुसार

[अनुवाद]

खेल प्रशिक्षक

217. श्री एस.एस. रामासुब्बू: क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय खेल परिसंघ (एनएसएफ) में वर्तमान आवश्यकता के मद्देनजर प्रशिक्षकों की कमी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार/एनएसएफ का विचार वर्तमान आवश्यकता को पूरा करने हेतु विदेशी प्रशिक्षकों की सेवा लेने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या अन्य कदम उठाए गए हैं/कार्रवाई की गई है/की जा रही है?

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): (क) और (ख) जी नहीं। अधिकांश खेल विधाओं में कोच उपलब्ध हैं। तथापि, नेटबाल, रग्बी आदि जैसी कतिपय विधाएं जो नये खेल हैं, इनके लिए भारतीय कोच उपलब्ध नहीं हैं।

(ग) भारतीय खिलाड़ियों को अग्रिम प्रशिक्षण प्रदान के लिए कतिपय खेल विधाओं में विदेशी कोच अनुबन्ध पर रखे गये हैं। शीर्ष खेल देशों को विदेशी कोचों तथा व्यक्तियों जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता हासिल की है, को न सिर्फ भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने बल्कि भारतीय कोचों की कुशलता बढ़ाने के लिए भी रखा गया है।

(घ) चालू कैलेंडर वर्ष के दौरान रखे गये विदेशी कोचों के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

(ङ) लागू नहीं होता।

विवरण

क्र.सं.	विधा	विदेशी कोचों की सं.
1.	एथलेटिक्स	5
2.	बाक्सिंग	1
3.	बास्केटबॉल	2
4.	बैडमिंटन	2
5.	जिम्नास्टिक	1
6.	जूडो	1
7.	हाकी	1
8.	शूटिंग	2
9.	स्क्वैश	1
10.	ताईक्वान्डो	1
11.	कुश्ती	3
12.	याटिंग	1
	कुल	21

खाद्यान्नों का स्टाक

218. डॉ. कृपारानी किल्ली:
श्री एम.बी. राजेश:.

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आगामी वर्ष में खाद्यान्नों की घरेलू मांग को पूरा करने और बढ़ते मूल्यों को नियंत्रित करने हेतु देश में खाद्यान्नों का पर्याप्त स्टॉक है;

(ख) यदि हां, तो आगामी वर्ष के दौरान खाद्यान्नों की प्रत्याशित मांग और अनुमानित स्टॉक को दर्शाते हुए तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने मूल्यों को नियंत्रित करने हेतु सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत अतिरिक्त आबंटन किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का विचार आगामी वर्ष के दौरान खाद्यान्नों के निर्यात की अनुमति देने का है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में सस्ते मूल्य पर खाद्यान्नों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) 1. 11.2011 की स्थिति के अनुसार केन्द्रीय पूल में 557.54 लाख टन खाद्यान्नों का स्टॉक था जिसमें 260.83 लाख टन चावल और 296. 71 लाख टन गेहूं था। केन्द्रीय पूल में खाद्यान्नों का वर्तमान स्टॉक वर्ष के दौरान लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याण योजनाओं के अधीन आवंटनों के मौजूदा स्तर पर खाद्यान्नों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन अंत्योदय अन्न योजना परिवारों सहित गरीबी रेखा से नीचे की समस्त स्वीकृत संख्या के लिए 3 किलोग्राम प्रति परिवार प्रति माह की दर पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को खाद्यान्नों का आवंटन किया जाता है। गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए खाद्यान्नों का आवंटन केन्द्रीय पूल में स्टॉक की उपलब्धता और विगत के उठान पर निर्भर किए हुए किया जाता है। गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए आवंटन क्या मौजूदा स्तर विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 15 किलोग्राम और 35 प्रति परिवार प्रति माह के बीच है। मध्याह्न भोजन योजना, आईसीडीएस आदि जैसी अन्य कल्याण योजनाओं के लिए इन स्कीमों के अधीन आकलित आवश्यकता के आधार पर खाद्यान्नों का आवंटन किया जाता है। उपर्युक्त के आधार पर मार्च, 2012 तक लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याण योजनाओं के लिए खाद्यान्नों की आवश्यकता लगभग 276 लाख टन होने का अनुमान है।

(ग) और (घ) सरकार ने लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन 16.5.2011 को गरीबी रेखा से नीचे के मूल्यों पर गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के लिए 50 लाख टन खाद्यान्नों और 30.6.2011 को गरीबी रेखा से ऊपर के मूल्यों पर गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए 50 लाख टन खाद्यान्नों का अतिरिक्त आवंटन किया है। उपर्युक्त के अलावा माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुसरण में 174 निर्धनतम/पिछड़ों जिलों में वितरण करने के लिए 27 राज्यों को 23.67 लाख टन खाद्यान्नों का आवंटन किया गया है।

(ङ) और (च) सरकार ने खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन निजी रूप से रखे स्टॉक में से प्राइवेट खाते पर गैर बासमती चावल और गेहूं का निर्यात करने की अनुमति दिनांक 9 सितम्बर, 2011 की अधिसूचना द्वारा दी है।

सरकार ने वर्तमान वर्ष के दौरान लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याण योजनाओं के अधीन चावल और गेहूं की 612.07 लाख टन मात्रा का आवंटन किया है इस प्रकार राजसहायता प्राप्त मूल्यों पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए खाद्यान्नों की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराई है।

अमरनाथ तीर्थ यात्रा

219. श्री हमदुल्लाह सईद: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अमरनाथ तीर्थ यात्रा पर जाने वाले लोगों की वार्षिक संख्या में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष यात्रा के दौरान अधिक व्यक्तियों की मृत्यु हुई है;

(घ) यदि हां, तो हताहतों की संख्या में वृद्धि का मुख्य कारण क्या है;

(ङ) घायलों के उपचार के लिए प्रदान की गई संभारिकी सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(च) भविष्य में अमरनाथ यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) जी हां।

(ख) वर्ष 2008-2011 के दौरान श्री अमरनाथ जी तीर्थ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की संख्या निम्न प्रकार से है:-

वर्ष	तीर्थ यात्रियों की संख्या
2008	5,33,368
2009	3,92,653
2010	4,51,710
2011	6,35,611

(ग) पिछले वर्ष सूचित की गई 77 मौतों की तुलना में इस वर्ष यात्रा के दौरान 106 तीर्थ यात्रियों की मृत्यु हुई।

(घ) अनेक यात्रियों की मुख्यत: हृदय संबंधी बीमारियों के कारण मृत्यु हुई हैं पिछले वर्ष यात्रा पर जाने वाले कुल यात्रियों के 1.70% की तुलना में इस वर्ष कुल मौतें कुल तीर्थ यात्रियों का 1.67% रही हैं।

(ङ) यात्रियों तथा अन्य व्यक्तियों के लिए मेडिकल सुविधाएं राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुहैया कराई जाती हैं। इसके अतिरिक्त इस कार्य में अन्य एजेंसियां अर्थात सेना, केन्द्रीय पुलिस संगठन तथा गैर-सरकारी संगठन भी सहयोग प्रदान करते हैं।

(च) श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड द्वारा दी गई सूचना के अनुसार जम्मू एवं कश्मीर सरकार और बोर्ड सुरक्षित एवं सुविधाजनक तीर्थ यात्रा सुनिश्चित करने तथा यात्रियों के लिए मेडिकल सुविधाओं सहित विभिन्न सुविधाएं मुहैया कराने के लिए निरंतर सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

ए.पी.एम.सी. एक्ट में संशोधन

220. श्री अनन्त वेंकटरामी रेड्डी: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार कृषि उपसंविपणन समिति अधिनियम में नया संशोधन करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या ए.पी.एम.सी. एक्ट के अंतर्गत सभी किसानों द्वारा उपज को स्थानीय समितियों के माध्यम से बेचना अनिवार्य है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) किसानों को और अधिक राहत प्रदान करने हेतु ए.पी. एम.सी. एक्ट में कब तक संशोधन किए जाने का विचार है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) और (ख) चूंकि कृषि विपणन राज्य का विषय है, इसलिये राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के अपने कृषि उत्पाद विपणन समिति अधिनियम हैं। तथापि, कटाई पश्चात विपणन सुविधाओं के विकास में निवेश तथा विपणन लागत एवं कटाई पश्चात क्षति को कम करने के लिये उन्नत तथा वैकल्पिक विपणन माध्यमों के द्वारा किसानों को बेहतर मूल्य प्रदान करने के लिए कृषि मंत्रालय द्वारा एक मॉडल एपीएमसी अधिनियम तैयार किया गया था तथा 2003 में इसे सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को उनके विचारार्थ तथा अपनाने हेतु परिचालित किया गया था। मॉडल अधिनियम में अन्य बातों के साथ-साथ, किसानों से मण्डियों की स्थापना, प्याज, फलों, सब्जियों तथा फूलों जैसी जिंसों के लिए विशेष मण्डियां, कमीशन संस्थाओं का निषेध, मण्डी शुल्कों का औचित्यकरण, सरल पंजीकरण के साथ लाइसेंस व्यवस्था का बदलाव, मण्डी शुल्कों के विकास में सार्वजनिक निजी सहभागिता को प्रोत्साहन, ग्रेडिंग तथा स्तरीकरण का संवर्द्धन आदि शामिल हैं। अब तक 16 राज्य सरकारों ने अपने संबंधित एपीएमसी अधिनियमों में संशोधन किया है तथा प्रत्यक्ष विपणन, अनुबंध खेती एवं निजी/सहकारी क्षेत्रों में मण्डियों की स्थापना के लिए प्रावधान किया है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) शेष राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासन अधिनियम की रूपरेखा के अनुसार उनके एपीएमसी अधिनियमों में आवश्यक संशोधन किये जाने के लिये प्रेरित किया जा रहा है।

[हिन्दी]

दिल्ली यातायात पुलिस

221. श्री जयप्रकाश अग्रवाल: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली यातायात पुलिस कर्मियों की स्वीकृत और वास्तविक संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार के पास रिक्त पदों को भरने हेतु महिला यातायात सिपाहियों की भर्ती करने का कोई प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली में सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु के अलग-अलग कुल कितने मामले दर्ज किए गए और इनमें कमी लाने हेतु क्या कदम उठाए गए;

(ङ) क्या दिल्ली यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कोई विशेष अभियान चलाया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा उक्त अवधि के दौरान जुर्माने के रूप में कितनी धनराशि संग्रहित की गई?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) दिल्ली यातायात पुलिस की स्वीकृत और वास्तविक संख्या क्रमश: 5634 और 5889 है।

(ख) और (ग) दिल्ली यातायात पुलिस में महिला यातायात कांस्टेबलों की भर्ती करने का कोई विशिष्ट प्रस्ताव नहीं है। तथापि, सरकार ने दिल्ली पुलिस को यह सुनिश्चित करने का अनुदेश दिया है कि 15% भर्तियां महिलाओं के लिए होनी चाहिएं।

(घ) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष अर्थात वर्ष 2008, 2009, 2010 और 2011 (31.10.2011 तक) के दौरान, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में दर्ज किए गए सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु के मामलों के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

वर्ष	सड़क दुर्घटनाओं की संख्या	दर्ज की गई मृत्यु
2008	8435	2093
2009	7516	2325
2010	7260	2153
2011 (31.10.2011 तक)	6148	1727

दिल्ली में सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा उठाए गए कदम निम्नलिखित हैं:

1. दुर्घटनाओं प्रणव क्षेत्रों में यातायात पुलिस कर्मियों की मौजूदगी बढ़ाना।
2. लापरवाहीपूर्वक ड्राइविंग में संलिप्त पाए गए ड्राइवरों की गिरफ्तारी।
3. घातक सड़क दुर्घटना के मामलों में संलिप्त पाए गए वाणिज्यिक वाहनों के परमिट निलम्बित करना।
4. तेज चलने वाले यातायात को धीमी गति से चलने वाले यातायात से पृथक करना।
5. दुर्घटना प्रवण सड़कों पर बीच में बनी सीमा के अन्तरालों को बंद करना।
6. दुर्घटना प्रणव क्षेत्रों में यातायात सिगनल/ब्लिंकर्स लगाना।
7. संभावित दुर्घटना स्थानों पर सचल गश्त लगाना।
8. अत्यधिक गति से गाड़ी चलाने, मदिरा पीकर ड्राइविंग करने इत्यादि के लिए रात्रि में विशेष जांच अभियान चलाना।
9. सभी सड़क प्रयोक्ताओं को सड़क सुरक्षा संबंधी शिक्षा प्रदान करना।
10. सड़क सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर प्रेस विज्ञप्तियां जारी करना।
11. पैदल पार करने वाली क्रासिंग पर सुविधा बढ़ाना।

(ङ) और (च) दिल्ली यातायात पुलिस यातायात नियमों और विनियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमित रूप से अभियान चलाती है। विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष अर्थात् 2008, 2009, 2010 और 2011 (31.10.2011 तक) के दौरान दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा एकत्र की गई प्रशमन राशि के ब्यौरे नीचे दिए गए है:

वर्ष	कुल प्राप्त प्रशमन राशि
2008	59,58,32,100 रुपए
2009	52,38,64,600 रुपए
2010	44,16,06,900 रुपए
2011 (31.10.2011तक)	37,15,45,200 रुपए

[अनुवाद]

खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का ऑनलाइन पंजीकरण

222. श्रीमती श्रुति चौधरी: क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार को किसानों की खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के ऑनलाइन पंजीकरण हेतु विभिन्न राज्यों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ चरण दास महंत): (क) जी नहीं महोदया।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

समेकित बाढ़ आश्रय

223. श्री नित्यानंद प्रधान: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ओडिशा राज्य सरकार ने बाढ़ की स्थिति में बचाव और राहत कार्यों में सुविधा के लिए राज्य में समेकित बाढ़ आश्रयों को स्थापित करने हेतु केन्द्र सरकार से सहायता मांगी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) भाग (क) के उत्तर के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का कार्यकरण

224. श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी:
राजकुमारी रत्ना सिंह:
श्री बद्रीराम जाखड़:
श्री गोरख प्रसाद जायसवाल:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों (एफपीआई) के कार्यकरण की हाल ही में समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के कार्यकरण में किन खामियों की पहचान की गई; और

(घ) देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के प्रभावी कार्यकरण हेतु सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत): (क) (घ) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रक के प्रोत्साहन एवं विकास हेतु नीतियों एवं कार्यक्रमों का कार्यान्वयन कर रहा हैं मंत्रालय स्कीमों के निष्पादन की नियमित आधार पर समीक्षा करता है।

जम्मू और कश्मीर में संयुक्त कमान की बैठक

225. श्री मनीष तिवारी: क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सितम्बर, 2011 में जम्मू और कश्मीर राज्य सरकार से इस आशय से राज्य में संयुक्त कमान की बैठक आयोजित करने का अनुरोध किया था कि अशांत क्षेत्रों के रूप में क्षेत्र के अधिसूचना की समीक्षा की जा सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके कारण क्या हैं; और

(ग) इस पर मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति (सी.एस. एस.), संबंधित राज्य सरकार और सुरक्षा प्रतिष्ठानों का क्या मत/आपत्तियां हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जितेन्द्र सिंह): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) ये प्रश्न नहीं उठते।

कृषि मजदूरी

226. श्री फ्रांसिस्को सारदीना: क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनेरगा) का कृषि मजदूरी पर असर पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार ने विशेष तौर पर फसल के मौसम में पर्याप्त संख्या में कृषि मजदूरो की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु क्या उपचारात्मक उपाय किए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): (क) से (ग) कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, हरियाणा तथा पंजाब के राज्यों में कृषि मंत्रालय के कृषि-आर्थिक अनुसंधान केन्द्रों द्वारा किये गय अध्ययन विभिन्न क्षेत्रों में मजदूरी स्तर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के आंशिक प्रभाव को दर्शाते हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ने इन राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरी स्तरों पर तीव्र दबाव बना रखा है।

कृषि में भिन्न-भिन्न योजनाओं के साथ महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के विलय के लिए सभी राज्य सरकारों को दिशानिर्देश जारी किये गए थे।

जे.एन.एन.यू.आर.एम.

227. श्री पी.के. बिजू: क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जे.एन.एन.यू.आर.एम.) की समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम रहे;

(ग) उक्त मिशन के कार्यान्वयन में कौन सी बड़ी कठिनाइयां सामने आ रही हैं; और

(घ) उक्त मिशन के कार्यान्वयन हेतु सरकार ने क्या उपचारात्मक उपाय किए हैं/करने का प्रस्ताव है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) मेसर्ज ग्रांट थोरंटन द्वारा जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) का मूल्यांकन किया गया था जिसने अन्य बातों के साथ-साथ यह बताया कि जेएनएनयूआरएम देश में शहरी क्षेत्र के नवीकरण के लिए एक तंत्र सिद्ध हुआ है। स्वतंत्रता पश्चात जेएनएनयूआरएम शहरी क्षेत्र के लिए इस प्रकृति और आकार का प्रथम राष्ट्रीय अग्रणी कार्यक्रम रहा है।

(ग) और (घ) जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के अंतर्गत परियोजनाओं का क्रियान्वयन, शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) और पेरास्टेटलों के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा की जाती हैं। परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अनुभव की गई कठिनाइयां उपयोग के अंतरण, विभिन्न प्राधिकरणों (जैसे रेलवे, वन्य, डाक और तार विभागों) से अनुमति प्राप्त होने में देरी, क्षमता की कमी, भूमि का अधिग्रहण, संविदात्मक मुद्दे आदि से संबंधित हैं। सुधारों के क्रियान्वयन से संबधित चुनौतियां उनकी जटिलता और कठिनाई तथा स्थानीय निकायों की उनको प्राप्त करने की क्षमता हैं।

मिशन निदेशालय द्वारा लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से क्षमता विकास उपाय जैसे कि शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी)/पेरास्टेटल के अधिकारियों के द्रुत प्रशिक्षण कार्यक्रम (आरटीपी), राज्य स्तर पर सहायक कार्यक्रम प्रबंधान एककों (पीआईयू) और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के स्तर पर परियोजना क्रियान्वयन एककों (पीएमयू), राज्य स्तर पर स्वतंत्र पुनरीक्षा और मानीटरिंग एजेंसी (आईआरएमए) आदि का सहयोग लिया गया है। राज्य स्तरीय संचालन समिति (एसएलएससी), राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी (एसएलएनए) और राज्य के लिए आईआरएमए के माध्यम से परियोजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन किया जा रहा है। मिशन के क्रियान्वयन को और सुदृढ़ बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा भी अनुमोदित परियोजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की पुनरीक्षा की जाती है।

केन्द्रीय भंडार के लिए स्थान आबंटित करना

228. श्री सोनवणे प्रताप नारायणराव: क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली के रिहायशी इलाकों में 20 वर्ग मीटर आकार से बड़ी दुकानें चलाने की अनुमति नहीं है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) दिल्ली और देश के अन्य भागों में केन्द्रीय भंडार को आबंटित सामान्य पूल रिहायशी आवास (जीपीआरएेज) का ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में नियत शर्तें क्या हैं और केन्द्रीय भंडार को आबंटित प्रत्येक जीपीआरए का कुल कितना है;

(घ) क्या सरकार ने आबंटन की शर्तों को अंतिम रूप दे दिया है और दिल्ली के रिहायशी इलाकों में किरयाणा दुकानें चलाने के लिए केन्द्रीय भडार को जमीन आबंटित की है; और

(ङ) यदि हां, तो केन्द्रीय भंडार को आवंटित स्थलों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) और (ख) जी नहीं।

(ग) दिल्ली और देश के अन्य भागों में केन्द्रीय भण्डार को आबंटित सामान्य पूल रिहायशी वास के ब्यौरे संलग्न अनुबंध में दिए गए हैं। नितिगत दिशानिर्देशों के अनुसार सरकारी कालोनियों में केन्द्रीय भण्डार द्वारा चयन की जाने वाली भूमि पर नए आउटलेटों की स्थापना करने तक बाजार दर के भुगतान पर विद्यमान आउटलेटों से कार्य संपादन जारी रखने की केन्द्रीय भण्डार को अनुमति देने तथा शहरी विकास मंत्रालय द्वारा उनका आबंटन जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

(घ) और (ङ) जी नहीं।

विवरण

क्र.सं.	क्वार्टर नं. और इलाका	टाइप	क्षेत्र (वर्ग मी.)
1	2	3	4
1.	आई-437, कस्तूरबा नगर, दिल्ली	I	24
2.	आई-441, कस्तूरबा नगर, दिल्ली	I	24
3.	आई-445, कस्तूरबा नगर, दिल्ली	I	24
4.	आई-433, कस्तूरबा नगर, दिल्ली	I	24
5.	एच-313, कालीबाड़ी मार्ग, दिल्ली	II	38
6.	एच-34, कालीबाड़ी मार्ग, दिल्ली	II	38
7.	बी-87 मोती बाग, दिल्ली	II	40
8.	जी-519 श्रीनिवासपुरी, दिल्ली	II	33
9.	जैड-535, तिमारपुर, दिल्ली	II	48
10.	139/1, सेक्टर-1, एम.बी. रोड दिल्ली	II	38
11.	1015/7 आ.के. पुरम, दिल्ली	II	37
12.	299/5, आर.के. पुरम, दिल्ली	II	36
13.	329/9 आर.के. पुरम, दिल्ली	II	37
14.	बी-245 सरोजिनी नगर, दिल्ली	III	49
15.	एच-638 सरोजिनी नगर, दिल्ली	III	47
16.	9, रोड सं. 4 एन्ड्रूजगंज, दिल्ली	III	51
17.	11, रोड सं. 4, एन्ड्रूजगंज, दिल्ली	III	51
18.	165, ब्लॉक 10, लोदी कालोनी, दिल्ली	III	76

1	2	3	4
19.	147, ब्लॉक एफ, नौरोजी नगर, दिल्ली	III	46
20.	20-ए वसंत विहार, दिल्ली	III	48
21.	20-बी, वसंत विहार, दिल्ली	III	48
22.	107/3, सेक्टर-1 एम.बी. रोड, दिल्ली	III	49
23.	1115/3 आर.के. पुरम, दिल्ली	III	46
24.	821/9 आर.के. पुरम, दिल्ली	III	57
25.	एक्सवाई-68, सरोजिनी नगर, दिल्ली	IV	66
26.	33, नार्थ वेस्ट, मोती बाग, दिल्ली	IV	74
27.	321, पंडारा रोड, दिल्ली	VI	101
28.	कर्जन रोड हॉस्टल, दिल्ली-4 गैराज नं. 46, 47, 48 और 49 (आकार-19 वर्ग मी. प्रत्येक)	हॉस्टल	76

खाद्यान्न खरीद नीति

229. श्री पोन्नम प्रभाकर: क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार नई व्यापक खाद्यान्न खरीद नीति/कानून तैयार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा तत्संबंधी लक्ष्य का हैं?

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): (क) और (ख) जी, नहीं। सरकार मौजूदा खरीद नीति में कोई परिवर्तन करने पर विचार नहीं कर रही है।

आवास संबंधी मंत्रिमण्डलीय समिति के निर्णयों की समीक्षा

230. श्री पूर्णमासी राम: क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान आवास संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीए) द्वारा क्या निर्णय लिये गये हैं;

(ख) आवास संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति के कितने निर्णय लंबित हैं;

(ग) क्या आवास संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति के निर्णय की समीक्षा की जा सकती है;

(घ) यदि हां, तो इसकी क्या प्रक्रिया है; तथा आवास संबंधी मंत्रिमण्डलीय समिति के निर्णयों को स्थगित करने या समीक्षा करने के लिए सक्षम प्राधिकारी का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आवास संबंधी मंत्रिमण्डलीय समिति के अब तक लिये गये निर्णयों की समीक्षा करने या स्थगित करने का ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सौगत राय): (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान मंत्रिमंडल की आवास समिति (सी.सी.ए.) ने 221 मामले निपटाये हैं।

(ख) आज की तारीख में मंत्रिमंडल की आवास समिति के 11 निर्णय सम्पदा निदेशालय, शहरी विकास मंत्रालय में कार्यान्वयन हेतु लम्बित है।

(ग) जी, हां।

(घ) भारत सरकार (कार्य निपटान) नियमावली 1961 के नियम 6 (6) के अनुसार मंत्रिमंडल सी.सी.ए. द्वारा लिये गए निर्णय की समीक्षा कर सकता है या रोक लगा सकता है।

(ङ) मंत्रिमंडल द्वारा पिछले तीन वर्ष के दौरान सी.सी.ए. के निर्णय की समीक्षा नहीं की गई या रोक नहीं लगाई गई।

अध्यक्ष महोदया: लोक सभा मध्याह्न 12.00 बजे पुन: समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

पूर्वाह्न 11.24 बजे

तत्पश्चात लोक सभा मध्याह्न बारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

मध्याह्न 12.00 बजे

[अनुवाद]

लोक सभा मध्याह्न बारह बजे पुन: समवेत हुई।

[उपाध्यक्ष महोदय *पीठासीन हुए*]

...*(व्यवधान)*

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा): उपाध्यक्ष महोदय, मैंने स्थगन प्रस्ताव की सूचना दी है ...*(व्यवधान)*

अपराह्न $12.0^{1}/_{2}$ बजे

इस समय सर्वश्री राजूशेट्टी, आनंद प्रकाश परांजपे, रमेश राठौड़, पी. लिंगम और कुछ अन्य माननीय सदस्य आए और सभा पटल के निकट फर्श पर खड़े हो गए।

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.03/4 बजे

सभा पटल पर रखे गए पत्र

उपाध्यक्ष महोदय: अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे। श्री हरीश रावत।

...*(व्यवधान)*

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरीश रावत): मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) संविधान के अनुच्छेद 123 (2) (क) के अंतर्गत राष्ट्रपति द्वारा 25 अक्तूबर, 2011 को प्रख्यापित केबल टेलीविजन नेटवर्क्स (विनियमन) संशोधन अध्यादेश, 2011 (2011 का संख्यांक 3) की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखी गई **देखिए** संख्या एलटी 5277/15/11]

(2) (i) केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल के वर्ष 2008-2009 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(ii) केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल के वर्ष 2008-2009 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) उपर्युक्त मद संख्या (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारणों को दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गय **देखिए** संख्या एलटी 5278/15/11]

(4) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उपधारा (6) के अंतर्गत अधिसूचना संख्या का.आ. 1949 (अ) जो 23 अगस्त, 2011 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के खंड 20क के अंतर्गत जिंक के साथ बेंटोनाइट सल्फर (ग्रेनूलर) का अनंतिम उर्वरक के रूप में विनिर्देशन अधिसूचित किया गया है, की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखी गई **देखिए** संख्या एलटी 5279/15/11]

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.01 बजे

सदस्य द्वारा त्यागपत्र

उपाध्यक्ष महोदय: मुझे सभा को सूचित करना है कि माननीय अध्यक्ष महोदया को पश्चिम बंगाल के कोलकाता दक्षिण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य कुमारी ममता बनर्जी का दिनांक 9 अक्तूबर, 2011 का एक पत्र प्राप्त हुआ है, जिसके द्वारा उन्होंने लोक सभा की सदस्यता से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दिया है।

माननीय अध्यक्ष महोदया ने उनका त्यागपत्र 9 अक्तूबर, 2011 से स्वीकार कर लिया है।

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.01 $^1/_2$ बजे

गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति

(एक) 152वां से 155वां प्रतिवेदन

[हिन्दी]

श्री नवीन जिन्दल (कुरुक्षेत्र): महोदय, मैं गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन* (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं–

(1) देश में सिविल डिफेंस के पुनरुद्धार और पुनर्जीवन के बारे में 136वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशें/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी 152वां प्रतिवेदन।

(2) भारत-पाक सीमा पर बाड़ और फ्लड लाइट लगाने संबंधी परियोजना के बारे में 135वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी 153वां प्रतिवेदन।

(3) सीमा सुरक्षा बल (संशोधन) विधेयक, 2011 के बारे में 154वां प्रतिवेदन।

(4) शत्रु संपत्ति (संशोधन और विधिमान्यकरण) दूसरा विधेयक, 2010 के बारे में 155वां प्रतिवेदन।

(दो) साक्ष्य

श्री नवीन जिन्दल: महोदय, मैं शत्रु संपत्ति (संशोधन और विधिमान्यकरण) दूसरा विधेयक, 2010 के बारे में गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति के समक्ष दिया गया साक्ष्य** सभा पटल पर रखता हूं।

[अनुवाद]

उपाध्यक्ष महोदय: अब मद संख्या 7- श्री प्रणब मुखर्जी।

...*(व्यवधान)*

* प्रतिवेदनों को दिनांक 3 नवम्बर, 2011 को सभापति, राज्य सभा को प्रस्तुत किया गया था और उसी दिन अध्यक्ष, लोक सभा को अग्रेषित किया गया था।

** शत्रु संपत्ति (संशोधन और विधिमान्यकरण) दूसरा विधेयक, 2010 दिनांक 3 नवम्बर, 2011 को सभापति, राज्य सभा को प्रस्तुत किया गया था और उसी दिन अध्यक्ष, लोक सभा को अग्रेषित किया गया था।

अपराह्न 12.03 बजे

मंत्रियों द्वारा वक्तव्य

(एक) भारत में मुद्रास्फीति की स्थिति$

[अनुवाद]

वित्त मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से "अर्थव्यवस्था में अद्यतन मूल्य संबंधी स्थिति और अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के दबावों" के संबंध में वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।"

उपाध्यक्ष महोदय: मैं 4 अगस्त, 2011 को सदन में पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव के जवाब में सभा पटल पर भारत में मुद्रास्फीति के संबंध में वक्तव्य प्रस्तुत करने के लिए उपस्थित हूं।

2. मैं इसकी शुरुआत यह कहते हुए करूंगा कि जहां भारत में मुद्रास्फीति की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है, वहीं वांछित परिणाम हासिल करने के लिए हमें महत्वपूर्ण कार्य करने हैं। मेरा उद्देश्य उन कारणों को बताना है जिनकी वजह से पिछले दो वर्षों में विशेषकर अगस्त, 2011 से हेडलाइन मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट नहीं हो पाई है। मैं इस माननीय सदन को उस नीतिगत संरचना के बारे में भी बताना चाहूंगा जिसे लेकर हमें आशा है कि उससे अगले 6 से 12 महीनों में मुद्रास्फीति गिरकर अधिक स्वीकार्य स्तरों तक आ जाएगी।

3. डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति जनवरी, 2010 से उच्च स्तर पर कायम है। अप्रैल, 2010 में हेडलाइन मुद्रास्फीति 10.9 प्रतिशत थी और इसमें कमी आने के संकेत दिखाई दे रहे थे जब इसने नवम्बर, 2010 में 8.2 प्रतिशत को छू लिया। दुर्भाग्यवश इसमें फिर वृद्धि हो गई और यह दिसम्बर, 2010 से 9 प्रतिशत से अधिक बनी रही है और अक्तूबर, 2011 में मुद्रास्फीति दर 9.7 प्रतिशत थी।, लेकिन, खाद्य मुद्रास्फीति जो फरवरी, 2010 में लगभग 22 प्रतिशत थी, कम होकर जून, 2011 में 8 प्रतिशत से नीचे आ गई और यह अक्तूबर, 2011 में 11.1 प्रतिशत थी तथा 5 नवम्बर, 2011 की स्थिति के अनुसार 10.6 प्रतिशत थी।

4. अगस्त, 2011 में जब पिछली बार सदन में मुद्रास्फीति के मुद्दे पर चर्चा की थी, तब से समग्र डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति स्थिर रही है। यह अगस्त, 2011 में 9.8 प्रतिशत रही थी और सितम्बर एवं अक्तूबर, 2011 में 9.7 प्रतिशत थी। इस अवधि में खाद्य

$सभा पटल पर रखा गया और ग्रंथालय में भी रखा गया **देखिए** संख्या एलटी 5280/15/11

मुद्रास्फीति पहले अगस्तर के 9.6 प्रतिशत से गिरकर सितम्बर में 9.2 प्रतिशत हो गई और फिर बढ़कर अक्तूबर में 11.1 प्रतिशत हो गई। तथापि, खाद्य भिन्न प्राथमिक मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट हुई जो अगस्त के 18.2 प्रतिशत से कम होकर अक्तूबर में 7.7 प्रतिशत रह गई। विनिर्मित वस्तुओं की मुद्रास्फीति 7.9 प्रतिशत से गिरकर 7.7 प्रतिशत रह गई।

5. इन तीन महीनों में, कतिपय खाद्य वस्तुओं नामशः फल और सब्जियों, अंडे, मांस, मछली और दूध का खाद्य मुद्रास्फीति को बढ़ाने में प्रमुख योगदान रहा है। ईंधन और विद्युत मदों के साथ-साथ, जिनमें अक्तूबर में बढ़ती मुद्रास्फीति देखी गई, इसके परिणामस्वरूप हेडलाइन मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई है। खाद्य वस्तुओं में ही, अनाजों की औसत मुद्रास्फीति अगस्त से अक्तूबर, 2011 की अवधि में 4.7 प्रतिशत रही है और गेहूं में ऋणात्मक मुद्रास्फीति रही है। दालों की मुद्रास्फीति अगस्त में ऋणात्मक 4.3 प्रतिशत और सितम्बर, 2011 में 2.8 प्रतिशत रही थी।

6. मैं आपको पिछले दो वर्षों में कुछ चुनिंदा वस्तुओं की औसत मासिक खुदरा कीमतों में हुई घट बढ़ की भी थोड़ी जानकारी देता हूं। जैसे दिल्ली के मामले में जनवरी, 2010 में गेहूं की कीमत 15.03 रूपए प्रति किलोग्राम थी और अक्तूबर, 2011 में यही कीमत 15.0 रूपए प्रति किलोग्राम थी, चीनी जनवरी, 2010 में 44.2 रूपए प्रति किलोग्राम थी जिसमें उल्लेखनीय गिरावट हुई और यह अक्तूबर, 2011 में 33.3 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, अरहर दाल जनवरी, 2010 में 87.4 रुपए प्रति किलोग्राम थी जो कम होकर अक्तूबर, 2011 में 73.4 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। इसी प्रकार मुम्बई में गेहूं की कीमतें जनवरी, 2010 और अक्तूबर, 2011 में 21 रुपए प्रति किलोग्राम पर लगभग समान थी, चीनी की कीमतें जनवरी 2010 के 42.1 रुपए प्रति किलोग्राम से कम होकर अक्तूबर, 2011 में 32.6 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई तथा अरहर दाल की कीमतें 76.8 रुपए प्रति किलोग्राम से कम होकर अक्तूबर, 2011 के बीच 13 रुपए प्रति किलोग्राम पर लगभग समान रहीं, इस अवधि में चीनी की कीमतें 38.3 रुपए प्रति किलोग्राम से कम होकर 31.5 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई तथा अरहर दाल 66. 3 रुपए प्रति किलोग्राम से कम होकर 54.6 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। हैदराबाद में, जहां का मुख्य भोजन चावल है, चावल की कीमतें जनवरी, 2010 में 19 रुपए प्रति किलोग्राम और अक्तूबर, 2011 में 20.8 रुपए प्रति किलोग्राम थीं, चीनी की कीमतें इस अवधि में 36 रुपए प्रति किलोग्राम से कम होकर 31.2 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई और अरहर दाल की कीमतें 82 रुपयए प्रति किलोग्राम से घटकर 63.5 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। इन वस्तुओं के संबंध में अन्य केन्द्रों पर भी लगभग यही तस्वीर देखी जा सकती है लेकिन ऐसा सब्जिओं और फलों जैसी खाद्य वस्तुओं की मामलों में नहीं था, जैसा कि पहले कहा जा चुका है।

7. माननीय सदस्य इस बात से अवगत हैं कि मुद्रास्फीति मांग और आपूर्ति के बीच व्याप्त असंतुलन विशेषकर मांग के आपूर्ति से अधिक हो जाने के कारण होती है। तेजी से हो रहे विकास और संरचनात्मक परिवर्तन की अवधि में, जिस दौर से भारत इस समय गुजर रहा है, मुद्रास्फीति में वृद्धि का रुख रहता है। हमने ऐसा उन सभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं में होते देखा है जो नीतिगत परिवर्तनों और तीव्र विकास की ऐसी अवधि से गुजरी हैं और इनमें चीन, दक्षिण कोरिया और वियतनाम से लेकर अर्जेंटीना तथा ब्राजील शामिल हैं।

वैश्विक घटनाक्रम

8. वैश्वीकृत देशों में जहां विकसित होती भारतीय अर्थव्यवस्था ईंधन तेलों, खाद्य तेलों और अन्य प्राथमिक आयातों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के वस्तु आयातों पर निर्भर है, अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि घट-बढ़ से घरेलू मुद्रास्फीति के स्तर और इसकी प्रबंध व्यवस्था पर सीधा असर पड़ता है। विकसित विश्व में वृहद आर्थिक नीति के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद व्यवहार से भी विकासशील देशों में मुद्रस्फीति की प्रबंध व्यवस्था के लिए समस्याएं पैदा हुई हैं।

9. अपनी अर्थव्यवस्थाओं के विकास की रफ्तार बढ़ाने और बेरोजगारी कम करने के लिए अनेक देशों ने अपने बाजारों में नकदी का विस्तार किया है। अमरीकी फेडरल रिजर्व ने मात्रात्मक नकदी सुलभता का दूसरा दौर शुरू किया जब इसने अमरीकी अर्थव्यवस्था में 600 बिलियन अमरीकी डालर जारी किए। यूके, जापान और कुछ अन्य औद्योगीकृत राष्ट्रों ने भी ऐसे उपाय किए हैं। आज के वैश्वीकृत विश्व में एक देश की नकदी दूसरे देश में आसानी से चली जाती है। हमने देखा है कि औद्योगीकृत देशों में बढ़ी हुई नकदी के कारण लगभग सभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं और कुछ विकासशील देशों में मुद्रास्फीतिकारी दबाव पैदा हुए हैं। विगत पांच से छः महीनों में मुद्रास्फीति पाकिस्तान में 13 प्रतिशत से अधिक, अर्जेंटीना और रूस में 9 प्रतिशत से अधिक, बांग्लादेश में 10 प्रतिशत से अधिक और ब्राजील में 7 प्रतिशत से अधिक रही है। चीन में, जो अन्यथा कम मुद्रास्फीति वाला देश है, खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी, 2010 के ऋणात्मक 0.5 प्रतिशत से बढ़कर जनवरी, 2011 में 5.2 प्रतिशत हो गई है और सितम्बर, 2011 में 7.8 प्रतिशत के स्तर पर है।

10. अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में एक और विशिष्ट घटनाक्रम हुआ है जिसने आयात पर निर्भर उभरते बाजारों में पिछले 12 महीनों में मुद्रास्फीति रुझानों को कायम रखने में योगदान किया है। अल्पावधिक से मध्यवाधिक परिप्रेक्ष्य में वैश्विक विकास और व्यापार के कमजोर पूर्वानुमानों के बावजूद, अंतरराष्ट्रीय वस्तु मूल्य अनुमानित रफ्तार पर नरम नहीं पड़ें हैं। उदाहरण के लिए, जनवरी 2010

में कच्चे तेल की कीमत लगभग 75 अमरीकी डालर प्रति बैरल थी, लेकिन चालू वर्ष में यह औसतन 110 अमरीकी डालर के आसपास कायम है। कमेडिटी बाजारों में सट्टेबाजी की गतिविधि और ईंधन तेल (लीबिया) की आपूर्ति संबंधी कुछ अड़चनों ने कमोडिटी बाजार में तंगी बनाए रखी है।

11. सॉवरेन ऋण संकट के कारण यूरो जोन में व्याप्त अधिक अनिश्चिता के कारण पूंजी यूरोप से हटकर संयुक्त राज्य अमरीकी की ओर चली गई है जिससे अधिकतर मुद्राओं के मुकाबले अमरीकी डालर का मूल्य बढ़ गया है। भारतीय रुपया जो अप्रैल, 2011 में 44.4 रुपए प्रति अमरीकी डालर था, गिरकर 21 नवम्बर, 2011 को 52 रुपए प्रति अमरीकी डालर हो गया। इसके परिणामस्वरूप, अंतरराष्ट्रीय वस्तु मूल्यों के नरम पड़ने से जो थोड़ा बहुत लाभ प्राप्त हुआ था, वह रुपए के मूल्य ह्रास से सफाचट हो गया।

12. हमने अपने वैदेशिक क्षेत्र में इन सरोकारों का समाधान जी-20 तथा आईएमएफ जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर करने का प्रयास किया है। भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा बाजारों पर कड़ी नजर रखे हैं और जैसे-जैसे स्थिति उभरेगी, वह अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों के प्रकाश में अपेक्षित कार्रवाई करेगा।

घरेलू मांग आपूर्ति असंतुलन

13. अब मैं घरेलू मांग आपूर्ति कारकों का जिक्र करुंगा जिनके कारण भारत में मुद्रास्फीति की मौजूदा स्थिति पैदा हुई है। जब मांग और आपूर्ति के बीच असंतुलन होता है तो इसका अर्थ है कि दो काम किए जाने हैं-आपूर्ति में सुधार लाया जाए और मांग में कमी लाई जाए। लेकिन अल्पावधिक संदर्भ में आपूर्ति को बढ़ाकर वांछित स्तरों तक लाना हमेशा संभव नहीं होता। हम आयातों का सहारा ले सकते हैं अथवा निर्यातों पर प्रतिबंध लगा सकते हैं और ऐसे उपाय कर सकते हैं जिनसे कुछ समय बाद आपूर्ति में बढ़ोत्तरी होगी। मांग की मोर्चे पर, हालांकि सिद्धातत: इसे कठोर राजकोषीय और मौखिक नीति नियंत्रण के जरिए दलाना और सीमित करना संभव है, लेकिन इसमें जोखिम यह रहता है कि यदि यह काम तेजी से किया जाए तो विकास में तेजी से कमी आएगी जिससे बेरोजगारी पैदा होगी।

14. अभी हाल में हुए सतत उच्च आर्थिक विकास के परिणामस्वरूप, ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में क्रय शक्ति में सुधार हुआ है। 12वीं योजना के दृष्टिकोण पत्र में कहा गया है कि 2007 और 2010 के बीच औसत वास्तविक मजदूरी दर में अखिल भारतीय स्तर तक 16 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। यह वृद्धि आन्ध्र प्रदेश में 42 प्रतिशत के स्तर पर तीव्रतम थी और ओडिशा में 33 प्रतिशत थी। बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों भी इस अवधि के दौरान वास्तविक कृषि मजदूरी में क्रमश: 19 और 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे कतिपय वस्तुओं और सेवाओं की मांग पैदा हुई जिसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में उन वस्तुओं के लिए सतत् उच्च स्फीतिकारी दबाव बने। आपूर्ति संबंधी अनुक्रिया अपर्याप्त रही है और इसके साथ-साथ खाद्य अर्थव्यवस्था में मौसम के कारण हुई कमी के परिणामस्वरूप मुद्रास्फीति के प्रबंधन हेतु महत्वपूर्ण चुनौतियां सामने आई हैं।

15. इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासनिक, राजकोषीय और मौद्रिक उपाय किए गए हैं। राजकोषीय उपायों में निम्नलिखित शामिल हैं-

- चावल, गेहूं, प्याज और खाद्य तेल (कच्चा) पर आयात शुल्क घटाकर शून्य तथा परिष्कृत एवं हाइड्रोजनित तेलों और वनस्पति तेलों पर आयात शुल्क घटाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया गया है;

- चावल (बीपीएल के लिए 5.65 रुपए प्रतिकिलोग्राम और एएवाई के लिए 3 रुपए प्रति किलोग्राम) और गेहूं (बीपीएल के लिए 4.15 रुपए प्रति किलोग्राम और एएवाई के लिए 2 रुपए प्रति किलोग्राम) के लिए केन्द्रीय निर्गम मूल्य 2002 से अपरिवर्तित रखा गया है;

- एक वित्त वर्ष में टेरिफ रेट कोटा के अंतर्गत वसारहित दूध पाउडर के 10 हजार मीट्रिक टन के कुल आयात के लिए शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड को वर्ष 2011-12 के लिए शून्य प्रतिशत के रियायती शुल्क पर 30,000 टन दूध पाउडर और 15,000 मीट्रिक टन संबंधित उत्पादों के आयात की अनुमति दी गई है।

16. प्रशासनिक उपायों के संदर्भ में अलग-अलग समय पर निम्नलिखित उपाए किए गए:

- 9 सितम्बर, 2011 से प्याज की सभी किस्मों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। बाद में 20 सितम्बर, 2011 से प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया गया है और अब प्याज की सभी किस्मों के निर्यात की अनुमति है।

- खुले सामान्य लाइसेंस (ओजीएल) के तहत शून्य शुल्क पर कच्ची चीनी के आयात की अनुमति दी गई है।

- चावल (बीपीएल के लिए 5.65 रुपए प्रति किलोग्राम और एएवाई के लिए 3 रुपए प्रतिकिलोग्राम) और

गेहूं (बीपीएल के लिए 4.15 रुपए प्रति किलोग्राम और एएवाई के लिए 2 रुपए प्रति किलोग्राम) के लिए केन्द्रीय निर्गम मूल्य 2002 से अपरिवर्तित रखा गया है;

- वायदा बाजार आयोग द्वारा चावल, उड़द और तूअर में वायदा कारोबार करने पर वर्ष 2007-08 में लगाई रोक 2010-11 के दौरान लगी रही है। चीनी में वायदा कारोबार 27.5.2009 से 30.9.2010 तक रोक दिया गया था। तथापि, चीनी में वायदा कारोबार 27.12.2010 से फिर से शुरू किया गया है।

- खाद्य तेलों (नारियल तेल और वन आधारित तेल को छोड़कर) और दालों (काबुली चना और अधिकतम 10000 टन प्रतिवर्ष तक जैविक दालों को छोड़कर) के निर्यात पर रोक लगाई गई।

- दालों धान और चावल के संबंध में 30 सितम्बर, 2011 तक और खाद्य तेल तथा खाद्य तिलहनों के मामले में 31 मार्च, 2011 तक स्टॉक सीमा लागू करने के आदेश जारी किए गए।

- दुग्ध पाउडर (स्किम्ड दुग्ध पाउडर, वसायुक्त दुग्ध पाउडर, डेयरी वाइटनर तथा बीपीएल परिवारों को बीपीएल निर्गम मूल्य पर वितरण करने के लिए 16 मई, 2011 को 50 लाख टन खाद्यान्नों का अतिरिक्त तदर्थ आवंटन किया गया।

- सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 30.9.2011 तक एपीएल परिवारों को गेहूं 8.45 रुपए प्रति किलो और चावल 11.85 रुपए किलो की दर से वितरित करने के लिए 6.1.2011 को 25 लाख टन खाद्यान्नों का अतिरिक्त तदर्थ आवंटन किया गया।

- राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के जरिए रुपए/किलो की सब्सिडी के साथ राशन कार्डधारकों को प्रतिमाह प्रति राशन कार्ड 1 लीटर की दर से वितरण हेतु सब्सिडीकृत आयातित खाद्य तेल के वितरण की योजना।

17. सब्सिडीकृत आयातित दालों के साथ-साथ आयतित खाद्य तेलों के वितरण की विशेष स्कीम की शुरुआत की गई ताकि इन वस्तुओं की उपलब्धता में कमी को पूरा किया जा सके। सरकार ने उपभोक्ताओं पर पड़ने वले मुद्रास्फीति के प्रभाव को कम करने की दृष्टि से जून, 2011 तक ईंधन तेल (डीजल, केरोसीन तथा एलपीजी) की अंतरराष्ट्रीय कीमतों का पास थ्रू भी रोके रखा। अब तक सरकारी क्षेत्र के उपक्रम की तेल विपणन कंपनियों की वसूलियां डीजल हेतु 10.17 रुपए प्रति लीटर, पीडीएस केरोसिन की 25.66 रुपए प्रति लीटर और एलपीजी 260.50 रुपए प्रति लीटर कम हैं।

18. माननीय सदस्यों को ज्ञात है कि पिछले दो केन्द्रीय बजटों में हमने खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति से निपटने की दृष्टि से कृषि की आपूर्ति बेहतर करने क प्रयास किया है। हमने पूर्वी क्षेत्र में हरित क्रांति ले जाकर खाद्य तेलों, दालों, दूध, मोटा अनाज तथा सब्जी का उत्पादन बढ़ाकर अपनी खाद्य आपूर्ति का बेहतर प्रबंधन करने हेतु कदम उठाए हैं। भंडारण और शीत भंडारण श्रृंखला में भी काफी सुधार रहा है। इन उपायों का सकारात्मक प्रभाव पड़ा था, यह पिछले दो वर्षो के अनाज और दालों के मुद्रास्फीति के आंकड़ों से देखा जा सकता है।

19. मांग पक्ष के मोर्चे पर, इन कठिन स्थितियों में, भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दर बढ़ाकर नकदी को कम किया है इस अवधि में मार्च, 2010 से छोटे उपायों की एक श्रृंखला के जरिए रेपो दर में 350 आधार बिंदु की बढ़ोत्तरी की गई है। यह इस समय 8.5 प्रतिशत है।

20. सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय घाटा 2009-10 में 6.4 प्रतिशत था। 2010-11 में इस कम करके 4.7 प्रतिशत पर लाया गया था। इस वर्ष हमने अपने लिए 4.6 प्रतिशत का लक्ष्य रखा हैं वैश्विक अर्थव्यवस्था में आई खराबी और पिछले 3 से 4 महीनों में भारत पर पड़े इसके असर को देखते हुए यह एक कठिन लक्ष्य है। हमें इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हड़बड़ी न करने के प्रति सावधान रहना होगा क्योंकि इससे विकास पर अत्यधिक मंदी का साया पड़ सकता है।

नीतिगत दृष्टिकोण-भविष्य में

21. बढ़ते आय स्तरों वाली अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति का एक स्थायी समाधान कृषि उत्पादकता बेहतर करने, खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाएं सुदृढ़ करने और मांग में वृद्धि के साथ रफ्तार बनाए रखने के लिए विनिर्माण क्षेत्र में क्षमताएं बढ़ाने में निहित है। इसके लिए एक सहायक नीतिगत माहौल होना जरूरी है, और जहां जरूरी हो, सरकारी निवेशों में वृद्धि की जाए ताकि ये उपाय सक्रियता से लागू किए जा सकें। केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों दोनों को एक विशिष्ट भूमिका निभानी है। हम केन्द्र में नीतिगत

कमियों का समाधान कर रहे हैं और अपेक्षित क्रियाकलापों के उत्प्रेरण के लिए तो सृजित कर रहे हैं। राज्य सरकारों को भी कई क्षेत्रों में आवश्यक कार्रवाई करनी है, विशेषकर कृषिगत विस्तार, कृषि में सरकारी निवेश और कृषि विपणन में क्योंकि यह उत्तरदायित्वों के सांविधिनिक बंटवारे के तहत उनके क्षेत्राधिकार में आता है। अधिक महत्वपूर्ण तो यह है कि राज्य सरकारें आगे आएं और केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए विभिन्न पहलों का लाभ उठाएं।

22. कृषि उत्पाद विपणन अधिनियम में संशोधन करने और उसे प्रवृत्त करने की तुरंत आवश्यकता है ताकि किसानों को अपने उत्पाद खुदरा केन्द्रों तक लाने के समर्थ बनाया जा सके और खुदरा व्यापारियों को भी किसानों से सीधे खरीदने की सुविधा हो। इससे किसानों को बेहतर पारिश्रमिक मिलेगा, बर्बादी रुकेगी तथा खुदरा बाजारों में प्रतिस्पर्धी कीमतें होंगी। सामूहिक रूप से , हमें ऐसे कदम उठाने की भी जरूरत हे जिनसे खाद्य वस्तुएं और अन्य शीघ्र खराब हो जाने वाली वस्तुओं का एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में बाधारहित प्रवाह संभव हो सके।

23. सरकार यूआईडीएआई मंच का प्रयोग करते हुए इन लाभों की सुपुर्दगी, जिसमें जनसंख्या के कमजोर वर्गों को सब्सिडी दिया जाना शामिल है, में सुधार लाने के लिए कार्य कर रही हैं हम श्री नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में केरोसीन, एलपीजी और उर्वरक सब्सिडी के सीधे अंतरण पर बने कार्यबल की सिफारिशों के आधार पर एलपीजी वितरण की नई प्रणाली की प्रायोगिक परियोजना शुरू करने जा रहे हैं। इससे सब्सिडियों में पर्याप्त बचत होगी और लक्षित स्तर तक पहुंचने में सुधार होगा।

24. मूल्य वृद्धि का मुकाबला करने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) एक महत्वपूर्ण साधन है। वस्तुत: अनाजों में साधारण मुद्रास्फीति कुछ राज्यों में पीडीएस के बेहतर प्रचालन के कारण संभव हो पाई है जैसे-जैसे हम गरीबों और कमजोर वर्गों को खाद्य मुद्रास्फीति के प्रभाव से बचाने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिनियम की ओर बढ़ रहे हैं, पीडीएस संबंधी त्वरित सुधार किए जाने अत्यावश्यक हैं और राज्यों को इसके लिए आवश्यक पहल करने की जरूरत है।

25. केन्द्रीय रूप से अधिप्राप्त खद्यान्नों के लिए भंडारण क्षमता सृजित करने हेतु शीघ्र कार्रवाई की जा रही है। 30.6.2011 की स्थिति के अनुसार, भंडारण अंतर के आधार पर 16.8 मिलियन टन के क्षमता निर्माण (पहले तय किए गए 15 मिलियन टन की तुलना में) को अनुमोदित किया गया है। अब तक कुल संस्वीकृत क्षमता 7.37 मिलियन टन है। आशा है कि इस वित्त वर्ष के अंत तक 4 मिलियन टन की अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध हो जाएगी। संस्वीकृतियों का अगला दौर चल रहा है।

26. मैं आगे यह कहूंगा कि मुझे विश्वास है कि भारतीय रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति को काबू में रखने और विकास को बढ़ाने तथा रोजगार सृजन के लक्ष्यों में संतुलन बनाए रखने के महत्वपूर्ण सरोकार पर ध्यान देता है।

27. निष्कर्ष के तौर पर, मैं इस सदन को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि सरकार मुद्रास्फीति को कम करके अधिक स्वीकार्य स्तर तक लाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे आशा है कि मार्च अंत में मुद्रास्फीति 6 से 7 प्रतिशत के बीच होगी। जहां एक ओर हम इस मुद्दे का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, वहीं मैं सभा पटल पर उन सुझावों का भी स्वागत करुंगा जो इस मुद्दे का समाधान करने में हमारी मदद कर सकेंगे।

[अनुवाद]

उपाध्यक्ष महोदय: अब, मद संख्या 8- प्रो. के.वी. थॉमस।

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.04 बजे

मूल्यों में वृद्धि के बारे में दिनांक 30.08.2011 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4568 के उत्तर में शुद्धि एवं इस संबंध में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण*

[अनुवाद]

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो. के.वी. थॉमस): उपाध्यक्ष महोदय, मैं मूल्यों में वृद्धि के बारे में श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, संसद सदस्य और अन्य सदस्यों द्वारा पूछे गए दिनांक 30.8.2011 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4568 के उत्तर में शुद्धि करने और (दो) उत्तर में शुद्धि करने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण सभा पटल पर रखना चाहता हूं।

"मूल्यों में वृद्धि" के बारे में दिनांक 30.8.2011 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4568 के दिए गए उत्तर के भाग (क), (ख), (ग) और (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-1 में निम्नानुसार शुद्धि करता हूं:

*सभा पटल पर रखा गया और ग्रंथालय में भी रखा गया, **देखिए** संख्या एलटी 5282/15/11

प्रश्न के जिन भागों का उत्तर दिया गया	के स्थान पर	पढ़िए
(क), (ख), (ग) और (घ)	गत एक वर्ष के दौरान कुछ आवश्यक वस्तुओं के थोक मूल्य सूचकांक संबंधी अनुबंध -1	गत एक वर्ष के दौरान कुछ आवश्यक वस्तुओं का शुद्धि किया गया थोक मूल्य सूचकांक संलग्न है।

विलंब के कारण:

गलती का पता लगाने में विलंब के कारण शुद्धि किए गए उत्तर को निर्धारित अवधि में सभा पटल पर नहीं रखा जा सका

असुविधा के लिए खेद है।

[अनुवाद]

उपाध्यक्ष महोदय: श्री दिनेश त्रिवेदी।

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.04$^1/_2$ बजे

मंत्रियों द्वारा वक्तव्य

(दो) दिनांक 22.11.2011 को पूर्व मध्य रेलवे के निमियाघाट और पारसनाथ स्टेशनों के बीच गाड़ी संख्या 13009 हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस में आग लगने की घटना*

रेल मंत्री (श्री दिनेश त्रिवेदी): उपाध्यक्ष महोदय, मैं दिनांक 22.11.2011 को पूर्व मध्य रेलवे संबंधी आग लगने की घटना सभा पटल पर रखना चाहता हूं।

महोदय, बहुत ही दुख के साथ मैं सदन को 22.11.2011 को लगभग 02.35 बजे पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के निमाई घाट और पारसनाथ स्टेशनों के बीच गाड़ी सं. 13009 हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस में आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में सूचित करना चाहता हूं। जब गाड़ी रफ्तार में थी तो इंजन से 8वें नम्बर पर लगे थ्री टियर वातानुकूलित सवारी डिब्बे बी 1 में आग लग गई। बाद में, यह आग बिल्कुल साथ वाले थ्री टियर एसी कोच बी 2 में भी फैल गई। आग लगने की इस घटना के परिणामस्वरूप दो सवारी डिब्बे पूरी तरह से जल गए। अभी तक मिली सूचना के अनुसार इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में 7 यात्रियों की मृत्यु हो गई।

*सभा पटल पर रखा गया और ग्रंथालय में भी रखा गया, **देखिए** संख्या एलटी 5282/15/11

धनबाद से दुर्घटना राहत मेडिकल गाड़ी के जरिए तत्काल चिकित्सा राहत रवाना कर दी गई। धनबाद और गिरीडीह से फायर ब्रिगेड दुर्घटना स्थल तक पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया। राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लेने के लिए अधिकारियों के दल के साथ मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए। हाजीपुर स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए। रेलवे बोर्ड से भी अधिकारियों का दुर्घटना स्थल के लिए रवाना कर दिया गया।

मानवीय आधार पर प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी को पांच लाख रु. और प्रभावित बी 1 और बी 2 सवारी डिब्बे के प्रत्येक यात्री को हुई असुविधा और उसके साजो-सामान की क्षति के लिए 25,000 रु. की अनुग्रह राशि की घोषणा की गई है।

झारखंड सरकार के प्राधिकारियों के सहयोग से इस दुर्घटना के कारण की शरारती तत्वों की गतिविधि सहित सभी संभव दृष्टिकोण से जांच की जा रही है। बहरहाल, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) पूर्व सर्किल द्वारा इस घटना की सांविधिक जांच के आदेश दिए गए हैं।

इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में अधिक सतर्क रहने और विशेष संरक्षा अभियान चलाने के लिए सभी क्षेत्रीय रेलों के महाप्रबंधकों को अनुदेश दिए गए हैं।

मैं, रेलवे और अपनी ओर से, शोकाकुल परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के प्रति भी सहानुभूति प्रकट करता हूं। मुझे विश्वास है कि इन शोक संतप्त परिवारो के प्रति संवेदना प्रकट करने में सदन मेरे साथ है।

अपराह्न 12.04$^1/_2$ बजे

नियम 377 के अधीन मामले*

[अनुवाद]

उपाध्यक्ष महोदय: माननीय सदस्यों, नियम 377 के अधीन मामले सभा पटल पर रखे जाएंगे जिन सदस्यों को आज नियम

*सभा पटल पर रखे माने गये।

377 के अधीन मामलों को उठाने की अनुमति दी गई है और जो उन्हें सभा पटल पर रखने के इच्छुक हैं। वे पर्चियों को व्यक्तिगत रूप से 20 मिनट में सभा पटल पर रख सकते हैं। केवल उन्हीं मामलों को सभा पटल पर रखा माना जाएगा जिनके लिए पर्चियां नियत समय के अन्दर सभा पटल पर प्राप्त हुई हैं।

...*(व्यवधान)*

(एक) कर्नाटक सरकार के राज्य राजमार्ग संख्या 17 का उन्नयन करने के प्रस्ताव को वित्तीय स्वीकृति दिए जाने की आवश्यकता

श्री आर. ध्रुवनारायण (चामराजनगर): मैं इस सम्मानित सभा का ध्यान राज्य राजमार्ग सं. 17 को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 212 के रूप में उन्नयन करने की आवश्यकता के बारे में आकर्षित करना चाहूंगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 212 केरल राज्य में कोझीकोड से शुरू होकर कर्नाटक राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 209 के उत्तांबली जंक्शन पर समाप्त होता है। कर्नाटक राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 212 की कुल लंबाई 150 कि.मी. है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 212 के 44387 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाला सरकारी निजी क्षेत्र भागीदारी से डीबीएफओटी आधार पर उन्नयन एवं इसे दो लेन का बनाए जाने का प्रस्ताव केन्द्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के पास लंबित है। अधिसूचना के अनुसार, राजमार्ग का 125.52 कि.मी. खंड जो बांदीपुर वन गुंडलुपेट कस्बा इसे सीमित करता है से होकर गुजरता है और नंजनगुड का मार्ग 7 से 10 मी. चौड़ी दो लेन वाली सड़क होगी मैसूर और नंजनगुड को जोड़ने वाला राजमार्ग जो कि खराब स्थिति में है उसे 15 मी. चौड़ा करके चार लेन वाली सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा काबिनी नदी के पार नंजनगुड में परियोजना के उन्नयन के रूप में एक पुल का निर्माण किया जाएगा इस संबंध में वर्ष 2009 में वित्तीय अनुमोदन प्राप्त करने हेतु एक प्राक्कलन प्रस्तुत किया गया है। और लागत में वृद्धि के कारण वर्ष 2011 में वित्तीय अनुमोदन प्राप्त करने हेतु पुनः प्रस्तुत किया गया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 212 के इस खंड पर भारी यातायात जिसके कारण 241 जानलेवा और 936 गैर-जानलेवा दुर्घटनाएं हुई तथा सड़क की स्थिति में सुधार हेतु जनता की मांगों के मद्देनजर मैं अध्यक्षपीठ के माध्यम से माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री से विनतीपूर्वक अपील करता हूं कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग 212 पर भारी यातायात और सार्वजनिक परिवहन वाहनों को निर्बाध आवागमन को सुगम बनाने हेतु वित्तीय अनुमोदन देकर उपर्युक्त परियोजना का उन्नयन करने हेतु तत्काल कदम उठाएं।

(दो) आंध्र प्रदेश में सिद्दीपेट होते हुए सिकंदराबाद और करीमनगर के बीच एक नई रेल लाइन का निर्माण किए जाने की आवश्यकता

श्री पोन्नम प्रभाकर (करीमनगर): मैं इस सभा का ध्यान सिद्दीपेट के रास्ते सिकंदराबाद और करीमनगर मुख्यालयों के बीच नई रेल लाइन बिछाने के महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं।

वर्तमान में सिकंदराबाद और करीमनगर के बीच मार्ग पर भारी भीड़ रहती है। सिकंदराबाद और करीमनगर के बीच प्रतिदिन यात्रा करने वाले व्यक्तियों जैसे कर्मचारियों, छात्रों, व्यक्तियों की आवश्यकताओं को पूरा करने तथा काजीपेट मार्ग से बचने हेतु वैकल्पिक एवं लघुतम मार्ग बनाने के लिए इन दोनों के बीच नई रेल लाइन बिछाने की अत्यंत आवश्यकता है। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि जिसकी माननीय रेल मंत्री रेलबजट 2011 में पहले ही घोषणा कर चुके हैं। यह मुद्दा पिछले दो दशकों से लंबित था।

इसलिए, मैं अध्यक्षपीठ के माध्यम से माननीय रेल मंत्री से अनुरोध करता हूं कि वह करीमनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की जनता को सुविधा प्रदान करने हेतु पर्याप्त बजटीय आवंटन के साथ ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना की शेष अवधि में सिद्दीपेट के रास्ते सिकंदराबाद और करीमनगर के बीच समुचित सर्वेक्षण के आवश्यक निदेश जारी करने की कृपा करें।

(तीन) लक्षद्वीप द्वीपसमूह में सार्वजनिक परिवहन के साधन के रूप में सी प्लेन शुरू किए जाने की आवश्यकता

श्री हमदुल्लाह सईद (लक्षद्वीप): मैं सभा का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराना चाहूंगा कि लक्षद्वीप पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील और लक्षद्वीप द्वीपसमूह में किसी परियोजना अथवा अवसंरचना विकास को पर्यावरण प्रभाव आकलन की स्थिति से गुजरना होता है। संघ द्वीप समूह में संपर्क सुविधा एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह भौगोलिक रूप से अन्य क्षेत्रों से कटा हुआ है। लक्षद्वीप में मुख्यभूमि की तरह रेलवे और सड़क मार्ग नहीं हैं। इस परिस्थितियों के मद्देनजर मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि लक्षद्वीप में सी प्लेन्स की सेवा आरंभ की जाए जिसके लिए भूमि अधिग्रहण, भूस्वामियों को मुआवजे की आवश्यकता नहीं पड़ती है और अन्य पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न नहीं होती हैं। सी प्लेन्स सेवा आरंभ करने से परिवहन क्षेत्र को काफी प्रोत्साहन मिलेगा और इससे द्वीपसमूह का विकास होगा तथा पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में इसकी पहले ही शुरुआत की जा चुकी है और इस सेवा को यहां भी आरंभ किया जा सकता है।

(चार) देश के गैर-सरकारी संगठनों को सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लाने तथा सरकार द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकों के माध्यम से उनके लेखाओं की लेखापरीक्षा सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता।

[हिन्दी]

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): देश में ऐसे बहुत से गैर सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.) हैं जिन्हें केन्द्र सरकार

के विभिन्न मंत्रालयों से एक बड़ी धनराशि अनुदान के रूप में मिल रही है लेकिन, इन संगठनों द्वारा सरकारी धनराशि मनमाने ढंग से व्यय/अपव्यय की जाती है। गैर सरकारी संगठनों को मिल रही सरकारी राशि का लेखा परीक्षण भी सरकारी एजेंसियों द्वारा किए जाने का कोई प्रावधान नहीं है और न ही इन संगठनों को सूचना के अधिकार में शामिल किया गया है, जिस कारण लोगों को इनके क्रियाकलापों की सही जानकारी नहीं मिल पा रही है और इनमें से अधिकतर गैर सरकारी संगठन सरकारी राशि का बड़े पैमाने पर दुरूपयोग कर रहे हैं। इसलिए गैर सरकारी संगठनों की पारदर्शिता सुनिश्चित किए जाने के लिए सभी गैर सरकारी संगठनों को सूचना के अधिकार के तहत शामिल करते हुए इनके लेखा परीक्षकों एवं क्रियाकलापों की जांच सी.ए.जी. अथवा किसी सरकारी एजेंसी से करवाए जाने की तत्काल आवश्यकता है।

अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह देश के प्रत्येक गैर सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.) को सूचना के अधिकार के तहत शामिल करते हुए इनके लेखा परीक्षकों एवं क्रियाकलापों की जांच सी.ए.जी. अथवा किसी अन्य सरकारी एजेंसी से करवाए जाने हेतु अविलम्ब आवश्यक कदम उठाए।

(पांच) कपास के लिए लाभकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किए जाने की आवश्यकता

श्री दत्ता मेघे (वर्धा): महोदया, मैं सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि महाराष्ट्र में कपास की फसल उत्पादित करने वाले किसानों की हालत दिन ब दिन बद से बदतर हो रही है। आए दिन किसानों की आत्महत्या की घटनाएं घट रही हैं, किंतु कपास उत्पादक किसानों की कोई सुनने वाला नहीं है।

भारत देश विश्व का लगभग 15 प्रतिशत कपास पैदा करता है जिसमें विदर्भ क्षेत्र का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत है। देश का प्रमुख कपास उत्पादक प्रदेश होने के बावजूद यहां कि किसानों की हालत शोचनीय है। एक समय था जब विदर्भ का किसान कपास की फसल पर अपने परिवार की रोजी रोटी कमा लेता था किंतु पिछले कुछ वर्षों में कपास उत्पादक किसानों की परिस्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। कपास की लागत का खर्च और कपास चुनने वाले मजदूरों की कमी एवं बढ़ती मजदूरी के कारण कपास उत्पादक किसानों की लागत काफी बढ़ गई है। एक एकड़ कपास की लागत लगभग 12 हजार रुपये है लेकिन कपास का उचित मूल्य न मिलने के कारण आज कपास की फसल उगाना घाटे का सौदा बन गया है।

विदर्भ में सिंचाई की सुविधा न होने के कारण 90 फीसदी किसानों को कपास की फसल उगाना ही एकमात्र विकल्प है। कृषि मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष लगभग 360 लाख गांठे कपास उत्पादन होने का अनुमान है। किसान अपनी फसल को लेकर चिंतित है, क्योंकि सरकार ने अभी तक कोई न्यूनतम मूल्य घोषित नहीं किया है। गत वर्ष कपास का निर्धारित मूल्य 3000 रुपये प्रति क्विंटल था और खुले बाजार में 7000 रुपये प्रति क्विंटल था। इसी कारण किसान सरकार से नाराज हैं और उनमें आक्रोश की भावना पनप रही है। किसान संगठनों और विदर्भ के राजनेताओं ने कपास उत्पादक किसानों की समस्या पर आवाज उठाई है और सरकार को कपास का समर्थन मूल्य 6000 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की है।

मैं माननीय कृषि मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि वह कपास उत्पादक किसानों की समस्या को जल्द से जल्द निपटाए और उन्हें 6000 रुपये प्रति क्विंटल कपास का उचित मूल्य दे और आए दिन हो रही किसानों की आत्महत्याओं को रोक लें।

(छह) उत्तराखंड में काशीपुर और जसपुर के बीच रेल लाइन का निर्माण कराने तथा काशीपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर स्थित लेवल क्रासिंग संख्या 39 पर सड़क उपरि पुल का प्रावधान किए जाने की आवश्यकता

श्री के.सी. सिंह बाबा (नैनीताल-उधमसिंह नगर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से उत्तराखंड में काशीपुर से जसपुर के लिए रेल लाइन का सर्वे कर रेल लाइन का निर्माण तथा काशीपुर एन.एच.-74 पर अवस्थित समपार संख्या 39 पर समपार के बदले फ्लाई ओवर का निर्माण करने के संबंध में माननीय रेलमंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

काशीपुर से जसपुर के लिए पूर्व में रेल लाइन का सर्वे हुआ था जो उत्तर प्रदेश में धामपुर को छूता है, इस रेल लाइन का निर्माण अभी लंबित पड़ा है। इसे शीघ्र पूर्ण करने पर पूरा उत्तराखंड एक छोर से दूसरी छोर तक जुड़ जाएगा और उत्तराखंड में सड़कों पर यातायात का बोझ कम होगा। काशीपुर में स्थित एन.एच.-74 पर अवस्थित समपार संख्या 39 पर समपार के बदले फ्लाई ओवर का निर्माण करने से यहां पर दैनिक ट्रैफिक जाम से पर्यटकों एवं स्थानीय जनता को निजात मिलेगी।

केन्द्र सरकार से पुन: अनुरोध करना चाहता हूं कि उत्तराखंड में रेल मार्ग के विस्तार को प्राथमिकता देने की कृपा करें जिससे उत्तराखंड का संपूर्ण विकास सुनिश्चित हो सके।

(सात) श्रीलंकाई नौसेना द्वारा बार-बार हमले से भारतीय मछुआरों को बचाए जाने की आवश्यकता

[अनुवाद]

श्री मानिक टैगोर (विरूद्धनगर): केन्द्र सरकार इस बात से अवगत है कि श्रीलंकाई नौसेना पिछले कई वर्षों से तमिलनाडु तटवर्ती क्षेत्र में हमारे भारतीय मछुआरों पर हमला कर रही है जो हमारे भारतीय जल क्षेत्र में मछली पकड़ रहे हैं। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा अनेक मछुआरों को बंधक बनाया गया, उनपर हमला किया गया और उनके मछली पकड़ने वाले जाल तथा नौकाओं को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया था इस कारण उनके जीवन और आजीविका पर बुरा प्रभाव पड़ा है। हमारी भारत सरकार ने भी इस मामले को अनेकों बार श्रीलंका सरकार के समक्ष उठाया है परंतु अब वे वही दोहरा रहे हैं और वर्तमान तमिलनाडु सरकार भी इसे अनेकों बार माननीय प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के ध्यान में ला चुकी है परंतु भारत सरकार और श्रीलंका सरकार दोनों के द्वारा ही इस पर समुचित कार्रवाई नहीं की गई है। यह नोट किया जाए कि मई, 2011 से लगभग बार बार श्रीलंकाई नौसेना ने विशेष रूप से नागपट्टिनम तूतीकोरीन, कन्याकुमारी तटवर्ती क्षेत्रों और वह भी हमारे भारतीय जल क्षेत्र में हमारे भारतीय मछुआरों पर हमला किया है।

अत:, मैं केंद्र सरकार से आग्रह करता हूं कि मछुआरों की नौका में जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) लगाने हेतु समुचित कार्रवाई करें ताकि उनके आवागमन का आसानी से पता लगाया जा सके, हमारे जल क्षेत्र में श्रीलंकाई सेना के आवागमन को रोकने हेतु हमारी नौसेना द्वारा निगरानी की जा सके। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार को प्रभावित मछुआरों को वित्तीय सहायता प्रदान करने तथा श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हमले के दौरान क्षतिग्रस्त मछली पकड़ने वाले जाल, नौकाएं प्रदान करनी चाहिए ताकि उनके जीवन आजीविका को परिवर्तित और विकसित किया जा सके।

(आठ) कर्नाटक के बेलगाम में तिलकवाडी प्रथम द्वार तथा कपिलेश्वर मंदिर पर लेवल क्रासिंग पर रेल उपरि पुल का निर्माण करने के लिए निधि प्रदान किए जाने की आवश्यकता

श्री सुरेश अंगड़ी (बेलगाम): कर्नाटक लगभग छह लाख की जनसंख्या वाला तेजी से विकसित होने वाला शहर है। वाहनों की निरंतर बढ़ती संख्या के कारण दो रेल साधनों एक तो तिलकवाड़ी फर्स्ट गेट के निकट और दूसरे कपिलेश्वर मंदिर के निकट दो रेल उपरिपुलों का बनाया जाना आवश्यक हो जाता है। इन दोनों संबंधों पर प्रत्येक ट्रेन के गुजरने के समय वाहनों की इतनी भीड़ होती है जिसे नियंत्रित करना कठिन हो जाता है।

ऐसा प्रतीत होता है कि रेल मंत्रालय में इन दो सोपानों पर रेल उपरिपुलों के निर्माण की प्रक्रिया आरंभ की है। तथापि, इस प्रयोजन हेतु कोई धनराशि नियत नहीं की गई है। वाहनों की बढ़ती भीड़ से राहत दिलाने हेतु इन दो सोपानों पर रेल उपरिपुलों का निर्माण अत्यंत आवश्यक है।

इसलिए, मैं माननीय रेल मंत्री से आग्रह करता हूं कि वह वित्तीय आबंटन और इन दो रेल सोपानों पर रेल उपरिपुलों के शीघ्र निर्माण हेतु तत्काल कार्यान्वयन करें।

(नौ) हरौनी रेलवे स्टेशन से कानपुर और लखनऊ के बीच चलने वाली एमईएमयू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) रेलगाड़ियों को उनके निर्धारित समयानुसार चलाने तथा स्टेशन पर रेल सेवाओं में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता

[हिन्दी]

श्रीमती सुशीला सरोज (मोहनलालगंज): रेलवे का देश में जो नेटवर्क है उसका और कोई विकल्प नहीं हो सकता। मेरे संसदीय क्षेत्र में रेलवे के विभिन्न कार्यों के लिए जनता की लंबे समय से कई मांगें हैं, जिसके संबंध में अनेक माध्यमों से रेलवे मंत्रालय तक अपनी बात जन-प्रतिनिधि पहुंचाते रहे हैं पर स्थानीय नागरिकों की जायज मांगों पर रेलवे मंत्रालय द्वारा अभी तक अपेक्षित कार्यवाही नहीं की गई है।

कानपुर-लखनऊ प्रखण्ड पर हरौनी रेलवे स्टेशन से कई मेमू गाड़ियां चलती हैं जिससे लखनऊ स्थित विभिन्न कार्यालयों में नौकरी-पेशा लोग आते-जाते हैं परंतु ये मेमू गाड़ियां अपने समय से काफी विलंब से चलती हैं जिससे स्थानीय नागरिकों को नौकरी हेतु समय से कार्यालय और घर पहुंचने में असुविधा होती है। मेमू गाड़ियों के विलम्ब होने का मुख्य कारण इन्हें प्राथमिकता न देने के कारण होती है।

इस हरौनी स्टेशन पर पहले एक्सप्रेस गाड़ी का ठहराव था परंतु उसे भी अब समाप्त कर दिया है। इसी क्रम में अन्य मांगों के साथ स्थानीय जनता की मांग है कि यहां से पहले की भांति एक्सप्रेस गाड़ी (चित्रकूट एक्सप्रेस) का ठहराव इस हरौनी स्टेशन पर अवश्य किया जाए।

मेरी मांग है कि हरौनी रेलवे स्टेशन पर निम्न सुविधाएं अविलंब उपलब्ध कराने हेतु रेलवे आवश्यक कदम उठाए–मेमू गाड़ियों का संचालन समय से हो, उपरिगामी पुल निर्माण, लो लेबल के प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाई जाए, प्लेटफार्म नं. 1 एवं 2 यात्रियों के लिए अंग्रेजों के जमाने के बने शेड एवं बैठने के सीटों को वर्तमान यात्रियों की संख्या के अनुरूप विस्तार एवं पेयजल के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

(दस) अर्द्ध सैनिक बलों के कर्मियों, जिनकी मृत्यु सेवाकाल के दौरान हो जाती है, के परिवार के सदस्यों का अनुकंपा आधार पर तत्काल नियुक्ति का प्रावधान किए जाने की आवश्यकता

श्रीमती सीमा उपाध्याय (फतेहपुरी सीकरी): देश के अर्द्ध-सैनिक बलों द्वारा विभिन्न संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा बड़ी मुस्तैदी के साथ की जाती है, पर उनकी सेवाकाल के दौरान यदि मृत्यु हो जाती है तो हमारे होनहार सुरक्षा बलों के परिवार की महिलाओं को अनुकंपा के आधार पर नौकरी के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। इस दौरान उनका पूरा परिवार आर्थिक तंगी के कारण बिखर जाता है। ऐसे परिवारों का और भी बुरा हाल हो जाता है जो अनुसूचित जाति एवं जनजाति के होते हैं क्योंकि उनका पूरा का पूरा परिवार ऐसे जवानों पर निर्भर रहता है।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में अनुकंपा के आधार पर वर्ष 2007 में रोजगार के लिए 340 रिक्त पड़े पदों में से मात्र 4 महिलाओं को नौकरी दी गई, वर्ष 2008 में 3 महिलाओं को, वर्ष 2009 में 5 महिलाओं को रोजगार दिया गया। रोजगार न देने का विभागों के पास कई कारण हैं, जैसे शारीरिक उपयुक्तता, योग्यताएं व अन्य मानदंडों का पूरा होना पर क्या इस बात पर कभी गौर किया गया कि जिन होनहार जवानों ने अपनी जान जोखिम में डाली और सेवा के दौरान अपनी जान दे दी, क्या उनके विभागों का यह उत्तरदायित्व नहीं कि वह अर्द्ध-सैनिक बलों के परिवार के उज्जवल भविष्य के लिए बिना विलंब किए अनुकंपा के आधार पर मानदंडों में थोड़ा लचीलापन लाते हुए उनके परिवार के सदस्य को विभाग में सेवा का अवसर दे।

मेरी मांग है कि अर्द्ध-सैनिक बलों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी के लिए आए आवेदनों पर उच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही हो और महिलाओं को मानदंडों में शिथिलता प्रदान करते हुए अविलंब उन्हें नौकरी प्रदान की जाए।

(ग्यारह) बिहार के खगड़िया जिले में बादल-नगरपाड़ा बांध के तटबंधों को सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता

[अनुवाद]

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): बिहार राज्य अंतर्गत खगड़िया जिला में बदला-नगरपाड़ा बांध के सोनवर्षा घाट (19वें कि.मी.) से पहाड़पुर चौक (37.5वें कि.मी.), कुल 18.5 कि.मी. तटबंध मजबूत नहीं रहने से तटबंध के बाहर के लोगों में असुरक्षा की आशंका बराबर बनी रहती है। वर्तमान समय में पौड़ा एवं उसके अगल-बगल के गांवो में कोशी नदी से तटबंध में कटाव लगा हुआ है। तटबंध की चौड़ाई कम होने एवं बरसात के दिनों में ट्रैक्टर से तटबंध की सुरक्षा के लिए जाने वाली सामग्री के कारण भी तटबंध पर बड़े-बड़े गढ्ढे हो जाने से आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। कार्यस्थल पर सुरक्षात्मक सामग्री ले जाने के लिए दूसरा कोई सड़क मार्ग भी नहीं रहने से सुरक्षात्मक कार्य कराने में भी काफी दिक्कत होती है। बिहार सरकार ने तटबंध मरम्मत के कुछ कार्य कराए हैं जो अपर्याप्त है। कार्यपालक अभियंता जल संसाधन विभाग, खगड़िया ने बदला-नगरपाड़ा बांध के सोनवर्षा घाट (19वें कि.मी.) से पहाड़पुर (37.5वें कि.मी.) तक तटबंध पर सेवा पथ बनाने के लिए 14 करोड़ रुपये का डीपीआर जल संसाधन मुख्यालय पटना में समर्पित किया है, लेकिन अब तक उस पर कोई कार्यवाई नहीं हुई है।

आग्रह है कि तटबंध की सुरक्षा को देखते हुए बदला-नगरपाड़ा बांध के सोनवर्षा (19वें कि.मी.) से पहाड़पुर चौक (37.5 कि.मी.) के बीच कुल 18.5 कि.मी. तटबंध का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण एवं उस पर सेवा पथ बनायी जाए।

(बारह) यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी चिकित्सा प्रणालियों के लाभ को बढ़ावा देने के लिए ऐलोपैथिक उपचार के हानिकारक प्रभावों को दर्शाने वाले मीडिया के विज्ञापनों की विषय-वस्तु को नियंत्रित करने और उनकी निगरानी किए जाने की आवश्यकता

श्री अब्दुल रहमान (वेल्लोर): यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी आदि में हर्बल उपचार के अच्छे प्रभाव के मद्देनजर आजकल टेलीविजन मीडिया के विभिन्न चैनलों पर बहुत से विज्ञापन दिखाए जा रहे हैं। सच है कि एलोपैथिक दवाइयों के दुष्प्रभावों का संदर्भ देते हुए इनके उपचार का पक्ष लेने हेतु सकारात्मक प्रभावों को दिखाने के लिए विभिन्न कहानियां गढ़ी जा रही हैं।

यूनानी सिद्ध और होम्योपैथी के चिकित्सा भिन्न-भिन्न रोगों के लिए निर्धारित रूप से विचित्र सूचना दे रहे हैं। अन्य लोगों को आकर्षित करने के लिए कुछ मासूम व्यक्तियों को उनके रोगियों के तौर पर दिखाया जाता है, जिनके गंभीर रोगों का इलाज हो चुका है और उनसे इस बारे में छोटी बना-बनाया भाषण दिया जाता है कि उनकी दवाइयों से उनकी चिकित्सीय समस्याओं का निदान किस प्रकार हुआ।

उपर्युक्त के मद्देनजर, मैं सरकार से विनम्रतापूर्वक आग्रह करता हूं कि वह मासूम लोगों के जीवन की रक्षा करने हेतु मीडिया विशेषकर-टेलीविजन में ऐसे विज्ञापनों की विषयवस्तु को नियंत्रित और निगरानी करने हेतु नई प्रणाली लागू करें।

(तेरह) केरल के पालक्काड; में रेल कोच फैक्ट्री स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की आवश्यकता

श्री एम.बी. राजेश (पालक्काड): मैं इस सम्मानित सभा और सरकार का ध्यान पालक्काड; कोच फैक्ट्री से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित कराना चाहूंगा काफी वर्षों पूर्व 1980 में केरल के पालक्काड में कोच फैक्ट्री का वादा किया गया था। हम गत तीन दशकों से इस सपने के सच होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। तथापि, सरकार ने हाल में घोषणा की थी कि पालक्काड में कोच फैक्ट्री स्थापित की जाएगी और गत रेल बजट में इस परियोजना का उल्लेख किया है। केरल सरकार द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व इस परियोजना के लिए भूमि उपलब्ध करा चुकी है। यह पहली ऐसी रेल कोच फैक्ट्री है जिसके लिए रेलवे संबद्ध राज्य सरकार से निशुल्क भूमि की मांग की है। अन्य सभी रेल कोच फैक्ट्रियों को रेलवे द्वारा स्वयं खरीदी गई भूमि पर स्थापित किया गया है। यद्यपि, पालक्काड में 430 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है तथापि रेलवे ने भूमि का अधिग्रहण करने तथा परियोजना शुरू करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया हैं माननीय रेल मंत्री ने संसद में अनेकों बार आश्वासन दिए थे कि कोच फैक्ट्री जल्द ही स्थापित की जाएगी। दिनांक 19 सितम्बर, 2011 को माननीय रेल मंत्री ने केरल के मुख्यमंत्री, सभी मंत्रियों तथा सांसदों के साथ बैठक में घोषणा की थी कि दिनांक 22 अक्तूबर, 2011 को पालक्काड कोच फैक्ट्री का शिलान्यास किया जाएगा यद्यपि घोषणा की तिथि के बाद से एक महीने का समय व्यतीत हो गया हैं तथापि रेलवे ने कोच फैक्ट्री का शिलान्यास करने हेतु कोई कदम नहीं उठाया है। रेलवे की तरफ से इस विलंब और कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण केरल की जनता के लिए गहन चिंताएं उत्पन्न हो गई हैं। मैं सरकार से आगह करता हूं कि वह इस स्थिति पर गंभीरता से विचार करे और पालक्काड कोच फैक्ट्री का शिलान्यास करने हेतु तत्काल कदम उठाए। मैं परियोजना को अविलंब और समयबद्ध तरीके से पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए समुचित निगरानी की भी मांग करता हूं।

(चौदह) भारत और बांग्लादेश के बीच तिस्ता नदी के जल को बांटने के मुद्दे पर पुनः विचार किए जाने की आवश्यकता

श्री प्रशान्त कुमार मजूमदार (बलूरघाट): पश्चिम बंगाल के दो भाग हैं एक तो पश्चिम बंगाल का दक्षिणी भाग है और दूसरा उत्तरी भाग है। उत्तरी भाग के विकास की स्थिति उसी प्रकार है जैसी भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में है। मैं आपका ध्यान राष्ट्र हित के महत्वपूर्ण मामले की ओर आकर्षित करना चाहूंगा यह भारत और बांग्लादेश के बीच तिस्ता नदी जल बंटवारे से संबंधित है। तिस्ता नदी का उद्गम हिमालय है जो सिक्किम, पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग और बांग्लादेश में बहती है। तिस्ता नदी का दो-तिहाई से अधिक भाग भारत में है और इसका केवल एक भाग बांग्लादेश में बहता है। यह उत्तरी-पश्चिम बंगाल की जीवन रेखा है।

बांग्लादेश हमारा पड़ोसी है। बांग्लादेश के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं। वर्ष 1971 में, पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग जो कृषि पर निर्भर हैं, के चहुंमुखी आर्थिक विकास हेतु व्यापक तिस्ता बैराज परियोजना तैयार की थी और इसे वर्ष 1975 में विधिवत रूप से भारत के योजना आयोग द्वारा स्वीकृत किया गया था। यदि केन्द्र सरकार बांग्लादेश को उसके वास्तविक हक से अधिक पानी देने का निर्णय लेती है तो इससे हमारे इस क्षेत्र की हमारी जनता के लिए कठिनाई उत्पन्न होगी। मैं इस मुद्दे को दिनांक 24.08.2011 को लोक सभा में पहले ही उठा चुका हूं।

उपर्युक्त के मद्देनजर, मैं आग्रह करता हूं कि उपर्युक्त मामले में उचित और न्यायसंगत निर्णय पर पहुंचने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य में सभी राजनीतिक दल की सर्वसम्मति बने।

(पंद्रह) गन्ने के लिए एक उचित और लाभप्रद मूल्य निर्धारित करने के लिए एक नया तंत्र विकसित किए जाने की आवश्यकता

[हिन्दी]

श्री राजू शेट्टी (हातकंगले): वर्ष 2010-2011 के लिए सीएसीपी द्वारा घोषित गन्ने के मूल्य 145/- रुपये प्रति क्विंटल को महाराष्ट्र शासन द्वारा ज्यों का त्यों लागू कर महाराष्ट्र के गन्ना किसानों के लिए जैसे एक जबरदस्त वज्रपात कर दिया, क्योंकि यह मूल्य किसानों की गन्ना उपजाने की लागत से भी कम था। फलस्वरूप प्रदेश के किसानों के पास आत्महत्या या आंदोलन दो ही रास्ते थे। परंतु सौभाग्य से किसान जागा और महाराष्ट्र में किसानों का एक अभूतपूर्व आंदोलन खड़ा हुआ जिसके फलस्वरूप महाराष्ट्र सरकार ने 205/-, 185/- और 180/- रुपये प्रति क्विंटल की दर से महाराष्ट्र को विभिन्न जोनों में बांटकर गन्ने की पहली किस्त देने की घोषणा कर दी।

अब महत्वपूर्ण प्रश्न है कि सीएसीपी गन्ने का जो (एफ.आर.पी.) उचित व लाभकारी मूल्य तय करता है वह वास्तविकता से एकदम दूर है। अतः समय आ गया है कि ये संस्थान कृषि मूल्यों का निर्धारण करने में एक आमूलचूल परिवर्तन करे और देश के विभिन्न किसान संगठनों को भी इसमें जोड़कर नयी व्यवस्था से गन्ने के मूल्य का निर्धारण करने का पुनर्विचार करे।

[अनुवाद]

उपाध्यक्ष महोदय: लोक सभा कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे पुनः समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

अपराह्न 12.05 बजे

तत्पश्चात लोक सभा बुधवार, 23 नवंबर, 2011/2 अग्रहायण, 1933 (शक) के पूर्वाह्न ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

अनुबंध I

तारांकित प्रश्नों की सदस्य-वार अनुक्रमणिका

क्र.सं.	सदस्य का नाम	तारांकित प्रश्न संख्या
1	2	3
1.	डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह श्री यशवंत लागुरी	1
2.	श्री पन्ना लाल पुनिया श्री पी. विश्वनाथन	2
3.	श्री डी.बी. चन्द्रे गौडा श्री आनंद प्रकाश परांजपे	3
4.	श्री नित्यानंद प्रधान श्री पूर्णमासी राम	4
5.	श्री भूपेन्द्र सिंह श्री एकनाथ महादेव गायकवाड	5
6.	श्री प्रहलाद जोशी श्री ए.टी. नाना पाटील	6
7.	श्री अर्जुन राय श्री एस.आर. जेयदुरई	7
8.	श्री सुरेश कुमार शेटकर श्री यशवीर सिंह	8
9.	श्री उदय प्रताप सिंह	9
10.	श्रीमती जयश्रीबेन पटेल श्री के.जे.एस.पी. रेड्डी	10
11.	श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह श्री अनंत कुमार हेगड़े	11
12.	श्री जगदीश सिंह राणा श्री अर्जुन राम मेघवाल	12
13.	श्री गजानन ध. बाबर श्री धर्मेन्द्र यादव	13
14.	श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी	14
15.	श्रीमती जे. शांता	15
16	श्री भूदेव चौधरी श्रीमती ज्योति धुर्वे	16
17.	श्री पी.सी. गद्दीगौदर श्रीमती बोचा झांसी लक्ष्मी	17
18.	श्री सैयद शाहनवाज हुसैन श्री विट्ठलभाई हंसराजभाई रादड़िया	18
19.	श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी श्री प्रबोध पांडा	19
20.	श्री प्रेम दास राय	20

अतारांकित प्रश्नों की सदस्य-वार अनुक्रमणिका

क्र.सं.	सदस्य का नाम	तारांकित प्रश्न संख्या
1	2	3
1.	श्री ए.के.एस. विजयन	55, 73, 74, 196
2.	श्री अधलराव पाटील शिवाजी	108, 113, 174
3.	श्री आनंदराव अडसुल	108, 174
4.	श्री जय प्रकाश अग्रवाल	16, 97, 165, 221
5.	श्री राजेन्द्र अग्रवाल	45
6.	श्री हंसराज गं. अहीर	3, 41, 88, 160
7.	श्री अनंत कुमार हेगड़े	134, 187
8.	श्री अशोक अर्गल	52, 107
9.	श्री जयवंत गंगाराम आवले	84
10.	श्री गजानन ध. बाबर	8, 108, 113, 174
11.	श्रीमती हरसिमरत कौर बादल	55, 150
12.	श्री प्रताप सिंह बाजवा	15, 149, 195
13.	श्री संजय भोई	119, 129, 183
14.	श्री पी.के. बिजू	31, 227
15.	श्री हेमानंद बिसवाल	8, 62, 124
16.	श्री हरीश चौधरी	39, 44, 61 147

1	2	3
17.	डॉ. महेन्द्र सिंह पी. चौहाण	86 158, 200
18.	श्री हरिश्चंद्र चव्हाण	28, 125, 136, 152, 211
19.	श्रीमती श्रुति चौधरी	33, 103, 169, 205, 222
20.	श्री अधीर चौधरी	26
21.	श्री राम सुन्दर दास	115
22.	श्री गुरुदास दासगुप्त	71, 171
23.	श्रीमती रमा देवी	37, 119, 130, 180
24.	श्री के.पी. धनपालन	43, 49, 135, 188, 214
25.	श्रीमती ज्योति धुर्वे	91, 107, 161, 202
26.	श्री निशिकांत दुबे	23, 137, 204
27.	श्री एकनाथ महादेव गायकवाड	119, 129, 183
28.	श्री ए. गणेशमूर्ति	43
29.	श्री एल. राजगोपाल	1, 133, 186, 213
30.	श्री डी.बी. चन्द्रे गौडा	109, 171, 207
31.	श्री सैयद शाहनवाज हुसैन	60, 89, 171, 206
32.	श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव	184
33.	श्री गोरख प्रसाद जायसवाल	37, 224
34.	श्री बद्रीराम जाखड़	8, 25, 121, 216, 224
35.	श्रीमती जयाप्रदा	118, 131, 207
36.	श्री महेश जोशी	47, 132, 185, 212

1	2	3
37.	डॉ. मुरली मनोहर जोशी	59, 130, 187
38.	श्री प्रहलाद जोशी	124
39.	श्री कपिलमुनि करवारिया	115
40.	श्री वीरेन्द्र कश्यप	60, 83
41.	श्री रमेश विश्वनाथन काट्टी	58, 138
42.	डॉ. कृपारानी किल्ली	60, 64, 145, 194, 218
43.	डॉ. किरोड़ी लाल मीणा	62, 141, 170, 190
44.	श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे	8, 93, 130, 163 216
45.	श्री पी. कुमार	43, 65
46.	श्री शैलेन्द्र कुमार	40, 120
47.	श्री यशवंत लागुरी	206
48.	श्री पी. लिंगम	71
49.	श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम	18, 44, 139, 160
50.	श्रीमती सुमित्रा महाजन	51
51.	श्री प्रदीप माझी	75, 79, 153, 172
52.	श्री सदाशिवराव दादोबा मंडलिक	119, 129, 183
53.	श्री हरि मांझी	3, 41
54.	श्री दत्ता मेघे	73, 195
55.	श्री अर्जुन राम मेघवाल	51, 121, 178, 210
56.	श्री विलास मुत्तेमवार	78, 146, 152, 193, 198
57.	श्री सुरेन्द्र सिंह नागर	5, 116, 122, 171

1	2	3
58.	श्री श्रीपाद येसो नाईक	45
59.	डॉ. संजीव गणेश नाईक	68, 148
60.	श्री नारनभाई कछाड़िया	42, 107, 125, 180, 202
61.	श्री सोनवणे प्रताप नारायण राव	63, 228
62.	श्री असादूद्दीन ओवेसी	10, 94, 164, 203
63.	श्री पी.आर. नटराजन	35, 104, 172
64.	श्री वैजयंत पांडा	72, 110, 159, 172, 201
65.	श्री जयराम पांगी	29
66.	श्री आनंद प्रकाश परांजपे	119, 129, 183
67.	श्रीमती जयश्रीबेन पटेल	105
68.	श्री किसनभाई वी. पटेल	75, 79, 153, 172
69.	श्री ए.टी. नाना पाटील	45, 51, 121, 156
70.	श्री सी.आर. पाटील	36
71.	श्रीमती कमला देवी पटले	32
72.	श्री पोन्नम प्रभाकर	2, 87, 207, 229
73.	श्री नित्यानंद प्रधान	110, 172, 208, 223
74.	श्री पन्ना लाल पुनिया	108, 170
75.	श्री अब्दुल रहमान	57, 109, 171,
76.	श्री प्रेमदास राय	117, 177
77.	श्री सी. राजेन्द्रन	173
78.	श्री एम.बी. राजेश	13, 130, 218
79.	श्री पूर्णमासी राम	126, 181, 230
80.	श्री रामकिशुन	55, 137
81.	श्री जगदीश सिंह राणा	82, 112
82.	श्री कादिर राणा	86
83.	श्री रायापति सांबासिवा राव	8, 21, 140, 172, 202
84.	श्री जे.एम. आरुन रशीद	27, 124
85.	श्री रामसिंह राठवा	4, 90 , 199
86	श्री अशोक कुमार रावत	77, 108, 158, 207
87.	श्री रूद्र माधव राय	17, 143, 172, 192
88.	श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी	62, 106, 175, 202
89.	श्री अनंत वेंकटरामी रेड्डी	76, 146, 151, 197, 220
90.	श्री के.जे.एस.पी. रेड्डी	84, 101, 168, 204
91.	श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी	116, 176, 209, 224
92.	श्री एस. अलागिरी	7
93.	श्री एस. सेम्मलई	69
94.	श्री एस. पक्कीरप्पा	34, 100, 140, 189, 215
95.	श्री एस.आर. जेयदुरई	123, 179
96.	श्री एस.एस. रामासुब्बू	6, 55, 142, 191, 217
97.	श्री ए. संपत	66, 111, 112, 147
98.	श्री फ्रांसिस्को कोज्मी सारदीना	134, 206, 226

1	2	3
99.	श्री हमदुल्लाह सईद	20, 76, 99, 167, 219
100.	श्री अर्जुन चरण सेठी	50
101.	श्रीमती जे. शांता	98, 166, 172, 204
102.	श्री जगदीश शर्मा	85, 149, 157
103.	श्री नीरज शेखर	110, 118, 131, 207
104.	श्री सुरेश कुमार शेटकर	2, 85, 96, 173
105.	श्री एंटो एंटोनी	128
106.	श्री जी. एम सिद्देश्वर	9, 92, 107, 162, 172
107.	श्री भूपेन्द्र सिंह	102, 136
108.	श्री दुष्यंत सिंह	22, 58
109.	श्री गणेश सिंह	38, 118
110.	श्री इज्यराज सिंह	108, 147
111.	श्री के.सी. सिंह 'बाबा'	24, 100, 162
112.	श्रीमती मीना सिंह	46
113.	डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह	170, 206, 207
114.	श्री यशवीर सिंह	110, 118, 131, 207
115.	चौधरी लाल सिंह	67, 172
116.	श्री धनंजय सिंह	48, 140
117.	राजकुमारी रत्ना सिंह	39, 108, 119, 224
118.	श्री उदय प्रताप सिंह	111
119.	श्री विजय बहादुर सिंह	23, 60
120.	डा. संजय सिंह	61, 147
121.	श्री राजय्या सिरिसिल्ला	56, 172

1	2	3
122.	डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी	60, 82, 155
123.	श्री ई.जी. सुगावनम	11, 95
124.	श्री के. सुगुमार	30, 128
125.	श्रीमती सुप्रिया सुले	68
126.	श्री कोडिकुन्नील सुरेश	57, 146
127.	श्री एन. चेलुवरया स्वामी	14, 135, 176, 178
128.	श्री मानिक टैगोर	43, 107, 127, 182, 211
129.	श्री सुरेश काशीनाथ तवारे	73, 207
130.	श्री मनीष तिवारी	225
131.	श्री जगदीश ठाकोर	108
132.	श्री अनुराग सिंह ठाकुर	83
133.	श्री आर. थामराईसेलवन	12, 46, 144, 193
134.	डॉ. एम. तम्बिदुरई	65
135.	श्री पी.टी. थॉमस	19, 49
136.	श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी	70,113
137.	श्री शिवकुमार उदासी	54
138.	श्रीमती सीमा उपाध्याय	187
139.	श्री मनसुखभाई डी. वसावा	43, 44, 130
140.	श्री वीरेन्द्र कुमार	146, 184
141.	श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे	81, 154
142.	श्री धर्मेन्द्र यादव	8, 108, 113, 114
143.	श्री दिनेश चन्द्र यादव	59, 130, 134
144.	श्री हुक्मदेव नारायण यादव	80
145.	योगी आदित्यनाथ	53, 136

अनुबंध II

तारांकित प्रश्नों की मंत्रालय-वार अनुक्रमणिका

कृषि	:	2, 7, 11, 12, 14,
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण	:	3, 5, 13
संस्कृति	:	15
उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास	:	
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग	:	18
गृह	:	1, 4, 6, 8, 17, 19
आवास और शहरी गरीबी उपशमन	:	20
सूचना और प्रसारण	:	9
शहरी विकास	:	
युवा कार्यक्रम और खेल	:	10,16.

अतारांकित प्रश्नों की मंत्रालय-वार अनुक्रमणिका

कृषि	:	2, 8, 14, 27, 31, 32, 37, 40, 42, 44, 49, 52, 54, 55, 62, 72, 73, 75, 86, 89, 96, 102, 111, 112, 113, 114, 116, 117, 119, 122, 128, 130, 134, 139, 140, 150, 156, 158, 161, 172, 178, 183, 187, 189 191, 192, 195, 197, 198, 200, 206, 209, 210, 220, 226
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण	:	3, 25, 26, 35, 38, 56, 59, 63, 65, 70, 79, 99, 106, 107, 121, 124, 126, 142, 169, 173, 174, 175, 180, 202, 208, 213, 216, 218, 229
संस्कृति	:	18, 21, 45, 50, 88, 149, 194, 214, 215
उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास	:	137
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग	:	9, 64, 157, 170, 222, 224
गृह	:	10, 12, 29, 30, 34, 39, 41, 46, 48, 53, 57, 66, 68, 71, 74, 77, 78, 80, 83, 98, 100, 104, 105, 110, 115, 118, 120, 123, 127, 129, 131, 133, 138, 143, 146, 148, 151, 153, 154, 155, 162, 163, 164, 167, 176, 177, 179, 182, 184, 188, 196, 201, 203, 219, 221, 223, 225
आवास और शहरी गरीबी उपशमन	:	19, 23, 28, 47, 60, 82, 93, 108, 125, 135, 147, 186, 212
सूचना और प्रसारण	:	4, 6, 16, 51, 81, 84, 85, 92, 97, 103, 109, 141, 152, 159, 193, 199, 204, 207
शहरी विकास	:	5, 7, 13, 17, 20, 22, 33, 43, 69, 87, 91, 95, 101, 132, 136, 144, 160, 165, 166, 171, 181, 185, 205, 227, 228, 230
युवा कार्यक्रम और खेल	:	1, 11, 15, 24, 36, 58, 61, 67, 76, 90, 145, 168, 190, 211, 217.

इंटरनेट

लोक सभा की सत्रावधि के प्रत्येक दिन के वाद-विवाद का मूल संस्करण भारतीय संसद की निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध है:

http://www.parliamentofindia.nic.in

लोक सभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण

लोक सभा की संपूर्ण कार्यवाही का लोक सभा टी.वी. चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाता है। यह प्रसारण सत्रावधि में प्रतिदिन प्रात: 11.00 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने से लेकर उस दिन की सभा समाप्त होने तक होता है।

लोक सभा वाद-विवाद बिक्री के लिए उपलब्ध

लोक सभा वाद-विवाद के मूल संस्करण, हिन्दी संस्करण और अंग्रेजी संस्करण की प्रतियां तथा संसद के अन्य प्रकाशन, विक्रय फलक, संसद भवन, नई दिल्ली-110001 पर बिक्री हेतु उपलब्ध हैं।

पी.एल.एस.–48/20/1/2011 (एन.)
230

© 2011 प्रतिलिप्यधिकार लोक सभा सचिवालय
लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों (तेरहवां संस्करण) के नियम 379 और 382 के अंतर्गत प्रकाशित और मै. धनराज एसोशिएट्स, प्रा. लि., नई दिल्ली द्वारा मुद्रित।